RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 88
लखनऊ, रविवार, 17 जनवरी, 2021
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अनोखे बच्चे
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

www.dailypioneer.com

# भारत में विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का आरंभ

- प्रधानमंत्री मोदी ने की शुरुआत, कोरोना महामारी के खात्मे की जगी उम्मीद
- स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कोविशील्ड व कोवैक्सीन को बताया संजीवनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में कोविड-19 के टीकाकरण को देखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**देश** में कोरोना पर वार करने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शनिवार को शुरू हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए इस राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की। सबसे पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एक सफाई कर्मी टीका लगाया गया। इस महाअभियान के साथ ही 10 महीनों में लाखों जिंदगियों और रोजगार को लील लेने वाली इस महामारी के खात्मे की उम्मीद जगी है। देशभर में शनिवार को 3,351 सत्र स्थलों पर करीब दो लाख से अधिक लाभार्थियों का कोविड-19 टीकाकरण किया गया और अब तक टीका लगाए जाने के बाद किसी को अस्पताल में भर्ती किए जाने का कोई मामला सामने नहीं आया है। सरकार ने यह बात कोरोना वायरस के खिलाफ भारत के व्यापक टीकाकरण अभियान के पहले दिन कही। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मनोहर अगनानी ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पहले दिन कोविड-19 टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। पहले चरण में अग्रिम मोर्चों पर तैनात तीन करोड़ स्वास्थ्य व अन्य विभागों के कर्मियों को टीके की पहली खुराक दी जाएगी। एक करोड़ से अधिक लोगों के संक्रमित होने और 1.5 लाख लोगों की मौत के बाद भारत ने कोविषील्ड और कोवैक्सीन टीके के साथ महामारी को मात देने के लिए पहला कदम उठाया है और देशभर के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण शुरुआत के मौके पर एम्स में मौजूद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने दोनों वैक्सीन को संजीवनी करार दिया है और लोगों से बेखौफ होकर इसे लगवाने की अपील की। साथ ही कोरोना से बचने के लिए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ एम्स (दिल्ली) के निदेशक रणदीप गुलेरिया, नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल, भाजपा सांसद महेश शर्मा और पष्चिम बंगाल के मंत्री निर्मल माजी उन लोगों में शामिल हैं, जिन्हें टीके की पहली खुराक दी गई। पॉल कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए चिकित्सा उपकरण एवं प्रबंधन को लेकर गठित अधिकार समूह के प्रमुख भी हैं।

अभियान की शुरुआत से पहले राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीके की दो खुराक लेनी बहुत जरूरी है और इन दोनों के बीच लगभग एक महीने का अंतर होना चाहिए। उन्होंने टीका लेने के बाद भी लोगों से कोरोना संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया और एक बार फिर दवाई भी, कड़ाई भी का मंत्र दिया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के मेड इन इंडिया टीकों की सुरक्षा के प्रति आश्वस्त होने के बाद ही इसके उपयोग की अनुमति दी गई है। मोदी (शेष पेज 7)

> **टीके** की दो खुराक लेनी बहुत जरूरी है और इन दोनों के बीच लगभग एक महीने का अंतर हो। वैक्सीन लेने के बाद भी देशवासी कोविड-19 संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।
> **-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



## एसआईआई के सीईओ पूनावाला ने लगवाया कोविशील्ड का टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** पुणे

**भारत** में शनिवार को कोविड-19 का टीकाकरण अभियान शुरू होने के साथ ही सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने भी स्वास्थ्यकर्मियों के साथ कोविशील्ड का टीका लगवाया। पूनावाला ने टीका लगवाने का एक छोटा वीडियो ट्विटर पर साझा किया। उन्होंने ट्वीट किया, मैं दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू होने पर भारत और श्री नरेंद्र मोदी जी की सफलता की कामना करता हूं। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि कोविशील्ड इस ऐतिहासिक प्रयास का हिस्सा है और इसकी सुरक्षा एवं प्रभाविता का अनुमोदन करने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मैंने खुद भी टीका लगवाया। कोविशील्ड का विकास ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और ब्रिटेन-स्वीडन की कंपनी एस्ट्राजेनेका ने किया है और इसका निर्माण पुणे स्थित एसआईआई कर रहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महामारी के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया।

# सरकार ने अभियान को बताया सफल

- वैक्सीन लेने के बाद एक भी व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती नहीं कराना पड़ा: केंद्र

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**कोविड-19** के संक्रमण के खिलाफ भारत के ऐतिहासिक राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत के पहले दिन महाराष्ट्र में प्रतिकूल घटनाओं के 14 मामले दर्ज किए गए। हालांकि उनमें से कोई भी घातक नहीं है और प्रभावित लोग पूरी तरह ठी हैं। वहीं केंद्र सरकार ने कहा कि टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है और ऐसा कोई केस सामने नहीं आया जो टीका लगने के बाद व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा हो। महाराष्ट्र के अधिकारियों ने कहा कि वे प्रतिकूल घटनाओं के मामलों की जांच कर रहे हैं। पहले दिन तीन लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। शाम छह बजे तक देशभर में लगभग दो लाख लोगों के वैक्सीन लेने की पुष्टि हुई। कुछ स्थानों पर पंजीकृत लाभार्थियों की सूची अपडेट करने में देर हुई तो कई जगह से गैर सूचीबद्ध टीकाकरण की घटनाएं हुईं। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आरएमएल अस्पताल समेत कुछ अन्य वैक्सीनेशन केंद्रों पर डॉक्टरों के एक वर्ग ने भारत बायोटेक द्वारा विकसित कोवैक्सीन की प्रभावकारिता पर संदेह जताते हुए इसे लगवाने में (शेष पेज 7)

## कोवैक्सीन टीके से प्रतिकूल प्रभाव होने पर मुआवजे का आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में शनिवार को कोवैक्सीन का टीका लगवाने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक सहमति पत्र (कंसेंट फॉर्म) बनाया गया था जिस पर उन्हें हस्ताक्षर करने थे। इस फॉर्म में यह वादा किया गया है कि अगर टीके की वजह से किसी तरह का दष्प्रभाव या गंभीर प्रभाव पड़ता है तो मुआवजा दिया जाएगा। कोवैक्सीन ने चरण एक और चरण दो के ट्रायल में कोविड-19 के खिलाफ एंटीबॉडी का निर्माण करने की क्षमता को प्रदर्शित किया है। हालांकि अभी इसके तीसरे चरण के नतीजे आने बाकी हैं। फॉर्म में कहा गया है कि हालांकि, क्लीनिकल प्रभावशीलता संबंधी तथ्य को स्थापित किया जाना अभी बाकी है और इसका अभी भी चरण-3 क्लीनिकल ट्रायल में अध्ययन किया जा रहा है। इसलिए यह जान लेना महत्वपूर्ण है कि टीके की खुराक लेने का मतलब यह नहीं है कि कोविड-19 (शेष पेज 7)

## अफवाहों से बचें और टीके की बारी का इंतजार करें: योगी

- पहले दिन प्रदेश के 31,700 स्वास्थ्यकर्मियों को लगा टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कोरोना टीकाकरण की शुरुआत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बलरामपुर अस्पताल का दौरा किया। जिन स्वास्थकर्मियों को टीका लगा था, उनसे मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर योगी ने कहा कि अफवाहों से बचें और टीका लगने के लिए अपनी बारी का इंतजार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन उमंग और उत्साह का है। पूरे देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुनने का अवसर मिला। टीकाकरण की शुरुआत के साथ ही हम कोरोना के खिलाफ जंग में विजय की तरफ बढ़ रहे हैं। योगी ने कहा कि भारत पहला ऐसा देश है जिसने दुनिया में दो टीकों की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री मोदी की इस उपलब्धि के लिए मैं उनका अभिनंदन करता हूं और देश के वैज्ञानिको को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि देश जब कोरोना के खिलाफ अंतिम विजय की ओर जा रहा है, ऐसे में स्वार्थी तत्व अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं और उन सबसे सतर्क रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि (शेष पेज 7)

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 49,034 | |
| निफ्टी | 14,433 | |
| सोना | 48,690 | /10g |
| चांदी | 65,157 | /kg |

### क्विक न्यूज

**सीबीआई ने घूस लेने के आरोप में अपने दो कर्मचारी निलंबित किए**

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी करने की आरोपी कंपनियों के खिलाफ जांच में कथित तौर पर समझौता करने के वास्ते रिश्वत लेने के मामले में अपने चार कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के कुछ दिन बाद उनमें से दो - निरीक्षक कपिल धनखड़ और स्टेनोग्राफर समीर कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है और शेष दो के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की है। एजेंसी ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को पुलिस उपाधीक्षकों आर के ऋषि और आर के सांगवान के खिलाफ प्रशासनिक कार्वाई करने की सिफारिश की है। आठ पेजों वाली एफआईआर में लगाए गए आरोपों के अनुसार निरीक्षक धनखड़ ने सांगवान और ऋषि से रिश्वत के पैसे लिए, जो श्री श्याम पल्प एंड बोर्ड मिल्स के पक्ष का अनुरोध कर रहे थे।

# सेना के करिश्माई कार्य से देश का गौरव बढ़ा: राजनाथ

- रक्षा मंत्री ने कैंट में नए कमान अस्ताल की रखी आधार शिला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ में न्यू कमाण्ड हॉस्पिटल के शिलान्यास के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे।

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने लखनऊ छावनी में मध्य कमान के नए कमान अस्पताल का शिलान्यास करते हुए कहा कि पिछले साल भारत चीन सीमा पर जिस प्रकार सेना के जवानों ने अपने साहस का परिचय दिया है उससे हमारे देश का गौरव और मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इंडो चाइना स्टैंड आफ के दौरान भारतीय सेना ने करिश्मायी काम किया है जिससे न सिर्फ पूरे देश का हौसला बढ़ा है बल्कि देश का मस्तक ऊंचा हुआ है।

उन्होने कहा कि बीता साल बाधाओं का साल था जबकि नया साल समाधान का साल साबित होगा। पिछला साल निराशा से भरा था जबकि यह साल उत्साह का संचार करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की यात्रा पर निकल पड़ा है और नया कमांड अस्पताल उस यात्रा की एक कड़ी है। न्यू कमाण्ड हॉस्पिटल का शिलान्यास इस यात्रा की एक कड़ी है। नये कमाण्ड हॉस्पिटल की आधारशिला के साथ नये वर्ष की शुरुआत का यह संदेश है कि यह साल समाधान का वर्ष होगा।

उन्होंने कहा कि लम्बे समय से इस अस्पताल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। यह अस्पताल अब शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। रक्षा (शेष पेज 7)

## सेना का अनुशासन सिविल प्रशासन को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में आज कोरोना वैक्सीनेशन की शुरूआत और न्यू कमांड अस्पताल का शिलान्यास दोहरी खुशी लेकर आया है। भारतीय सेना दुनिया में अपने शौर्य पराक्रम के लिए जानी जाती है। सेना की जरूरतों की पूर्ति के लिए केंद्र सरकार ने हर प्रकार से सुविधा दी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओ की जरूरत किस कदर होती है यह हम समझते हैं। लखनऊ में नए कमांड अस्पताल की उपयोगिता भी हम समझते हैं। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में सेना का सहयोग मिला। उत्तर प्रदेश में एसजीपीजीआई, (शेष पेज 7)

## प्रदेश में 15 आईएएस अधिकारियों के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने शनिवार रात 15 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। फेरबदल के क्रम में प्रतीक्षारत शिवाकांत द्विवेदी को विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, विशेष सचिव आयुष राजकमल यादव को डीएम बागपत, जिलाधिकारी बागपत शकुंतला गौतम निदेशक स्थानीय निकाय, एमडी पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम लिमिटेड डॉ. वंदना वर्मा को निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण, निदेशक स्थानीय डॉ. काजल को विशेष सचिव बेसिक शिक्षा, विशेष सचिव बेसिक शिक्षा मनीष कुमार वर्मा को डीएम जौनपुर, आयुक्त विन्ध्यांचल मंडल प्रीति शुक्ला सचिव खाद्य रसद, प्रतीक्षारत योगेश्वर राम को आयुक्त विन्ध्यांचल मंडल, प्रतीक्षारत संजय कुमार को सचिव वित्त, एमडी जल निगम विकास गोठलवाल को सचिव अवस्थापना एवं (शेष पेज 7)

# भाजपा ने विधान परिषद के लिए छह और प्रत्याशी घोषित किए

- चार प्रत्याशी पहले ही घोषित कर चुकी है पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** ने विधान परिषद चुनाव में छह और प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इससे पहले बीजेपी चार प्रत्याशियों की पहले ही घोषणा कर चुकी है। शनिवार को घोषित प्रत्याशियों में संगठन के लोगों का प्रमोशन किया गया है। उम्मीदवारों में पार्टी के दो महामंत्री और एक उपाध्यक्ष सहित तीन पदाधिकारी तथा और दो बोर्डों के अध्यक्ष शामिल हैं।

उम्मीदवारों के चयन में जातीय संतुलन साधने की कोशिश की गई है। छह उम्मीदवारों में चार सवर्ण, एक पिछड़ा और एक अनुसूचित जाति का है। कुल घोषित 10 उम्मीदवारों पर नजर डालें तो छह अगड़ों, दो पिछड़ों और दो अनुसूचित जाति को टिकट दिया गया है। पार्टी ने शनिवार को जिन छह उम्मीदवारों की घोषणा की है उनमें विधान परिषद के पूर्व कार्यकारी सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व महामंत्री सलिल विश्नोई, वर्तमान महामंत्री गोविन्द शुक्ला, अश्वनी त्यागी, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष धर्मवीर प्रजापति तथा सुरेंद्र चौधरी शामिल हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, परिषद में दल के उप नेता लक्ष्मण आचार्य तथा पूर्व नौकरशाह अरविंद शर्मा पहले ही उम्मीदवार घोषित किए जा चुके हैं। सवर्णों में दो ब्राह्मण, दो भूमिहार, एक ठाकुर और एक वैश्य हैं। पिछड़ों में एक कुर्मी और एक प्रजापति है। अनुसूचित जाति में एक धोबी और एक खरवार है।

# न ये उम्र थी और न यह समय था जाने का, सबको रुला गईं उषा जी

- पायनियर दिल्ली संस्करण की स्थानीय संपादक का निधन, मैक्स साकेत में ली अंतिम सांस
- सीईओ शोबरी गांगुली ने कहा-हमने अपनी एक बेशकीमती सहयोगी को खो दिया
- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हरियाणा के सीएम मनोहर लाल समेत कई राजनेताओं और पत्रकारों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**न ये** उम्र थी और न यह समय था जाने का। लेकिन नियति के आगे सब विवश हैं। शनिवार को हिंदी 'पायनियर' की स्थानीय संपादक उषा श्रीवास्तव के असमय निधन की खबर सबको स्तब्ध कर गई। पायनियर परिवार के लिए यह एक बड़ी क्षति है। वे पिछले ढाई महीनों से बीमार चल रही थीं लेकिन उनकी जिंदादिली और इच्छाशक्ति को देखकर कभी ऐसा नहीं लगा कि वे इतनी जल्दी सबको अलविदा कह जाएंगी। वे 59 वर्ष की थी। उनके निधन से साथी पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई है। उषा जी लीवर की बीमारी से जूझ रही थीं। पिछले 26 दिसंबर को मैक्स, वैशाली गाजियाबाद में उनका लीवर ट्रांसप्लांट किया गया था। लेकिन उनकी हालत बेहतर न होने पर मैक्स साकेत शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती गई और शनिवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों को नेताओं और पत्रकारों ने शोक जताया है। उनके निधन से भावुक हो उठे पायनियर के समूह संपादक चंदन मित्रा ने कहा कि उन्होंने अपने बच्चे की तरह हिन्दी 'पायनियर' को पाला पोसा। वे बेहद ऊर्जावान, प्रतिबद्ध और जिंदादिल सहकर्मी थीं, उनकी स्थान को आसानी से नहीं भरा जा सकेगा। दुख के कारण मैं शब्दविहीन हो गया हूं।' पायनियर की सीईओ शोबरी गांगुली ने उषा जी को 'बेशकीमती' सहयोगी बताया जो अपने आसपास सबका ख्याल रखती थीं। उन्होंने कहा कि मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि वे हमको छोड़कर चली गई हैं। वे एक पवित्र आत्मा थीं।' केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत कई राजनेताओं और पत्रकारों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनकी अंत्येष्टि रविवार सुबह 10.30 लोधी रोड पर की जाएगी। करीब एक पखवाड़े इंतजार के बाद 25 दिसंबर को उन्हें लीवर का डोनर मिला था। इस दौरान वे अस्पताल में थी और आईसीयू में आना-जाना लगा था। डोनर मिलने की खबर के बाद पायनियर ने राहत की सांस ली थी। अगले दिन जब उन्हें ऑपरेशन थियेटर ले जाया जा रहा था तो हम में से कई लोगों ने उनसे अस्पताल में मुलाकात की थी। लेकिन किसको पता था कि उनसे यह मुलाकात आखिरी होगी। जीवन के लिए उन्होंने भरपूर संघर्ष किया लेकिन हमारी प्रार्थनाएं और डॉक्टरों का प्रयास भी नियति को नहीं बदल सका। वे बिना हमसे कुछ कहे चली गईं। पिछले साल अक्टूबर के अंत में जब वे बीमार पड़ी तो हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि वे हमें छोड़कर चलीं जाएंगी। उनकी मौजूदगी का हमारी आदत में शुमार हो गया था। राजनीतिक मुद्दों पर बहस में बढ़चढ़कर इस तरह हिस्सा लेना कि हमें लगता ही नहीं था कि कभी कोई चीज उनको पछाड़ पाएगी। लेकिन हम लोग गलत सोचते थे। ऊर्जा से भरपूर और अपने बेबाकपन के लिए मशहूर उषा जी दिल से किसी मासूम बच्चे की तरह थीं। साथियों की मदद में सबसे आगे रहती थीं। उनसे मिलने वाला उनका मुरीद होकर रह जाता था। बनारस के काशी हिंदू विश्वविद्यालय से पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वहां के प्रतिष्ठित समाचार पत्र दैनिक 'आज' से करियर की शुरुआत की और उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। कलम से बेहद धनी उषा जी ने करीब 30 साल भाजपा को कवर किया। 'आज' के बाद वे दिल्ली आ गई और 'अमर उजाला कारोबार' से अपनी दूसरी पारी शुरू की। यह हिन्दी में अपने समय का बेहद प्रतिष्ठित अखबार था। इसके बाद उन्होंने 'दैनिक जागरण' में भी कुछ समय के लिए काम और फिर 'राजस्थान पत्रिका' नई दिल्ली में बतौर राजनीतिक संपादक के तौर ज्वाइन किया। यहां पर लंबे समय तक काम करने के बाद 2011 में वे दिल्ली में हिंदी 'पायनियर' की स्थानीय संपादक बनीं और 'द पायनियर' के हिंदी संस्करण की शुरुआत हुई। उषा जी के ही नेतृत्व में पायनियर का हरियाणा संस्करण लांच किया गया। वाराणसी के बेहद प्रतिष्ठित परिवार में जन्मी उषा जी का बनारस कभी नहीं छूटा। वर्षों दिल्ली में रहने के बावजूद काशी और शिव की भक्त बनी रहीं। बनारसी सादगी और बेबाकपन उनकी थाती थी। जब भी मौका मिलता था वे वहां चली जाती थी। अपने बनारस के मित्रों को बेहद प्यार से याद करती थीं। लेकिन अंतिम बार जब आपको विदाई देने का वक्त आया तो हमारी आंखें आंसुओं से लबरेज हो गई हैं। अलविदा उषा जी, हम आपको कभी भुला नहीं पाएंगे।

### उषा की कमी को आसानी से पूरा नहीं किया जा सकेगा: चंदन मित्रा



## फुलझड़ियाँ




### सांसत में बुआ



सूबे में विधान परिषद चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनावी चौसर पर सत्ताधारी दल और मुख्य विपक्षी दल मैदान में हैं। चुनावी अंकगणित में अन्य दल फिट नहीं बैठ रहे हैं। ऐसे में मुकाबला रोचक होने को है क्योंकि मुख्य विपक्षी दल औकात से ज्यादा दूरी नापने की फिराक में है। ऐसे में उसे भितरघातियों पर ज्यादा भरोसा है। उसे यकीन है कि चलाचली की बेला में भविष्य सुरक्षित करने वाले उसे वोट कर सकते हैं। वही भैया से खार खाई बुआ भी हर पल अपने सिपहसालारों के साथ बैठक कर रही हैं। पार्टी के हर विधायक पर उनकी नजर है और वह लगातार इनसे सम्पर्क भी बनाये हुए हैं। जिससे पार्टी लाइन से हटकर कोई वोट न दे दे। वैसे पिछली बार बुआ ने कह भी दिया था कि बबुआ को हराने के लिए उनकी पार्टी सत्ताधारी दल को भी वोट कर सकती है। तब सत्ताधारी दल की मदद से बुआ जी ने अपने एक कैंडिडेट को निचले सदन में भेज दिया था इसलिए इस बार अहसान चुकाने की बारी है। पर दिक्कत यह है कि अहसान चुकाने में कहीं उनका समीकरण न छिटक जाय। एक तरफ अहसान दूसरी तरफ समीकरण को लेकर बुआ सांसत में फंसी हैं। करें तो क्या करें। फिलहाल अब आने वाला वक्त ही बता पायेगा की बुआ जी अहसान चुकाती हैं या फिर अपनी चिर परिचित शैली में किनारा कर लेती हैं।

### पैलगी पर भारी महिला

मामला एक नामचीन नेता के परिचित का हाउस टैक्स के बिल संशोधन का था। संशोधन के नाम पर हाउस टैक्स बिल में छेड़छाड करने से महिला निरीक्षक भड़क गयीं। फिर क्या था। आव देखा न ताव शुरू हो गईं। महिला निरीक्षक यही नहीं रुकीं। पैलगी हाउस टैक्स अधिकारी पर बरस पड़ी। देखते ही देखते पूरे जोन में इस चर्चा ने जोर पकड़ लिया। कार्यालय में महिला कर्मी ने पूरे माहौल को ऐसा बिगाड़ा कि हाउस टैक्स के अधिकारी को शर्मसार होना पड़ा। बेचारे ! जब मुख्यालय में थे तो पैलगी करने वालों का तांता रहता था। सोचा था कि जोनल कार्यालय के पास माता जी के आर्शीवाद दर्शन कर अपने को और दिव्य बना लेंगे लेकिन क्या करते बेचारे पैलगी अधिकारी। महिला कर्मी ने पहले झकाया, फिर उल्टे जोन के बड़े अफसर के सामने पेशी भी करा दी। अब पैलगी अधिकारी का बचा खुचा रौब बड़े साहब ने बैठक के दौरान मिटा डाला। समीक्षा बैठक के दौरान साहब ने बड़ी फजीहत कर दी। पहले प्रतिष्ठा गई, फिर पगार भी कई महीनों की रोक दी।

### तेरे दर पर आया हूं....

खाकी महकमे के विशेष बल के मुखिया का यूं तो पहले से ही काफी जलवा है लेकिन पिछले कुछ दिनों से यह और बढ़ गया है। आखिर जलवा हो भी तो क्यों न। संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए इस बल के पास चुनिंदा अफसरों की टीम जो है। दुर्दांत अपराधियों पर नकेल कसने की जब कभी भी जरूरत पड़ती है तो इसी बल को याद किया जाता है। बल के प्रभारी पिछले काफी अरसे से एकक्षत्र प्रभाव बनाए हुए हैं। तभी तो उनके सामने यहां कोई दूसरा अफसर टिक ही नहीं पाता है। पिछले दिनों लखनऊ कमिश्नरेट में अपराध तेजी से बढ़े तो लंबे समय से जमे कुछ धुरंधर थानेदारों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इन थानेदारों को लखनऊ से कुछ इतना लगाव हो गया है कि वह अब किसी दूसरे जिले में नौकरी करना ही नहीं चाहते। तबादला रुकवाने के लिए इन लोगों ने एड़ी चोटी का जोर लगाया मगर कोई सफलता नहीं मिली। मुसीबत के इस समय में थानेदारों ने विशेष बल के मुखिया की चौखट पर माथा टेक दिया है। ये सब इसी प्रयास में है कि विशेष बल में किसी प्रकार जगह मिल जाए और लखनऊ से बाहर न जाना पड़े। अब इन सभी की उम्मीद विशेष बल के मुखिया की रजामंदी पर टिकी हुई है। अब देखना है कि आखिर यह जलवेदार मुखिया इन थानेदारों का कल्याण करते हैं या फिर इन्हें यहां से भी निराशा हाथ लगती है।

### बुढ़ापे में बुलंदी



भाग्य के बहुत धनी हैं। ऐशो आराम और शान जैसे ऊपर वाले से लिखवा कर आए हैं। जीवन का सैकड़ा पूरा करने में बस कुछ साल बचे हैं। फिर भी सितारे बुलंद हैं। पहले खाकी की रौब और धमक थी अब खादी का जलवा है। जब तक शरीर पर खाकी थी तब तक नीली बत्ती का रौब रहा। जब खाकी छोड़ खादी पहनी तो लाल बत्ती का जलवा मिल गया। खादी में भी लंबे समय तक शानदार पारी खेलने के बाद जब रिटायरमेंट का समय आया तो वहां भी इनकी सीनियारिटी ने अपना जलवा दिखा दिया कि इनके पास अनुभव बहुत ज्यादा है। अब यह सभापति बनने का ख्वाब देख रहे हैं। सही मायने में इनके खेमे से भी इन्हें मंजूरी मिल चुकी है। इसीलिए तो इन्हें सेंचुरी के करीब होने के बावजूद भी चुनावी समर में उतारा गया है।

### चाहिए एक पीए की

बात योगी सरकार के एक ऐसे मंत्री की है जिन्हें राजनीति और मंत्रिमंडल में स्थान पिता की विरासत के रूप में मिला है। इनके कंधों पर साफ-सफाई का काम योगी सरकार ने डाल रखा है। मंत्री को एक ऐसे निजी सहायक की जरूरत है जो उनके पुराने सहायक की कमी को पूरा कर सके। इसके लिये मंत्री जी अपने विभाग के कई लोगों को आजमा चुके हैं लेकिन कोई उनकी कसौटी पर खरा नहीं उतरा है। पुराने सहायक की कमी को पूरा करने की मंत्री की तलाश अभी जारी है। नये सहायक की तलाश का काम इतने जोरों पर है कि विभाग में इसकी चर्चा चलने लगी है। मंत्री के बेहद करीबी उनके एक निजी सहायक की विगत माह कोरोना के चलते मौत हो गई। इस सहायक की परिवार में इन्ट्री मंत्री के पिता के शासनकाल में हुई थी लेकिन पिता से ज्यादा मंत्री जी के साथ इनकी निकटता हो गई थी। हालांकि मंत्री ने उस वक्त राजनीति में कदम नहीं रखा था और पर्दे के पीछे से अपने मंत्री पिता का सहयोग करते थे।

### यह कौन आया......

यूपी में उच्च सदन की रिक्त हुई सीट के लिए जरिए उच्च सदन में जाने के लिए जब अफसर से नेता जी बने माननीय की लैडिंग लखनऊ में हुई तो भगवा संगठन के कई लोगों का गणित बिगड़ गया। यही नहीं सरकार में भी एक डिप्टी सीएम साहब की नींद उड़ गई है। वैसे डिप्टी साहब का संगठन व सरकार में गणित अभी बिगड़ा नहीं है लेकिन एक ही जाति होने के कारण उनको अनजाना सा भय सताने लगा है। उधर संगठन के कई ऐसे चेहरे थे जो अपनी-अपनी गणित को लेकर गुणा-भाग लगा रहे थे लेकिन जब लखनऊ एयरपोर्ट पर अफसर से नेता बने महानुभाव की पार्टी कार्यालय में एंट्री हुई तो सब मामला गड़बड़ हो गया। अब तो सब नेतृत्व की अगली रणनीति का इंजतार कर रहे है कि मंत्रिमंडल विस्तार में लैडिंग वाले साहब को क्या जिम्मेदारी मिलेगी क्योंकि उसी के बाद कई बड़े दिग्गजों के भविष्य तय होंगे।

# कामगारों को आयुष्मान योजना से जोड़ें: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रवासी कामगारों तथा श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन्हें आयुष्मान भारत योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के माध्यम से लाभान्वित किया जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर श्रमिकों एवं कामगारों के हितार्थ की जा रही कार्यवाही की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कामगारों और श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा ष्उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग गठित किया गया है। उन्होंने आयोग की संस्तुतियों एवं निर्णयों के क्रियान्वयन की जनपद तथा मण्डल स्तर पर नियमित रूप से साप्ताहिक एवं पाक्षिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कामगारों एवं श्रमिकों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करते हुए उन्हें योग्यता व क्षमता के अनुरूप कार्य उपलब्ध कराया जाए। इस सेक्टर व योजनाओं के माध्यम से कामगारों श्रमिकों को व्यापक पैमाने पर रोजगार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने इस कार्य को और गति प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन



आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, तथा राहत आयुक्त संजय गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रैन बसेरों का बेहतर संचालन और अलाव का इंतजाम करें: सीएम

**लखनऊ।** कडाके की ठंड में लगातार बढती ठिठुरन को ध्यान में रखते हुये मुख्यमंत्री योगी ने रैन बसेरों के बेहतर संचालन और अलाव की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा है कि यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए। उन्होंने कहा है कि शहरी व ग्रामीण इलाकों में सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए। जरूरतमंदों को कंबल भी बांटे जाएं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि गरीबों और निराश्रितों को शीतलहर में राहत प्रदान करने के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की है। रैन बसेरों में सुरक्षा और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था की जाए। रैन बसेरों के संचालन में कोविड.19 के प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। जिला प्रशासन के अधिकारियों को अलाव, रैन बसेरा संचालन और कंबल वितरण कार्य की नियमित समीक्षा की जाए। धान खरीद कार्य पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। इसके लिए जरूरत के अनुसार अतिरिक्त काटों की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने किसानों को मक्का एवं मूंगफली की उपज का उचित मूल्य दिलाने के भी निर्देश दिए।



लखनऊ में लाल जी टण्डन फाउण्डेशन द्वारा श्रीराम जन्मभूमि निर्माण हेतु पांच लाख रुपये की चेक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले को भेंट करते हुए फाउण्डेशन के अध्यक्ष आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी,' सचिव प्रदीप भार्गव एवं सदस्यगण। इस अवसर पर संघ के प्रान्त प्रचारक कौशल, सह प्रान्त कार्यवाह प्रशान्त भाटिया भी उपस्थित रहे।

## प्रसपा ने 3 और सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए

**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने विधानसभा चुनाव 2022 के लिए तीन और प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इससे पहले शिवपाल सिंह यादव मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकते हुए मेरठ की सिवालखास विधानसभा सीट से अमित जानी को पार्टी का प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं, नं0 14833606F, रैंक SEP, नाम-सत्य नरायण पुत्र श्री कन्हैया लाल, यूनिट-रिजर्व सप्लाई डिपो, लखनऊ यह घोषणा करता हूँ कि मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम SHUSHMA त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है उसका सही व वास्तविक नाम SUSHMA RATHAUR है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है
हरिपाल जी स्मारक महाविद्यालय
दरौरा, करहाँ-मऊ
सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के मध्यकालीन इतिहास-1 पद में प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0सी0टी0ई0, उ0प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो.-9415730998

**आवश्यकता**

आवश्यकता है
शिवमंगल महिला महाविद्यालय
परदहां जमीन परदहां, बेला सुल्तानपुर-मऊ
सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एक पद में आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0सी0टी0ई0, उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो.-9511028465

## कोविड 19 के विरूद्ध युद्ध में विजय का शंखनाद हो चुका है: बीजेपी

● कोरोना के खिलाफ संजीवनी का काम करेगी कोविड वैक्सीन: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**बीजेपी** के प्रदेशा अध्यक्ष स्वतंत्र देव ने विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कोविड 19 के विरूद्ध युद्ध में विजय का शंखनाद हो चुका है। नरेन्द्र मोदी ने आपदा को नियंत्रित करने तथा आपदाओं को अवसर में बदलकर प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने सदैव ही आगे बढ़कर चुनौतियों को पार करने का रास्ता दिखाया है। श्री सिंह ने कहा कि कोविड वैक्सीन कोरोना के खिलाफ संजीवनी का काम करेगी। मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में प्रधानमंत्री के नेतृत्व तथा उनके निर्णयों को विश्व पटल पर सराहा गया है। कम समय में दो-दो मेड इन इण्डिया वैक्सीन का बनना और विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के प्रारम्भ होने में हमारे वैज्ञानिकों की क्षमता का लोहा विश्व ने माना है। मोदी सरकार और भारतीय वैज्ञानिकों के परिश्रम का प्रतिफल है कि आज समूचा विश्व भारत के प्रति आशान्वित है। यह पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है।

पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हारेगा कोरोना-जीतेगा भारत के संकल्प के साथ मोदी सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया कोविड के विरूद्ध अभियान सर्वे सन्तु निरामया के भाव की पूर्णता की ओर अग्रसर है।

## वैक्सीन लगवाने के लिए पहले भाजपा के लोग आगे आएं: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भारत का झंडा बदलने की साजिश हो रही है। अखिलेश ने कहा कि वैक्सीन लगवाने के लिए पहले भाजपा के लोग आगे आएं, जब सपा की सरकार बनेगी तब समाजवादी पार्टी के लोग सबसे आगे आकर वैक्सीन लगवाएंगे। अखिलेश ने कहा कि मुझे खुशी इस बात की है कि सरकार ने वैक्सीन का काम शुरू कर दिया है लेकिन सरकार को यह पास साफ करनी चाहिए कि गरीबों तक वैक्सिंग कब पहुंचेगी और क्या उन्हें फ्री लगेगी। सपा मुख्यालय में शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अखिलेश ने कहा कि अव्यवस्था का आलम यह है कि वैक्सीन के लिए जो सेंटर बनाए गए हैं वहां अभी तक कोई फंड नहीं पहुंचा गया है।

## लोनिवि के 6 सेवानिवृत्त उच्चाधिकारियों को थिंक टैंक का बनाया गया सदस्य

● उपमुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के नए लोगो का किया अनावरण

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग में विभाग के सेवानिवृत्त उच्चाधिकारियों का थिंक टैंक बनाए जाने से लोक निर्माण विभाग के कार्यों में गति तो आयेगी ही, साथ ही गुणवत्ता भी आयेगी और जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान बड़ी आसानी से हो सकेगा। श्री केशव प्रसाद मौर्य आज लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में थिंक टैंक के सदस्यों को साल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभवों से विभाग ही नहीं, उत्तर प्रदेश के विकास को नए पंख लगेंगे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्तमान और निवर्तमान अभियंता मिलकर लोक निर्माण विभाग के भविष्य की नीव मजबूत करेंगे ,अच्छे से अच्छा करके दिखाएंगे ।सेवानिवृत्त अनुभवी इंजीनियरों से उनके अनुभवों का अच्छा लाभ मिलेगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिस प्रकार से सैनिक देश की रक्षा करते हैं ,उसी प्रकार से आप लोगों को भी अपनी तकनीकी दक्षता का उपयोग करते हुए प्रदेश की 24 करोड़ जनता की कसौटी पर खरा उतरना है और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना है। लोक निर्माण विभाग की क्षवि निखारना है। अनुभवी तथा दक्ष व सक्षम इंजीनियरों के बल पर आने वाला भविष्य भी उज्जवल होगा। उन्होंने कहा कि इंजीनियर अपने नए. नए विचार देंगे और नई तकनीकी के प्रयोग में सहयोग प्रदान करेंगे और उत्तर प्रदेश की परिस्थितियों के अनुरूप सड़कों का संजाल बिछ सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में मुख्य रूप से फोकस करना है और बहुत ही सृजनात्मक कार्य किए जाने हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं ।उन्होंने कहा अभी कई ग्रामीण इलाके मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी के लिए बचे हैं ,उन्हें हमें शीघ्र से शीघ्र जोड़ना है और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को कम से कम 5 मीटर चौड़ा बनाना है।

केशव प्रसाद मौर्य ने विश्वास व्यक्त किया वर्तमान और निवर्तमान अभियन्ता मिलकर लोक निर्माण विभाग में अभिनव कार्यो का संपादन कर प्रदेश के विकास में लोक निर्माण विभाग को उच्च स्तर पर रखने का कार्य करेंगे और जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे। जटिल समस्याओं के समाधान में थिंक टैक एक मजबूत कड़ी साबित होगा ।उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस अभिनव प्रयोग निश्चित रूप से अच्छे परिणाम लेकर आएगा।

## मुख्यमंत्री 436 शिक्षकों को 19 को ऑनलाइन देंगे नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ 19 जनवरी को राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक कला के पद पर चयनित 436 अभ्यर्थियों को अपने सरकारी आवास पर नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री एनआईसी के माध्यम से वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा नवनियुक्त अध्यापकों से संवाद भी करेंगे। यह जानकारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा विनय कुमार पांडेय ने दी।

**पूज्य भाऊ राव देवरस महाविद्यालय**
मुक्तापुर (टंडवारा) सरवनखेड़ा
कानपुर देहात-209121

**आवश्यकता है**
राजाज्ञानुसार मानदेय पर UGC/NCTE अर्ह प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं सहायक आचार्यों की।
बी.एस.सी. विषय- गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
बी.ए. विषय- हिन्दी भाषा, हिन्दी साहित्य, समाज शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी भाषा, अंग्रेजी साहित्य।
बी.काम/एम.ए.- हिन्दी, समाज शास्त्र।
बी.एड. हेतु सहायक आचार्यों, विभागाध्यक्ष, प्रवक्ताओं तथा अन्य प्रधान लिपिक, कम्प्यूटर आपरेटर, चपरासी की आवश्यकता है।
नोट: 15 दिनों के अन्दर सभी अभिलेखों की प्रतियों सहित आवेदन करें।
प्रबन्धक,
सम्पर्क सूत्र:- 9455227520
ई-मेल: rscese@gmail.com, pbdcollege@rediffmail.com

## संरक्षण क्षमता महोत्सव 'सक्षम: 2021' का हुआ शुभारम्भ

● कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने अभियान को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कैबिनेट मंत्री** (विधायी, न्याय एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा) ब्रजेश पाठक ने वर्चुअल माध्यम से आज जन केन्द्रित ईंधन संरक्षण मेगा अभियान सक्षम 2021 का शुभारम्भ किया। उन्होंने विभिन्न तेल कम्पनियों द्वारा किए जाने वाले इस अभियान को जन-जन से जोड़ने के उद्देश्य को सराहा। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में भारत को समृद्ध बनाने के लिए तेल कम्पनियों द्वारा चलाए जा रहे मेगा अभियान का हिस्सा बनें। साथ ही उन्होंनें इस अभियान की इस वर्ष की थीम हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा के विषय में चर्चा करते हुए हरित ऊर्जा को आज की आवश्यकता बताते हुए सभी से इसपर ध्यान केन्द्रित करने और ऊर्जा के हरित विकल्पों को अपनाने को कहा। अपने वक्तव्य में उन्होंनें सभी से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की उस पहल से प्रेरणा लेने की बात कही जिसमें कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर बल दिया गया है। इस अवसर पर राज्य स्तरीय समन्वयक, तेल उद्योग और कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख इंडियन ऑयल उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय डॉ. उत्तीय भट्टाचार्य ने बताया कि यह अभियान 16 जनवरी से 15 फ़रवरी अर्थात पूरे एक माह तक अनवरत पूरे प्रदेश में सभी तेल कम्पनियों के द्वारा चलाया जाएगा जिसमें 20000 से अधिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। इसके अन्तर्गत विभिन्न इंटरैक्टिव कार्यक्रमों और गतिविधियों जैसे एलपीजी पंचायत, साइकिल दिवस, साइक्लोथॉन, वाणिज्यिक वाहन चालकों के लिए कार्यशालाएँ, ईंधन बचत के सरल उपाय अपनाने हेतु गृहणियों रसोइयों हेतु सेमिनार, रेडियो, टीवी, इत्यादि माध्यमों से राष्ट्र व्यापी अभियान आयोजित किए जाएँगे।

## गुणवत्ता से किसी भी कीमत पर समझौता न किया जाए: अवनीश

● बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की समीक्षा
● पैकेज 1 और 2 में कार्य और तेजी से करने के निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपीडा** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को परियोजना के स्ट्रक्चर्स की प्रगति तीव्र गति से बढ़ाने के लिये मशीनरी और टेक्नीकल स्टाफ पर्याप्त संख्या में बढाने के लिए निर्देशित किया गया। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के कार्यो की गुणवता पर विशेष ध्यान देने के लिए सख्त निर्देश दिए गए कि कार्यों की गुणवत्ता पर किसी भी कीमत पर समझौता न किया जाए।

श्री अवस्थी ने थर्ड पार्टी ऑडिटर द्वारा इंगित की गई कमियों का निराकरण करने के कड़े निर्देश दिए। अब तक लगभग 37 प्रतिशत भौतिक कार्य सम्पन्न हो चुका है। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य युद्व स्तर पर हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने पैकेज 1 और 2 में कार्य और तेजी से करने के निर्देश दिए। परियोजना में केन नदी पर बन रहे पुल और 4 आरओबी पर कार्य करने के लिए आवश्यक मशीनरी डिप्लॉए करने के आदेश देते हुए एक्सप्रेसवे की अवशेष भूमि अधिग्रहण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। श्री अवस्थी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि परियोजना के अन्तर्गत आने वाली पावर ग्रिड लाइनों को हर हालत में मार्च तक हटाया जाए और अथॉरिटी इंजीनियर एवं पीआईयू को गुणवत्ता की जांच लगातार करने को कहा कि ताकि एक्सप्रेसवे का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जा सके।

**कार्यालय छावनी परिषद, कानपुर**
**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छावनी परिषद कानपुर सी0सी0 पड़ाव स्थित दुकान नं0 10, दुकान नं0 16 दुकान नं0 18 तथा दुकान सं0 19 (नई दुकान) की नीलामी छावनी परिषद, कार्यालय में दि0 08.02.2021 को सांय 300 बजे की जायेगी। दुकान की नीलामी की अवधि कब्जा की तिथि से 05 वर्ष की होगी। नीलामी की शर्ते व नियम किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय तथा वेबसाइट https://www.kanpur.cantt.gov.in पर देखी जा सकती है।
अरविन्द कुमार द्विवेदी
मु0अधि0अधि0, कानपुर कैन्ट

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582


# कोरोना के खिलाफ अभी बाकी है जंगः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन कार्य को केन्द्र सरकार की गाइडलाइन्स के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी मानकों का पालन करते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ सफ्लतापूर्वक वैक्सीनेशन कार्य किया जाए। सीएम ने लोगों को अगाह करते हुये कहा कि टीकाकरण शुरू होने का मतलब कोरोना के खिलाफजंग अभी खत्म नहीं हुई है। हमे सर्तकता पहले की तरह ही बरतनी होगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड.19 के खिलाफ जारी जंग में कोरोना पर अन्तिम प्रहार करने के लिए वैक्सीनेशन कार्य का शुभारम्भ अत्यन्त उत्साहजनक है लेकिन इस बात का भी ध्यान रखना है कि संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए कोरोना के प्रति हर स्तर पर सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने लखनऊ व अयोध्या में कोविड.19 के दृष्टिगत अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 के संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग कार्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखकर प्रदेश में टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। प्रतिदिन कम से कम 1०5 लाख कोविड.19 के टेस्ट किए जाएं। उन्होंने कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए। उन्होने कहा कि कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त.दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोविड अस्पतालों में आवश्यक दवाएं, मेडिकल उपकरण तथा ऑक्सीजन की बैकअप सहित पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी तरह क्रियाशील रखा जाए। सभी जिलाधिकारियों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन सुबह कोविड अस्पताल में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में नियमित रूप से बैठक आहूत करते हुए कार्यों की समीक्षा तथा आगे की रणनीति निर्धारित की जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में पब्लिक एड्रेस सिस्टम के उपयोग को जारी रखते हुए जनता को सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क के उपयोग सहित कोरोना के बचाव के सम्बन्ध में अन्य सभी जरूरी जानकारियां दी जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल तथा राहत आयुक्त संजय गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## राजनाथ ने जाना वैक्सीनेशन का हाल



**लखनऊ।** रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और बलरामपुर हॉस्पिटल में चल रहे कोविड टीकाकरण अभियान को देखा उन्होंने दोनों अस्पताल जाकर डाक्टरो और अधिकारियों को निर्देशित किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि स्वदेशी वैक्सीन केवल भारतवासियों को ही नही लगाई जाएगी बल्कि दुनिया के अन्य देशों को भी हम निर्यात करने वाले है। क्योंकि भारत एक ऐसा देश है जो वासुधैव कुटुंबकम की विचारधारा का अनुसरण करता है और यह संदेश सिर्फभारत के द्वारा अपने कार्यों से पूरे विश्व में प्रचारित किया जाता रहा है। इसलिए हमने केवल अपनी ही चिंता नही की है बल्कि सारे विश्व की चिंता की है। यदि हमारे डाक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ जिन्हें हम कोरोना वारियर्स के रूप में जानते है यह न होते तो हम शायद इस कोरोना महामारी की चुनौती का मुकाबला नही कर पाते। इसीलिए ही चिकित्सकों को हम धरती पर दूसरा भगवान मानते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिलकुशा आवास पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से भेंट की।

## मंडलायुक्त, जिलाधिकारी ने केजीएमयू पहुंच लिया वैक्सीनेशन का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केजीएमयू** में हो रहे वैक्सीनेशन की व्यवस्थाओं का मंडलायुक्त, जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण कर जायजा लिया गया। वैक्सीनेशन की पूरी तैयरी के साथ किया। वैक्सीनेशन के दौरान सभी एहतियात बरता गया। यही नहीं सभी तरह से कोविन वैक सीनेशन पर कार्य किया जा रहा है। शनिवार को मंडलायुक्त रंजन कुमार व जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचकर कोविड-19 टीकाकरण महा अभियान शुरुआत की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने कहा कि वैक्सीनेशन की पूरी तैयारी है सभी व्यवस्थाएं करा ली गई हैं, ड्यूटी में लगाए गए सभी कर्मचारी उपस्थित हैं। वैक्सीनेशन के लिए जो प्रोटोकॉल बनाया गया है, उसी के तहत सभी व्यवस्थाएं कराई गई है। हर बिंदु पर गहन समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के नियंत्रण के लिए हम सभी लोगों ने मिलकर 24 घंटे मेहनत कर कार्य किया है, जिसमें सफलता भी मिली है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बीते 10 माह से जन सामान्य को कोरोना से बचाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है जिसके लिए मैं स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देता हूं।

## एनडीआरएफ ने किया जागरूक



**लखनऊ।** समय आपदा में तत्पर रहने वाली 11 वीं वाहिनी एनडीआरएफ की लखनऊ स्थित टीम द्वारा कोरोना वायरस से सावधानियां एवं बचाव के बारे में रैली के माध्यम से जागरूक किया गया। आलोक कुमार सिंह उप.महानिरीक्षक के दिशा-निर्देश पर 11वीं वाहिनी एनडीआरएफकी एक पूर्ण टीम नीरज कुमारदृउप कमांडेंट के नेतृत्व में एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केन्द्र कैम्प कैलाशपुरी आलमबाग लखनऊ से रैली का शुभारम्भ किया गया जो कि होमगार्ड मुख्यालय से होते हुए इको गार्डन गीतापल्ली चौराहे तक आयोजित की गयी। इसके बाद वहां पर उपस्थित लोगों को कोरोना वायरस से सम्बंधित सावधानियां एवं बचाव के बारे में जागरूक किया गया और पम्पलेट बाटे गए इस जागरूकता अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिए गए जागरूकता निर्देश दो गज की दूरीएमास्क है जरुरी व सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान दिया गया।

### मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

## मास्क नहीं पहनने पर चीफ फार्मासिस्ट को चेताया

### 67 लोगों ने कराया वैक्सीनेशन



**मोहनलालगंज।** कोविड वैक्सीनेशन का जायजा लेने मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने के लिए व्यापक जागरुकता को लेकर खासतौर पर जोर दिया। वैक्सीनेशन रुम में रुककर पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद रजिस्ट्रेशन कार्ड की पूरी प्रति लाभार्थी को देने के निर्देश दिए। फ्रि आब्जर्वेशन रुम पहुंचकर वैक्सीनेशन करा चुके लोगों से बारी-बारी मिलकर जानकारी ली। वहीं मास्क नहीं पहने होने पर चीफ फार्मासिस्ट को दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की सख्त हिदायत दी। मोहनलालगंज सीएचसी में शनिवार सुबह से चल रहे कोविड वैक्सीनेशन की हकीकत देखने पहुंचे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने बीएमसी की बिल्डिंग के प्रवेश द्वार पर इन्फ्रारेड थर्मल स्कैनर से जांच कराकर हैण्ड सेनेटाइज किए और अपने साथ मौजूद सीएमओ संजय भटनागर समेत अन्य अधिकारियों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने में किसी भी तरह की शिथिलता नहीं बरतने के लिए आगाह किया। उन्होने मुख्य द्वार पर मौजूद कर्मचारी के पास प्रस्तावित 100 लोगों में से 57 लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका होने की रिपोर्ट देखकर संतोष जताया। वहां से सीधे वैक्सीनेशन रुम पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री को वैक्सीनेटर मृणालिनी आर्या वैक्सीन लगवा रहीं सीनियर फार्मासिस्ट अनीता अवस्थी को रजिस्ट्रेशन कार्ड का नीचे का हिस्सा फाड़कर देते हुए नजर आईं। इस पर मंत्री ने रुकने का इशारा कर उन्हें प्रत्येक लाभार्थी को रजिस्ट्रेशन कार्ड की पूरी प्रति देने के निर्देश दिए। फ्रि वैक्सीनेशन के लिए पहुंचे नेत्र सर्जन डॉ0 त्रियेन्द्र को वैक्सीन लगाने से लेकर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए जागरुक करने की पूरी प्रक्रिया अपनी मौजूदगी में पूरी कराई और वैक्सीनेटर मृणालिनी आर्या के बेहतर प्रयास की सराहना की। आब्जर्वेशन रुम पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने वैक्सीनेशन करा चुकीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से बारी मिलकर पूछताछ की और उनमें गजब का उत्साह देखकर मंत्री गदगद हुए। इस दौरान वैक्सीनेशन करा चुके चीफ फार्मासिस्ट ए0 परिहार को मास्क नहीं लगाए देखकर मंत्री ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की हिदायत दी।

## सरोजनीनगर में 72 लोगों को लगे टीके

**सरोजनीनगर.**लखनऊ। राजधानी में शनिवार को कोरोना वैक्सीनेशन की लांचिंग कर दी गई। इस टीकाकरण अभियान के पहले दिन सरोजनीनगर के अमौसी स्थित टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कोविड.19 वैक्सीन टीकाकरण का शुभारंभ हुआ। यहां सबसे पहले प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना गया। उसके बाद टीकाकरण का उद्घाटन होते ही सबसे पहला टीका करीब 11:13 बजे अस्पताल के रविशंकर को लगाया गया। इसके बाद यहां के निदेशक आरएस दुबे को लगाया गया। नोडल अधिकारी अतिरिक्त सीएमओ डॉण् केपी त्रिपाठी के नेतृत्व में शुरू हुए टीकाकरण कार्य के दौरान सरोजनीनगर एसडीएम किंशुक श्रीवास्तवए जोनल अधिकारी रामराज यादव एलए और तहसीलदार ज्ञानेंद्र सिंह के अलावा नादरगंज चौकी प्रभारी दिनकर वर्मा भी मौजूद रहे।

**सीएचसी माल में 75 लाभार्थियों को लगाया गया कोरोना टीकाः** माल। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माल में कोरोना महामारी से बचाव हेतु प्रथम दिन बहुप्रतीक्षित वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य विभागीय निर्देशों के साथ सावधानी तथा सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुआ।जिले से आई 100 लोगों की लिस्ट में उपस्थित पाए गए 75 लोगों को टीका लगाया गया। जिसमे चार पुरुष तथा शेष महिलाएं शामिल हैं। टीका की पहली डोज स्वीपर व चौकीदार हरिपाल (58) को लगाकर टीकाकरण की शुरुआत की गई। मण्डलायुक्त रंजन कुमार और आईजी लक्ष्मी सिंह सहित कई अधिकारियों ने अस्पताल पहुंच कर टीकाकरण तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। टीका लगवाने वाले सभी लोग सहज तथा सामान्य पाए गए।

**प्रचार प्रसार से बढ़ी जागरूकताः** मण्डलायुक्त रंजन कुमार ने बताया कि कोविड .19 के टीकाकरण हेतु शासन स्तर से किये गए प्रचार प्रसार का लाभ मिला है। व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। लोगों में जागरूकता आई है। किसी को कोई परेशानी नहीं हुई है। सुरक्षा व्यवस्था की गई चाक चौबंदः आईजी लक्ष्मी सिंह ने बताया वैक्सीन को सुरक्षित लानेएरखने तथा प्रयोग करने तक चार तरह की सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।जिसमें वैक्सिनेशन में सेक्टर मोबाईल की व्यवस्था भी सम्मिलित है।उन्होंने वैक्सिनेशन के समय सभी पुलिस कर्मियों को ग्लब्स पहनने का निर्देश भी दिया।

**टीकाकरण से किसी को कोई परेशानी नहीं:** अस्पताल अधीक्षक डॉ विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि 75 लोगों को टीका लगाया गया है। जिसमें चार पुरुष तथा इकहत्तर महिला स्वास्थ्य कर्मी शामिल हैं। किसी को कोई परेशानी नहीं महसूस हुई है।

## प्रदेश में मिले कोरोना के 533 मरीज

**लखनऊ।** प्रदेश में पिछले चौबीस घंटे में संक्रमण के 533 नए मामले सामने आए हैं। इसी दौरान 930 मरीज इलाज के बाद स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किए गए। राज्य में सक्रिय मामलों की संख्या अब घटकर 9,162 हो गई है। एक्टिव मामलों में से 3373 लोग होम आइसोलेशन में हैं । निजी चिकित्सालयों में 827 लोग इलाज करा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मरीज एल .1, एल .2 तथा एल .3 के सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं । अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने शनिवार को बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,23,392 सैम्पल की जांच की गयी । प्रदेश में अब तक कुल 2,60,86,641 सैम्पल की जांच की गयी है ।

## कोहरे के चलते कई उड़ानें हुईं लेट

**सरोजनीनगर.लखनऊ।** राजधानी में शुक्रवार देर शाम से घना कोहरा गिरना शुरू हुआ और यह सिलसिला शनिवार सुबह नौ बजे तक जारी रहा। घने कोहरे की वजह से चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली कई उड़ानें अपने तय समय से काफी विलंब रहीं। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई और कैट.3 सिस्टम भी काम नहीं कर सका, जिसकी वजह से काफी उड़ानें विलंबित हुईंए जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के कारण शनिवार को दिल्ली जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान शनिवार की सुबह 2:30 बजे जाना थीए लेकिन कोहरे के चलते इसका समय बदलकर दोपहर12 बजे कर दिया गया है। इसी तरह एयर इंडिया की दिल्ली जाने वाली उड़ान सुबह 6:30 पर जाती थीए लेकिन यह विमान सुबह 7:27 बजे उड़ान भर सका। इसी तरह मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान गो एयर की कोलकाता जाने वाली उड़ान इंडिगो की बेंगलुरु जाने वाली उड़ान इंडिगो की दिल्ली जाने वाली उड़ान (12587) गो एयर के हैदराबाद जाने वाली उड़ानअपने तय समय से उड़ान नहीं भर सकी।

## नमक घोटालाः आशीष की जमानत खारिज

**लखनऊ।** नमक घोटाला मामले में निरुद्ध मुल्जिम आशीष राय की जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज संदीप गुप्ता ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। कहा है कि मामला आर्थिक अपराध से जुड़ा है। सरकारी वकील प्रभा वैश्य के मुताबिक मुल्जिम पर नमक सप्लाई का ठेका दिलाने के एवज में छःह करोड़ छःह लाख की ठगी का इल्जाम है। 11 अगस्त, 2020 को इस मामले की एफ्आईआर नीलम नरेंद्र भाई पटेल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। उन्होंने एनके कन्नौजिया उर्फ आशीष राय फर्जी अधिकारी संयुक्त सचिव के अलावा सुनील गुर्जर उर्फमोंटी गुर्जर, राघव फर्जी अधिकारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, एसके अग्निहोत्री वित विभाग, रितुल जोशी, लोकेश मिश्रा, कलीम अहमद व अन्य के खिलाफ तहरीर दिया था।

## प्रदीप जैन ने किया सरेंडर, वारंट निरस्त

**लखनऊ।** वर्ष 2015 में धरना.प्रदर्शन के दौरान तोड.फोड़ व पुलिस बल पर हमला करने आदि के एक मामले में कांग्रेस नेता प्रदीप जैन आदित्य ने एमपी.एमएलए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया और वारंट रिकाल करने की गुहार लगाई। विशेष जज पवन कुमार राय ने वारंट रिकाल करते हुए इन्हें 50 हजार के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। शनिवार को इस मामले में रीता बहुगुणा जोशी की डिस्चार्ज अर्जी पर भी सुनवाई हुई। मामले की अगली सुनवाई अब 22 जनवरी को होगी।

## बुजुर्ग दंपत्ति से टप्पेबाजी, मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** की अमीनाबाद कोतवाली से महज सौ मीटर की दूरी पर सास बहू से टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस से बेखौफ टप्पेबाज ने शनिवार को अमीनाबाद के भीड़भाड़ वाले बाजार गड़बड़झाला में खरीदारी करने आई सास बहू को सम्मोहित कर उनके जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार रेलवे से रिटायर छैल बिहारी शुक्ला अपनी पत्नी मनोरमा शुक्ला व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शुक्ला निवास मोती नगर नाका में रहते हैं । उनकी पत्नी मनोरमा शुक्ला आज अपनी बहू संध्या शुक्ला को साथ लेकर अमीनाबाद के गड़बड़झाला बाज़ार में खरीदारी करने के लिए गई थी । जहां उन्हें दोपहर करीब 2 बजे एक व्यक्ति मिला उसने मनोरमा से बताया कि वो उनके पुत्र अजय शुक्ला का मित्र है और उनके घर से ही आ रहा है। टप्पेबाज़ की नियत से अनजान मनोरमा शुक्ला और संध्या शुक्ला को बातों में लगाकर टप्पेबाज ने उन्हें सम्मोहित कर सास बहू के जेवर उतरवा लिए और हाथ में मौजूद पर्स भी ले लिया। टप्पेबाज़ सास बहू से टप्पे बाजी की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया कुछ देर बाद जब सास बहू को ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने अपने पुत्र को सूचना दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### युवक के खाते से उड़ाए हजारों रुपये

**लखनऊ।** नौकरी डाटकॉम पर जॉब प्रोफाइल शार्ट लिस्टेड करवाने के बहाने शनिवार को एक युवक के खाते से जालसाजों ने हजारों की रकम पर कर दी। ठगी की भनक लगते ही पीड़ित ने सुशांत गोल्फसिटी थाने जाकर केस दर्ज करवाया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। शंकर विहार कॉलोनी कमता थाना चिनहट निवासी अम्ब्रीश सिंह अपने परिवार संग रहते है। अम्ब्रीश के मुताबिक शनिवार को वह सुशांत गोल्फसिटी इलाके में किसी काम से गए थे। इस दौरान उनके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने उन्हें बताया की वह नौकरी डाटकॉम से बोल रहा है और क्या आप अपनी जॉब प्रोफाइल शार्ट लिस्टेड करवाना चाहते है। अम्ब्रीश ने अपनी प्रोफाइल शार्ट लिस्टेड करवाने के लिए हां कर दिया। इसके बाद फोन करने वाले युवक ने उनसे बताया कि उन्हें पहले अपने खाते से 10 रुपए ट्रांसफर करना होगा। जिसके बाद उनके फोन पर एक लिंक आएगा जिसे साइन अप करना होगा। जालसाज की बातों में आकर अम्ब्रीश ने बताए गए नंबर पर 10 रुपए ट्रांसफर कर दिए और लिंक को साइन अप कर दिया। आरोप है कि लिंक साइन अप करने के बाद ही उनके खाते से 8890 की रकम निकल गई।

## फाइटो रैमिडिएशन तकनीक से कुकरैल नाले का होगा शोधन

**लखनऊ।** कुकरैल नाले को फाइटोरैमिडिएशन तकनीकि से शोधन करने के लिए नगर निगम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने बारीकी से कुकरैल नाले का जायजा लिया। इस तकनीकि से प्रदूषित जल को सेंडीमेंटेशन टैंक के माध्यम से स्क्रीन मैश एवम् स्टोन बॉल्डर्स की दीवार बनाकर विशेष प्रकार के पौधों के मध्य से गुजार जाएगा।शनिवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी द्वारा कुकरैल बंधे पर फाईटो रैमीडिएशन तकनीकी से पानी के शोधन की शुरुआत की। इसके लिए नगर आयुक्त द्वारा अन्य अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया। नगर निगम द्वारा फाईटो रैमीडिएशन तकनीक से प्रदूषित जल के ट्रीटमेंट की तैयारी की जा रही है। जिसके तहत प्रदूषित जल को सेंडीमेंटेशन टैंक के माध्यम से स्क्रीन मैश एवम् स्टोन बॉल्डर्स की दीवार बनाकर विशेष प्रकार के पौधों के मध्य से गुजार जाएगा।

## फर्जी वीजा बनाकर विदेश में नौकरी दिलाने वाले गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** फर्जी बीजा बनाकर विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपये ऐंठने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गैंग के एक सदस्य को गुड़म्बा पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। इंस्पेक्टर गुड़म्बा फरीद अहमद ने बताया कि गुड़म्बा के कामाख्या स्कूल के पास फर्जी बीजा तैयार कर विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले गिरोह के एक सदस्य को शनिवार सुबह करीब 11 बजे उपनिरीक्षक धनंजय तिवारी ने टीम के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम राईबीबो, कादीपुर सुल्तानपुर निवासी शुभम श्रीवास्तव बताया है। पुलिस आरोपित के साथियों विशाल सिंह व आकांक्षा शुक्ला की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि बुधवार को आरोपितों के खिलाफ अली हसन व मोनिस खान ने गुड़म्बा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।ऐसे करते थे ठगी: इंस्पेक्टर ने बताया कि जूही, परमपुरवा कानपुर निवासी अली हसन व मोनिस खान को समाचार पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ कि दुबई में कामगारों की आवश्यकता है। इसके बाद अली हसन व मोनिस खान ने दिये हुए नम्बर पर विशाल सिंह से सम्पर्क किया। विशाल ने पीड़ितों को झांसा देकर अपने आफ्सि वीआर हॉलीडे, कामाख्या स्कूल जगरानी हॉस्पिटल के पास बुलाकर पासपोर्ट जमा करने की बात कही।



# कौशल विकास पर ध्यान दें तकनीकी विश्वविद्यालय

## एकेटीयू के 18वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने 90 पीएचडी उपाधियां व वर्ष 2020 के सभी रैंक धारकों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए

● सभी पाठ्यक्रमों में वर्ष 2020 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा सृष्टि सिंह को मिला स्वर्ण पदक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि जब हम तकनीक के क्षेत्र में कुछ बेहतर और नया करेंगे तभी हम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ेंगे। विश्व के तेजी से बदलते दौर में आत्मनिर्भरता का महत्व बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के क्षेत्र में रचनात्मक कार्य की बहुत सम्भावनाएं हैं। इस दृष्टि से हमारे तकनीकी विश्वविद्यालय केवल शोध और डिग्री बांटने का ही कार्य न करें, बल्कि कौशल विकास पर भी ध्यान दें। कौशल विकास का मतलब है कि युवाओं को हुनरमंद बनाने के साथ उन्हें बाजार के अनुरूप तैयार करना।

राज्यपाल शनिवार को डॉण् एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के 18वें दीक्षान्त समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। इस अवसर पर उन्होंने 90 पीएचडी उपाधियां तथा वर्ष 2020 के सभी रैंक धारकों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किये। राज्यपाल ने पूर्व प्राविधिक शिक्षा मंत्री स्वर्गीय कमला रानी वरूण की स्मृति में शुरू किए गए पुरस्कार को अनुसूचित वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा ऋतु वर्मा को दिया, जबकि सभी पाठ्यक्रमों में वर्ष 2020 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा सृष्टि सिंह को स्वर्ण पदक प्रदान किया। उन्होंने वरिष्ठ पर्यावरण विद् एवं समाजसेवी पद्म भूषण डॉण् अनिल कुमार जोशी को पर्यावरण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये डाक्टर आफ साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि पूरे भारत में महिलाओं को आगे लाने, सशक्त करने तथा आत्मनिर्भर बनाने का कार्य भी शिक्षण संस्थाओं का है। इन प्रयासों को कारगर करने में स्वयं सहायता समूहों का विशेष महत्व है, जिनके माध्यम से महिलाएं आगे बढ़ रही हैं तथा आत्मनिर्भर बन रही हैं। शिक्षण संस्थाओं का दायित्व बनता है कि उनके लिए विशेष प्रकार के पाठ्यक्रम तैयार किए जाने चाहिए, जो ग्रामीण गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने मे सक्रिय सहयोग कर सकें और ये कार्य हमारे छात्र जिन्होंने आज डिग्री प्राप्त की है, वह ग्रामीण गरीब महिलाओं, कुपोषित बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य आसानी से कर सकते हैं। अतः आप सभी गांव के समग्र विकास का हिस्सा बनें और अपना योगदान दें।

राज्यपाल ने कहा यह विलासिता से सम्भव नहीं है। अतः सामाजिक क्षेत्र के विकास के लिये विश्वविद्यालयों में विस्तृत चर्चा होनी चाहिये, क्या करें, क्यों करें और कैसे करें, इस पर गहन विचार.विमर्श यदि किया जायेगा तो निश्चय ही विकास का रास्ता खुलेगा तथा शिक्षा एवं तकनीक का प्रयोग करते हुये भी अनेक स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को सामाजिक सरोकारों से जुड़े पहलुओं की शिक्षा भी बच्चों को दी जानी चाहिए। सामाजिक समरसता बढ़े, इसलिए छात्रों को जेलों, नारी निकेतन आदि का भी भ्रमण करायें ताकि वे जान सकें कि जो विभिन्न अपराधों के कारण जेल में सजा काट रहे हैं। उनके समय ऐसे क्या कारण उत्पन्न हो गए कि वे अपराध कर बैठे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब का लोकार्पण

**इस** अवसर पर राज्यपाल ने पुस्तक अलंकृत मातृ शक्ति, एल्युमिनाई ब्रूसर तथा एल्युमिनाई सेल पोर्टल का विमोचन किया तथा एकेटीयू परिसर स्थित सेंटर फॉर स्टडी में पांच पैंटा फ्लॉप प्रोसेसिंग स्पीड की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब का लोकार्पण भी किया। एनविडिया डीजीएक्स सिस्टम्स पर निर्मित यह नई अत्याधुनिक लैब भारत में शिक्षा क्षेत्र की शीर्ष पांच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब्स में से एक है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ ने आज विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज़ के छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस. सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस लैब की स्थापना की घोषणा की। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब एनविडिया डीजीएक्स सिस्टम्स पर आधारित है एवं पांच पेटाफ्लॉप्स की गति से कार्य संपन्न कर सकती है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में अनुसंधान और पाठ्यक्रम के लिए एक अभिन्न संसाधन होगा क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एनालिटिक्स आवश्यक पाठ्यक्रम का घटक होने जा रहे हैं।

## पिकनिक स्पॉट के जंगल में प्रेमी युगल ने खाया जहर, हालत गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के इंदिरानगर इलाके में स्थित पिकनिक स्पॉट के जंगल में शनिवार शाम जहर खाकर एक प्रेमी युगल संदिग्ध हालत में बेहोश मिले। वहां टहल रहे लोगों ने देखा तो हड़कंप मर गया सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया जहां देर रात हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा के लिए भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार इंदिरा नगर स्थित पिकनिक स्पॉट रोड स्थित जंगल में शनिवार रात करीब 7 बजे ईवनिंग वॉक पर निकले लोगों ने जंगल के अंदर पत्तों पर एक युवक व युवती को संदिग्ध हालात में पड़ा देखा दोनों बेहोश थे। इसकी सूचना इंदिरा नगर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए लोहिया हॉस्पिटल में भर्ती करायाण् हालात में सुधार होने पर युवक ने अपना नाम हरदोई शाहबाद निवासी विनय शुक्ला बताया जबकि युवती का नाम पुरनिया में रहने वाली शोभा गौतम बताया युवक ने बताया कि वह मुंशी पुलिया इलाके में किराए के मकान में रहता है और उसका शोभा के घर पहले से आना जाना है।

## शिक्षक नेता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य ओम प्रकाश शर्मा का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक नेता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य श्री ओम प्रकाश शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आज यहाँ जारी एक शोक सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री ओम प्रकाश शर्मा वरिष्ठ एवं अनुभवी शिक्षक नेता थे। वे शिक्षक कल्याण व शिक्षा जगत के लिए सदैव तत्पर रहे। उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री जी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करते हुए स्व0 श्री ओम प्रकाश शर्मा के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

## गरीबों को कंबल वितरित किए गए



**लखनऊ।** आवासीय जन कल्याण सेवा समिति सेक्टर-12 इन्दिरा नगर द्वारा शनिवार को कम्बल वितरण कार्यकम आयोजित किया गया। विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह ने कंबल वितरित किए। इस कार्यक्रम में आवासीय जनकल्याण समिति के अध्यक्ष सुभाष शर्मा, पीएन सिंह, राम मोहन अग्रवाल, कीर्ति चौधरी, सोनू चतुर्वेदी, कमलेश झा, देवी शरण त्रिपाठी, सुशील कुमार बच्चा, पी.के जैन, मनोज मिश्रा, ए.के त्यागी, हाकिम सिंह, अजय कन्नौजिया एवं सम्मानित क्षेत्रवासियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम के साथ ही साथ तहरी भोज एवं सुन्दरकांड का भी आयोजन किया गया।

## रक्षामंत्री से मिल कर बकाया 40 करोड़ देने की मांग

**लखनऊ।** छावनी परिषद के सदस्य व पूर्व उपाध्यक्ष द्वारा रक्षामंत्री से मुलाकात कर परिषद की खराब वित्तीय स्थिति की जानकारी दी। कर्मचारियों का वेतन और पेंशन देने लिए मात्र एक माह का की शेष है, ऐसे में वित्तीय सहायता कराना आवश्यक है। पूर्व उपाध्यक्ष से रक्षामंत्री से परिषद का बकाया एरियर का 40 करोड़ देने की मांग की। कैंट बोर्ड के सदस्य पार्षद व पूर्व उपाध्यक्ष द्वारा विकास कार्यों के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की गयी। उन्होंन रक्षामंत्री से मिलकर छावनी परिषद की दयनीय वित्तीय स्थिति से रुबरू कराया। उन्होंने बताया कि जर्जर वित्तीय स्थिति के चलते कर्मचारियों का वेतन का भुगतान और पेंशन देने के लिए एक माह का ही फंड उपलब्ध है, भविष्य में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। रक्षामंत्रालय से सर्विस चार्जेस छावनी परिषद को भेजा जाता है, वह बीते कई वर्षो से नहीं मिल रहा है। 148 करोड़ रुपए का एरियर चल रहा है। बकाए एरियर से 40 करोड़ तत्काल दिए जाने की आवश्यकता जताई है।

## सलमान बने कांग्रेस सूचना अधिकार विभाग के प्रदेश सचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सूचना के अधिकार विभाग में मोहम्मद सलमान खान फैसल को सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं मसूद अहमद को महासचिवएसंगठन प्रभारी सूचना अधिकार विभाग के पद पर नियुक्त किया है। दोनों पदाधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि उनकी नियुक्ति से सूचना का अधिकार विभाग के काम को गति मिलेगी और वो संगठन को जिला ब्लॉक स्तर तक बढ़ाने में मदद करेंगे।

## बदमाशों ने दूध व्यवसायी से रुपये और मोबाइल लूटा

मोहनलालगंज। सिसेण्डी इलाके में शुक्रवार की रात घर लौट रहे दूध व्यवसायी से पल्सर सवार बदमाशों ने असलहा लगाकर जेब में पड़े रुपये और मोबाइल लूट लिया। फिर पुलिस से शिकायत पर अंजाम भुगतने की धमकी देकर बदमाश भाग निकले। लिहाजा डरा सहमा पीड़ित पुलिस को सूचना दिए बिना ही चुपचाप घर चला गया। उन्नाव जिले के असोहा थानान्तर्गत बरवाखुर्द निवासी शैलेन्द्र कुमार यादव दुध बिक्री का व्यवसाय करता है। शैलेन्द्र के मुताबिक प्रतिदिन की तरह वह शुक्रवार की रात करीब 10रू30 बजे लखनऊ से दूध बिक्री कर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी मीनापुर गांव के निकट पल्सर सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक रुकवा ली। फिर पिटाई कर असलहे की नोंक पर शैलेन्द्र की जेब में रखे रुपये और मोबाइल लूट लिया। बदमाशों की धमकी से डरे शैलेन्द्र ने पुलिस से शिकायत नहीं की और चुपचाप घर चले गए। मोहनलालगंज पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार कर शिकायत मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई की बात कही।

## अवैध वसूली करते कथित पत्रकारों को पुलिस ने दबोचा

**लखनऊ।** कृष्णा नगर पुलिस ने दो फर्जी पत्रकारों को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इलाके में अवैध वसूली का काम करते थे। इतना ही नहीं दोनों के खिलाफ थाने में पहले से ही लूट व अन्य अपराधों का केस दर्ज है। इंस्पेक्टर कृष्णा नगर ने बताया कि वृंदावन कॉलोनी पीजीआई निवासी अवधेश कुमार सिंह और सेक्टर.ई एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड निवासी बृजेश कुमार सिंह ने खुद को पत्रकार बताकर चार दिन पहले एक गैस एजेंसी के हॉकर श्रीनाथ से 16000 रुपए और एक भरा हुआ गैस का सिलेंडर छीन लिया था। इतना ही नहीं शुक्रवार को दोबारा आरोपियों ने श्रीनाथ को धमका कर 8 हजार रुपए की मांग की। बताया जा रहा है कि पीड़ित ने तंग आकर दोनों के खिलाफथाने में केस दर्ज करवाया था।

## क्विज प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-4 के प्रतिभाशाली छात्र आरूष मिश्रा ने ऑनलाइन एस्ट्रो क्विज प्रतियोगिता के द्वितीय राउण्ड में शानदार प्रदर्शन कर अपने खगोलीय ज्ञान-विज्ञान व वैज्ञानिक प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रोप्रोफ्स क्विज मेकर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता आरूष ने 20 मिनट में 50 सवालों के जवाब देकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया जिसमें खगोल विज्ञान से सम्बन्धित नवीनतम अविष्कारों, तकनीकों व खोजों से सम्बन्धित प्रश्न शामिल थे। इस उपलब्धि हेतु आरूष को एक भव्य सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी सीएमएस.के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।

## यूपी डिफेंस एयरोस्पेस इकाई नीति-2019 में प्रथम संशोधन

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2019 में प्रथम संशोधन किया है। इसके तहत अब रक्षा तथा एयरोस्पेस क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला वैल्यू चेन में परिभाषित रक्षा तथा एयरोस्पेस उत्पादों का विनिर्माण करने वाले समस्त आपूर्तिकर्ताओं को इस नीति के अन्तर्गत रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई माना गया है। मेगा एंकर, एंकर, वेण्डर एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाइयां इस नीति के अधीन प्रोत्साहन की पात्र होंगी। संशोधित नीति के अन्तर्गत इस क्षेत्र की इकाइयों को निर्धारित न्यूनतम् एक मापदण्ड पूरा करना अनिवार्य होगा, तभी वे पात्रता के श्रेणी में आयेंगी।


# कार्यालय नगर पंचायत ओयल-ढखवा (खीरी)

पत्रांक : 215/न0प0ओयल/2020-21

**विज्ञप्ति**

दिनांक-16.01.2021

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत ओयल ढखवा के गृहकर/जलकर वसूली अभिलेखों में निम्नांकित भवनों के टैक्स वसूली हेतु नाम परिवर्तन की कार्यवाही की जानी है। नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित कार्यालय नगर पंचायत ओयल ढखवा, जनपद खीरी में प्रस्तुत कर सकता है समयावधि उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा नाम परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जाएगी किन्तु त्रुटिवश यदि नगर पंचायत की भूमि या किसी अन्य प्रकार की सरकारी भूमि/विवादित भूमि पर नाम दर्ज करवाने की कार्यवाही करवायी जाती है तो वह स्वतः निरस्त मानी जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी।

| क्र. सं. | गृहकर वसूली पंजिका का क्रमांक | वार्ड सं0/नाम | गृहकर पंजी से खारिज होने वाला नाम/विक्रेता | गृहकर अभिलेखों में दाखिल होने वाला नाम | नाम परिवर्तन का आधार | चौहद्दी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | – | 08/मो0 कबड़ियन टोला | श्रीमती किरन देवी पत्नी (भानू प्रताप) पुतान लाल नि0 मो0 कबडियनटोला कस्बा ओयल तहसील लखीमपुर जिला खीरी। | श्रीमती लीलावती पत्नी उमाशंकर नि0 ग्राम पेन्योरा, परगना खीरी जिला खीरी। | बयनामा, | पूरब-प्लाट विक्रेती, पश्चिम-रास्ता उत्तर-प्लाट विक्रेती, दक्षिण-प्लाट सुशील कुमार। |
| 02 | – | 07/मो0 महावीरी | हसमत अली पुत्र स्व0 अख्तर अली नि0मो0 ठठेरनटोला ओयल ढखवा जिला-खीरी। | श्रीमती मजीदा पत्नी बशीर नि0 मो0 जुलाहनटोला कस्बा ओयल परगना व जिला-खीरी हालपता-मो0 महावीरी कस्बा ओयल ढखवा परगना व जिला खीरी | बयनामा शपथ पत्र | पूरब-मकान रामशंकर विश्वकर्मा, पश्चिम-मकान रसीद, उत्तर-रास्ता कच्चा 10 फिट, दक्षिण-प्लाट विक्रेता |
| 03 | 20/10 | 10/मो0 ठठेरन टोला | फैयाज अली पुत्र रमजान नि0 मो0 महराजनगर शहर व तहसील लखीमपुर परगना व जिला-खीरी | श्रीमती हसीनजहां पुत्री स्व0 साबिर अली पत्नी स्व0 कलामुद्दीन नि0मो0 ठठेरनटोला कस्बा ओयल तहसील लखीमपुर परगना व जिला खीरी। | दानपत्र शपथ पत्र | पूरब-मकान सज्जाक व राधेश्याम, पश्चिम – रास्ता 08 फिट चौड़ा, उत्तर-मकान मो0 रसीद, दक्षिण-मकान मो0 हनीफ। |
| 04 | 171/9 | 09/मो0 शिवाला | श्री रामप्रसाद पुत्र टेकन नि0मो0 शिवाला कस्बा ओयल जिला खीरी। | प्रमोद कुमार व उत्तम कुमार पुत्रगण रामप्रसाद नि0 ग्राम – खानपुर गुरेला तहसील लखीमपुर जिला खीरी। | मृत्यु प्रमाणपत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र सहमति पत्र, शपथ पत्र | नामान्तरण हेतु |
| 05 | 136/10 | 10/मो0 ठठेरन टोला | रवि कान्त पुत्र कामता प्रसाद नि0मो0 ठठेरनटोला ओयल ढखवा जिला खीरी। | रवी गुप्ता पुत्र कामता प्रसाद नि0मो0 टठेरनटोला ओयल ढखवा, जिला खीरी | शपथ पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति | नाम संशोधन हेतु |
| 06 | 93/7 | 07/मो0 महावीरी | श्री संजय कुमार पुत्र दिनेश नि0मो0 महावीरी ओयल ढखवा जिला खीरी। | श्री संजय कुमार व सुधीर कुमार पुत्रगण दिनेश नि0मो0 महावीरी ओयल ढखवा, जिला खीरी। | बयनामा की छायाप्रति | नामान्तरण हेतु |
| 07 | 122/4 | 04/मो0 एकता नगर | जगनू पुत्र घनश्याम नि0मो0 एकतानगर ओयल ढखवा जिला खीरी। | तुलसीराम पुत्र जगनू उर्फ जगन्नाथ, नि0मो0 एकतानगर ओयल ढखवा जिला खीरी। | मृत्यु प्रमाणपत्र शपथ पत्र सहमति पत्र शपथ पत्र | नामान्तरण हेतु |
| 08 | 44/6 | 06/मो0 बगिया | 1-राजबहादुर सिंह पुत्र स्व0 दिगज सिंह, 2-समर बहादुर सिंह पुत्र स्व० दिगज सिंह 3-श्रीमती उर्मिला सिंह पत्नी स्व0 अमर बहादुर सिंह ग्राम बरुहा मजरा खागी ओयल परगना व जिला खीरी। | शान्ती देवी पत्नी श्री राधेचरण गुप्त नि0मो0बगिया ओयल ढखवा जिला खीरी | बयनामा की छायाप्रति | पूरब-अनिरुद्ध सिंह, पश्चिम-मकान क्रेती शान्ती देवी, उत्तर-सड़क 16 फिट. दक्षिण-प्लाट स्व0 रामऔतार भुर्जी |
| 09 | 74/5 | 05/मो0 जुलाहन टोला | नूर अली पुत्र बादुल्ला नि0मो0 जुलाहनटोला ओयल ढखवा, जिला खीरी। | 1-नियाज अली पुत्र नूर अली 2-अहमदी पत्नी शमशेर अली अंसारी नि0मो0 जुलाहनटोला ओयल प्रमाण ढखवा, जिला खीरी। | मृत्यु प्रमाणपत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बंटवारा व सहमति शपथ पत्र | नामान्तरण हेतु |
| 10 | 160/04 | 04/मो0 एकता नगर | बशीरुद्दीन पुत्र पहलवान नि0मो0 एकतानगर ओयल ढखवा, जिला खीरी | सदरून्निशा पत्नी वशीरुद्दीन मृत्यु नि0मो0 एकतानगर ओयल ढखवा जिला खीरी। | मृत्यु प्रमाणपत्र सहमति शपथ पत्र | नामान्तरण हेतु |
| 11 | 41/10 | 10/मो0 ठठेरन टोला | दामोदर पुत्र नीलकन्ठ नि0मो0 ठठेरनटोला ओयल ढखवा, जिला खीरी। | सरला पत्नी विनोद नि0मो0 ठठेरनटोला ओयल ढखवा जिला खीरी। | बैनामा की छायाप्रति शपथ पत्र (अंश) | पूरब-मकान दामोदर विक्रेता, पश्चिम-रास्ता कच्चा 3.048मी0चौडा उत्तर-प्लाट रामजी गुप्ता, दक्षिण-रास्ता पक्का 3048 मी0 चौडा |
| 12 | 27/05 | 05/मो0 जुलाहन टोला | अशफाक पुत्र इमदाद नि0मो0 जुलाहनटोला ओयल ढखवा, जिला खीरी । | 1-बबलू पुत्र अशफाक नि0मो0 जुलाहनटोला ओयल ढखवा जिला खीरी 2-नसीम पुत्र अशफाक नि0मो0 जुलाहनटोला ओयल ढखवा जिला खीरी | बंटवारा की मूल प्रति तथा सहमति शपथ पत्र व शपथ पत्र | नामान्तरण हेतु |
| 13 | 98/9 | 05/मो0 ठठेरन टोला | मो0 इदरीश पुत्र पीर मोहम्मद पि0मो0 महावीरी टोला, कस्बा ओयल तहसील लखीमपुर परगना व जिला खीरी। | यदुनाथ सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह नि0 ग्राम उमरिया, पो0 ओयल परगना व जिला खीरी। | बैनामा की छायाप्रति शपथ पत्र | पूरब-मकान ज्वाला प्रसाद पश्चिम-मकान रामप्रकाश उत्तर-मकान जगदीश गिरि दक्षिण-रामस्ता 13 फिट |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ओयल ढखवा**
**जनपद – खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ओयल ढखवा**
**जनपद – खीरी**


# 17 एकड़ में बनने वाले अस्पताल में होंगे 788 बेड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**करीब** 17 एकड़ क्षेत्रफ ल में बनने वाला यह अस्पताल 788 बिस्तरों का होगा जिसमें 100 इमरजेंसी बेड अलग से होंगे। छह हजार जवान और उनके परिवारों के अलावा सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों को अस्पताल से फायदा मिलेगा। न्यू कमांड हॉस्पिटल में नर्सिंग और डेंटल के चिकित्सक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। यह अस्पताल तीन से चार साल में बनकर तैयार हो जायेगा। 425 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ कमान अस्पताल के भवन में चार शाखाओं के छह खंड होंगे जो अलग-अलग तीन से नौ मंजिला तक होंगे। सभी ब्लॉक मुख्य रोगी गतिविधि क्षेत्रों से स्वतंत्र रूप से आकाशमार्ग से जुड़े होंगे। यह अस्पताल आधुनिक इंटरवेंशनल कैथीटेराइजेशन लैब, एक हाइब्रिड ऑपरेशन थियेटर के साथ मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, स्टेट ऑफ द आर्ट नेफ्र ोलॉजी एंड डायलिसिस सेंटर और कम्पोजिट ऑन्कोलॉजी सेंटर के साथ सभी विशेषताओं और उप-विशिष्टताओं के साथ विशेष रूप से कार्डियोलॉजी की सुविधाओं से सुसज्जित होगा। बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स में पर्याप्त संख्या में लिफ्ट एवं रैंप की सुविधाओं के साथ-साथ 750 कारों के लिए पार्किंग की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। अस्पताल को 1859 में स्थापित किया गया था और 1967 में कमान अस्पताल मध्य कमान के रूप में नामित किया गया। कमान अस्पताल मध्य कमान की स्थापना के बाद से अपने सैनिकों को साल में बेहतर सेवा प्रदान की गई है। नए कमान अस्पताल के निर्माण को 2018 में सेनाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया गया था।

## ऑनलाइन लोकगीत कार्यशाला में प्रतिभागी सीख रहे हैं पारम्परिक धुनों की बारीकियाँ

**लखनऊ।** बेटी को विवाह पूर्व मां द्वारा दी जाने वाली शिक्षा प्रायः गीतों में होती थी। घर के काम निबटाते हुए स्त्रियां बेटियों को सास.ससुर की सेवा करने, बहन.भाई की तरह ही ननद.देवर के प्रति दुलार करने, मीठी बानी बोलने, दोनों कुल की लाज बचाये रखने जैसे नैतिक मूल्यों की सीख देती थीं। पारम्परिक गीतों में छिपे गहरे मनोविज्ञान ने ही हमारी सांस्कृतिक जड़ों को सींचा है जिससे मानवीय मूल्य आज भी समाज में जीवित हैं। ये बातें संगीत विदुषी प्रोण् कमला श्रीवास्तव ने कहीं। शनिवार को लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित आनलाइन लोक गीत कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए उन्होंने पारम्परिक धुनों की बारीकियां बतायीं और लोक गीतों में स और श के उच्चारण सुधारने तथा ओरहन, करेजा जैसे लोक प्रचलित शब्दों के वास्तविक अर्थ बताए।

लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने बताया कि कार्यशाला का शुरुआत अवधी सरस्वती वन्दना देवी सुरसति मइया कै महिमा अपार से हुई। पहले दिन जंतसार की धुन में सिखावन गीत भोरहि होत तू चलि जइहौ बेटी लेहु सिखावन हमार री... का अभ्यास करवाया गया।


उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड अल्पकालीन **निविदा सूचना-विशिष्टी सं0 02/ईएमटीसी-प्र0(ल0)/2020-21 किराये पर डीजल चालित कार की आवश्यकता** वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम (GST Act) के अन्तर्गत पंजीकृत डीजल चालित वाहन स्वामियों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों/सेवा प्रदाताओं से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार मण्डल-प्रथम, लखनऊ हेतु एक अदद डीजल चालित कार चालक सहित नौ माह के लिए किराये पर लिये जाने हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र (अप्रतिदेय मूल्य रू0 224.00 (रू0 दो सौ चौबीस मात्र)) क्रय करना तथा धरोहर राशि रू0 3000.00 (रू0 तीन हजार मात्र) जमा करना अनिवार्य है। समस्त भुगतान केवल इलेक्ट्रानिक माध्यम (RTGS/NEFT) से Executive Engineer, EMTD, UPPTC LTD के खाता सं0-1378800249, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, सरोजिनीनगर, लखनऊ, IFS Code-CBIN0283745 में ही स्वीकार होंगे। उक्त भुगतान की बैंक द्वारा प्रमाणित पावती निविदादाता द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। नगद भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र WWW.UPPT-CL.ORG पर भी उपलब्ध होंगें। निविदा प्रपत्र, **निविदा खुलने की अन्तिम तिथि दिनांक-01.02.2021** अथवा अवकाश की दशा में अगले कार्यदिवस को 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं तथा भरी हुई मुहरबन्द निविदायें उसी दिन 14:00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी तथा 16:00 बजे इच्छुक निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार मण्डल-प्रथम कमरा नं. 311-314, पारेषण भवन, विभूति खण्ड-2, गोमतीनगर, लखनऊ-226010 पत्रांक-51 दिनांक-14.01.2021 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"


# सिटीजन फीडबैक में अपना शहर देश में हुआ नंबर वन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वच्छ** भारत मिशन में देश में चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में सिटीजन फीडबैक में 15 जनवरी को सर्वोच्च स्थान पर रहा। बीते शुक्रवार की शाम को 6 बजे तक के आकड़ों के अनुसार लखनऊ शहर द्वारा सर्वाधिक सं या में सिटीजन फीडबैक दर्ज किया। देश में सर्वोच्च स्थान को प्राप्त कर लिया है। बीते दिनों में तेजी से फीडबैक दर्ज करते हुए लखनऊ शहर ने सूरत, भोपाल और विशाखापट्टनम शहरो को पीछे छोड़ते हुए उच्च स्थान प्राप्त किया है। नगर निगम को बड़ी उपलब्धि स्वच्छ सर्वेक्षण में प्राप्त हुई है। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भारत सरकार द्वारा पूरे देश में सिटीजन फीडबैक कराये जा रहे है जिसमें 15 जनवरी तक 177560 फीडबैक के साथ लखनऊ को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। टाप फाइव में पहले स्थान पर लखनऊ, दूसरे पर सूरत, तीसरे पर विशाखापटनम, चौथे पर अहमदाबाद और पांचवें पर प्रयागराज रहा। नगर आयुक्त ने इसका पूरा श्रेय नगर निगम के कर्मचारियो को दिया है, जिन्होंने दिन रात परिश्रम करके स्वच्छ सर्वेक्षण के सभी लक्ष्यों को पूरा किया। कर्मचारियों ने कर्तव्यो के बारे में शहरवासियों को भी जागरूक किया, इसका परिणाम आज प्राप्त हुआ है। साथ ही लखनऊ की जनता के सहयोग को याद करते हुए नगर आयुक्त ने कहा कि जनता के फीडबैक में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए सर्वेक्षण से स बन्धित सवालो का जवाब देकर सिटीजन फीडबैक में पूर्ण सहयोग किया जा रहा है। यही नहीं नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम के प्रयासों को देखते हुए पूर्ण विश्वास है कि लखनऊ नगर निगम सिटीजन फीडबैक में अपना प्रथम स्थान को बनाये रखेगा।

## सभी पक्षकारों ने मीडिया की आडियो व वीडियो क्लिपिंग देखी व बनाए नोट्स

**लखनऊ ( विसं )।** हाथरस मामले के सभी पक्षकारों ने शनिवार को मीडिया द्वारा उपलब्ध कराई गई आडियो व वीडियो क्लिपिंग देखी। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ की वीडियो कान्फ्रेसिंग हाल में देखने के बाद उन्होंने अपने स्तर से नोट भी बनाया। पीठ ने बीते 16 दिसंबर को हाथरस मामले की हुई सुनवाई के दौरान इसके सभी पक्षकारों को क्लिपिंग देखने का निर्देश दिया था। शनिवार को इस आदेश के अनुपालन में वरिष्ठ वकील जेएन माथुरए राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता वीके साहीए गृह सचिव तरुण गाबाए हाथरस के तत्कालीन जिलाधिकारी प्रवीण कुमार व एसपी विक्रांत वीर के साथ ही पीड़िता के भाई व भाभी तथा उनकी वकील सीमा कुशवाहा भी उपस्थित हुई। पीठ के दोनों जज जस्टिस राजन राय एवं जस्टिस जसप्रीत सिंह भी इस दौरान उपस्थित थे।

# नहीं हो पाई ट्रंप की सम्मानजनक विदाई

## दूसरे महाभियोग का कलंक डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपतित्व का उपयुक्त अंतिम परिणाम है। यदि वो सम्मानित अथवा बेहतर समझ वाले व्यक्ति होते तो शांतिपूर्ण तरीके से पद त्याग देते।



**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक लोकसभा के पूर्व अपर सचिव हैं।




एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत, अमेरिकी प्रतिनिधियों के सदन ने कैपिटल हिल पर हाल ही में हुए हमले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर महाभियोग की प्रक्रिया प्रारम्भ की थी, और यह निर्णय देश के इतिहास में अभूतपूर्व है। सदन ने एक प्रस्ताव पेश कर उपराष्ट्रपति माइक पेंस से आग्रह किया है कि वो राष्ट्रपति ट्रंप को पदच्युत करने के लिए 25वें संशोधन का प्रयोग करें। प्रस्ताव, जिसमें पेंस को 25 संशोधन को सक्रिय बनाने के लिए कैबिनेट को परियोजित करने का आह्वान किया गया है, के पक्ष में 223 और विरोध में 205 वोट पड़े। मतदान मुख्यत: पार्टी की तर्ज पर हुआ जिसमें एक रिपब्लिकन ने प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया और अन्य पांच अनुपस्थित रहे।

25 वें संशोधन को राष्ट्रपति जान एफ केनेडी की हत्या के चलते 50 वर्ष से अधिक समय पूर्व अपनाया गया था, जो राष्ट्रपति के सेवा प्रदान करने के अयोग्य होने की स्थिति में उसके उत्तराधिकार हेतु व्यवस्था प्रदान करता है। संशोधन के अंतर्गत, उपराष्ट्रपति तथा अधिसंख्य कैबिनेट अथवा कांग्रेस द्वारा निर्धारित कोई अन्य निकाय राष्ट्रपति को पद से हटा सकता है।

बुधवार का प्रस्ताव माइक पेंस द्वारा सदन स्पीकर नैंसी पेलोसी को पत्र लिखे जाने के बाद आया जिसमें उन्होंने कहा है कि वो 25वें संशोधन का प्रयोग नहीं करेंगे। पूर्व में, सदन की न्यायिक समिति के अध्यक्ष जेरोल्ड नैडलर ने ट्रंप पर महाभियोग के लिए बहुमत से स्टाफ रिपोर्ट जारी की। 50 पृष्ठों की रिपोर्ट में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पर महाभियोग हेतु एक मजबूत आधार निर्मित हुआ है। ऐसे समय पर, रिपब्लिकन सीनेटर मिट रोमनी द्वारा जारी की गई चेतावनियों को याद कर सकते हैं। मार्च 2016 में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने आगाह किया था कि ट्रंप ऐसे व्यक्ति हैं जिनका न तो राष्ट्रपति बनने योग्य स्वभाव है न ही विवेक।

जॉन मैक्केन और लिंडसे ग्राहम सरीखे अन्य वरिष्ठ सीनेटरों ने भी ट्रंप के राष्ट्रपति बनने को लेकर चेताया था। प्रचार के दौरान, ट्रंप ने धमकी दी थी : ''यदि मैं राष्ट्रपति बन जाता हूं तो मीडिया को समस्या होगी।'' उन्होंने मीडिया को लोगों के सर्वाधिक बेईमान समूह की संज्ञा दी थी। फरवरी 2017 को किए गए ट्वीट में, ट्रंप ने, मीडिया को अमेरिकी जनता का दुश्मन बताया था, तब आलोचकों ने उस शब्द का संज्ञान लिया था, जिसे माओ जेदांग और स्टालिन द्वारा प्रयोग किया जाता था। यह सुनिश्चित करने के लिए, कि राष्ट्रपति के पद पर ऐसे लोग आसीन न होने पाएं जिनमें साजिश करने एवं लोकप्रियता के तुच्छ कृत्यों को अंजाम देने की प्रवृत्ति होती है, अमेरिकी संविधान निर्माताओं ने एक जटिल निर्वाचन कार्य प्रणाली स्थापित की थी, यह खीझ पैदा करने वाली बात है कि ट्रंप देश के 45वें राष्ट्रपति बन गए।

कैपिटल हिल पर पर 6 जनवरी को ट्रंप के दंगाई समर्थकों द्वारा किया गया शर्मनाक हमला, जब कांग्रेस निर्वाचक मंडल के वोटों की गिनती का संज्ञान लेने के लिए सम्मिलित सत्र में थी, उनके राष्ट्रपतित्व के ताबूत में आखिरी कील साबित हुआ। पूर्व नियोजित हिंसा इस कदर भीषण थी कि रिपब्लिकन सीनेट बहुमत नेता मिच मैक्कोनेल ने भी विधि निर्माताओं से विफल विद्रोह के चलते गिनती खत्म करने की अपील की थी।

वोटों की गणना की गई और सीनेट के पदेन अध्यक्ष माइक पेंस द्वारा परिणाम घोषित किए गए। जो बाइडेन निर्वाचित घोषित हुए, ट्रंप की धमकी के बावजूद कि : ''यह करो माइक, यह अत्यधिक साहस दिखाने का समय है।''

विधि निर्माता, अधिकतर डेमोक्रेट और कुछ रिपब्लिकनों ने ट्रंप का अपने निरंतर भ्रामक भाषणा के साथ हिंसा भड़ाकने का आरोप लगाया है और उन्हें तुरंत महाभियोजित करना चाहते हैं। यद्यपि, नए राष्ट्रपति के पदासीन होने में कुछ ही दिन बचे हैं, फिर भी डेमोक्रेट और काफी संख्या में रिपब्लिकन नेता व पदाधिकारी चाहते हैं कि 20 जनवरी से पहले ट्रंप को पदच्युत किया जाए। वे ट्रंप पर इस हद तक सत्ता के दुरुपयोग का आरोपी मानते हैं कि उन्होंने जानबूझकर ऐसे बयान दिए और प्रोत्साहन दिया जिसकी परिणिति कैपिटल हिल पर गैर कानूनी कार्रवाइयों के तौर पर हुई। महाभियोग के प्रारूप में ट्रंप के चुनाव को बाधित तथा प्रभावित करने के पूर्व एवं निरंतर प्रयासों का उल्लेख किया गया है और बाइडेन से राज्य हार जाने के बाद जॉर्जिया के सचिव से और अधिक वोट जुटाने को कहे जाने का भी संदर्भ दिया गया है। प्रारूप में आगे कहा गया है : ''ट्रंप ने गलत दावा किया है कि चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, तथा निराधार दावे बार-बार कांग्रेस के रिपब्लिकनों द्वारा दोहराए जाते रहे... राष्ट्रपति ट्रंप ने संयुक्त राज्य अमेरिका तथा सरकार की संस्थाओं की सुरक्षा को खतरे में डाला... उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था की सत्यनिष्ठा को खतरे में डाला, सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण में दखलंदाज़ी की और सरकार की समन्वय शाखा को मुसीबत में डाल दिया। इस तरह उन्होंने राष्ट्रपति के तौर पर अपने विश्वास के साथ दाग किया जिससे अमेरिका की जनता को चोट पहुंची है।''

> कैपिटल हिल पर पर 6 जनवरी को ट्रंप के दंगाई समर्थकों द्वारा किया गया शर्मनाक हमला, जब कांग्रेस निर्वाचक मंडल के वोटों की गिनती का संज्ञान लेने के लिए सम्मिलित सत्र में थी, उनके राष्ट्रपतित्व के ताबूत में आखिरी कील साबित हुआ। पूर्व नियोजित हिंसा इस कदर भीषण थी कि रिपब्लिकन सीनेट बहुमत नेता मिच मैक्कोनेल ने भी विधि निर्माताओं से विफल विद्रोह के चलते गिनती खत्म करने की अपील की थी।

महाभियोग प्रक्रिया ट्रंप के लए कोई नई बात नहीं है। उन पर सदन ने 18 दिसंबर 2019 को दो आधारों पर महाभियोग लगाया था : सत्ता का दुरुपयोग तथा कांग्रेस में अवरोध उत्पन्न करना। स्वाभाविक रूप से, उन्हें रिपब्लिकनों ने बचा लिया। फिर भी, ट्रंप पर राष्ट्रपतित्वकाल के अंतिम समय में दूसरा महाभियोग प्रस्ताव आने का कलंक लगा है। सामान्य रूप से, सदन द्वारा महाभियोग की जांच की जाती है और उसके सबूत सदन की न्यायिक समिति को भेजे जाते हैं, जो सुनवाई करती है, लेख प्रारूपित करती है और उन्हें पूर्ण सदन को भेजती है। 2019 में ट्रंप पर चले महाभियोग में तीन महीने का समय लगा था।

हालांकि, इस बार, जब चंद दिन बचे थे, डेमोक्रेटों में यह भावना व्याप्त थी कि जो भी हुआ उसकी जांच करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जब भीड़ ने हमला किया तब कांग्रेस के अधिकतर सदस्य कैपिटल हिल में ही थे। स्पीकर पेलोसी ने फ्लोर मतदान कराया जिसमें न्यायिक समिति का कोई उल्लेख या सुनवाई नहीं हुई थी। अब जबकि सदन ने एक प्रस्ताव पेश कर उपराष्ट्रपति माइक पेंस से आग्रह किया है कि वो राष्ट्रपति ट्रंप को पदच्युत करने के लिए 25वें संशोधन का प्रयोग करें, आर्टिकल और प्रमाण सीनेट को भेजे जाएंगे, जहां मुकदमा चलेगा और तब निष्कासन अथवा दोषमुक्ति पर अंतिम मतदान होगा। इससे ट्रंप का कार्यकाल अंत तक चलेगा।

हालांकि, अब भी, कई रिपब्लिकनों, यहां तक कि वे भी जिन्होंने ट्रंप की आलोचना की थी, का कहना है कि महाभियोग से कोई लाभ नहीं होगा, क्योंकि इससे फायदा कम नुकसान ज्यादा पहुंचेगा। लेकिन डेमोक्रेट और कुछ रिपब्लिकनों का लगता है कि यह स्पष्ट किया जाए कि अब या भविष्य में कोई भी राष्ट्रपति अमेरिकी सरकार के खिलाफ विद्रोह न कर सके।


अब तक कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति कभी भी महाभियोग प्रक्रिया के द्वारा पद से हटाया नहीं गया है और किसी भी राष्ट्रपति को सदन द्वारा एक से अधिक बार महाभियोजित नहीं किया गया है। महाभियोग की कार्यवाही चार राष्ट्रपतियों, यथा एंड्रयू जॉनसन-1868, रिचर्ड निक्सन-1974, बिल क्लिंटन-1998 और डोनाल्ड ट्रंप-2019 के खिलाफ हो चुकी है लेकिन प्रस्ताव पारित नही हो पाए।

निक्सन ने कार्यवाही प्रारम्भ होने से पहले इस्तीफा दे दिया था। कानूनी विशेषज्ञ ट्रंप के विरुद्ध महाभियोग की कार्यवाही की वांछनीयता को लेकर तीन खेमों में बंटे हुए थे। एक का विचार है कि किसी राष्ट्रपति पर केवल पद पर रहते हुए ही महाभियोग प्रस्ताव लाया जा सकता है। अन्य मत यह है कि यदि सदन पद पर रहते हुए राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान करता है, तो सीनेट राष्ट्रपति के पद छोड़ने के बाद भी मुकदमे की कार्यवाही कर सकती है। और तीसरा विचार है कि संपूर्ण प्रक्रिया राष्ट्रपति के पद से बाहर हो जाने के बाद भी प्रारम्भ की जा सकती है।

किसी भी राष्ट्रपति को पदमुक्त होने के बाद महाभियोजित नहीं किया गया है। लेकिन, सदन स्पीकर होने के नाते, पेलोसी ने कहा : ''डेमोक्रेट ट्रंप को पदच्युत करने हेतु बाध्य करने का प्रत्येक विकल्प सुरक्षित रखेंगे, 25वें संशोधन के द्वारा अथवा महाभियोग के द्वारा।'' अंतत: ट्रंप महाभियोग की चपेट में आ ही गए। दूसरे महाभियोग का कलंक डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपतित्व का उपयुक्त अंतिम परिणाम है। यदि वो सम्मानित अथवा बेहतर समझ वाले व्यक्ति होते तो पद त्याग देते। लेकिन गरिमापूर्ण ढंग से पद छोड़ना डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली ही नहीं है।

# न्यायोचित नहीं अपराध से अधिक दंड

## विधायिका या न्यायपालिका को ऐसे कानून या नियम बनाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए जो संदर्भित अपराधों की तुलना में आवश्यकता से अधिक दंड का प्राविधान करें।



**अभय राज मिश्र**
(लेखक प्रहार एनजीओ के अध्यक्ष हैं)



आदिम काल से मानव सभ्यता ने नियम विनियम बना कर सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने का काम किया है जिनका क्रियान्वयन जनता को निष्पक्ष न्याय देने वाली विभिन्न एजेंसियों द्वारा किया जाता है। न्याय अपनी प्रकृति से एक उचित व सही चीज का प्रतिनिधित्व करता है। यह इस संदर्भ पर निर्भर करता है कि निष्पक्ष व उचित का न्यायिक विचार क्या है। उन्नीसवीं शताब्दी के न्यायविद व अपने नैतिक सिद्धान्त के लिए विख्यात प्रोफेसर हेनरी सिगविक की राय थी कि देश की राजनीतिक सफलता का मानक उसके प्रशासनिक न्याय से लगाया जा सकता है। आदिम समाजों में दंड का लक्ष्य नियम न मानने वालों के प्रति क्रूरता प्रदर्शित कर भय पैदा करना था। उम्मीद की जाती थी कि यह सबक की तरह काम कर दूसरों को अपराध से विरत करेगा। लेकिन विकास एवं सामाजिक परिवर्तन के साथ अब दंड को मानवाधिकार के रूप में देखा जाता है तथा गलत काम करने वालों को पीड़ा पहुंचाने के बजाय उनको सुधारने पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है।

भारत एक कल्याणकारी राज्य है और उसने सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है जहां अपराधी का पुनर्वास मुख्य लक्ष्य है। पूर्व आईजी जेल किरन बेदी ने 1993 में तिहाड़ जेल में सुधारात्मक कदम उठाते हुए इस कुख्यात जेल में बंदियों के कल्याण के कार्यक्रम चलाए थे जिन्होंने तिहाड़ जेल को पूरी तरह बदल दिया था। सुधार नीति में शिक्षा, ध्यान व योग के माध्यम से बंदियों के दृष्टिकोण में परिवर्तन, व्यावसायिक कौशल उपलब्ध कराना, जेल प्रशासन को जवाबदेह बनाना, बंदियों के लिए मोबाइल याचिका बाक्सों की व्यवस्था करना, विभिन्न पंचायतें व दैनिक सभायें, बेहतर भोजन व रहन-सहन की स्थितियों में सुधार, नशाखोरों को नशा मुक्ति केन्द्रों की सहायता तथा विचाराधीन कैदियों की विधिक सेलों द्वारा सहायता शामिल हैं।

इसी प्रकार सरकार ने 2016 में माडल जेल सुधारों द्वारा बड़ा कदम उठाते हुए बंदियों संबंधी कानूनों, नियमों व विनियमों में एकरूपता लागू की है।

लेकिन सजा देने के निर्देशों व ढांचों की एकरूपता में अभी भारी अंतर है। विभिन्न समितियों द्वारा समय-समय पर उठाए जाने के बावजूद विधायिका या न्यायपालिका ने कोई ढांचागत मानक नहीं बनाए हैं। गृह मंत्रालय द्वारा दंड न्याय प्रणाली में सुधारों पर गठित मलीमथ समिति ने 2003 में अपनी रिपोर्ट में सजा देने के निर्देशों की आवश्यकता बताई थी ताकि सजा देने में अनिश्चितता न्यूनतम की जा सके। कुछ साल बाद माधव मेनन कमेटी ने भी भारत में सजा देने की नीति पर जोर दिया। 2010 में तत्कालीन विधि मंत्री ने कहा था कि भारत एक 'समान सजा नीति' बनाने पर विचार कर रहा है जो अमेरिका व ब्रिटेन पर आधारित होगी। लेकिन इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है। इसके बजाय सिगरेट एंड अदर टोबैको प्राडक्ट एक्ट 2020-कोटपा 2020 ने विपरीत दिशा में चलने के संकेत दिए हैं। इसने तंबाकू उत्पाद बेचने वाले छोटे दूकानदारों पर अत्यधिक दंड के प्राविधान किए हैं। इसमें एक लाख के जुर्माने से लेकर सात साल कैद तक के प्राविधान हैं। इन उल्लंघनों को संज्ञेय अपराध बनाया गया है जिसका अर्थ है कि पुलिस को दूकानदारों को बिना वारंट या अदालत की अनुमति के गिरफ्तार करने का अधिकार है तथा जमानत के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करना जरूरी होगा। इन उल्लंघनों में 21 वर्ष से कम आयु वाले को तंबाकू उत्पाद बेचना व शिक्षा संस्थानों के 100 मीटर दायरे के भीतर इनको बेचना शामिल है। बहुत पुराने जमाने से खुली सिगरेटें बेचने की परंपरा रही है, पर अब इसे जेल की सजा वाला अपराध बना दिया गया है। ऐसे समय जब 18 वर्ष आयु के विधिक वयस्क को मताधिकार मिला है, इस प्रकार का नियंत्रण बहुत कठोर है।

> भारत एक कल्याणकारी राज्य है और उसने सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है जहां अपराधी का पुनर्वास मुख्य लक्ष्य है। लेकिन सजा देने के निर्देशों व ढांचों की एकरूपता में अभी भारी अंतर है। विभिन्न समितियों द्वारा समय-समय पर उठाए जाने के बावजूद विधायिका या न्यायपालिका ने कोई ढांचागत मानक नहीं बनाए हैं।

इन छोटे दूकानदारों का बड़ा हिस्सा पैदल चल कर सामान बेचता है और हमारे यहां शैक्षिक संस्थानों की सुनिश्चित परिभाषा नहीं है क्योंकि इनमें स्कूल से लेकर निजी ट्यूशन केन्द्र तक सभी शामिल हैं। यह प्रस्ताव छोटे खुदरा व्यापारियों को जघन्य अपराधियों जैसा बना देता है और स्थानीय पुलिस अधिकारियों की सनक व दया पर छोड़ देता है जिनमें से अनेक भ्रष्ट हो सकते हैं। भारतीय दंड संहिता-आईपीसी में अन्य अपराधों के लिए दंड व जेल की सजा को देखते हुए यह अत्यधिक कठोर व अनुचित दंड है। आईपीसी की धारा 275 में नकली दवाओं की बिक्री पर 6 महीने कैद, धारा 279 में खतरनाक ड्राइविंग के लिए 6 महीने कैद, दंगे के लिए धारा 384 में तीन साल कैद, धारा 324 में घातक हथियार से चोट पहुंचाने पर तीन साल कैद, फिरौती के लिए धारा 384 में तीन साल कैद, तेजाब डालने के लिए 326बी में पांच साल कैद व धारा 363 में अपहरण के लिए सात साल कैद का प्राविधान है।

उपरोक्त कदम से छोटे खुदरा व्यापारियों में भारी गुस्सा है क्योंकि उनको अपराधियों की तरह देखा जाता है। 18 वर्ष के वयस्क को बीड़ी या सिगरेट बेचने के संभावित सामाजिक नुकसान को पसंद के मूलाधिकार के साथ रख कर देखा जाना चाहिए और इसकी तुलना अपहरण, तेजाब फेंकने या नकली दवाओं की बिक्री से नहीं होनी चाहिए। तंबाकू एक वैध उत्पाद है और सरकार को इससे भारी राजस्व प्राप्त होता है, फिर इसे वैध वयस्क को बेचना अपराध कैसे हो सकता है? इससे ऐसे कानून बनाने के पीछे छिपी प्रक्रिया पर ही सवाल उठते हैं। क्या ऐसे प्रस्ताव तैयार करने के पीछे नौकरशाहों की अपर्याप्त शोध शामिल है जिसके चलते वे इनकी तुलना अन्य प्राविधानों से नहीं करते हैं अथवा इसके पीछे तंबाकू उपयोग पर जल्दी से लगाम लगाने की भावनात्मक सोच है। ये खुदरा व्यापारी रोजमर्रा जरूरत की अन्य चीजें, जैसे चाय, पानी, जूस, साफ्ट ड्रिंक, बिस्कुट, टाफी, आदि भी बेचते हैं। इनकी उपस्थिति भारतीय शहरों में खुदरा बिक्री परिदृश्य का हिस्सा तथा उनकी आत्मनिर्भरता का अंग है। इससे समाज के सबसे गरीब लोग अपनी उद्यमिता से जीवन काटते हैं।

सरकार के आलोचक अपने नतीजे निकालते हुए इसे असंगठित खुदरा व्यापार पर हमला बता रहे हैं तथा एनजीओ इसे विदेशी फर्मों द्वारा भारत में तंबाकू के अंतरराष्ट्रीय ब्रांड थोपने का प्रयास कह सकते हैं। लेकिन यह स्पष्ट रूप से विधायिका व न्यायपालिका के बीच संतुलन की कमी का प्रमाण है जो ऐसे निर्देश देते समय होनी चाहिए। विधायिका या न्यायपालिका को ऐसे कानून या नियम बनाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए जो अपराध की तुलना में कठोर दंड का प्राविधान करते हों। इसे स्थिति में जनता का कानून के शासन से विश्वास उठ सकता है।

अतीत में न्यायपालिका ने आवश्यकता से अधिक दंड देने वाले मामलों को खारिज किया है। सोमन बनाम केरल राज्य, 2012 में सर्वोच्च न्यायालय ने खुदरा शराब विक्रेता पर उच्च न्यायालय द्वारा लगाया दंड खारिज किया था जिसके कारण 6 लोगों की मौत हो गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था, 'अपराधी को दंड देना दंड न्याय व्यवस्था का केन्द्र है, पर हमारे देश में यह दंड न्याय प्रशासन का सबसे कमजोर हिस्सा है।' अदालत ने दंड देते समय समानुपतिकता, निवारण व पुनर्वास आयामों पर विचार जरूरी बताया था। सजा अपराध की गंभीरता देखते हुए होनी चाहिए। यहां नकली शराब विक्रेता पूरी श्रृंखला की सबसे कमजोर कड़ी है जिसमें निर्माता और डिस्ट्रीब्यूटर प्रमुख हैं। इसलिए अदालत ने उसकी सजा पांच साल से घटा कर तीन साल कर दी। तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में कोई बहस नहीं है तथा इसका प्रयोग घटाया जाना चाहिए। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से कठोर सजा देने वाले दंड के प्राविधान व्यवस्था का मजाक उड़ाते तथा न्यायिक विडंबना वाली स्थिति तैयार करते हैं।

इस प्रकार देश में कानून बनाने की प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं। अनेक लोगों की आजीविका प्रभावित करने वाले ऐसे कानून बनाने के पहले काफी बहस होनी चाहिए और उनकी समीक्षा विशेषज्ञ समितियों द्वारा होनी चाहिए जिनमें न्यायिक विशेषज्ञ, समाज विज्ञानी व उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हों। जनता द्वारा भी इनकी समीक्षा होनी चाहिए। ऐसे कानूनों को अनुमति देने से जजों की संवेदनशीलता भी प्रभावित हो सकती है क्योंकि अपराध की तुलना में अत्यधिक कठोर दंड देते समय वे विरोधाभास का शिकार हो सकते हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के बाद कोरोना वैक्सीन का लगना हुआ शुरू, डीएम एवं सीएमओ रहे मौजूद

# स्वास्थ्य सेवा के लोगों का पहला हक वैक्सीन पर है: मोदी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**दुनिया में** सबसे बड़े कोविड.19 टीकाकरण अभियान के तहत शनिवार को भारत में कोविड.19 के बचाव हेतु वैक्सीनेशन कार्यक्रम की वाराणसी के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा शुरुआत एवं शुभारंभ की। इस अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल संवाद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बहुत कम समय में कोरोना वैक्सीन भारत में आ गई है और आज दुनिया का सबसे बड़ा कोरोना टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि एक वैक्सीन बनाने में वर्षों लग जाते हैंए लेकिन इतना कम समय में मेड इन इंडिया का दो.दो वैक्सीन बना है। जो भारत के वैज्ञानिक दक्षता व टैलेंट का उदाहरण है। उन्होंने कवि के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि मानव जब जोर लगाता है तो पत्थर पानी बन जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के लोगों का पहला हक वैक्सीन पर हैए जिन्होंने संकट की घड़ी में आगे बढ़कर और बढ़.चढ़कर लोगों की सहायता की हैए उन्हें पहले वैक्सीन लगेगा। फिर दूसरे चरण में सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य फ्रंटलाइन वर्करों को कोरोना वैक्सीन लगाया जाएगा। इनकी कुल संख्या लगभग तीन करोड है जिनका खर्च भारत सरकार उठाएगी। कोरोना वैक्सीन लगाए जाने के दौरान रजिस्ट्रेशन से ट्रैकिंग तक की व्यवस्था है। कोरोना वैक्सीन की दो डोज लगना जरूरी है। दोनों डोज के बीच एक माह का अंतराल भी जरूरी हैं। इसलिए कोरोना के संक्रमण एवं बचाव के लिए मास्क लगानाए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना एवं सैनिटाइज करने जैसी एहतियाती कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। इतिहास में इतना बड़ा टीका अभियान इससे पहले कभी नहीं चला है। कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे चरण में 3 से 30 करोड़ की संख्या तक ले जाया जाना है। प्रोपगंडाए अफवाह एवं आशंका से सचेत रहें। प्रधानमंत्री ने बताया कि देश में बच्चों को लगने वाला टीका भारत में ही बनता है। उन्होंने कहा कि भारतीय वैक्सीन विदेशी वैक्सीन की तुलना में काफी सस्ता है। आत्मविश्वास व आत्मनिर्भर से कोरोना की लड़ाई रही है। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा की देखरेख में वाराणसी में भी शुरू हुआ कोरोना वैक्सिनेशन कार्यक्रम की शुरुआत। वाराणसी में चार शहरी एवं दो ग्रामीण सहित कुल छह स्थानों पर सेंटर बनाया गया है। प्रत्येक केंद्र पर सौ.सौ सहित कुल 600 लोगों को वैक्सीन लगाया जाएगा। कोरोना कॉल में सबसे अधिक रिस्क में मेहनत से कोविड.19 के मरीजों की सेवा का काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सबसे पहले टीका लगाया जा रहा है। जिलाधिकारी राजकीय महिला चिकित्सालय कबीरचौरा एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय का दौरा कर कार्यक्रम की मानिटरिंग स्वयं करते रहे। उन्होंने राजकीय महिला चिकित्सालयए कबीरचौरा में अपनी देखरेख में कोरोना वैक्सिनेशन कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करायी। जहां पर कोरोना वैक्सीन का पहला टीका हेल्थ वर्कर के रूप में श्री शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय के डाटा इंट्री ऑपरेटर अजित कुमार मिश्रा को लगाया गया। महिला राजकीय चिकित्सालय कबीरचौरा में कोरोना वैक्सिनेशन कार्यक्रम का पूरे उल्लास के साथ शुरुआत की गई। इस अवसर पर वैक्सीनेशन वार्ड को फूल पत्ती एवं गुब्बारों से पूरी तरह सजाया गया था। कोरोना वैक्सिनेशन को लेकर लोगों में उत्साह देखी जा रही थी। लोग काफी उत्साहित दिख रहे थे। राजकीय महिला चिकित्सालय में वैक्सीनेशन हाल परिसर में लगे बड़े एलइडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा किए गए कोरोना वैक्सीनेशन शुभारंभ कार्यक्रम की सीधा प्रसारण को देखा और प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। शनिवार को शुरू हुए दुनिया के सबसे बड़े कोविड.19 वैक्सीनेशन कार्यक्रम के प्रचार प्रसार एवं वैक्सिन के प्रति जन जागरण हेतु सूचना विभाग द्वारा शहर के कैंट, नदेसर, मंडुवाडीह,काशी स्टेशन एवं कबीरचौरा सहित छह स्थानों पर एलईडी बैंन के माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बीवी सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



- वाराणसी के सांसद नरेन्द्र मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े कोविड-19 वैक्सीन अभियान का किया शुभारंभ



### आधे घंटे लोग रखे गये निगरानी में, बनारस में कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगी

- दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल के सीएमएस वी शुक्ला ने लगवाया पहली डोज

वाराणसी। साल भर के इंतजार के बाद कोरोना वैक्सीन के वाराणसी पहुंचने के बाद अब लोगों को वैक्सीन लगनी भी शुरू हो गई है। वाराणसी जिले में जिला महिला अस्पताल-कबीरचौरा, आइएमएस-बीएचयू, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, हेरिटेज मेडिकल कालेजए सीएचसी काशी विद्यापीठ, सीएचसी सेवापुरी पर चयनित लोगों को लगाई जा रही है। सीएमएस डॉ. वीके शुक्ला, दीनदयाल अस्पताल पांडेयपुर ने कोरोना का टीका सबसे पहले लगवाया। महिला अस्पताल में टीकाकरण सूची में पहला नंबर अजीत कुमार मिश्रा का रहाए अजीत महिला अस्पताल के एसएनसीयू में डीईओ पद पर तैनात हैं। कोविन एप में आनलाइन जानकारी दर्ज करने के बाद टीकाकरण के रिकार्ड कार्ड पर भी जानकारी दर्ज की गई। इससे पूर्व महिला अस्पताल कोल्ड चेन पॉइंट की इंचार्ज डॉ. बिंदु देवी पूरी सुरक्षा के साथ टीकाकरण केंद्र पर वैक्सीन लेकर पहुंचीं। वैक्सिनेटर रानी कुमारी और सहायक दीपा श्रीवास्तव को डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि ने हिदायत दी। वहीं सीएचसी मिसिरपुर (काशी विद्यापीठ) में वैक्सीन कक्ष में टीकाकरण के लिए मौजूद एएनएम पूनम व राना ने तैयारियां परखीं। सीएचसी मिसिरपुर (काशी विद्यापीठ) में टीकाकरण के बाद लाभार्थियों के लिए बने एईएफआइ मैनेजमेंट रूम व आब्जर्वेशन रूम की भी तैयारियां अंतिम रूप से परखी गईं। वहीं बीएचयू स्थित सर सुंदर लाल अस्पताल के डॉक्टर लॉन्ज में मीडिया को जाने से रोक दिया गया।

### सीएचसी काशी विद्यापीठ पर मजिस्ट्रेट व नोडल अधिकारी ने किया मुआयना



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सीएचसी** मिसिरपुर (काशी विद्यापीठ) पर पहुंचे स्टैटिक मजिस्ट्रेट मणि मोहन ओझा ने नोडल अधिकारी डा. नवीन सिंह से लेतैयारियों की जानकारी ली। हाथी स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह आठ बजे ही वैक्सीन पहुंच गए। इस बाबत डॉक्टर यतीश पाठक ने तैयारी पूरी होने की जानकारी दी। सीएचसी हाथीपुर पर सेवापुरी ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर सुधाकर सिंह पहुंचे और सुरक्षा का जायजा लिया। वहीं जिन लोगों को वैक्सीन का टीका लगना है जिलाधिकारी वाराणसी ने उनसे बात की।

#### रखी जाएगी सेहत की निगरानी

पं.दीनदयाल उपाध्याय के डॉक्टरों ने बताया कि वैक्सीन लगाने के बाद एक दो दिन तक बुखार और दर्द की समस्या हो सकती है। हालांकि, इससे घबराने की जरूरत नहीं है। यदि किसी मरीज को घबराहट और बेचैनी हो तब उसे होस्पिटलाइज करने की आवश्यकता होगी। फिलहाल कोरोना का टीका लगाने के बाद सभी लोगों को 30 मिनट तक निगरानी में रखा जाएगा और उसके बाद घर भेज दिया जाएगा। हालांकि, घर भेजे जाने के बाद भी सभी के सेहत पर निगरानी बनी रहेगी।

### परमहंस नजरबंद, अन्न जल को त्याग शुरू किया आमरण अनशन

**अयोध्या।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या सहित देश के सभी तीर्थ स्थलों से मांस मछली अंडा और शराब की बिक्री पर रोक लगाने केंद्र सरकार द्वारा गोवंश की रक्षा के लिए गौ रक्षा मंत्रालय का गठन और देश के सभी तीर्थ स्थलों से कुंडों तालाबों और जमीनों पर अवैध निर्माण व कब्जों को अभियान चलाकर हटाने के लिए पुन: एक बार तपस्वी छावनी के जगतगुरु परमहंस आचार्य अयोध्या के तपस्वी छावनी पर आमरण अनशन पर बैठे। श्री दास को आमरण अनशन परिक्रमा मार्ग मोहबरा बाजार तिराहे पर करना था लेकिन प्रशासन ने उन्हें अपने मंदिर पर भोर में 5 बजे से ही नजर बंद कर दिया जिसके बाद परमहंस दास जी महाराज आवास पर अन्न जल त्याग कर आमरण अनशन पर बैठे गये। आमरण अनशन का समर्थन करने के लिए बिंद्रावन धाम से संतो महंतों का एक जत्था अयोध्या पहुंचकर श्री महाराज जी माला पहनाकर स्वागत किया और आमरण अनशन को समर्थन दिया और कहा कि देश के सभी तीर्थ स्थलों में मांस मदिरा की बिक्री अब संत बर्दाश्त नहीं करेंगे इसके लिए अयोध्या के साथ.साथ पूरे देश में आंदोलन किया जाएगा। परमहंस दास जी महाराज ने बताया की मैं दो हजार अट्ठारह से अयोध्या की 84 कोसी सांस्कृतिक सीमा से मांस मदिरा और मछली की बिक्री बंद करने के लिए संघर्ष कर रहा हूं। इसके लिए राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी दे चुका हूं और अनशन पर बैठने से पहले अयोध्या के जिलाधिकारी ने हमें आश्वासन दिया था की पंचकोसी परिक्रमा परिधि में पढ़ने वाले सभी शराब और मांस मछली की बिक्री वाली दुकानों को बंद कर दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके लिए हमें पुन: देश के संतो धर्माचार्य हिंदू सनातन धर्मावलंबियों को जागृत करने के लिए आमरण अनशन पर बैठना पड़ा और जब तक अयोध्या की पंचकोसी सांस्कृतिक सीमा से मांस मदिरा और शराब की दुकानों को हटा नहीं दिया जाएगा और सभी धार्मिक स्थलों पर बिक्री प्रतिबंध का आश्वासन नहीं दिया जाएगा तब तक मैं आमरण अनशन पर बैठा रहूंगा।

## राम मंदिर निर्माण में जनसहभागिता के लिए निकाली गयी बाइक रैली



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- हनुमान नगर और न्याय नगर के तत्वावधान में सिविल लाइंस, अशोक नगर और राजापुर में किया भ्रमण

**अयोध्या** नगरी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण हेतु 15 जनवरी से चलाए जा रहे निधि समर्पण महाअभियान के तहत शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिविल लाइंस स्थित कार्यालय से जनजागरण यात्रा बाइक रैली निकाली गई। यह जनजागरण यात्रा प्रयाग दक्षिण के हनुमान नगर तथा न्याय नगर के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ संघ कार्यालय अनन्दा आश्रम से किया गया। जनजागरण यात्रा रैली संघ कार्यालय से शुरू होकर सुभाष चौराहा म्योहाल चौराहा यातायात चौराहा राजापुर अशोक नगर कैंट होते हुए पुन: संघ कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। रैली के दौरान संघ के स्वयंसेवक जय श्री राम के नारे लगाते सड़क पर चल रहे थे। इस दौरान नगर का भ्रमण कर रहे स्वयंसेवकों के जय श्री राम के उद्घोष से समूचा सिविल लाइंस गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर काशी प्रांत के सह प्रांत प्रचारक मुनीश जीए काशी प्रान्त के प्रांत प्रचारक प्रमुख जय प्रकाश जीए सह भाग व्यवस्था प्रमुख दक्षिण भाग मनीष जायसवालए नगर कार्यवाह हनुमान नगर सनत कुमार तिवारीए नगर कार्यवाह न्याय नगर श्याम नारायण जीए सह नगर कार्यवाह हनुमान नगर अभिलाष जैनए नगर प्रचार प्रमुख स्वप्निल तिवारी विपिन मोहित सिद्धनाथ आदर्श रितिक शुभम राहुल करन पंकज रवि सुमित समेत सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### टीका लगने के आधे घंटे बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने शुरू कर दिया कार्य

**गोरखपुर।** कोरोना का टीका लगाने के बाद आधा घंटे तक स्वास्थ्यकर्मी आब्जर्वेशन रूम में रहे, इसके बाद उन्होंने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन शुरू कर दिया। डाक्टरों ने मरीजों का इलाज किया तो स्टाफ नर्स ने मरीजों की पहले की तरह देखभाल शुरू कर दी। वार्ड ब्वाय, वार्ड आया और सफाईकर्मी भी कोरोना का टीका लगाने के बाद अपने काम पर मुस्तैद दिखे। महिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डा. माला कुमारी सिन्हा ने टीका लगवाने के आधे घंटे बाद अपनी जिम्मेदारी निभाना शुरू कर दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिया। जिला महिला अस्पताल के वरिष्ठ शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. अजय देव कुलियार ने सुबह 10:50 बजे कोरोना का टीका लगवाया। इससे पहले वह अपनी ओपीडी में 15 बच्चों का परीक्षण कर परामर्श दे चुके थे। टीका लगवाने के बाद डा. अजय ने आब्जर्वेशन कक्ष में 30 मिनट इंतजार किया और फिर वापस अपनी ओपीडी में जाकर बैठ गए। उनके आने का कुछ अभिभावक इंतजार कर रहे थे। जैसे ही वह वापस आए अभिभावकों ने अपने बच्चों का परीक्षण कराकर परामर्श लिया। जिला अस्पताल की स्टाफ नर्स संजू कुशवाहा की प्राइवेट वार्ड में ड्यूटी है। ड्यूटी पर आने के साथ ही उन्होंने मरीजों की देखभाल शुरू कर दी।

## कोविड टीकाकरण अभियान का कमिश्नर व जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

**अयोध्या।** पूरे देश में आज कोविड टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। इसी क्रम में जनपद अयोध्या के जनपद मुख्यालय पर स्थित जिला महिला चिकित्सालय अयोध्या से मण्डलायुक्त एम0पी0 अग्रवाल व जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा कोविड.19 टीकाकरण का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अधिकारी द्वय द्वारा बैक्सीनेशन कार्यो को देखा गया तथा आब्जर्वेशन कक्ष में टीकाकरण के उपरांत भेजे गये कर्मियों से बात की गयी तथा अधिकारी द्वय द्वारा टीकाकरण के दौरान व उसके उपरांत भी कोविड 19 से बचाव सम्बंधी सभी उपायों यथा मास्क लगानाए हाथों को धोना आदि का पालन करते रहने की अपील की। उनके द्वारा बताया गया कि यह सुरक्षित बैक्सीन है और यह टीकाकरण चरणबद्ध ढंग से शुरू किया जा रहा है तथा जिसका पंजीकरण भी किया जा रहा है। आज प्रथम चरण का टीकाकरण प्रारम्भ किया गया है। जिन कर्मियों का आज टीकाकरण हो रहा है उन्हें द्वितीय चरण का टीका आगामी 15 फरवरी को लगाया जायेगा। पहले चरण में टीकाकरण स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया जा रहा है। जिसमें किसी भी बीमारी से ग्रस्त लोगो को प्राथमिकता मिलेगी और यह अभियान चरणबद्ध ढंग से चलाया जायेगा और इसमें देशए प्रदेश व जनपद के सभी नागरिकों को आच्छादित किया जायेगा। मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने अपील की है कि अफवाहों से सावधान रहे यह पूर्ण रूप से वैज्ञानिक एवं सुरक्षित है और टीकाकरण के बाद हमें 5 सावधानियां बरतनी होगी तथा इन्हें व्यवहारों में टीकाकरण के बाद भी अमल करना होगा। जिसमे मास्क को सही ढंग से पहननेए हाथों को नियमित रूप से साबुन व पानी से धोने या सेनीटाइजर का प्रयोग करेंए आपस में उचित दूरी बनायें रखेए लक्षण दिखने पर खुद को दूसरे से अलग करें तथा परीक्षण करायें। तदोपरांत जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा ने जिला पुरूष चिकित्सालयए श्रीराम चिकित्सालय अयोध्याए राजर्षि दशरथ स्वाशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय दर्शननगर अयोध्या तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मया बाजार पर चल रहे टीकाकरण कार्यो का जायजा लिया तथा आब्जर्वेशन कक्ष में टीकाकरण के उपरांत रखे गये व्यक्तियों से वार्ता की तथा टीकाकरण के उपरांत भी कोविड 19 से बचाव सम्बंधी सभी उपायों को अनिवार्य रूप से अनुपालन करते रहने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.घनश्याम सिंह व अन्य सम्बंधित चिकित्सक व चिकित्सा स्टाफ उपस्थित रहें।

### श्रीराम नगरी अयोध्या में सुमन श्रीवास्तव को लगा वैक्सीन का पहला डोज

**अयोध्या।** भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में वैश्विक महामारी कोरोना का टीकाकरण अभियान प्रधानमंत्री के उद्बोधन के बाद जिला अस्पताल सहित जिले के 6 सेंटरों पर प्रारंभ हुआ। जिसमें जिला महिला हॉस्पिटल ए मेडिकल कॉलेज ए श्रीराम हॉस्पिटल अयोध्या नगर ए माया बाजार की सीएससी और रुदौली की सीएससी पर स्वास्थ्य हेल्थ कर्मियों को टीका लगाया गया। यह अभियान शाम 5 बजे तक चला और कुल 600 हेल्थ वर्कर को टीकाकरण अभियान से जोड़ा गया। अयोध्या में वैक्सीनेशन का शुभारंभ जिला महिला अस्पताल की एएनएम सुमन श्रीवास्तव को टीका लगाकर किया गया इस दौरान कमिश्नर एमपी अग्रवाल जिला अधिकारी अनुज कुमार झा सीएमओ घनश्याम सिंह मौजूद रहे। वैक्सीनेशन के बाद सुमन लता श्रीवास्तव को आब्जर्वेशन रूम में रखा गया। सुमन लता श्रीवास्तव को कोविड.19 पहली डोज लगाई गई और उन्होंने कहा कि हमें कोई परेशानी नहीं हुई सभी लोगों को बेझिझक कोरोनावायरस इन लगवानी चाहिए। वैक्सीनेशन प्रारंभ होने के बाद जिला अधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि प्रधानमंत्री जी नए कोविड.19 टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया है उनके शुभारंभ करने के बाद जिला महिला अस्पताल में कमिश्नर और सीएमओ साहब के देखरेख में यह अभियान प्रारंभ हुआ सबसे पहले जिले में स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया जाएगा आज पहले दिन कुल 600 स्वास्थ्य कर्मचारियों को टीका लगेगा और अगला चरण अगले शुक्रवार को प्रारंभ होगा जिसमें और लोगों को टीका लगेगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या जिले में 13000 स्वास्थ्य कर्मी और 26 से 27 हजार फ्रंटलाइन वर्कर हैं जिनका टीकाकरण सबसे पहले किया जाएगा।

### निर्माणाधीन रैन बसेरे का डीएम ने किया निरीक्षण



**अम्बेडकरनगर।** ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय में निर्माणाधीन सामुदायिक रैन बसेरे के निर्माण कार्यो की प्रगति का भौतिक निरीक्षण करने जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र मौके पर पहुंचे। संयुक्त जिला चिकित्सालय के प्रमुख गेट के पास सामुदायिक रेन बसेरे का निर्माण कार्य कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है । ठंड के मद्देनजर जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर भौतिक प्रगति का जायजा लेते हुए, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी को निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए।

### राज्य सभा सांसद शिव प्रताप एवं उनकी पत्नी ने दिया ढाई लाख का सहयोग



**गोरखपुर।** अयोध्या में निर्माण होने जा रहे दिव्य व भव्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मभूमि स्थल पर मंदिर निर्माण हेतु समर्पण निधि का कार्यक्रम पूरे देश में शुरू हो चुका है। राम भक्त यथासंभव धनराशि भेंट कर अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के श्रीचरणों में श्रद्धा निवेदित कर रहे हैं। पूरा देश इस समय राममय है। लगभग 5 शताब्दी तक संघर्ष के बाद मिली सफलता से रामभक्तों में खुशियों का माहौल है। खुशियों से लवरेज राम भक्त फूले नहीं समा रहे हैं। समर्पण निधि के तहत पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, राज्यसभा सांसद, राज्यसभा में मुख्य सचेतक शिव प्रताप शुक्ला ने अयोध्या में बनने जा रहे भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण हेतु 125000 रुपए का सहयोग किया है। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती जानकी शुक्ला ने भी इस पुनीत कार्य में अपने प्रभु श्रीराम जी के श्री चरणों में रू.125000 का सहयोग किया है। इसके अलावा वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता श्याम बिहारी अग्रवाल ने प्रभु श्रीराम के कार्य में रू.200000 का सहयोग किया है। नीरज मातनहेलिया 200000, अवधेश कुमार श्रीवास्तव 121000 रूपये का सहयोग किया है। दानदाताओं ने उक्त धनराशि चेक के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के प्रांत सेवा प्रमुख डॉ. राजेश चन्द्र गुप्त को सौंपा।

## जिले में शुरू हुआ कोरोना टीकाकरण अभियान

- चार केंद्रों पर 400 लोगों को लगेगा टीका
- डीएम,सीएमओ व अन्य अधिकारियों ने लिया जायजा



जिला अस्पताल में टीकाकरण का जायजा लेते जिलाधिकारी

**अम्बेडकरनगर।** शनिवार को जनपद के मुख्य चार केंद्रों पर कोरोनारोधी टीका लगना प्रारम्भ हो गया। समाचार प्रेषण तक सभी केंद्रों पर टीकाकरण का कार्य जारी रहा। टीका लगवाने के आधे घण्टे बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना कार्य भी शुरू कर दिया।

वैक्सीनेशन के समुचित प्रबंधन का जायजा लेने जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, ज्योतिबा फूले संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया। बताते चलें कि शनिवार को जनपद के मुख्य चार वैक्सीनेशन सेंटर पर स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोनारोधी टीका लगाया जा रहा है। ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय अकबरपुर , महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज सदरपुर, मातृ एवं शिशु चिकित्सालय टांडा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी को मुख्य सेंटर बनाया गया है। इन सभी सेंटरों पर कुल 400 स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने इस दौरान जिला चिकित्सालय सेंटर पर पहुंचकर डॉक्टर टीम एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार को निर्देशित किया कि टीकाकरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए । साथ ही साथ उन्होंने वैक्सीन के रख – रखाव के सकुशल को भी देखा । उन्होंने कहा शासन की मंशा अनुसार वैक्सीनेशन पर प्रथम दृष्टया नजर होनी चाहिए , ताकि किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाए। इस दौरान मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार, नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ अशोक कुमार गुप्ता, डॉक्टर टीम ,स्टाफ नर्स की टीम एवं संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे ।

#### कर्मचारियों में वैक्सीनेशन के दौरान दिखा उत्साह

जिले में चार स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीनेशन की शुरूआत कर दी गई। जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने वैक्सीनेशन का जायजा लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसखारी में पहला टीका एचबी चन्द्रावती पाण्डेय, मेडिकल आफीसर डॉ. मो. जियाउद्दीन, एएनएम वीके सिंह, बीसीपीएम संजीव कुमार और हेल्थ वर्कर अवधरानी को क्रमश: लगाया गया। एमसीएच विंग टाण्डा में वैक्सीनेशन की शुरूआत स्वीपर मो. नियाज से की गई। इसके बाद एलटी राजेन्द्र प्रसाद, चतुर्थ श्रेणी कर्मी एखलाक अहमद, आशा संगिनी नीलम मिश्रा व आशा शकीला को टीका लगाया गया। मेडिकल कालेज में फूलचंद, अशोक कुमार, रामरूप, बच्चूलाल व मनोज को क्रमश: टीका लगाया गया। इसके बाद जिला अस्पताल में पहला टीका एलटी अजीत सिंह को लगा। उसके पश्चात एलटी एएम त्रिपाठी, वार्ड ब्वाय अमरनाथ, फार्मासिस्ट अजीत कुमार, वार्ड ब्वाय अक्षय कुमार को टीका लगाया गया। जिला अस्पताल में डाक्टर मनोज शुक्ला, डॉ. विजय तिवारी समेत अन्य चिकित्सकों को भी टीका लगाया गया। टीकाकरण के आधे घंटे बाद सभी कर्मचारी अपने –अपने कार्य में लग गये। अब अगले चक्र का टीकाकरण 15 फरवरी को होगा।

### निर्माणाधीन भवन व बाउंड्री वॉल का किया निरीक्षण

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर गौरव सिंह सोगरवाल के मार्गदर्शन में सदर तहसीलदार डॉक्टर संजीव दीक्षित के नेतृत्व में सदर तहसील परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों संघ भवन व बाउंड्री वॉल के कार्यो का सदर तहसीलदार डॉ संजीव दीक्षित ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य करा रहे कार्रवाई संस्था के जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में हो रहे प्रयोग ईट, सीमेंट, बालू व सरिया क्वालिटी युक्त होना चाहिए। इस दौरान लेखपाल संघ तहसील अध्यक्ष दिनेश पंकज, तहसील मंत्री मोहम्मद जावेद खान, जिला मंत्री लेखपाल संघ जगदीश प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष लेखपाल संघ हरि प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहें।

#### समाजसेवी ने वितरित कराए कम्बल

**सफीपुर उन्नाव।** कड़ाके की ठण्ड मे अप्रवासी भारतीय के परिजनो ने गांव के आसपास निवासी गरीब जरूरतमंद 150 परिवारो को कम्बल वितरित कराया। कड़ाके की ठण्ड मे अपनी मातृभूमि के गरीब असहाय लोगो की परेशानी का दर्द समाजसेवी अप्रवासी भारतीय जो उन्नाव जिले के विकास खण्ड सफीपुर के देवगनमऊ निवासी है, मुकेश विमल ने विदेश में दर्द महसूस कर अपनी पत्नी रेखा व पुत्र अंकित को गांव भेज देवगनमऊ, सम्भावाग मे 150 लोगो को कम्बल वितरण कराया। ठण्ड मे कम्बल पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे।

### ज्वलंत मुद्दों का समाधान न होने पर शिक्षक संघ हुए मुखर



**उन्नाव।** जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारणी की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शहर के सोना पैलेस गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में मियागंज ब्लाक की कार्यकारणी का चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके तय किया गया कि निर्धारित समय मे शिक्षक समस्याओं व ज्वलन्त मुद्दों का समाधान सही से नही किया जा रहा है। शिक्षकों की समस्याओं के लिए विभाग के हेल्प लाइन नंबर की कम उपयोगिता पर चिंता व्यक्त की गई। इसके पूर्व में संगठन की कई मांगों पर विभाग के द्वारा सम्यक विचार न करने के कारण जिलाधिकारी को ज्ञापन देने का भी फैसला भी लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ब्लाको में शिक्षको का तथ्य छुपाकर उत्पीड़न बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जो भी शासन के द्वारा बनाई गई व्यवस्था में कार्य न करके मनमानी करने के आदी हो चुके है ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। जिन मामलो में जरूरत पड़ेगी उनमें हाइकोर्ट में याचिका भी दाखिल की जाएगी। स्कूल के बच्चो को जूता– मोजा तत्काल वितरण कराने की मांग भी की गई। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि जाड़े का मौसम समाप्त हो जाने के बाद इनका औचित्य समाप्त हो जाएगा। चयनवेतनमान के सम्बंध में अपूर्ण पत्रावलियों को भेजे जाने, जानबूझकर पत्रावलियों में आपत्ति का माहौल बनाये जाने की निंदा की गई। नवनियुक्त शिक्षको के अबिलम्ब सत्यापन कराए जाने, शिक्षामित्र से अध्यापक बनने वालो को तत्काल वेतन देने की मांग की गई। बैठक में पारित 33 प्रस्तावों पर सर्वसमिति से प्रस्ताव पास करते हुए ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यछ राघवेंद्र सिंह महामंत्री सौरभ सिंह कोषाध्यक्ष कृष्णशंकर मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इमरान खान, मंत्री संदीप कटियार,सुजीतकुमार ब्लाक अध्यक्ष में श्रीपाल शर्मा, गणेश शंकर गुप्ता, सचीन्द्र कुमार अवनीश कुमार पाल, अक्षय कटियार, राकेश बघेल, हेमंत यादव, संगठन मंत्री सुजीत गुप्ता,अरविंद सिंह मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार के अतिरिक्त आमंत्रित सदस्यों में प्रान्तीय कोषाध्यक्ष संजय कनौजिया मंडल अध्यछ गजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष ब्रजेश वर्मा संगठन के मार्गदर्शक रामनाथ मौर्या, आदि उपस्थित रहे।

#### कार्यकारिणी घोसित

मियागंज की कार्यकारणी घोषित ब्लाक के शिक्षको की उपस्थिति में सर्व सम्मति से शिवकुमार तिवारी को ब्लॉक अध्यक्ष, जितेंद्र शर्मा को महामंत्री एवम नवीन राजपूत को ब्लॉक कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

# नेपाल घरेलू राजनीति में कभी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करता : प्रदीप ज्ञवाली

**भाषा।** नई दिल्ली

**नेपाल** के विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ज्ञवाली ने शनिवार को कहा कि नेपाल अपनी घरेलू राजनीति में हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करता क्योंकि वह अपनी आंतरिक समस्याओं को संभालने में सक्षम है। ज्ञवाली के बयान नेपाल की संसद भंग होने के बाद उस देश में राजनीतिक संकट में चीन के दखल की पृष्ठभूमि में आए हैं।

ज्ञवाली ने एक पत्रकार वार्ता में यह बात कही। उनसे पिछले महीने नेपाल में तेजी से घटे राजनीतिक घटनाक्रम के बाद चीन के हस्तक्षेप के प्रयासों के बारे में पूछा गया था। नेपाली विदेश मंत्री ने कहा, हम अपनी घरेलू राजनीति में कभी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करते। हम अपनी समस्याओं के समाधान में सक्षम हैं। करीबी पड़ोसी होने के नाते कुछ चिंताएं या सवाल हो सकते हैं, लेकिन हम कभी दखल मंजूर नहीं करते। नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के संसद को भंग करने और सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) में आंतरिक विवाद के बीच नए सिरे से चुनाव कराने के फैसले के बाद वहां राजनीतिक संकट गहरा गया था। संकट गहराने के बीच चीन ने हड़बड़ी में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के अंतरराष्ट्रीय विभाग के उप मंत्री गुओ एझोऊ की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय दल को एनसीपी के प्रतिद्वंद्वी गुटों से बातचीत के लिए काठमांडू भेजा था। इससे पहले नेपाल में चीनी राजदूत ने भी मतभेदों को सुलझाने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस दल ने नेपाल के सभी शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत की लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। नेपाल के राजनीतिक घटनाक्रम में चीन की दखलंदाजी पर नेपाल से कड़ी प्रतिक्रिया आई। ज्ञवाली ने कहा कि नेपाल के रिश्ते भारत और चीन दोनों के साथ बहुत अच्छे हैं और वह कभी एक दूसरे के साथ संबंधों की तुलना नहीं करता है। राजनीतिक संकट और एनसीपी नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर ज्ञवाली ने सीधी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन कहा कि नेपाल के विदेश मंत्री के रूप में वह नेपाल में सभी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

उन्होंने संसद भंग करने के ओली के फैसले को भी उचित ठहराया और कहा कि उन्होंने लोगों से नए सिरे से जनादेश मांगने के लोकतांत्रिक सिद्धांत का पालन किया है जिनका फैसला लोकतंत्र में सर्वोपरि होता है। नेपाल और भारत के बीच सीमा विवाद पर विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों की इस मुद्दे के समाधान की एक जैसी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा, सीमा की शुचिता और सुरक्षा समग्र विकास सहयोग के विस्तार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम दोनों ने इस जरूरत को समझा है। नेपाल ने पिछले साल एक नए राजनीतिक मानचित्र का प्रकाशन किया था और उसमें तीन भारतीय क्षेत्रों- लिंपियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को अपने हिस्सों के तौर पर दर्शाया था जिसके बाद दोनों के बीच संबंधों में तनाव आ गया था। इन क्षेत्रों पर भारत के दावे के बारे में पूछे जाने पर ज्ञवाली ने कहा, ऐतिहासिक दस्तावेज वास्तविकता बयां करते हैं। उनका इशारा था कि ए क्षेत्र नेपाल के हैं। उन्होंने कहा कि हम समाधान निकालने के लिए परस्पर विश्वास के साथ बैठकर बात कर सकते हैं। नेपाल के विदेश सचिव भरत राज पौडयाल के साथ ज्ञवाली बृहस्पतिवार को तीन दिन की यात्रा पर यहां पहुंचे थे। ज्ञवाली ने शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर बात की।

## भारत-नेपाल संबंधों में असीम संभावनाएं हैं: राजनाथ सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने नेपाल के विदेशमंत्री प्रदीप कुमार ज्ञवाली के साथ शनिवार को हुई बैठक के बाद कहा कि भारत-नेपाल संबंधों में असीम संभावनाएं हैं। उल्लेखनीय है कि ज्ञवाली, नेपाल के विदेश सचिव भरत राज पौडयाल के साथ बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आए हैं।

ज्ञवाली ने शुक्रवार को भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर के साथ हुई बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की थी। राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, नेपाल के विदेशमंत्री प्रदीप कुमार ज्ञवाली के साथ आज बैठक शानदार रही। नेपाल के साथ भारत के



नई दिल्ली में शनिवार को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी बैठक से पहले नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञवाली को बधाई दी।

संबंध दोनों देशों की सरकारों तक सीमित नहीं हैं बल्कि यह दोनों देशों के लोगों द्वारा संचालित हैं।

भारत और नेपाल के संबंध असीमित संभावनाओं वाले हैं। उल्लेखनीय है कि नेपाल द्वारा पिछले साल नया राजनीतिक मानचित्र जारी करने एवं उसमें लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को नेपाल का हिस्सा दिखाए जाने के बाद से दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। ज्ञवाली और जयशंकर के बीच बृहस्पतिवार को हुई बातचीत में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई और संपर्क, व्यापार एवं ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने के लिए सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गई।



बेंगलुरु में शनिवार को एचएएल हवाई अड्डे के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को माला पहनाते पार्टी कार्यकर्ता।

## भाजपा ने शाहनवाज हुसैन को बिहार विधान परिषद चुनाव में उम्मीदवार बनाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को बिहार विधान परिषद चुनाव के मद्देनजर शनिवार को उम्मीदवार बनाया। इसके साथ ही हुसैन की चुनावी राजनीति में वापसी हो गई है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद यह पहला मौका है जब वह चुनाव मैदान में उतरेंगे। वर्ष 2014 में वह भागलपुर से लोकसभा का चुनाव हार गए थे जबकि 2019 में उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में वह नागरिक उड्डयन मंत्री भी रह चुके हैं। पार्टी ने हुसैन को बिहार से उम्मीदवार बनाने के अलावा उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के लिए भी छह उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इनमें कुंवर मानवेन्द्र सिंह, गोविंद नारायण शुक्ला, सलिल बिश्नोई, अश्विनी त्यागी, धर्मवीर प्रजापति और सुरेन्द्र चौधरी शामिल हैं। राज्य की 12 विधान परिषद सीटों के लिए 28 जनवरी को मतदान होना है और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 18 जनवरी है।


## देश में कोविड-19 के 15,158 नए मामले

### ● संक्रमण से 175 मरीजों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में कोविड-19 के 15,158 नए मामले सामने आने के साथ शनिवार को देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 1,05,42,841 हो गए, वहीं संक्रमण से उबरने वालों की संख्या भी बढ़कर 1,01,79,715 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

मंत्रालय की ओर से जारी सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में 175 और संक्रमितों की मौत हुई जिससे मृतक संख्या बढ़कर1,52,093 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार संक्रमणमुक्त होने वाले लोगों की संख्या बढ़ कर 1,01,79,715 हो गई है तथा ठीक होने वालों की दर बढ़कर 96.56 फीसदी हो गई है। देश में कोरोना वायरस से मृतक दर 1.44 फीसदी है। शनिवार को कोविड-19 के



उपचाराधीन मरीजों की संख्या तीन लाख से कम बनी रही। आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना वायरस के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 2,11,033 है जो संक्रमण के कुल मामलों का दो फीसदी है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी।

वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में 15 जनवरी तक कुल 18,57,65,491 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई। उनमें से 8,03,090 नमूनों की जांच शुक्रवार को की गई। कोविड-19 से जिन 175 लोगों की मौत हुई है उनमें से 45 महाराष्ट्र से, 23 केरल से, 16 पश्चिम बंगाल से, 15 उत्तर प्रदेश से, 12 पंजाब से और 10 दिल्ली से हैं।

देश में कोरोना वायरस के कारण अब तक कुल 1,52,093 लोगों की मौत हुई है जिनमें से 50,336 महाराष्ट्र से, 12,251 तमिलनाडु से, 12,158 कर्नाटक से, 10,732 दिल्ली से, 10,026 पश्चिम बंगाल से, 8,558 उत्तर प्रदेश से, 7,139 आंध्र प्रदेश से तथा 5,485 लोग पंजाब से हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ उसके आंकड़ों का मिलान किया जा रहा है।

## बाइडन टीम में शामिल की गई कश्मीर मूल की महिला के रिश्तेदारों ने कहा: गर्व की बात

**भाषा।** श्रीनगर

**कश्मीर** मूल की समीरा फाजिली को अमेरिका व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की उप निदेशक नियुक्त किए जाने पर उनके रिश्तेदारों ने कहा कि यह पूरे कश्मीर के लिए गर्व की बात है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की हस्तांतरण टीम ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की उप निदेशक के रूप में फाजिली को नामित किया है। परिषद आर्थिक नीति-निर्माण प्रक्रिया का समन्वय करती है और अमेरिकी राष्ट्रपति को सलाह प्रदान करती है। फाजिली कश्मीर मूल की ऐसी दूसरी भारतीय-अमेरिकी हैं जिन्हें बाइडन प्रशासन में एक महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। समीरा फाजिली के एक रिश्तेदार राऊफ फाजिली ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमें बहुत गर्व है। कश्मीर में हर किसी को गर्व होना चाहिए क्योंकि यह पूरे कश्मीर के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, हम सभी के लिए यह सम्मान की बात है और बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, वह यहां पैदा नहीं हुई थी और उसके माता-पिता ने 1970-71 में घाटी छोड़ दी थी, लेकिन उसका कश्मीर के साथ एक मजबूत रिश्ता है। वह अंतिम बार 2007 में घाटी आई थीं। समीरा फाजिली के पिता एक सर्जन और मां एक पैथोलॉजिस्ट हैं। उनके परिवार के एक और करीबी सदस्य ने कहा कि समीरा एक होनहार बच्ची थी और पढ़ाई में अच्छी थी। रिश्तेदार ने कहा, उसके माता-पिता चाहते थे कि वह एक चिकित्सक बने, लेकिन उसकी अन्य योजनाएं थीं। उसका झुकाव जन सेवा की ओर था। उन्होंने कहा कि समीरा फाजिली एक बहुत सक्रिय व्यक्ति हैं जो स्कीइंग, तैराकी, टेनिस और यात्रा करना पसंद करती हैं। उन्होंने कहा कि वह कश्मीरी व्यंजनों की बहुत शौकीन थी। वह वर्तमान में बाइडन-हैरिस हस्तांतरण पर आर्थिक एजेंसी का नेतृत्व कर रही है और इससे पहले फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ अटलांटा में नियुक्त थी। गौरतलब है कि दिसम्बर में कश्मीर मूल की एक अन्य महिला आयशा शाह को व्हाइट हाउस की डिजिटल रणनीति टीम में एक प्रमुख अधिकारी के तौर पर शामिल किया गया था।

## पाकिस्तान पर भारत की जीत की प्रतीक स्वर्णिम विजय मशाल नैनीताल पहुंची

**भाषा।** नैनीताल

**वर्ष** 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की प्रतीक स्वर्णिम विजय मशाल यहां पहुंच गई है। यह विजय मशाल शुक्रवार को यहां भारतीय सेना के सिग्नल कोर मुख्यालय पहुंची और इसे शनिवार को जनता के अवलोकन के लिए रखा गया। इस अवसर पर सेना के बैंडों ने प्रस्तुति दी।

सिग्नल कोर के कर्मियों तथा डीएसबी कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने विजय मशाल का भव्य स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल 16 दिसंबर को दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से चार विजय मशालों को देश के अलग-अलग हिस्सों के लिए रवाना किया था। वर्ष 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष्य में भारत हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाता है। इस युद्ध में भारतीय सेना की वीरता के कारण बांग्लादेश के रूप में एक नया देश अस्तित्व में आया था।

## कोविड टीका: वैज्ञानिकों की सराहना में एक भी शब्द नहीं बोलने को लेकर भाजपा ने साधा राहुल पर निशाना

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** नेताओं ने कोविड-19 टीकाकरण के सरकार के प्रयासों पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सवाल उठाने और टीकाकरण अभियान की शुरुआत के मौके पर वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना में एक भी शब्द नहीं बोलने को लेकर शनिवार को उनपर निशाना साधा।

भाजपा नेता अमित मालवीय ने ट्वीट किया, राहुल गांधी ने कोविड-19 टीकाकरण को लेकर सरकार के प्रयासों पर सवाल उठाए, लेकिन भारत में बने दो टीकों को मोदी प्रशासन द्वारा मंजूरी देने के बाद आज जब भारत ने सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की शुरुआत की तो उनका (राहुल का) एक भी ट्वीट नहीं आया। भारतीय वैज्ञानिकों और स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना में एक शब्द तक नहीं? मालवीय ने टीके को लेकर सरकार की आलोचना वाले राहुल गांधी के ट्वीट भी साझा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोविड-19 के खिलाफ भारत में विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की शुरुआत की और देश को आश्वस्त किया कि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने भारत में बने टीकों के प्रभावों से संतुष्ट होने के बाद ही इनके उपयोग की अनुमति दी है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अफवाहों और टीके के बारे में भ्रामक प्रचार से गुमराह न हों। अभियान की शुरुआत से पहले राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि यही टीके अब भारत को कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक जीत दिलाएंगे। प्रधानमंत्री ने जनता से आग्रह किया कि जिस तरह धैर्य के साथ उन्होंने कोरोना वायरस का मुकाबला किया, वैसा ही धैर्य अब टीकाकरण के समय भी दिखाना है।

गौरतलब है कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड के कोविड-19 टीके कोविशील्ड और भारत बायोटेक के स्वदेश विकसित टीके कोवैक्सीन को देश में सीमित आपात इस्तेमाल के लिए भारत के औषधि नियामक ने हाल ही में मंजूरी दी थी।

## बीआरओ ने जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर बेलि पुल का काम पूरा किया

**रामबना,जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर केला मोड़ पर बेलि पुल के निर्माण का काम पूरा कर लिया गया है और इस पर पूर्व परीक्षण भी सलफतापूर्वक कर लिया गया है। इससे सामरिक दृष्टि से अहम सड़क पर यातायात बहाल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने शनिवार को बताया कि जम्मू कश्मीर के दो राजधानी शहरों को जोड़ने वाली सड़क पर 10 जनवरी को यातायात बंद कर दिया गया था क्योंकि रामबन में केला मोड़ के पास सड़क का एक हिस्सा ढंस गया था। इस घटना से कुछ घंटे पहले 270 किलोमीटर लंबे राजमार्ग को खोला गया था जो भारी बर्फबारी और कई स्थानों पर हुए भूस्खलन की वजह से एक हफ्ते से बंद था। प्रोजेक्ट बीकॉन के मुख्य अभियंता ब्रिगेडियर आई के जग्गी ने बताया, हमने महज 60 घंटों में महत्वपूर्ण पुल का काम पूरा कर लिया है। इस पर यातायात बहाल हो सकता है क्योंकि शनिवार को पूर्व परीक्षण सलफतापूर्वक कर लिया गया है। पुल के निर्माण की निगरानी कर रहे है ब्रिगेडियर जग्गी ने बताया कि पुल पर गाड़ियों की आवाजाही शनिवार शाम से शुरू होगी।

## पीएफआई के सदस्य को अदालत लेकर नहीं पहुंच सकी पुलिस दोबारा से किया जाएगा प्रयास

**भाषा।** मथुरा

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जनपद में पुलिस को कथित तौर विदेशी फण्डिंग के जरिए प्रदेश में साम्प्रदायिक दंगा भड़काने के प्रयास आदि के गंभीर मामलों में पापुलर फ्रण्ट ऑफ इण्डिया के खिलाफ चल रहे मुकदमे में पुलिस केरल में गिरफ्तार किए गए उसके एक अन्य महत्वपूर्ण सदस्य रउ़फ शरीफ को अपर जिला जज एवं सत्र न्यायालय (प्रथम) की अदालत में पेश नहीं कर सकी।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया, चार जनवरी को हुई पिछली सुनवाई के दौरान तय किया गया था कि पुलिस केरल में गिरफ्तार किए गए पीएफआई के कुख्यात सदस्य रउ़फ शरीफ को अदालत में पेश करेगी। तरकर ने बताया कि अदालत ने इसके लिए विशेष कार्यबल (एसटीएफ) को बी-वारंट जारी किया था, लेकिन जब पुलिस केरल पहुंची तो पता लगा कि रउ़फ ने वहां उच्च न्यायालय में स्वयं को निर्दोष सिद्ध करने के लिए मामला दायर किया हुआ है। उन्होंने बताया कि इस कारण केरल की जेल से उसे मथुरा की अदालत में पेश करने के लिए नहीं भेजा जा सकता।

उन्होंने बताया कि इसी वजह से पुलिस उसे यहां की अदालत में पेश नहीं कर सकी। उल्लेखनीय है कि मांट पुलिस ने हाथरस में दंगा भड़काने व देशद्रोह के आरोप में कार से दिल्ली से हाथरस जाते समय एक्सप्रेस-वे के मांट टोल पर पीएफआईसीएफआई के चार सदस्यों मंसूर, आलम, अतीकुर्रहमान व कप्पन सिद्दीक को गिरफ्तार किया था। उनसे मिली जानकारी के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल निवासी रउ़फ शरीफ को गिरफ्तार किया था। रउ़फ ने ही उन लोगों के खाते में विदेश से प्राप्त धन की अच्छी-खासी मात्रा ट्रांसफर की थी।

## पेज 1 का शेष

### भारत में...

ने कहा कि टीका देश में कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक जीत सुनिश्चित करेगा। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री उस वक्त भावुक हो गए जब उन्होंने कोरोना संक्रमण काल के दौरान लोगों को हुई तकलीफों, अपने प्रियजनों को खोने और यहां तक कि उनके अंतिम संस्कार तक में शामिल न हो पाने के दर्द का जिक्र किया। रुंधे गले से प्रधानमंत्री ने महामारी के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों और संक्रमण के जोखिम की आशंका वाले मोर्चे पर तैनात कर्मचारियों की कुर्बानियों को याद किया जिनमें से सैकड़ों की संक्रमण की वजह से मौत हो गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा टीकाकरण कार्यक्रम मानवता की चिंता से प्रेरित है।

### सरकार ने...

अनिच्छा जाहिर की। इस वैक्सीन के तीसरे चरण के ट्रायल के परिणाम आने अभी बाकी हैं। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने इस महीने की शुरुआत में सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन कोविशील्ड और भारत बायोटेक की स्वदेशी वैक्सीन कोवैक्सीन को आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। आरएमएल के रेजिडेंट डॉक्टरों की एसोसिएशन आरडीए ने इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिखकर कोविशील्ड का टीका लगवाने की मांग की।

### कोवैक्सीन टीके...

से संबंधित अन्य सावधानियों का पालन नहीं किया जाना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिकूल प्रभाव के मामले में पीड़ित व्यक्ति को सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकीय रूप से मान्यता प्राप्त देखभाल प्रदान की जाएगी। फार्म में कहा गया है कि गंभीर प्रतिकूल प्रभाव होने पर मुआवजा दवा कंपनी (भारत बायोटेक) द्वारा तब दिया जाएगा जब यह साबित हो जाए कि दुष्प्रभाव टीके के कारण हुआ है।

### अफवाहों से...

जिन स्वास्थ्यकर्मियों को कोरोना का टीका दिया गया है, मैने उन सभी से मुलाकात की और वे सभी स्वस्थ हैं। सीएम योगी ने इस दौरान लोगों को सलाह दी कि वे अफ्वाहों से सावधान रहें, जल्दबाजी न करें। टीकाकरण के लिए अपनी बारी का इंतजार करें। भारत में बना टीका दुनिया में सबसे सस्ता और अधिक प्रभावशाली हैं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के बाद भी कोरोना प्रोटाकॉल का पालन करते हुए सामाजिक दूरी बनाएं रखें और मास्क पहनकर चलें। अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया है कि पहले दिन प्रदेश के 31,700 स्वास्थ्यकर्मियों को टीका लगाया गया, जिनको दूसरी डोज आगामी 15 फरवरी को दी जायेगी।

### सेना के...

मंत्री ने कहा कि पिछले 20 सालों से न्यू कमांड अस्पताल की जरूरत समझी जाने लगी थी लेकिन किसी न किसी वजह से इसका निर्माण कार्य टलता जा रहा था, कभी प्रोसीजर डिले तो कभी बजट की दिक्कतें सामने आ रही थी लेकिन अब सभी बाधाएं दूर कर ली गई हैं। पर्यावरण के लिहाज से यहां लगे वृक्षों को काटने की बजाय रिलोकेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन का काम आज देश भर में शुरू हो गया है। देश के वैज्ञानिकों ने दो स्वदेशी वैक्सीन बना ली है जबकि चार वैक्सीन और आने वाली है। इससे न सिर्फ देश में वैक्सीनेशन में मदद मिलेगी बल्कि अन्य देशों में वैक्सीन का निर्यात बढाया जा सकेगा। भारत की परंपरा रही है कि हम न सिर्फ अपना ध्यान रखते है बल्कि पूरे विश्व को भी परिवार मानकर उसकी मदद को तैयार रहते है। वसुदैव कुटुंबकम की सोच हमारे ऋषि मुनियो की दी है जिसका निर्वहन हम आज भी कर रहे है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने कोरोना आपदा की चुनौती से बखूबी निपटा। एक तरफदेश में संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिये कदम उठाये जा रहे थे वहीं अस्पतालों में संसाधन बढाये गये। खुद श्री मोदी सप्ताह में दो से तीन बैठक कर स्थिति की समीक्षा करते थे। जब कोरोना का संकट देश में आया तो हमारे पास सिर्फदो टेस्टिंग लैब थी जबकि आज इनकी संख्या एक हजार से ज्यादा है। अस्पतालों में मास्क, पीपीई किट और वैंटीलेटर्स की कमी थी। आज देश के लगभग हर जिले में अस्पताल पर्याप्त संसाधनो से लैस हो चुके है बल्कि अब हम दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहे हैं। उन्होने चिकित्सकों का आभार जताते हुये कहा कि संसाधनो की कमी से निपटने के बावजूद कोरोना से पार पाना आसान नहीं था लेकिन हमारे चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने जोखिम उठाकर और परिवार से दूर रह कर दिन रात एक कर दिया जिसके चलते देश कोरोना संकट की चुनौती का काफी हद तक सामना कर सका। उन्होने कहा कि खतरा अभी टला नहीं है इसलिये कोविड प्रोटोकाल का पालन करना हर भारतीय का कर्तव्य है। उन्होने कहा कि देश में आज भी जरूरत के अनुसार अस्पताल नहीं हैं। जीडीपी में भी हेल्थ सेक्टर में वृद्धि कर रहे हैं। चिकित्सा क्षेत्र में रिसर्च डेवलपमेंट को बढ़ावा दिया गया है। आयुष्मान जैसी योजना दुनिया में नहीं है। पिछले दो साल में पांच लाख रूपये की इस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ डेढ़ करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों ने उठाया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आज हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर की तरह काम कर रहे हैं। पिछले छह साल में 22 नये एम्स बनकर तैयार हो गये है जबकि एमबीबीएस की 30 हजार सीट और पोस्ट ग्रेजुएट की 15 हजार सीटे बढायी गयी हैं। रक्षा मंत्री ने परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए अधिकारियों को बधाई दी और आश्वासन दिया कि परियोजना के किसी भी बाधा को राज्य और नागरिक प्रशासन के समन्वय में हल किया जाएगा। राजनाथ सिंह ने पूरे देश को 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की विजय की याद में इस वर्ष को स्वर्णिम विजय वर्ष के रूप में मनाने के लिए बधाई दी। भूमि पूजन समारोह में थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवने और मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आईएस घुमन उपस्थित थे।

### सेना का...

केजीएमयू, आरएमएल ने कमांड अस्पताल के साथ एमओयू साइन किये हैं। सेना ने बेहतर तालमेल से सिविल प्रशासन को नये उत्साह के लिये प्रेरित किया जिसकी बदौलत कोरोना की जंग को लड़ने में मदद मिली। योगी ने कहा कि कमांड अस्पताल में राज्य सरकार भरपूर सहयोग करेगी और हर आने वाली बाधा को दूर करेगी। रक्षा और सिविल प्रशासन मिलकर व्यवस्था की अपेक्षा को पूरा करेंगे। इस अवसर पर मध्य कमान सेनाध्यक्ष आईएस घुमन ने कहा कि पिछले आठ महीने में यहां लगे पेड़ों को काटने के बजाय रिलोकेट किया गया है। नया अस्पताल अगले तीन से चार साल में बनकर तैयार हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना दुनिया में अपने शौर्य और पराक्रम के लिए जानी जाती है। भारत सरकार सेना के अधिकारियों और जवानों को उनके सेवाकाल एवं सेवाकाल के उपरान्त आरोग्य प्रदान करने के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। स्वास्थ्य सेवाएं अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। विगत 10 माह में कोरोना का बेहतर प्रबन्धन, सुदृढ़ चिकित्सा सुविधाओं से ही सम्भव हुआ।

### प्रदेश में...

औद्योगिक विकास, आयुक्त आगरा मंडल अनिल कुमार-3 को एमडी जल निगम एवं सचिव नगर विकास, सचिव चिकित्सा शिक्षा अमित गुप्ता को आयुक्त आगरा मंडल, जिलाधिकारी जौनपुर दिनेश कुमार सिंह-2 को आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल, आयुक्त चित्रकूट धाम गौरव दयाल को आयुक्त अलीगढ़ मंडल, आयुक्त अलीगढ़ मंडल गौरव शंकर प्रियदर्शी को सचिव चिकित्सा शिक्षा के पद पर भेजा है।

## पंजाब लगातार चार जीत से नाकआउट में जगह बनाने के करीब

**अलूर।** पंजाब शनिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के ग्रुप ए मैच में जम्मू कश्मीर को 10 विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत से नाकआउट मे जगह बनाने के करीब पहुंच गया। जम्मू कश्मीर ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 139 रन बनाए जिसमें शुभम पुंडीर 42 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। पंजाब ने 14.3 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की जिसमें सलामी बल्लेबाज सिमरन सिंह (42 गेंद में चार छक्कों से नाबाद 59 रन बनाए) और अभिषेक शर्मा (46 गेंद में छह छक्कों से नाबाद 73 रन) ने पहले विकेट के लिए 140 रन की नाबाद साझेदारी निभाई।

## बड़ौदा की विजई लय जारी, महाराष्ट्र को 60 रन से हराया

**वड़ोदरा।** बड़ौदा ने शनिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट में जीत की लय जारी रखते हुए एलीट सी ग्रुप मैच में महाराष्ट्र पर 60 रन से जीत दर्ज की। यह लीग चरण में बड़ौदा की लगातार चौथी जीत है, इससे पहले उसने पहले तीन मुकाबलों में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ को हराया था। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद बड़ौदा ने कार्यवाहक कप्तान केदार देवधर की 71 गेंद में नाबाद 99 रन की पारी से चार विकेट पर 158 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मध्यम गति के गेंदबाज अतीत सेठ (17 रन देकर चार विकेट) ने फिर महाराष्ट्र को महज 98 रन पर समेटने और अपनी टीम को पूरे चार अंक दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

## असम ने बंगाल को हराकर उलटफेर किया, तमिलनाडु का शानदार प्रदर्शन जारी

**कोलकाता।** कप्तान रियान पराग के हरफनमौला खेल के दम पर असम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप बी के मैच में शनिवार को बंगाल को 13 रनों से हराकर उलटफेर किया। ग्रुप के एक अन्य मैच में तमिलनाडु ने हैदराबाद को हराकर लगातार चौथी जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर जगह बना ली है।

पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर पराग की 54 गेंद मे 77 रन की पारी से असम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाने के बाद बंगाल को आठ विकेट पर 144 रन पर रोक दिया। पराग ने अपनी पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाए। उन्होंने इस दौरान इशान पोरेल (34 रन पर दो विकेट) के 18वें ओवर में 18 रन जुटाए।जीत के लिए 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बंगाल 18वें ओवर में तीन विकेट पर 130 रन बनाकर मजबूत स्थिति मे था लेकिन आखिरी दो ओवरों में उसकी पारी लड़खड़ा गई और टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 144 रन ही बना सकी।

# रोहित व गिल पवेलियन लौटे




## चौथा टेस्ट : आस्ट्रेलिया के 369 रन के जवाब में भारत के दो विकेट पर 62 रन

**भाषा।** ब्रिसबेन

रोहित शर्मा एक बार फिर गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा बैठे जिससे आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 369 रन के जवाब में चौथे क्रिकेट टेस्ट के वर्षाबाधित दूसरे दिन भारत अच्छी शुरूआत से वंचित रह गया। भारी बारिश के कारण चाय ब्रेक के बाद खेल नहीं हो सका।

उस समय भारत का स्कोर दो विकेट पर 62 रन था। रोहित शर्मा ने शानदार शुरूआत करते हुए 74 गेंद में 44 रन बनाए लेकिन एकाग्रता टूटने का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। अपना सौवां टेस्ट खेल रहे नाथन लियोन ने उन्हें डीप में मिशेल स्टार्क के हाथों लपकवाया। इससे पहले शुभमन गिल (सात) ने पैट कमिंस की गेंद पर स्टीव स्मिथ को कैच थमाया। चाय ब्रेक के समय चेतेश्वर पुजारा आठ और अजिंक्य रहाणे दो रन बनाकर खेल रहे थे।

दोनों ने ब्रेक से पहले 37 गेंद में महज दो रन बनाए। रोहित ने कमिंस और जोश हेजलवुड को बखूबी खेला और अपनी पारी में छह चौके भी लगाए। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी भी की जबकि पुजारा दूसरा छोर संभालकर खेलते रहे। इससे पहले भारत के युवा और अनुभवहीन गेंदबाजों ने बेहद अनुशासित प्रदर्शन करते हुए आस्ट्रेलिया के आखिरी पांच विकेट पहले ही सत्र में लेकर उसे पहली पारी में 369 रन पर आउट कर दिया। शारदुल ठाकुर ने 94 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि पहला टेस्ट खेल रहे वाशिंगटन सुंदर ने 89 और टी नटराजन ने 78 रन देकर तीन तीन विकेट चटकाए। लंच से पहले आस्ट्रेलिया ने 95 रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिए। अपने प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रही भारतीय टीम के इन गेंदबाजों का प्रदर्शन इसलिए भी काबिले तारीफ है कि इनके पास टेस्ट क्रिकेट का अनुभव नहीं है और सामने आस्ट्रेलिया जैसा प्रतिद्वंद्वी है। पांच मुख्य गेंदबाजों के चोट के कारण नहीं खेल पाने से भारत को नेट गेंदबाज नटराजन और सुंदर को इस मैच में उतारना पड़ा। नाथन लियोन ने 22 गेंद में 24 और मिशेल स्टार्क ने 35 गेंद में 20 रन बनाकर आस्ट्रेलिया को 350 रन के पार पहुंचाया। आस्ट्रेलिया ने गाबा पर 350 से अधिक रन बनाने के बाद कभी कोई टेस्ट नहीं गंवाया है। अपने कल के स्कोर पांच विकेट पर 274 रन से आगे खेलते हुए टिम पेन (50) और कैमरन ग्रीन (47) ने 98 रन की साझेदारी पूरी की। ठाकुर ने पेन को दूसरी स्लिप में रोहित शर्मा के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद ग्रीन की भी एकाग्रता टूटी और वह सुंदर की गेंद पर बोल्ड होकर पवेलियन लौट गए। पैट कमिंस को ठाकुर ने पगबाधा आउट किया। आस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 311 रन से आठ विकेट पर 315 रन हो गया। इसके बाद स्टार्क और अपना सौवां टेस्ट खेल रहे लियोन ने 39 रन जोड़े और टीम को 350 रन के पार पहुंचाया। सुंदर ने लियोन को बोल्ड किया जबकि नटराजन ने जोश हेजलवुड को आउट करके आस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पहली पारी :** डेविड वॉर्नर का रोहित बो सिराज 1, हैरिस का सुंदर बो ठाकुर 5,लाबुशेन का पंत बो नटराजन 108, स्मिथ का रोहित बो सुंदर 36,वेड का ठाकुर बो नटराजन 45,ग्रीन बो सुंदर 47, पेन का रोहित बो ठाकुर 50, कमिंस पगबाधा बो ठाकुर 2 , स्टार्क नाबाद 20,लियोन बो सुंदर 24,हेजलवुड बो नटराजन 11, **अतिरिक्त :** 20 रन, **कुल योग :** 115 . 2 ओवर में 369 रन, **विकेट पतन :**1-4, 2-17, 3-87, 4-200, 5-213, 6-311, 7-313, 8-315, 9-354, **गेंदबाजी :** सिराज 25-10-66-1, नटराजन 24-23-78-3, ठाकुर 24-6 -93-3, सैनी 7.5-2- 21- 0, सुंदर 31-6-89-3, रोहित 0.1-0-1- 0

**भारत पहली पारी :** रोहित का स्टार्क बो लियोन 44, गिल का स्मिथ बो कमिंस 7, पुजारा नाबाद 8,रहाणे नाबाद 2, **अतिरिक्त :** एक रन, **विकेटपतन :** 1-11, 2-60 **गेंदबाजी :** स्टार्क 3-1-8-0, हेजलवुड 8-4-11- 0, कमिंस 6-1-22-1, ग्रीन 3-0-11- 0, लियोन 6-2- 10 -1

## भारतीय प्रशंसक ने एससीजी में तीसरे टेस्ट के दौरान नस्लवाद की शिकायत की

**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट टीम के एक प्रशंसक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी क्रिकेट मैदान (एससीजी) पर खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन सुरक्षा अधिकारी पर नस्लीय टिप्पणी और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया, जिसके बाद इस मैदान के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। इससे पहले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इस ड्रा टेस्ट मैच के तीसरे और चौथे दिन दर्शकों द्वारा नस्लीय दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा था। सिडनी निवासी कृष्ण कुमार ने गुरुवार को न्यू साउथ वेल्स के विधिक आधिकारी से मुलाकात कर आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई जिसमें उन्होंने नस्लीय दुर्व्यवहार और गलत तरीके से जांच करने का आरोप लगाया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की खबर के अनुसार उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तीसरे टेस्ट के अंतिम दिन (11 जनवरी) उन्हें ऐसा लगा कि जैसे उनके कपड़े उतारे जा रहे है।

## रोहित ने नटराजन और अन्य गेंदबाजों की प्रशंसा की

**ब्रिसबेन।** भारतीय उप कप्तान रोहित शर्मा थांगारासु नटराजन के मजबूत व्यक्तित्व से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि तमिलनाडु का बाएं हाथ का यह गेंदबाज शीर्ष स्तर पर सफलता हासिल करने की भूख की बदौलत अच्छा प्रदर्शन करता रहेगा। नटराजन टीम के साथ नेट गेंदबाज के तौर पर आए थे। उन्होंने गेंदबाज मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर और शारदुल ठाकुर के साथ मिलकर आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 369 रन पर समेट दिया और रोहित के अनुसार यह किसी उपलब्धि से कम नहीं। रोहित ने पदार्पण करने वाले नटराजन (78 रन देकर तीन विकेट) के बारे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो नटराजन ने काफी अच्छी गेंदबाजी की। देश के बाहर (अंतरराष्ट्रीय टेस्ट में) वह पहली बार खेल रहा है और इतने अपार अनुभवी बल्लेबाजों को गेंदबाजी कर रहा था, यह इतना आसान नहीं था और वह कोई दबाव में भी नहीं था। पहली गेंद से ही, वह अच्छा था। उसने संयम दिखाया, वह मजबूत व्यक्तित्व का खिलाड़ी है जो ज्यादा बोलता नहीं लेकिन हम सभी जानते हैं कि वह मजबूत व्यक्तित्व वाला खिलाड़ी है। वह टीम और खुद के लिए अच्छा करना चाहता है।

### लियोन पर उस शॉट खेलने का कोई पछतावा नहीं, इस तरह के स्ट्रोक्स खेलता रहूंगा: रोहित



**ब्रिसबेन।** रोहित शर्मा गलत समय पर आउट होने के कारण हो रही अपनी आलोचना को अच्छी तरह समझते है लेकिन भारतीय उप कप्तान को नाथन लियोन की गेंद पर उस शॉट को खेलने का कोई पछतावा नही है और उन्होने कहा कि यह गेंदबाजो को दबाव मे लाने का उनका तरीका है। रोहित 74 गेंद मे 44 रन की पारी के दौरान अच्छी लय मे दिख रहे थे लेकिन लियोन की गेंद को मिडविकेट पर उठाने की कोशिश मे आउट हो गए और यह उसी तरह का शॉट है जो टेस्ट मैचो मे शुरू मे भी उनके आउट होने का कारण बनता था। रोहित ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, आपके पास हमेशा एक योजना होती है और वास्तव मे मुझे उस शॉट को खेलने का कोई पछतावा नही है। मै हमेशा गेंदबाजो पर दबाव बनाना चाहता हूं। नाथन लियोन चतुर गेंदबाज है और उसने मुझे ऐसी गेंदबाजी की जिसमे मेरे लिए गेंद को कुछ ऊपर उठाना मुश्किल हो गया।

## वाशिंगटन ने अनुशासित गेंदबाजी की और अश्विन के स्थान पर काफी अच्छी गेंदबाजी की : मैकडोनल्ड

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया के सहायक कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड ने शनिवार को अंतिम टेस्ट के लिए भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण की सराहना की और विशेषकर वाशिंगटन सुंदर की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा ऑफ स्पिनर ने रविचंद्रन अश्विन की जगह उतरकर काफी अच्छी गेंदबाजी की। ये दोनों नेट गेंदबाज के तौर पर टीम के साथ थे। मैकडोनल्ड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मुझे लगा कि वे (भारतीय गेंदबाज) काफी निरंतर रहे। मुझे लगा कि विशेषकर वाशिंगटन सुंदर काफी अनुशासित था और उसने रवि अश्विन के स्थान पर उनकी भूमिका को अच्छी तरह निभाया और कसी गेंदबाजी की और वह इस दौरान कुछ विकेट भी हासिल करने में सफल रहा।

## पंड्या भाइयों के पिता का निधन, कृणाल बायो बबल से बाहर

**वडोदरा।** भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या और उनके भाई कृणाल के पिता हिमांशु का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा की कप्तानी कर रहे कृणाल परिवार के पास पहुंचने के लिए टूर्नामेंट के लिए बनाए गए बायो बबल से बाहर निकल गए हैं। संघ के सचिव अजित लेले ने यह जानकारी दी। हार्दिक यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं क्योंकि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला की तैयारी में जुटे हैं। वह भी मुंबई से वडोदरा रवाना हो गए। हिमांशु ने अपने बेटों की सफलता में बड़ी भूमिका निभाई थी।

# इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका का संघर्ष जारी

### थिरिमाने की जुझारू पारी



**भाषा।** गॉल (श्रीलंका)


सलामी बल्लेबाज लाहिरु थिरिमाने (189 गेंद में नाबाद 76 रन) की अर्धशतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने शुरूआती टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां इंग्लैंड से पहली पारी में 286 रन से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 156 रन बनाकर अपना संघर्ष जारी रखा है।

श्रीलंका की टीम अब भी इंग्लैंड से 130 रन पीछे है और उसके आठ विकेट बचे हुए है। कप्तान जो रूट (228) की करियर की चौथी दोहरी शतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड ने पहली पारी में 421 रन बनाए। रूट ने 321 गेंद की अपनी पारी में 18 चौके और एक छक्का लगाया। दिलरुवान परेरा (109 रन पर चार विकेट) की गेंद पर उनके आउट होने के साथ ही लंच से पहले इंग्लैंड की पहली पारी खत्म हुई। वह क्रिस गेल (333), वीरेन्द्र सहवाग (नाबाद 201) और मुशफिकर रहीम (200) के बाद गॉल के मैदान पर दोहरा शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बने। श्रीलंका की पहली पारी 135 रन पर सिमट गई थी। थिरिमाने ने पहले विकेट के लिए कुशल परेरा (62) के साथ 101 रन की साझेदारी की। उन्होंने अपनी नाबाद पारी में छह चौके लगाए। परेरा ने 109 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने 91 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि टेस्ट करियर का 21वां शतक पूरा करने के बाद तेज गेंदबाज मार्क वुड की गेंद पर चोटिल हो गए। वह दिन के आखिरी सत्र में सैम कुरेन की गेंद पर जैक लीच को कैच देकर वह आउट हुए।

## अर्जेंटीना दौरे से तैयारियों के बारे में पता चलेगा: हॉकी कप्तान रानी

**ब्यूनस आयर्स।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि कोविड-19 महामारी के कारण दुनिया भर में प्रतियोगिताओं के रूकने के लगभग एक साल बाद अर्जेंटीना दौरे से खेल के स्तर के बारे में पता चलेगा। यह महिला टीम अंतरराष्ट्रीय मैचों को फिर से शुरू करने वाली भारत की पहली हॉकी टीम बनेगी, जिसे अर्जेंटीना दौरे पर खेले जाने वाले आठ मैचों के पहले मुकाबले को रविवार को खेलना है। हॉकी इंडिया से जारी मीडिया विज्ञप्ति में रानी में कहा, यह दुनिया भर में खेल से जुड़े लोगों के लिए एक अजीब तरह का समय रहा है लेकिन हम जिस चीज से सबसे ज्यादा प्यार करते हैं उसे फिर से शुरू करने का एहसास सबसे अच्छा है।

# आस्ट्रेलियाई ओपन शुरू होने से पहले ही तीन कोरोना पॉजिटिव




**भाषा।** मेलबर्न

आस्ट्रेलियाई ओपन के लिए लॉस एजिलिस और अबुधाबी से खिलाड़ियों , कोचों और अधिकारियों को लेकर यहां पहुंची चार्टर्ड फ्लाइटों में तीन व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।इन दोनों विमान से यहां 47 खिलाड़ी पहुंचे है। जिसमें से दो मामले लॉस एजिलिस से आए विमान जबकि एक मामला अबुधाबी से आए विमान से जुड़ा है। लॉस एंजिलिस से आए विमान में पॉजिटिव पाए गए व्यक्तियों में हवाई चालक दल का एक सदस्य और एक यात्री शामिल है जो खिलाड़ी नहीं है। इसके बावजूद अब इस उड़ान में मौजूद सारे यात्री 14 दिन होटल के कमरों से बाहर नहीं निकल सकेंगे और खिलाड़ी अभ्यास नहीं कर पाएंगे। विक्टोरिया प्रांत के स्वास्थ्य विभाग ने एक बयान में कहा , हवाई चालक दल का एक सदस्य और आस्ट्रेलियाई ओपन का प्रतिभागी (जो खिलाड़ी नहीं है) कोरोना जांच में पॉजिटिव पाया गया है। इसमें कहा गया , बाकी सभी 66 सहयात्रियों को करीबी संपर्क में आया माना जा रहा है। ए अब पृथकवास छोड़कर अभ्यास नहीं कर सकेंगे। बाकी सभी चालक दल के सदस्य नेगेटिव आए हैं और अपने अपने शहर बिना यात्रियों के जाने की अनुमति मिल गई है।

# पुरुष ट्रैप निशानेबाजी में लक्ष्य का दबदबा

**भाषा।** नई दिल्ली

लक्ष्य शेरोन शनिवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में पुरूषों के ट्रैप स्पर्धा के दूसरे चरण (टी2) में विजेता रहे जबकि 10 मीटर एयर पिस्टल के पुरूष और महिला वर्ग में हरियाणा के दो निशानेबाजों क्रमश: सरबजोत सिंह और रिदम सांगवान विजेता बनकर उभरे।एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता लक्ष्य दूसरे चरण के क्वालीफाइंग में 122 अंक के साथ शीर्ष पर रहने के बाद फाइनल्स में 43 अंक बनाए। उन्होंने तमिलनाडु के पृथ्वीराज तोंदाइमन को पछाड़कर इस वर्ग में अपना दबदबा कायम किया। इससे पहले बुधवार को वह ट्रैप निशानेबाजी के पहले चरण (टी1) के भी विजेता रहे थे।

### एयर पिस्टल में रिदम व सरबजोत जीते

# बाइडन की 100 दिनों में 10 करोड़ लोगों को टीका लगाने की योजना




**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए अपने कार्यकाल के पहले 100 दिनों में 10 करोड़ अमेरिकियों को कोविड-19 के टीके लगाने की महत्त्वाकांक्षी एाजना की घोषणा की है। बाइडन 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने वाले हैं। उससे पहले, उन्होंने शुक्रवार को अपनी टीम के साथ स्वास्थ्य संकट के समाधान के लिए एक बैठक की।जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के कोरोना वायरस ट्रैकर के अनुसार, अमेरिका में अब तक 2,35,23,000 से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं और 3,91,955 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका दुनिया में इस बीमारी से सबसे अधिक प्रभावित देश है। अपने चुनाव अभियान के दौरान, बाइडन ने कोविड-19 महामारी को बड़ा मुद्दा बनाया था और मतदाताओं से इससे निपटने और इससे उत्पन्न आर्थिक संकट को दूर करने का वादा किया था।बाइडन ने विलमिंगटन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिका में अब तक टीकाकरण अभी तक पूरी तरह विफल रहा है और आज की बैठक में हमने पांच चीजों पर चर्चा की। इन पांच चीजों के जरिए हम स्थिति को बदलने का प्रयास करेंगे, इन पांच चीजों से हम निराशा को आशा में बदलेंगे। ए पांच चीजें हमारे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में 10 करोड़ टीके लगाने के हमारे लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेंगी।

उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हम इसे पूरा कर सकते हैं, और यह साहस और दृढ़ विश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का समय है क्योंकि राष्ट्र का स्वास्थ्य सचमुच दांव पर है। सबसे पहले, हम अधिक प्राथमिकता वाले समूहों के लिए टीकाकरण शुरू करने के उद्देश्य से सभी राज्यों के साथ मिलकर तुरंत काम करेंगे।

बाइडन ने कहा कि इस नए प्रयास में पूरे राष्ट्र को एकजुट किया जाएगा और टीकाकरण, जांच और महामारी से निपटने के अन्य उपायों के लिए संघीय कोष से अरबों डालर खर्च किए जाएंगे।उन्होंने शुक्रवार को कहा,"आप लोगों से मेरा वादा है: हम इस अभियान से इस महामारी को काबू में करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए संसद को अधिक धन खर्च करने की मंजूरी देनी होगी। उन्होंने लोगों से मास्क पहनने, भीड़भाड़ से बचने और अक्सर अपने हाथों को धोते रहने जैसे बुनियादी सावधानियों का पालन करने की भी अपील की। बाइडन ने कहा, यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है।

## कैपिटल हिल पर हमले के दौरान मास्क नहीं पहनने वाले रिपब्लिकन सांसदों से बाइडन ने नाराजगी जताई

**भाषा।** वाशिंगटन

**नवनिर्वाचित** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कैपिटल बिल्डिंग में छह जनवरी की हिंसा के दौरान सुरक्षित ठिकाने की तलाश करते समय मास्क नहीं पहनने वाले रिपब्लिकन सांसदों से नाराजगी जताते हुए कहा है कि अब परिपक्व होने का समय आ गया है।ट्रंप के समर्थकों द्वारा अमेरिकी संसद भवन पर किए गए हमले में पांच लोगों की मौत हो गई थी। हिंसा के बाद से अमेरिकी कांग्रेस के कम से कम चार सांसद कोरोना वायरस संक्रमित पाए गए हैं जिनमें डेमोक्रेट नेता प्रमिला जयपाल, ब्रैड श्नीडर और बोनी वाटसन कोलमैन भी शामिल हैं।बाइडन ने डेलावेयर के विलमिंगटन में शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, साफ कहूं तो कैपिटल पर जब अपराधियों की भीड़ ने घातक हमला किया, उस समय कांग्रेस के कुछ सदस्यों को सुरक्षित ठिकानों पर जाते समय मास्क पहनने से इनकार करते देखना स्तब्ध करने वाला है। उन्होंने कहा, मुझे डेलावेयर राज्य से कांग्रेस की सदस्य लीजा ब्लंट रोचेस्टर पर गर्व है जो उस समय मास्क पहनने की कोशिश कर रही थीं जब लोग फर्श पर बचने के लिए लेट रहे थे। वहीं उनके रिपब्लिकन सहयोगी मास्क पहनने से मना कर रहे थे। आपको दिक्कत क्या है? यह परिपक्व होने का समय है। बाइडन ने कहा, नतीजा क्या हुआ? कांग्रेस के कम से कम चार सदस्य आज संक्रमित मिले जिनमें से एक कैंसर से उबरे हैं। कोलमैन (75) कैंसर से उबर चुके हैं और हाल ही में कोविड-19 से ग्रस्त पाए गए हैं।



सऊदी अरब मे बढ़ते कोरोना वायरस को लेकर जेददाह की एक मस्जिद के बाहर प्रार्थना करते लोग

# कैबिनेट ने इमरान खान के सहयोगी को पीटीवी अध्यक्ष पद से हटाया

**भाषा ।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** कैबिनेट ने उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रधानमंत्री इमरान खान के निकट सहयोगी नईम बुखारी को सरकारी पाकिस्तान टेलीविजन (पीटीवी) के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। मीडिया की कई खबरों में बताया गया कि उच्च न्यायालय ने उन्हें चैनल के प्रमुख के तौर पर काम करने से रोक दिया जिसके बाद यह कदम उठाया गया।उच्चतम न्यायालय के वकील, नेता और पूर्व टीवी प्रस्तोता बुखारी को पिछले वर्ष नवंबर में सरकारी चैनल का प्रमुख नियुक्त किया गया था, जिसके बाद प्रधानमंत्री खान का करीबी होने का फायदा मिलने को लेकर उनकी आलोचना हुई थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने उनकी नियुक्ति को लेकर दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बृहस्पतिवार को बुखारी को पीटीवी के अध्यक्ष पद पर काम करने से रोक दिया और इसे 2018 में इसी तरह के मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन बताया।न्यायमूर्ति मीनल्लाह ने टिप्पणी की कि कैबिनेट ने 65 वर्षीय बुखारी की आयु सीमा में ढील देने पर स्पष्ट निर्णय नहीं लिया।डॉन न्यूज ने केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी के हवाले से खबर दी कि कैबिनेट ने एक सर्कुलर जारी कर बुखारी और पीटीवी के दो अन्य निदेशकों को उनके पदों से हटा दिया क्योंकि उनकी उम्र 65 वर्ष से ज्यादा है।जियो न्यूज ने खबर दी कि कैबिनेट ने आमेर मंजूर को पीटीवी के प्रबंध निदेशक पद से भी हटा दिया। मंजूर को एक जनवरी को पद से हटाया गया।

## संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक की हत्या

बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य)। मध्य अफ्रीकी गणराज्य (सीएआर) के ग्रिमारी के नजदीक हथियारबंद विद्रोहियों के दो हमलो मे कम से कम एक शांतिरक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। देश के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने इसकी जानकारी दी।मिशन ने बताया कि ए हमले शुक्रवार को हुए जब बुरूंडी और बांग्लादेश के शांतिरक्षक बांगुई से लगभग 200 किमी दूर स्थित ग्रिमारी के नजदीक सुरक्षा अभियान चला रहे थे। मिशन ने एक वक्तव्य मे बताया कि हमले मे बुरूंडी के एक शांतिरक्षक की मौत हो गई तथा बांग्लादेश के दो शांतिरक्षक घायल हो गए जिनका उपचार चल रहा है। बीते कुछ हफ्तों से यहां हिंसा की घटनाएं बढ़ गई है जिनके चलते 60,000 से अधिक लोग देश से पलायन कर गए है।

# अमेरिका ने आतंकवादियों की सूची में लश्कर-ए-तैयबा को बरकरार रखा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने आतंकवादियों की सूची की समीक्षा करने के बाद आईएसआईएल-सीनाई पेनिनसुला और अन्य संगठनों के साथ पाकिस्तान से संचालित लश्कर-ए-तैयबा और लश्कर-ए-झंगवी (एलजे) को उसमें बरकरार रखा है। सत्ता के हस्तांतरण के महज कुछ दिन पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने एलजे और आईएसआईएल-एसपी से जुड़े संगठनों को शामिल करने के लिए घोषित आतंकवादियों की सूची में संशोधन किया है। प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक विदेश मंत्रालय ने अतंरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों की सूची की समीक्षा की और एलजे, आईएसआईएल-एसपी, लश्कर-ए-तैयबा, जैश रिजाल अल तारिक अल नक्शबंदी, जमातुल अंसारुल मुस्लिमिनिया फी बिलादीस-सूडान (अंसारु), अल-नुस्रत फ्रंट, कंटिन्यूटी आयरिश रिपब्लिकन आर्मी और नेशनल लिब्रेशन आर्मी को इस सूची में कायम रखा है। इस महीने की 14 तारीख को जारी संघीय रजिस्टर अधिसूचना में विदेशमंत्री माइक पोम्पियो ने कहा, प्रशासनिक दस्तावेजों की समीक्षा के आधार पर ...मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि जिन परिस्थितियों के अधार पर अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन घोषित किया जाता है, उनमें इतना बदलाव नहीं आया कि इन्हें प्रतिबंधों से बाहर किया जाए और अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा उन संगठनों को प्रतिबंधों से बाहर करने की अनुमति नहीं देती। लश्कर-ए-तैयबा ने वर्ष 2008 में मुंबई पर हमले को अंजाम दिया था और अमेरिका द्वारा 2001 से ही अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन घोषित है। विदेश मंत्रालय ने पहले बताया था कि लश्कर-ए-तैयबा को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के बाद से वह प्रतिबंधों से बचने के लिए लगातार अपना नाम बदल रहा है और मुखौटा संगठन बना कर काम कर रहा है।

अमेरिका के राजस्व विभाग ने इस महीने बताया था कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों के वित्तपोषण को रोकने के अभियान के तहत अमेरिका ने वर्ष 2019 में लश्कर-ए-तैयबा की 3,42,000 डॉलर की मदद बाधित की।

कोविड टीकाकरण का केंद्रों पर पीएम का लाइव प्रसारण

# विभाग ने पहले दिन हासिल किया 75.5 प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य

● कोरोना से पहली जंग, वैक्सीन की मिली पहली डोज, 400 में 302 लोगों को लगाया गया टीका

संवाददाता। सीतापुर

**कोरोना से** जिन्होंने पहली जंग लड़ी, उन्हें वैक्सीन की पहली डोज मिली। कोरोना वैक्सीन लगने के बाद डॉक्टर से लेकर नर्स और सफाई कर्मचारी खुश नजर आए। इस डोज का जनता भी बेसब्री से इंतजार कर रही है। फिलहाल, शनिवार को कोरोना रूपी शनिवार के खात्मे का श्रीगणेश हो गया। कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह की निगरानी में और सीएमओ डॉ. मधू गैरोला व एसीएमओ डॉ. पीके सिंह, सीएमएस डॉ. सुषमा कर्णवाल के सुपरविजन में चार केंद्रों पर 100-100 कर्मचारियों को टीके लगाए गए।

आपको बता दें कि टीकाकरण में सबसे पहले महिला अस्पताल में डॉक्टर सुनीता कश्यप, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नवल किशोर मिश्रा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव में सफाई कर्मी राजेश कुमार, हिंद हॉस्पिटल मऊ अटरिया में सफाई कर्मचारी बिल्लू को टीका लगा। टीकाकरण के दौरान केंद्रों पर आए चिकित्सक समेत स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पीएम का लाइव प्रसारण भी देखा। इससे पहले जिला महिला अस्पताल के मुआयने में जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज ने कोरोना टीकाकरण की व्यवस्थाएं परखीं। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों को नसीहत दी, कि वो इससे घबराएं नहीं। कोरोना वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित हैं। आपको बता दें कि सीतापुर में पहले चरण में 16200 लाभार्थियों को टीका लगाने का लक्ष्य है। टीकाकरण के लिए सीरेंज आ गई हैं। साथ ही 19810 कोरोना वैक्सीन की डोज भी पहुंच चुकी हैं। सोलह जनवरी से शुरू हुए कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत पहले दिन जिला महिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव और हिंद हॉस्पिटल मऊ अटरिया चयनित किए गए। प्रत्येक केंद्र पर सौ-सौ स्वास्थ्य कर्मचारी बुलाए गए थे। शनिवार की सुबह स्वास्थ्य कर्मचारी पहुंच गए थे। टीकाकरण से पहले स्वास्थ्य कर्मचारियों की आईडी चेक की गई। जांच कर उन्हें चयनित टीकाकरण कक्ष में भेजा गया। टीकाकरण की शुरूआत होने से पहले जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह और सीएमओ डॉ. मधू गैरोला, डिप्टी सीएमओ डॉ. पीके सिंह, एसडीएम सदर अमित भट्ट समेत अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण कर वहां पर टीकाकरण की तैयारियों का जायजा लिया।


सीतापुर-वैक्सीन का टीका लगाते चिकित्सक


सीतापुर-कोरोना वैक्सीन टीकाकरण का जायजा लेते डीएम विशाल भारद्वाज


सीतापुर-जिला महिला अस्पताल में जायजा लेते सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार


सीतापुर-कोरोना वैक्सीन लगने के बाद मौजूद महिलाएं

### कहां कितनों को लगा टीका

| | |
|---|---|
| महिला चिकित्सालय | - 83 |
| सीएचसी हरगांव | - 95 |
| सीएचसी खैराबाद | - 86 |
| हिन्द अस्पताल | - 38 |

### बिना पंजीकरण के नहीं मिलेगी वैक्सीनः एसीएमओ

**एसीएमओ** डॉ. पीके सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति बिना पंजीकरण के कोरोना से बचाव की वैक्सीन नहीं प्राप्त कर सकता है। पंजीकरण के बाद भी संबंधित व्यक्ति को टीकाकरण स्थल, तिथि और समय की जानकारी मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। पंजीकरण के लिए और टीकाकरण केंद्र पर सत्यापन के लिए फोटोयुक्त पहचान पत्र जरूरी है। टीकाकरण के बाद लाभार्थी के मोबाइल फोन पर क्यूआर कोड आधारित एक प्रमाणपत्र भी भेजा जाएगा।

**अनुपस्थितों की बनेगी सूची-** शनिवार को शुरू हुए टीकाकरण अभियान के पहले दिन कई ऐसे लोग भी रहे जिनका नाम को-विन पोर्टल पर पंजीकृत था, लेकिन वह मौके पर टीकाकरण के लिए नहीं आए। ऐसे सभी लोगों की एक सूची तैयार की जा रही है, इन्हें टीकाकरण के लिए अलग से समय दिया जाएगा।

## फांसी लगाकर दी जान

**थानगांव सीतापुर।** खेतों की रखवाली कर रहे बालक ने मचान से रस्सी से लटककर आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया है। घटना थाना थानगांव इलाके की है। घटना के कारणों की जानकारी नहीं हो पा रही है। मामले अनुसार अंकित पुत्र संतोष पांडेय उम्र 14 वर्ष निवासी सीपतपुर थाना थानगांव इलाके का रहने वाला है।जो बीती रात अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में जानवरों से रखवाली करने के लिए गया हुआ था। अज्ञात कारणों के चलते खेत में ही बने मचान से रस्सी से लटका हुआ अंकित का शव सुबह गाँववालो को मिला। जिसकी सूचना किसी ने घरवालों को दी।मौके पर पहुंचकर परिजन शव को साथ लेकर घर चले गए ।जहां बिना पुलिस को सूचना दिए परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

84 कोसी होली परिक्रमा मेला की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

## श्रद्धालुओं को नहीं होगी किसी तरह की समस्याः डीएम

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**विश्व प्रसिद्ध** ऐतिहासिक होली परिक्रमा मेला को लेकर आज दिन शनिवार को महर्षि दधीच के पावन तपोस्थली पर मेले को लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महंत साधु संतों ने कोविड-19 के अनुपालन में अपनी समस्याएं व सुझाव रखे। भाजपा मंडल अध्यक्ष नगर क्षेत्र सतीश शास्त्री द्वारा नैमिष महत्व का वर्णन करते हुए परिक्रमा में बरसात होने पर परिक्रमा थियों को रहने की दिक्कत होना बताया गया। पुरोहित राहुल शर्मा द्वारा परिक्रमा में करो ना देखते हुए कहा गया कि 100 व्यक्तियों के स्थान पर 10 श्रद्धालुओं को ही बुलाया जाए उन्होंने दधीच कुंड की सफाई जल निकासी व सुंदरीकरण लाइट की ओर ध्यान देने की बात कही उन्होंने यह भी कहा कि महर्षि दधीचि तीर्थ सबसे पौराणिक तीर्थ स्थल है जिसको प्रशासन द्वारा या शासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि महषि दधीच तीर्थ की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। चक्रतीर्थ पुजारी राजनारायण शर्मा ने कहा कोविड-19 के अनुपालन में परीक्षण बराबर कराया जाए व कम संख्या में ही श्रद्धालुओं को बुलाया जाए हरैया शिवराम दास ने बताया कि मास्क लगाकर सरकार के सभी निर्देशों का पालन किया जाए उन्होंने बताया कि जारिगवां, चित्रकूट जैसे पड़ाव पर अतिक्रमण है साकिन गोपाल में भी काफी अतिक्रमण है सड़कों के मरम्मत कराई जाए वअतिक्रमण समय से हटवाए जाएं महनत संतोष दास खाकी ने कहा सभी परिक्रमारथियों श्रद्धालुओं को मास्क उपलब्ध कराए जाएं प्रकाश पेयजल व्यवस्था व शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अंत में जिलाधिकारी विशाल भरद्वाज ने सभी साधु संतों महंतों को आश्वासन देते हुए कहां कि सभी अधिकारी होली परिक्रमा मेला की तैयारियों को समय से देख लें सड़क ,प्रकाश ,जल की व्यवस्था, सुनिश्चित कर लें जिससे समय आने पर किसी प्रकार की समस्या किसी को ना उठानी पड़े। उप जिला अधिकारी गिरीश कुमार झा ने सभी साधु संतों को धन्यवाद देते हुए कहां की हम सब का मेला है और हम सभी को एक दूसरे का सहयोग जरूरी है इस मौके पर अधिशासी अधिकारी रुद्र प्रताप सिंह, बड़े बाबू वेद प्रकाश मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार, खंड विकास अधिकारी रामकुमार उपाध्याय, वीडियो गोंदलामऊ विकास कुमार यादव ,जेई जल निगम बिपिन कुमार सिंह, जेई पीडब्ल्यूडी जगमोहन लाल वर्मा, विद्युत एसडीओ ज्ञानेश कुमार, प्रभारी चौकी नैमिष रत्नेश कुमार त्रिपाठी ,मानिक राम वर्मा एसएसआई, अध्यक्ष परिक्रमा मेला महंत भरत दास ,महत संतोष दास सचिव ,अंजनी बाबा शिव रामदास, सतीश शास्त्री, राजू महंत, चक्रतीर्थ पुजारी राज नारायण पांडे ,सुरेश दास सहित नगर पालिका कर्मचारी गण उपस्थित रहे।


मिश्रिख-बैठक करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, विधायक रामकृष्ण भार्गव, संतोष दास व अन्य

## कोई भी आवास, शौचालय से नहीं रहेगा वंचितः सुनील

● विधायक ने किया सामुदायिक शौचालय का उद्‌घाटन

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरोध स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकासखंड लहरपुर की ग्राम पंचायतों में निर्माण कराए गए सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सुनील वर्मा द्वारा किया गया जिनमें सर्वप्रथम 8 ग्राम पंचायतों में शरीफपुर तलहा, दोस्तपुर टकेला, शेरपुर, कल्यानपुर, अन्देशनगर, अनियाकलां, सुल्तानपुर हरिप्रसाद, रायपुरगंज शामिल रहे छठी विधायक सुनील वर्मा ने संबोधित करते हुए बताया की प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री तथा भाजपा सरकार की यह मंशा है कि हमारी बहू बेटियां खुले में शौच ना जाकर शौचालयों का प्रयोग करें जिसके चलते समस्त ग्राम पंचायतों में शौचालयों का निर्माण भी कराया गया है जल्द ही जो लोग शौचालय आवास से वंचित रह गए हैं उन्हें भी इसका लाभ मिल सकेगा इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख परमेश्वर भार्गव, अवर अभियंता अवधेश कुमार, तकनीकी सहायक संतोष कुमार वर्मा, एडीओ पंचायत मोहम्मद साकिब, एडीओ सहकारिता सिद्धार्थ आर्य, एडीओ आईएसबी अनिल अवस्थी, मनोज पटेल, अवनीश, डॉ0 करन सिंह, राहुल सिंह, संजय शुक्ला, रामू वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष रमा निकेत सिंह तोमर, महेंद्र अवस्थी, मनोज गुप्ता मिंटू, अरुण सिंह आचार्य, सदस्य क्षेत्र पंचायत शुभम श्रीवास्तव, बबलू गुप्ता प्रधान प्रतिनिधि मोइन खान कलीम खान, रमेश मौर्य, मो0 अकरम, मो0 जलीस, आकाश सिंह, देश प्रीत सिंह सहित ग्राम प्रधान व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


लहरपुर-फीता काटकर शुभारम्भ करते विधायक सुनील वर्मा

## रत्नेश मिश्रा बने राष्ट्रीय हिन्दू सेना के जिलाध्यक्ष


सीतापुर-कार्यकारिणी गठन के बाद मौजूद पदाधिकारी

**सीतापुर।** शनिवार को सीतापुर में राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने रत्नेश मिश्रा को सीतापुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने कहा कि यह संगठन हिन्दुओं को संगठित करने को लेकर सकल्पवद्ध रहेगा। कार्यक्रम में डीसीएफ के चेयरमैन सत्यप्रकाश मिश्रा, भाजपा नेत्री पूनम मिश्रा, परीक्षित त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, राकेश कुमार, सौरभ आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने बैठक कर अधिकारियों को दिये निर्देश

# उत्तर प्रदेश दिवस पर दिखेगी जनपद के विकास की झलक

● आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

संवाददाता। सीतापुर

**24 से** 26 जनवरी तक आयोजित किये जाने वाले उत्तर प्रदेश दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया जाये। सभी विभाग स्टाल लगाकर अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुये जनता को लाभान्वित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस सभी संबधित विभाग अपनी कार्ययोजना बनाते हुये स्टाल लगाया जाना सुनिश्चित करें। शिक्षा, उद्योग, डूडा, स्वास्थ्य, प्रोबेशन, पशुपालन, ग्रामोद्योग आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं के विषय में अवगत कराया जायेगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किये जाने वालो का पुरस्कृत भी किया जायेगा। इसके साथ ही रोजगार सृजन हेतु सेवायोजन एवं अन्य विभागों के सहयोग से स्टाल लगाये जायेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि फोटोग्राफी एवं चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित कराई जाए जिसमे जनपद के कला, संस्कृति या विधाओं की झलक हो। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, महिला-युवा-किसान, सबका विकास सबका सम्मान विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से सम्बन्धित दिशा निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि किसान कार्यशाला का आयोजन कर किसानों को प्रोत्साहित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। मिशन शक्ति, रोजगार, स्वरोजगार, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्क्रष्ट कार्य करने व विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जायें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक सहित सबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


सीतापुर-बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

**जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश-** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार की शाम राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लेखपाल एवं कानूनगो स्तर पर लंबित प्रकरणों के साप्ताहिक निस्तारण की समीक्षा की जाय। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि लापरवाही करने वालों को चिन्हित करते हुए कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायगी। पंचायत चुनाव के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही समय से पूर्ण करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना एवं वरासत अभियान के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कराया जाय। साथ ही डिजिटाइजेशन कार्यों को भी प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। अतिक्रमण सम्बंधित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि चकरोडों पर से शीघ्र अतिक्रमण हटवाया जाय। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक सहित सभी उपजिलाधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### किसान प्रदर्शन को लेकर मुस्तैद रही पुलिस

**लहरपुर/हरगांव सीतापुर।** किसानों के दिल्ली प्रस्थान को रोंकने के लिए जिले की पुलिस संजीदा रही। लहरपुर की भदफर चौकी पुलिस पूरे दिन मुस्तैद रही। चौकी इंचार्ज संत कुमार सिंह लखीमपुर और बहराइच मार्ग पर भ्रमण करते रहे। हरगांव क्षेत्र में भी किसानों पर पुलिस का पहरा रहा। ओवरब्रिज के पास सीओ बिसवां की अगुवाई में पुलिस बल मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी हरगांव ओमप्रकाश तिवारी, थाना प्रभारी खैराबाद ओपी राय, अपराध निरीक्षक हरगांव वीरेन्द्र कुमार पंकज आदि ने कमान संभाली। उधर किसान आंदोलन को लेकर इटौंजा टोल टैक्स षनिवार को छावनी में तब्दील हो गया। वहीं कुंवरपुर चेक पोस्ट पर सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद और अटरिया थाना प्रभारी रामनरेश यादव दलबल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान वाहनों की चेकिंग भी गई।

### कट्‌टे की बट से किया युवक पर हमला

**सीतापुर।** पुलिस प्रमुख की कड़ी कार्यशैली भी अपराधियों के जेहन में खौफ नहीं बना पा रही है। शनिवार को दिन दहाड़े पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चंद कदम दूरी पर एचडीएफसी बैंक के निकट छोटू व उसके साथियों ने तरीनपुर के आयुश श्रीवास्तव पर कट्टे से फायर किया और बटों से भी पिटाई की। छोटू और आयुश श्रीवास्तव अग्रवाल ऑटोसेल्स में काम करते हैं, दोनों में किसी बात को लेकर बहस हो गई थी। प्रत्यक्षदर्षियों की माने तों तमंचा होने के चलते वह बीच बराव नहीं कर पाए। वहीं पुलिस मामले को हल्का करने में जुटी है।

### छात्र ने लगाई फांसी

**सीतापुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक एलिया के मैकेनिकल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के छात्र 19 वर्षीय आयुष विश्वकर्मा ने फांसी लगाकर जान दे दी है। छात्र मिर्जापुर के गांव राजपुर आमाघाट का निवासी था। वह पिछले 2 वर्षों से इमलिया के सोहई बांव हरद्वारी लाल यादव के माकन में किराए से रहता था। पुलिस का कहना है कि युवक के पास सुसाइड नोट मिला है, उसमें दो वर्श से मां बाप का पैसा बर्बाद करने की बात लिखी है।

### कांग्रेस का चला सृजन अभियान

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के गांव भवानीपुर में कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान चलाया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. विनोद दीक्षित ने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार पर मंथन किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य घनश्याम लाल शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव कन्हैयाजी मेहरोत्रा, दिलीप शुक्ला, जिला सचिव बीलू शुक्ला, सुधाकर मिश्रा, राजू अंसारी, लल्लूराम शुक्ला, प्यारेलाल लोधी, अरविंद कुमार भार्गव, गोपीचंद लोधी, शिव कुमार शुक्ला, कमलेश कुमार, गौरी शंकर भार्गव त्रिवेदी मिश्रा, राम कुमार मिश्रा, ओम किशन आदि मौजूद थे।

### नाबालिग ने लगाई फांसी

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां कोतवाली के गांव कबिलाबाद में 12 वर्षीय नाबालिग बालिका अंजलि का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कपड़े के बने फांसी के फंदे से घर में लटकता मिला। मृतका के चाचा कामता प्रसाद ने बताया कि अंजलि मानसिक रूप से विछिप्त थी। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि षव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### अयोध्या ले जाई जाएगी विशाल रामचरित मानस किताब

**सीतापुर।** अयोध्या में सीतापुर के राम मंदिर मॉडल की धूम मचने के बाद अब बनाए जा रहे भव्य श्रीराम मंदिर के लिए सीता की नगरी से विश्व की सबसे बड़ी रामचरित मानस बनाकर ले जाई जाएगी। 6 बाई 6 फिट आकार की इस रामचरित मानस को बनाने में 12 से 15 माह लगेंगे। इसे बनाने वाले मां वैश्णो ग्रुप के मोनू शुक्ल ने बताया कि श्री बिहारी जी बड़ा मंदिर माखूपुर खैराबाद के सानिध्य में इसका निर्माण कराया जाएगा।

### कार व बाइक की टक्कर से पिता-पुत्री गम्भीर घायल

● पुलिस ने घायलों को भेजा जिला अस्पताल

**मानपुर सीतापुर।** थाना क्षेत्र में कार व बाइक की आपसी टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार पिता व पुत्री गम्भीर रूप से घायल हो गए। जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। मानपुर पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर घायलों को जिला अस्पताल इलाज हेतु भिजवा दिया। वहीं पर दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पिपरी बेनीसिंह निवासी दीन मोहम्मद पुत्र लाल मोहम्मद अपनी बाइक संख्या यूपी. 34 एआर. 5030 से सीतापुर जा रहा था। सीतापुर की ओर से आ रही समशेर बाग निवासी चन्द्रकुमार बाजपेई की वैगन आर संख्या यूपी. 34 एम 4480 उक्त बाइक से टकरा गई। आज शनिवार सुबह दस बजे हुई इस घटना के चलते बाइक सवार दीन मोहम्मद व उसकी पुत्री गम्भीर रूप से घायल हो गई। थाना प्रभारी मानपुर संजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों घायलों को जिला अस्पताल इलाज हेतु भेज दिया। जहां पर घायलों की हालत चिंता जनक बताई जा रही है। जबकि दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस ने फरार चालक की तलाश करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# 295 स्वास्थ्यकर्मियों को लगे टीके

## चार स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ वैक्सीनेशन का शुभारंभ

संवाददाता लखीमपुर-खीरी।









**शनिवार** को जिले के चार चिकित्सा केंद्रों पर कोविड टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हुआ। चारों चिकित्सा केंद्रों पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन के उपरांत टीकाकरण प्रोटोकॉल के साथ प्रारंभ हुआ। समाचार लिखे जाने तक जिला चिकित्सालय में 86, जिला महिला चिकित्सालय में 63, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में 76, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज में 70 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण हुआ। जिले भर में कुल 295 स्वास्थ्य कर्मियों को टीके लगाए गए।

जिला चिकित्सालय में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसपी विजय ढुल ने सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल, सीएमएस डा. आरसी अग्रवाल व एसडीएम रेनू सहित अन्य चिकित्सा अधिकारियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा। सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग की सफाई कर्मचारी रंजना का टीकाकरण हुआ। इसके उपरांत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरसी अग्रवाल का भी टीकाकरण हुआ। डीएम-एसपी जिला महिला चिकित्सालय पहुंचे जहां पहला टीका मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल को लगाया गया। इसके उपरांत सीएमएस डा. नसरीन ने भी टीका लगवाया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में पहला टीका आशा बहू अमिता मिश्रा व दूसरा करुणा मिश्रा, सीएचसी बांकेगंज में आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगीता को पहला व दूसरा मिथलेश वर्मा को लगाया गया।

इस मौके पर डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वैक्सीनेशन के प्रथम चरण के प्रथम दिन की शुरुआत हो गई है। बहुत दिनों की प्रतीक्षा के बाद वैज्ञानिकों ने इसे भारत में ही विकसित किया है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में तय रणनीति के मुताबिक हेल्थ वर्कर्स का टीकाकरण किया जा रहा है।

डीएम ने कोविड-19 टीकाकरण का अपडेट पोर्टल पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीकाकरण केन्द्रों पर मास्क, सेनाटाइजर व दो गज की सामाजिक दूरी का पालन करते हेतु टीकाकरण अभियान को सफल बनाया जाए। शनिवार को जिले के चार स्वास्थ्य केंद्रों जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम एवं बांकेगंज में 295 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया गया।

**मैलानी संवाददाता के अनुसार,** बांकेगंज लखीमपुर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोरोना वैक्सीन का प्रथम टीका संगीता देवी आंगनबाड़ी वर्कर व दूसरा टीका मिथिलेश वर्मा संसारपुर को लगाया गया। स्वास्थ्य केंद्र के प्रथम काउंटर पर पहचान पत्र देखकर सेनीटाइजरन करके प्रवेश करने दिया जा रहा था। फिर पुन: काउंटर नंबर दो पर आईडी प्रूफ कर इंजेक्शन रूम में प्रवेश करने दिया जा रहा था। इंजेक्शन लगाने के उपरांत आधा घंटे तक अवलोकन कक्ष मैं देखभाल के लिए आधे घंटे तक बैठाया जाता था। उसके उपरांत जाने की अनुमति दी जाती थी। टीका लगने के बाद प्रथम टीका लगी। महिला संगीता देवी काफी प्रसन्न दिखाई दे रही थी। उन्होंने बताया कि टीका लगने के बाद उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। यह टीका सभी को लगवाना चाहिए। एडिशनल एसपी अरुण कुमार व एडीएम अरुण कुमार सिंह ने सीएससी पहुंच निरीक्षण किया। सीएससी अधीक्षक केके रंजन ने बताया कि प्रथम दिन कोरोना वैक्सीन का टीका आंगनबाड़ी वर्कर आशा वर्कर स्वास्थ्य कर्मियों सहित 100 लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि दूसरा टीकाकरण 28 दिन के बाद इन्हीं लोगों को लगाया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कुमार यादव, खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सिंह, सीएससी अधीक्षक केके रंजन सहित डाक्टर स्टाफ व स्वास्थ्य कर्मचारी इंस्पेक्टर मैलानी विद्याशंकर शुक्ला चौकी इंचार्ज केके यादव सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**बेहजम संवाददाता के अनुसार,** जनपद के चार जगहों पर शुरू किए गए टीकाकरण के क्रम में बेहजम सीएचसी के सैकड़ों स्वास्थ्य वर्करों को वैक्सीन लगाई गई है। इस अभियान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, एडिशनल सीएमओ, खंड विकास अधिकारी के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए नीमगांव पुलिस अपने दल बल के साथ वैक्सीन लगवाने वालों की सुरक्षा व्यवस्था व देखरेख में लगे रहे। सरकार के द्वारा बेहजम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के 100 स्वास्थ्य कर्मचारी जिसमें आशा वर्कर आंगनवाड़ी वर्कर के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मचारियों के भी कोरोना वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें सबसे पहले आशा कार्यकर्ती ताजपुर अमिता मिश्रा को कोविड-19 की वैक्सीन लगाई गई। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से चयनित की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया था। सूत्र बताते हैं कि जिसमें करीब 23 आंगनबाड़ी कार्यकर्ती इस महाअभियान में भाग लेने से वंचित रहे। जिससे उन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कोरोना वैक्सीन नहीं लगाई जा सकी जबकि सरकार की तरफ से 100 लोगों के नाम चयनित किए गए थे। उसमें से 76 स्वास्थ्य कर्मचारियों को वैक्सीन लगाई गई जबकि सूची में शैलेंद्र देवी आशा का नाम डबल होने के नाते 99 स्वास्थ्य कर्मचारियों के वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया था। 76 लोगों का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद सिंह, एडिशनल सीएमओ अश्वनी कुमार, डिप्टी सीएमओ बलवीर सिंह, खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर नीमगांव गजेंद्र सिंह, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. अनिल वर्मा, बीसीपीएम संदीप मिश्रा व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संतोष शुक्ला सहित सैकड़ों स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

**अपराधों पर अंकुश लगाने को चौकीदारों के साथ एसपी की बैठक:** फतेहपुर। जनपद में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल ने जनपद के सभी थानों में चौकीदारों को बुलाकर विचार-विमर्श किया तथा सूचनाओं का सही समय से अवगत कराने की अपील की। उन्होंने चौकीदारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बिना आप लोगों की सहायता से पुलिस कुछ नहीं कर सकती। आप लोग ही सरकार के सच्चे सिपाही हैं जो समय-समय पर अपने गांवों से हम लोगों तक घटना के बावत सूचना पहुंचाते रहते हैं। घटनाओं को रोंकने के लिए पुलिस कप्तान ने आज जनपद के सभी थानों में चौकीदारों के साथ विचार-विमर्श करते हुए कहा कि वह छोटे से छोटे विवादों के मामलों को भी थानाध्यक्ष के संज्ञान में लायें।

## बीसी संचालक को गोली मारी,लूटा बैग

**मोहम्मदी-खीरी।** पसगवां कोतवाली क्षेत्र के गांव सुहौना के निकट तममी खां के भट्टे के पास दो बाइक सवार असलहाधारी बदमाशों ने बीसी संचालक के गोली मार कर पैसों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। लूट व गोली मारने की घटना सुनते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर पसगवां कोतवाली पुलिस व हरदोई जनपद के एडिशनल एसपी शाहाबाद सीओ सहित क्राइम ब्रांच टीम व एसओजी टीम, मीडिया सेल टीम ने मौका मुआयना किया। मामला पसगवां कोतवाली व पिहानी कोतवाली के बॉर्डर पर हुआ लेकिन जिस जगह पर घटना हुई। वहां से पिहानी कोतवाली का क्षेत्र लगता है। घटना के बाद मौके पर मौजूद पीड़ित विनोद कुमार पुत्र रामपाल निवासी ग्राम कोटरी कोतवाली मैगलगंज ने बताया कि वह अपने घर से रोजाना की भांति 10 बजे के आसपास अपने सेंटर पसगवां कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदिला चौराहा पर सांसद रेखा वर्मा के भट्टे पर पैसों व कागजात से भरा बैग लेकर अपनी बाइक से जा रहा था। तभी जहानीखेड़ा की तरह से पीछे से आ रहे दो बाइक सवार असलहाधारियों ने मेरी बाइक में धक्का मार कर गिरा दिया। मेरे ऊपर फायर कर दिया जिसकी चोट मेरे सीने में बड़ी तेज लगी है लेकिन घाव नहीं हुआ। जैकेट के ऊपर बारूद के निशान लग गए हैं। फायर लगने से सीने में खून जम गया है। पीड़ित ने बताया कि बदमाश घटना के बाद जहानीखेड़ा की तरफ भागे हैं। ग्राहक सेवा केंद्र प्रभारी ने बताया कि उसकी बैग में लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये थे और पेन कार्ड आधार कार्ड अन्य कागजात थे। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार जिस जगह पर हादसा हुआ उस जगह पर लोगों का आवागमन बना रहता है। जिसके कारण लुटेरे पीड़ित का मोबाइल आदि नहीं छीन सके। घटना के बाद सबसे पहले पीड़ित ने भट्टे पर सूचना दी उसके बाद 112 पुलिस को। मामले को लेकर पसगवां कोतवाली प्रभारी आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद पसगवां पुलिस अलर्ट है। लगातार चेकिंग की जा रही है । वही हरदोई जनपद के एडिशनल एसपी कपिल चंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

# फतेहपुर में महिला सीएमएस डॉ. रेखारानी को लगाया गया कोरोना का पहला टीका

## प्रतिरक्षित लोगों को 15 फरवरी को दी जाएगी दूसरी डोज

संवाददाता। फतेहपुर



**जिले में** जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ0 रेखारानी को कोरोना का पहला टीका लगने के साथ ही शनिवार को कोविड 19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। प्रतिरक्षित लोगों को कोविड 19 टीका की अगली डोज के लिए 15 फरवरी की तारीख दी गई है। इसके लिए उनके मोबाइल पर मैसेज भी आएगा। टीका लगने के बाद महिला सीएमएस ने बताया कि कोरोना से बचाव का यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है। टीका लगने के बाद किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होती है। सभी को यह टीका लगवाना चाहिये। उन्होंने कहा कि टीकाकरण को लेकर किसी भी भ्रांति में न पडें। शासन के दिशा निर्देश के अनुसार सभी को टीका लगाया जायेगा।

जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि कोरोना वायरस कि अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। विश्व में तबाही मचाने वाले कोविड-19 वायरस जैसी विकराल समस्या का अब समाधान निकल चुका है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल चार अस्पतालों में भी जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निगरानी में टीके को लांच किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 86345 सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। 3756 मरीज पॉजिटिव आए हैं। अब तक 3306 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 36 एक्टिव केस हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 गोपाल माहेश्वरी ने बताया कि जनपद में कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीन की 11860 डोज जिले को प्राप्त हो चुकी हैं। शनिवार को लांचिंग के लिए जिला, ब्लॉक एवं सत्र स्तर पर नोडल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को नामित किया गया था। इसके पहले जिले में दो बार ड्राई रन यानी पूर्वाभ्यास भी किया जा चुका है। सीएमओ ने कहा कि भारत में विकसित कोरोना वैक्सीन पूरी तरह प्रभावी है। कोल्ड चेन के मानकों को पूर्ण करते हुये यह वैक्सीन जिले में आई है। अत्याधुनिक तकनीक से हम कोल्ड चेन बनाए हुये हैं। सीएमओ ने बताया कि पहले डोज के बाद दूसरा डोज 28वें दिन लगेगा। टीका लगने के बाद आधे घंटे तक टीकाकरण केंद्र पर रुकना होगा। प्रतिरक्षित व्यक्ति को यदि बेचैनी या किसी भी तरह की समस्या होती है तो निकटतम स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम और आशा को इसकी सूचना दें। इसके लिए एंबुलेंस सेवा 108 भी उपलब्ध रहेगी। प्रतिरक्षित व्यक्ति भी कोरोना अनुरूप व्यवहारों जैसे मास्क पहनना, हाथ की सफाई और 6 फीट की शारीरिक दूरी बनाये रखने का पालन करें। उन्होंने बताया कि उच्च जोखिम वाले समूहों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है। इन्हें तीन समूहों में बांटा गया है। पहले समूह में हेल्थकेयर वर्कर, दूसरे समूह में फ्रंटलाइन वर्कर, तीसरे समूह में 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति तथा जो पहले से ही किसी रोग से ग्रसित हैं।

# मण्डलायुक्त, डीएम ने किया कोविड टीकाकरण बूथ का किया शुभारंभ



**बरेली।** कोविड 19 से बचाव के लिये स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा भेजी गई कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण का आज महिला अस्साल में मण्डलायुक्त रणवीर प्रसाद और जिला अधिकारी नीतेश कुमार द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया । जिला महिला अस्पताल के फार्मासिस्ट अजय कन्नोजिया को पहला कोरोना का टीका लगाया गया । इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा दिया गया कोरोना का टीका पूर्ण सुरक्षित है और जनपद में 8 स्थानों पर लगाया जारहा है । महिला अस्पताल में टीका करण बूथ पर पहले दिन स्वास्थ्य कर्मियो को लगाया जा रहा है । दूसरी डोज 15 फरवरी को लगाई जाएगी । महिला अस्पताल की सी एम एस डॉक्टर अलका शर्मा ने बताया कि तीन कक्ष बनाये गए है । पहले कक्ष में पंजिकरण होगा, दूसरे कक्ष में टीका लगाया जारहा है, और तीसरे कक्ष में टीका लगाने के बाद निगरानी में मरीज की रखा जाएगा । महिला अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियो को वर्णमाला के आधार पर बुला कर टीका लग गया । इस अवसर पर ए डी हेल्थ डॉक्टर सूर्य प्रकाश, डॉक्टर सुबोध शर्मा, डॉक्टर रंजन गौतम, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉक्टर ए के गौतम, डॉक्टर पी वी कौशिक, जिला प्रशासन के अधिकारियो में सी डी ओ चंद्र मोहन गर्ग एडीएम प्रशाशन महेंद्र कुमार, एसएसपी रोहित सजवाण, एस पी क्राइम सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# चौकी प्रभारी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

## मुख्यमंत्री दरबार के आदेश के बाद दर्ज हुआ मामला

संवाददाता। शाहजहांपुर



> आरोपित दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है इस मामले की विवेचना दूसरे जनपद को स्थानांतरित करने के लिए आईजी को पत्र लिखा गया है
> **एस. आनन्द**
> **पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर**

**मुख्यमंत्री के** आदेश पर चौकी प्रभारी पर रेप का मामला दर्ज हुआ पीड़ित महिला ने चौकी प्रभारी पर बलात्कार का आरोप लगाया। महिला की माने तो कि पूर्व में भी कलान थाने का तत्कालीन थानाध्यक्ष सुनील शर्मा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद जब पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगवा ली। तो पीड़ित महिला मुख्यमंत्री के दरबार में पेश होकर आप बीती सुनाई जिसके बाद मुकदमा दर्ज करने का आदेश हुआ।

गौरतलब है कि बदायूं की रहने वाली एक महिला ने जलालाबाद थाना क्षेत्र की खंडहर चौकी प्रभारी सुनील शर्मा पर बलात्कार करने का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति के साथ विवाद हो गया था तब वह कलान के तत्कालीन थानाध्यक्ष सुनील शर्मा के पास गई थी तो उन्होंने समझौता कराने के बहाने कमरे में बुलाकर उसके साथ रेप किया था जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी लेकिन क्राइम ब्रांच ने जांच में उन्हें दोषमुक्त कर दिया था। लेकिन उन्होंने पुलिसिया घुसपैठ दिखाते हुए इस मामले में एफआर लगवा ली। महिला का कहना है कि वह अपने पति से मुकदमे की तारीख में शाहजहांपुर गई हुई थी और जलालाबाद से कलान जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रही थी। इसी समय योजना के अनुसार पूर्व थानाध्यक्ष एवं वर्तमान में जलालाबाद थाने के खण्डहर चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने उसे अगवा कर लिया और सुनसान जगह पर बलात्कार किया । महिला का कहना है कि वह इस घटना की जानकारी देने थाना स्तर एवं जिला स्तर पर अधिकारियों के पास गई लेकिन अधिकारियों ने उसकी एक न सुनी। मजबूरन उसे मुख्यमंत्री आवास पर जाकर फरियाद सुनानी पड़ी। मुख्यमंत्री ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश देने के बाद तुरंत कार्रवाई करने के आदेश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद शाहजहांपुर के महिला थाने में उप निरीक्षक सुनील शर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अभी उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पढ़े शाहजहांपुर-बढ़े शाहजहांपुर अभियान

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में कैम्प लगा कर प्रतिभाग और वोटिंग की अपील



**शाहजहांपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम ने ओ.सी.एफ फैक्ट्री के सामने स्वर्ण जयंती स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित पढे शाहजहॉपुर-बढे शाहजहॉपुर कार्यक्रम में लोगो से स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में प्रतिभाग करने की अपील की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर आयुक्त ने योग कर रहे बच्चो को मेडल देकर सम्मानित किया। ओ.सी.एफ फैक्ट्री के सामने स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित पढे शाहजहॉपुर-बढे शाहजहॉपुर कार्यक्रम में नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में प्रतिभाग कराने हेतु 02 कैनोपी लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा शर्मा, पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द, विधायक रोशन लाल वर्मा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नगर निगम को देश में सर्वोत्तम स्थान पर लाने के लिये कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं एवं अन्य संभ्रान्त नागरिको से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के साथ-साथ वोटिंग करने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में नगर आयुक्त द्वारा सभी छात्र छात्राओ को बताया गया कि 01 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक चलने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने के लिये सम्पूर्ण भारत के नगर निकाय प्रतिभाग कर रहे है। इसी के दृश्टिगत नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम द्वारा आज ओ.सी.एफ फैक्ट्री के सामने स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित पढे शाहजहॉपुर-बढे शाहजहॉपुर कार्यक्रम में कैम्प लगाकर प्रतिभाग एवं वोटिंग करने की अपील की गई। साथ ही नगर आयुक्त द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित छात्र-छात्राओ को 01 जनवरी 2021 से चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में सर्वेक्षण के दौरान पूछे जाने वाले 08 प्रश्नों एवं उनके उत्तरों के बारे में भी बताया गया तथा स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 की जानकारी एवं वोटिंग हेतु नगर निगम द्वारा 02 कैनोपी लगाकर लगभग 300 छात्र-छात्राओ एवं अन्य सम्भ्रान्त नागरिको द्वारा प्रतिभाग कर नगर निगम को देश मे प्रथम स्थान लाने के लिये वोटिंग की गई। इस मौके पर नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा, उपनगर आयुक्त आशुतोश कुमार दुबे, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. ओ.पी. गौतम एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### खिचड़ी भोज व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन



**तिकुनियां-खीरी।** भाजपा सांसद अजय मिश्र टेनी के पैतृक गांव बनवीरपुर में खिचड़ी भोज और कार्यकर्ता सम्मेलन संपंन्न हुआ। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहें। सांसद अजय मिश्र टेनी ने कहा कि देश के बाहर और अंदर रह रही ताकतें देश की संस्कृति को चोट पहुंचा रही हैं। विपक्ष मुद्दों से हटकर व्यक्ति के विरोध पर उतर आया है। कृषि बिल किसानों के लिए फायदेमंद है। पहले के अधिकार तो है ही और प्रगति के लिए और सुविधाएं बिल में समाहित हैं। उन्होंने किसान आंदोलन में किसानों का मुखौटा लगाकर शामिल लोगों की निंदा करते हुए कहा कि प्रतिबंधित संगठन आंदोलन में सामानों की पूर्ति कर रहे हैं। आर्थिक मदद भी दे रहे हैं। लगता है कि शाहीन बाग वाले चेहरे किसान आंदोलन में शामिल हो गए हैं। उन्होंने धारा 370, 35ए, राममंदिर, नागरिकता संशोधन बिल व शिक्षा नीति आदि विषयों पर भी प्रकाश डाला। उपस्थित कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने को कहा। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र उढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को सदर विधायक योगेश वर्मा, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, डा. अभिमन्यु मिश्र व आशीष मिश्र मोनू आदि ने भी संबोधित किया। संचालन अरविंद सिंह संजय ने किया। सम्मेलन में दीपक पुरी, मुन्नालाल अवस्थी, दीपक तलवार, आरडी राय, सतीश चौधरी, अम्बरीष सिंह, दरोगा सिंह, नागेंद्र सिंह सेंगर, कनकपाल राणा, रतीराम लोधी, विकास मिश्र, मोहित त्रिवेदी, प्रज्ञानंद श्रीवास्तव, हरीश पांडे, पंकज मिश्र, बाबूराम शर्मा, बबलू गुप्ता, संगम लाल मिश्रा, बनवारी यादव व रामनाथ सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रामदूतों ने शुरू किया समर्पण निधि एकत्रीकरण

**बरेली।** भगवान श्रीराम के अयोध्या मे भव्य मन्दिर निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद की टोलिया शुक्रवार को सुबह से ही समर्पण निधि एकत्रित करने के लिए लोगो के द्वार द्वार पहुंचने लगी। पूरे जिले मे अलग ही माहौल बना हुआ है। जगह-जगह लोग समर्पण निधि के लिए खुद ब खुद घर के बाहर खड़े होकर टोलियो का इंतजार कर रहे है। जिसकी जो भी आस्था, श्रद्धा और सहयोग करने की क्षमता है। उसके मुताबिक लोग सहयोग राशि दे रहे है। खास बात यह है कि इस अभियान मे बीजेपी के पदाधिकारी भी लगे हुए है। जहा अलग अलग इलाके मे टोलिया समर्पण निधि लेने के लिए लोगो के घर घर पहुंची। वही केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, शहर विधायक अरुण कुमार, महापौर डा. उमेश गौतम और आरएसएस के विभाग प्रचारक ने भी समर्पण निधि एकत्रित की। इन्होंने उद्यमी दिनेश गोयल से पांच लाख का चेक समर्पण निधि के रूप मे लिया। अभियान चला रही विश्व हिंदू परिषद ने महानगर मे 150 टोलिया बनाई है जोकि लोगो से समर्पण निधि के लिए आग्रह कर रही है। प्रत्येक टोली मे 10-10 लोग है, इन्हे रामदूत का नाम दिया गया है। इनके नाम तय है। पिछले रविवार को सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक इन्हे मिनी बाईपास पर निर्मल रिसोर्ट मे बुलाया गया था।

### संयुक्त विकास आयुक्त ने तेलियानी ब्लॉक का किया निरीक्षण



**फतेहपुर।** विकास खण्ड तेलियानी में संयुक्त विकास आयुक्त प्रयागराज मण्डल डॉ0 अवधेश कुमार बाजपेयी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज निरीक्षण किया गया। रास्तें में जाम होने के कारण 3 घण्टे विलम्ब से खण्ड विकास कार्यालय पंहुचे। जहां पर उन्होनें बारीकी से एक-एक आलमारी में रखे अभिलेख देखे। स्थापना लिपिक को अभिलेख दुरूस्त करने के निर्देश दिये। वहीं मनरेगा सेल, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचम वित्त आयोग की पत्रावली को खंगाला। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य, पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र आदि को समय से पूर्ण करने, ब्लॉक में शौचालय निर्माण कराने का निर्देश दिये। खण्ड विकास अधिकारी प्रतिमा वर्मा को समस्त कार्य स्थल पर जाकर देखने के निर्देश दिये। इस दौरान जेई गोविन्द राम, मनरेगा सेल प्रभारी मो0 फुरकान अंसारी, विष्णु वर्मा, एपीओ प्रीति सिंह आदि मौजूद रहीं।

### सड़क हादसें में बालक समेत दो की मौत

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अन्तर्गत शुक्रवार की शाम हुये सडक हादसे के दौरान 7 वर्षीय बालक समेत दो लोगो की मौत हो गयी। वही एक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सेमरहटा गांव निवासी जगतपाल अपने पुत्र शिवाशु के साथ मोटर साइकिल द्वारा अपनी ससुराल गाजीपुर थाना क्षेत्र के खेसहन गांव गया था देर शाम वापस लौटते समय जैसे ही बाइक सदर कोतवाली क्षेत्र के नउवाबाग एनएचटू में पहुची तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बालक शिवांशु की मौके पर ही मौत हो गयी। जब उसके पिता को मामूली खरोचे आयी। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के गढीवा गांव निवासी रामसजीवन का पुत्र सुमित मोहल्ले के ही छोटू पुत्र रामराज के साथ मोटर साइकिल द्वारा नेवलापुर किसी काम से गया था वापस लौटते समय जैसे यह लोग मलवा थाना के दलीपुर मोड के पास पहुची तभी सामने से आ रहे टैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे सुनील की घटना स्थल पर मौत हो गयी वही उसका साथी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर सूचना पाकर पुलिस ने जिला चिकित्सालय मर्चरी पहुचकर दोनो शवो को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद दोनो परिजनो में कोहराम मच गया।

### राम जन्मभूमि निर्माण निधि समर्पण समिति की बैठक सम्पन्न

**खागा (फतेहपुर)।** श्री राम मंदिर निर्माण निधि के चलते संघ के प्रांत प्रचारक सहित तमाम विशिष्ट अधिकारियों ने जिला स्तरीय बैठक विद्या मंदिर परिसर में आयोजित किया। जिसमें सभी श्रीराम प्रेमियों से आवाहन किया गया कि 15 जनवरी से 15 फरवरी तक इस जागरूकता अभियान में अपना पूर्ण सहयोग एवं अपनी कमाई का थोड़ा सा हिस्सा देकर अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर में अपना सहयोग प्रदान करें। जिसके लिए 54 न्याय पंचायतों में समितियां व नगर में 6 समितियां बनाई गई। जिनको अपनी सहयोग राशि देकर मंदिर निर्माण में अपनी हिस्सेदारी करें। इस मौके पर श्रीराम जी प्रांत प्रचारक भवानी, सह विभाग कार्यवाहक कृष्ण स्वरूप, जिला प्रचारक व्यापार-मण्डल खागा के अध्यक्ष शिवचन्द्र शुक्ल, अमित, नगर संघ चालक राम बाबू, विश्व हिंदू परिषद के शिव स्वरूप, विभाग प्रचारक सर्वेश, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, प्रवीण पाण्डेय तथा अल्पसंख्यक समाज के पूर्व अध्यक्ष असलम सिद्दीकी सहित तमाम विशिष्ट व भाजपा सहित तमाम हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।

### कोरोना टीकाकरण: स्वास्थ्य कर्मियों ने लगवाए टीके



**शाहजहांपुर।** जिले में शनिवार को कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण शुरू हुआ जिले में सभी स्वास्थ्य केंद्रों में टीमे का वैक्सीनेशन के लिए रजिस्ट्रेशन हुआ था जिसके बाद शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाया। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र भावल खेड़ा में शुभारम्भ कर स्वास्थ्यकर्मियों को हौसला दिया। जिले में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों के टीके लगाए गए इस दौरान यूनिसेफ की प्रभारी हुदा जहरा ने कहा पहले चरण में स्वास्थ्य कर्मियों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने रजिस्ट्रेशन के बाद स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य केंद्र अलाट किए थे उन्होंने कहा कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाने के बाद मुझको बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने टीका लगवाया।

### शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, हिस्ट्रीशीटर सहित बदमाश गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक एस आंनद के आदेश पर अवैध असलहा रखने वाले व बनाने वालो को चिन्हित कर गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत तिलहर मोबाइल टावर के पास बने कमरे से छापेमारी के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड कर मौके से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस की छापेमारी में प्रदुमन पुत्र नरवीर थाना रोजा जिला शाहजहाँपुर (हिस्ट्रीशीटर), बाबूराम निराला पुत्र जानकी प्रसाद जिला बरेली, शिवपाल पुत्र गिरजा दयाल जिला शाहजहाँपुर, महेन्द्र पुत्र गिरजा दयाल नि0ग्राम शिवदासपुर थाना तिलहर जिला के पास से अवैध देशी तमंचा बनाते हुए गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम द्वारा 6 तमन्चे 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, एक पौनिया 315 बोर, एक बन्दूक 12 बोर, एक रिवाल्वर 32 बोर, 5 तमंचे अधबने, 8 नाल, बारूद, छर्रे, 12 कारतूस 315 बोर जिन्दा, 20 खोखा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 12 बोर तथा 12 बुलेट तथा शस्त्र बनाने के उपकरणों जैसे ड्रिल संडासी छेनी सुम्भे पंखा आरी रेती कोयला आदि उपकरण बरामद किया गया।

# मण्डलायुक्त ने अमराहट कैनाल पंप परियोजना का किया गहन निरीक्षण



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जनपद के** सिकंदरा तहसील क्षेत्र के अमराहट पंप नहर परियोजना के द्वितीय चरण के कार्य का कानपुर मंडल के आयुक्त डॉ0 राज शेखर ने परियोजना का निरीक्षण किया। उक्त परियोजना वर्ष 2010 में प्रारंभ हुई थी जिसका मार्च 2020 तक व्यय 105.69 करोड़ हुआ है इस परियोजना से भोगनीपुर ब्रांच के किलोमीटर 169.5 से नीचे 10 भाग में वर्तमान में 26430 हेक्टेयर खेत की सिंचाई जनपद कानपुर देहात में हो रही है उक्त परियोजना के पूर्ण होने से 19830 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। तहसील भोगनीपुर, सिकन्दरा एवं डेरापुर के 122 ग्राम जिसकी कुल आबादी 1.97 लाख लोगों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। इस परियोजना को जल्द से जल्द संचालन करने एवं किसानों को सुविधा का लाभ दिए जाने को लेकर मण्डलायुक्त डॉ. राजशेखर ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र व परियोजना के अधीक्षण अभियंता सहित अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और परियोजना का संचालन करने में आ रही वित्तीय समस्या व अन्य समस्याओं के बावत शासन को संक्षिप्त रिपोर्ट भेजे जाने एवं कार्य में गति लाने को लेकर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल, संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर अभय कुमार शाही, जिला सूचना अधिकारी वीएन पांडेय, उप जिलाधिकारी सिकन्दरा रामचंद्र यादव, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

### ग्राम अमराहट व चौपाल में वरासत अभियान व शासन की प्रमुख योजनाओ की दी जानकारी

**कानपुर देहात।** जनपद के तहसील सिकंदरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमराहट में वरासत अभियान व उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं की ग्राम चौपाल में कानपुर मण्डलायुक्त डा0 राज शेखर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ग्राम चौपाल में मण्डलायुक्त ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बावत जानकारी दी और कैनाल पंप परियोजना के माध्यम से जनपद के लोगों को कितना लाभ होगा इसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के तहत कोविड वैक्सीन लगाये जाने की प्रथम चरण की प्रक्रिया आज से प्रारंभ की गयी है। कोविड वैक्सीन अपने देश ने बनायी है इसके लिए सभी को वैक्सीन लगायी जायेगी तथा दूसरे देश को भी दी जायेगी। मा0 प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी कोविड वैक्सीन प्रथम चरण की प्रक्रिया लगाये जाने का शुभारंभ कर रहे है। उन्होंने कहा कि वरासत अभियान के तहत मृतक के वारिसानों को चिन्हित कर उनका नाम खतौनी में दर्ज कराये जाने का अभियान चलाया जा रहा है तथा वारिसानों को निःशुल्क खतौनी वितरित की जा रही है। इस मौके पर किसानों को वरासत की खतौनी वितरित की गई तथा गरीब, निर्बल, असहाय वर्ग के लोगों को निशुल्क कंबल भी वितरित किए गए। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल, संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर अभय कुमार शाही, जिला सूचना अधिकारी वीएन पांडेय, उप जिलाधिकारी सिकन्दरा रामचंद्र यादव, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## दो गांव में चोरों ने ताले तोड़कर चार घरों में की ताबड़तोड़ चोरियां

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** चोरों का कहर क्षेत्र में थमने का नाम नहीं ले रहा है। गत रात कोतवाली क्षेत्र कायमगंज के गांव रायपुर खास एवं इसी के पड़ोसी गांव रामनगर को शातिर चोरों ने अपना निशाना बनाया। गांव रायपुर खास निवासी राजू पुत्र हरिप्रसाद के मकान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोर घर में प्रवेश कर गए। गृहस्वामी के अनुसार चोरों ने बक्से आदि खंगाल कर एक नग सोने की बेसर, एक करधनी चांदी की, एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी कुंडल सोने के तथा कपड़े आदि चुरा लिए। इसके बाद चोरों ने अगला निशाना इसी गांव की निवासी अनारकली पत्नी रामस्वरूप के घर को बनाया। जिस समय चोर इनके घर में घुसे उस वक्त गृह स्वामी घर पर नहीं था। सूने घर से चोरों ने क्या चुराया। इसकी जानकारी गृह स्वामी के आने पर ही हो सकेगी। इतना करने के उपरांत चोर यही बसे पड़ोसी गांव रामनगर जा धमके। जहां शातिर चोरों ने विमल के घर पर धावा बोलकर कमरे का ताला तोड़ा और बक्से आदि खंगाल कर चार हजार रुपया नकद, एक सोने का हार, एक चैन सोने की, एक सोने का बेंदा, तीन जोड़ी पायल,सोने की एक अंगूठी, एक गुच्छा चांदी का आदि सामान पार कर दिया। चोरों का कहर यहां से बढ़कर इसी गांव के निवासी सुभाष पुत्र जोगराज के बंद घर पर टूटा। इनके मकान में शातिर चोर दीवार के सहारे प्रवेश कर गए। जहां उन्होंने अपनी करतूतों को अंजाम दिया। घटना के समय गृह स्वामी घर पर मौजूद नहीं था। इसलिए चोरी कितनी हुई इसका पता गृह स्वामी के गाँव वापस आने पर ही चल सकेगा।

## क्विक न्यूज़

### नाबालिग को नशीला पदार्थ सुंघा कर सामूहिक दुष्कर्म

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के एक गाँव में खेतों से धनिया लेने गयी 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ कलियुगी भेड़ियों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीडिता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल जाँच के लिये भेजा है। नाबालिग किशोरी के पिता ने बताया कि मकरसंक्रान्ति के दिन मेरी 15 वर्षीय पुत्री खेतों से धनिया तोडने गयी थी। धनिया के खेतों में पहले से घात लगाये बैठे गाँव में ही रिश्तेदारी में आये एक युवक व उसके साथियों ने नशीला पदार्थ सुंघा कर अगवा कर लिया। पास के गाँव के जंगलों में मेरी पुत्री के साथ अर्धमूर्छित अवस्था में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। चौकी सिठमरा में की गयी शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। थानाध्यक्ष विद्यासागर सिंह ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पीडिता किशोरी को मेडिकल के लिये भेजा जा रहा है आरोपियों की धरपकड के लिये टीमों का गठन किया गया है शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगभग दस दिन पूर्व गायब हुई किशोरी को थाना पुलिस ने बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सात जनवरी को लिखाई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग पुत्री को पाँच जनवरी को गाँव हड़हा निवासी शुभम् भगा ले गया था। एस आई शिवगोपाल ने बीती शाम मुखबिर की सूचना पर कालीमिट्टी, फतेहपुर चौरासी के पास से किशोरी को बरामद कर शुभम् को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बैंक खाते से उड़ाए हजारों रुपए

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** कायमगंज नगर के मोहल्ला बजरिया रामलाल हाल निवासी बगिया सोहनलाल अरुण श्रीवास्तव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनकी पत्नी लक्ष्मी के नाम भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा कायमगंज में एक बचत खाता खुला है। उनके अनुसार इस खाते में दिनांक 6/10/20 को 1 लाख 29 हजार 3 सौ 35 रुपया बैलेंस जमा था। मैंने अपनी जरूरत पर कुछ रुपया अपने एटीएम का प्रयोग कर निकाला ।जिसका मैसेज मेरे मोबाइल पर भी आया। किंतु मेरे इसी खाते में से किसी धोखेबाज ने इस बैंक के किसी कर्मचारी की सांठगांठ से पेटीएम द्वारा खरीदारी दिखाकर छोटी-छोटी किस्तों में कुल रुपया 99 हजार 2 सौ 71रुपया निकाल लिया। इसका कोई मैसेज तक मेरे मोबाइल पर बैंक से नहीं प्राप्त हुआ। खाताधारक लक्ष्मी श्रीवास्तव का कहना है कि दिनांक 16 जनवरी को जब मैं अपने पति के साथ बैंक गई। तो मुझे ज्ञात हुआ कि मेरे खाते से इतनी बड़ी रकम का घोटाला कर लिया गया है। इसकी शिकायत जब मैंने शाखा प्रबंधक से की तो शाखा प्रबंधक ने मुझे छिड़कते हुए कहा कि मैं क्या करूं क्या मैंने तुम्हारे घर जाकर कहा था कि तुम लोग इसी बैंक में पैसा जमा करो। कोई दूसरे बैंक नहीं है। जहां खाता खोलो और अपना पैसा जमा करो। घोटाला हुआ है तो मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। बरहाल साइबर क्राइम का यह मामला अन्य खातेदारों के लिए भी चिंता का सबब बनता जा रहा है।

### थाने में चली लाइसेंस सत्यापन की प्रक्रिया

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाने में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशानुसार लाइसेंस सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। वहीं अमृतपुर के लाइसेंस सत्यापन के लिए राजेपुर थाने में हो रहे हैं। वहीं बताया गया कि पुलिस लाइन से टीम भेजी गई है जो कि लाइसेंस सत्यापन कर रही हैं। सत्यापन की अंतिम तिथि 31/1/2021 तक है।

## पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर भोजपुर क्षेत्र की ग्राम सभाओं में बैठकों का दौर शुरू



**फर्रुखाबाद।** आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर भोजपुर विधानसभा के पट्टी खुर्द,उगरपुर एवं जलालपुर की ग्राम सभाओं में बैठकें संपन्न हुई।

जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने ग्राम सभाओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा संगठन की दृष्टि से पंचायत चुनाव अति महत्वपूर्ण है भाजपा का संगठन अन्य राजनीतिक दलों के संगठन से सबसे मजबूत है इसलिए पंचायत चुनाव जीतने के लिए लगातार संगठन स्तर पर बैठकें आयोजित होनी चाहिए चुनाव आयोग द्वारा परसीमन तय होने के बाद चुनाव तारीख के किसी भी समय तय की जा सकती है इसलिए चुनाव पूर्व ही कार्यकर्ता जन जन के बीच जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी पहुंचाने का कार्य करें।

जिला महामंत्री जिला महामंत्री डीएस राठौर ने कहा केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने गांव के गरीब, किसानों और नौजवानों के लिए योजनाओं के माध्यम से सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया।किसानों की लंबे अरसे तक चली आ रही समस्याओं का निदान करते हुए मोदी सरकार ने कृषि कानून में कई बदलाव किए जिसके फलस्वरूप किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने की ओर भी ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। गांव में भी नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति विश्वास गहरा हुआ है इसलिए पंचायत चुनावों में जनता भाजपा को समर्थन देना चाहती है इसके लिए संगठन बार बैठकें आयोजित होनी चाहिए बूथ सेक्टर एवं ग्राम स्तर पर बैठकें करके रणनीति तैयार करनी होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मदाबाद उत्तरी मंडल अध्यक्ष सुग्रीव सिंह मौजूद रहे।

## भाकियू ने पालिका की कमियां गिना की सुधार की मांग



**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के जिला प्रभारी मुन्ना लाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खाँ, जिला अध्यक्ष दुर्गा नारायण मिश्रा एवं रामबीर ,शिवराज सिंह प्रताप सिंह गंगवार, विनीत कुमार, ओंकार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी सुनील कुमार यादव को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि कोरोना काल में नगर क्षेत्र में पानी सप्लाई के लिए सड़कें तोड़ कर पाइप लाइन बिछाई गई। जिसकी मरम्मत सही ढंग से ना होने के कारण नगर की सड़कें दुर्दशा ग्रस्त हैं साथ ही बंदरों के बढ़ते आतंक की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा गया है कि नगर पालिका अधिकारियों की लापरवाही के कारण कायमगंज में दुकानों के आगे सामान लगाकर अतिक्रमण करना लगातार जारी है। इस ओर पालिका के विशेष रूप से जिम्मेदार अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वही भाकियू ने नगर के मोहल्ला जवाहरगंज स्थित गांधी प्रतिमा के चारों ओर किए गए अतिक्रमण के लिए पालिका की अधिशासी अधिकारी को सीधे जिम्मेदार बताते हुए अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। इसी मोहल्ले में स्थित कांप्लेक्स के समरसेबल वाले कनेक्शन को लाइन से काट दिया गया है। जिसके कारण पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। ईओ को चाहिए कि उनके द्वारा कटवाए गए कनेक्शन को जनहित में पुनः पूर्व की भांति जुड़वा दें तथा जवाहरगंज के ही बारात घर की साफ-सफाई न होने के कारण वहां गंदगी का साम्राज्य व्याप्त होता जा रहा है। इस भवन की तत्काल साफसफाई के साथ ही रंगाई पुताई भी कराई जाए। भाकियू ने कायमगंज में रविवार को बाजार बंदी घोषित होने के बावजूद भी पूरे बाजार की दुकानें व अन्य प्रतिष्ठान खुले रहने के लिए, साथ ही इन सभी पर नाबालिक बच्चों तथा अन्य लोगों से इस दिन भी काम कराए जाने के लिए सीधे श्रम निरीक्षक को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि निरीक्षक के कारण ही श्रम कानून का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। भाकियू ने मांग करते हुए कहा कि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान देकर तत्काल कमियों में सुधार लाने के लिए संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाना जनहित में अपेक्षित है।

# लक्ष्य से 74 फीसदी स्वास्थ्यकर्मियों को दी लगाई गई कोविड वैक्सीन

**संवाददाता।** हमीरपुर

**● अफवाहों के चलते बैक्सीन लगवाने से कन्नी काटते रहे कर्मी, मलेरिया व क्षय रोग विभाग के कर्मियों ने नही लगवाया टीका**

**जिलाधिकारी** डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने आज में स्थानीय जिला चिकित्सालय में कोविड टीकाकरण केन्द्र में फीता काटकर टीकाकरण कार्य का शुभारम्भ किया, आज तीनों अस्पतालों में 74 फीसदी टीकाकरण हुआ जिसमे जिला अस्पताल में सिर्फ सौ के सापेक्ष 54 कर्मियों ने टीका लगवाया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा आरके सचान ने बताया कि जिले में जिला अस्पताल हमीरपुर, सीएचसी मुस्करा, मौदहा में प्रत्येक केंद्र में सौ सौ स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगवाने का लक्ष्य रखा गया था इसके लिये पूरी योजना बना ली गयी थी मगर जिला अस्पताल में सौ के सापेक्ष 54, मौदहा में सौ के सापेक्ष 77 व मुस्करा में 93 स्वास्थ्य कर्मियों मे बैक्सीन लगवाया है, कुल मिलाकर तीन सौ स्वास्थ्य कर्मियों में 224 कर्मियों ने बैक्सीन लगवाया है जो लक्ष्य का 74 फीसदीहै, सीएमओ ने बताया कि अगले टीकाकरण की तिथि निश्चित की जायेगी जिला अस्पताल में बैक्सीन कम लगाये जाने की समीक्षा की जायेगी मलेरिया विभाग व जिला क्षय रोग विभाग से एकभी स्वास्थ्य कर्मी ने बैक्सीन का प्रयोग नही किया है टीकाकरण केंद्रों में सर्वप्रथम स्वास्थ्य कार्मिकों को पैरामेडिकल स्टॉफ को टीका लगाने के बाद उन्हें आधे घंटे टीकाकरण केन्द्र के पास ही बनाए गए आब्जर्वेशन केन्द्र में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की देखरेख में बैठाया गया , टीकाकरण के बाद किसी भी व्यक्ति को कोई साइड इफेक्ट नही दिखाई दिया तदोपरांत क्रमवार तरीके से उन्हें आधा घंटा वहां रूकने के बाद सकुशए घर भेज दिया गया। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि टीकाकरण केन्द्र पर सभी व्यवस्थाएं शासन के निर्देशों के अनुपालन में संचालित एवं व्यवस्थित की गई हैं और टीकाकरण का लाभ अर्जित करने वाले स्वास्थ्य कार्मिकों का सम्पूर्ण सूचनाओं पर आधारित डेटाबेस पूर्व में ही तैयार कर लिया गया था तथा उनको टीकाकरण की सूचना भी उनके मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध करा दी गयी थी इधर अफ्वाहों के चलते स्वास्थ्य कर्मी टीका से कन्नी काटते नजर आये।

## संत पथिक युवा महोत्सव में युवाओं ने बिखेरी प्रतिभा, पुरस्कार पाकर खिले चेहरे



**संवाददाता।** घाटमपुर

**क्षेत्र के** गांव शाखाहारी स्थित श्री शक्ति डिग्री कालेज में दो दिवशीय संत पथिक खुवा महोत्सवका आयोजन किया गया, युवा महोत्सव के आज आखिरी दिन विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देते हुए महाविद्यालय के संस्थापक व पूर्ब निदेशक बैंक आफ बड़ौदा आर0सी0 त्रिवेदी ने अपने संवोधन में कहा कि युवा महोत्सव का आयोजन युवा प्रतिभा की खोज है उन्होने बिजयी प्रतिभागियों से अपील की कि वो अपने को महाविद्यालय तक ही सीमित न रखे बल्कि पगतिभा को येसा बिखेरें की युवा उनका अनुशरण करें। महाविद्यालय के प्रबन्धक बिनय त्रिवेदी ने अपने संवोधन में पुरस्कार पाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्राओं में अद्वितीय प्रतिभा होती है केवल उसे निखारने की जरुत है। लेफ्टिनेन्ट विवेक त्रिवेदी के नेत्रत्व में एनसीसी कैडेट्स ने कार्य क्रम के आयोजन में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई, कार्यक्रम का संचालन प्रदीप त्रिपाठी, तथा युवा महोत्सव का संयोजन अरबिन्द कुमार एंव प्रतियोगिताओं का मार्ग दर्शन शिवचरण ने किया। महोत्सव में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलाव शिक्षक गण भी मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने वीवी पैट गोदाम के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण



मण्डलायुक्त डा0 राजशेखर वीवी पैट गोदाम के नवनिर्मित भवन का लोर्कापण करते हुये

**कानपुर देहात।** मण्डलायुक्त कानपुर डा0 राज शेखर ने जनपद मुख्यालय कलेक्टेऊ्र के समीप वीवी पैट गोदाम के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया तथा निर्वाचन व मिशन शक्ति की बनायी गयी रंगोली का अवलोन भी किया। वहीं उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस मौके पर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने बताया कि वीवीपैट गोदाम व कार्यालय ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यदायी संस्था द्वारा वर्ष 2019 से बनाया जा रहा था जिसकी योजना की मूल स्वीकृत लागत 126.90 लाख है। उन्होंने बताया कि इस भवन का निर्माण चुनाव प्रक्रिया में प्रयुक्त वीवी पैट मशीनों के भण्डारण हेतु किया जायेगा। भवन में 6 हाल, 2.70 मीटर कॉरीडोर, केयर टेकर आवास, कार्यालय एवं टॉयलेट ब्लाक का निर्माण कराया गया है। स्थल विकास के अन्तर्गत मिट्टी भराई एवं इण्टरलाकिंग का कार्य कराया गया है। वर्षा जल के निस्तारण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य भी कराया गया है। जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा भवन का अवलोकन किया गया तथा निर्वाचन का कार्य। सही प्रकार से किये जाने के निर्देश भी दिये। वहीं मण्डलायुक्त सहित जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने वृक्षारोपण भी किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल, एसडीएम सदर राजीव राज, एसडीएम भोगनीपुर दीपाली भार्गव, एसडीएम डेरापुर ऋषिकांत राजवंशी, एसडीएम रसूलाबाद अंजू वर्मा, एसडीएम मैथा रामशिरोमणि, जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय, वरिष्ठ कोषाधिकारी केके पाण्डेय, बीएसए सुनील दत्त, डीआईओएस अरविन्द कुमार द्विवेदी, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जेई शोभा कुशवाहा, निर्वाचन से रामसेवक वर्मा आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल से जिलाधिकारी ने कोविड-19 टीकाकरण का किया शुभारंभ

**● जिले में 5 स्थानों पर हुआ कोविड वैक्सीनेशन, स्वास्थ्य कर्मियों ने सरकार व देश के वैज्ञानिकों का जताया आभार**



**उन्नाव।** जिला पुरुष चिकित्सालय में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आरके गौतम, जिला महिला चिकित्सालय में पैथोलोजिस्ट डा. तौसीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नवाबगंज में अधीक्षक डा. अरुण कुमार, बंगारमऊ सीएचसी में डा. सतीश कुमार और सरस्वती मेडिकल कॉलेज में सिक्योरिटी ऑफिसर को सबसे पहले कोविडशील्ड का टीका लगने के साथ ही शनिवार को कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है।

जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक आनन्द कुलकर्णी ने पहुचकर कोविड-19 टीकाकरण का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के माध्यम से अब इस महामारी पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि उच्च जोखिम वाले समूहों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है। इन्हें तीन समूहों में बांटा गया है। पहले समूह में हेल्थकेयर वर्कर, दूसरे समूह में फ्रंटलाइन वर्कर, तीसरे समूह में 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति तथा जो पहले से ही किसी रोग से ग्रसित हैं।

आज शाम पांच बजे तक जिले के 348 लोगों को कोविड-19 टीका से प्रतिरक्षित किया गया, जिसमें 142 पुरुष एवं 206 महिलाओं को प्रतिरक्षित किया गया। प्रतिरक्षित लोगों को कोविड-19 टीका की अगली डोज के लिए 15 फरवरी की तारीख दी गई है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कैप्टन डा. आशुतोष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद में कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीन की 13880 डोज जिले को प्राप्त हो चुकी हैं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं कोविड टीकाकरण के नोडल अधिकारी डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि कोई व्यक्ति बिना पंजीकरण के कोरोना वैक्सीन नहीं प्राप्त कर सकता है। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए पंजीकरण के बाद ही सत्र स्थल और समय की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि शनिवार को शुरू हुये कोविड-19 टीकाकरण अभियान के दिन कई ऐसे लोग भी रहे जिनका नाम कोविन पोर्टल पर पंजीकृत था लेकिन वह टीकाकरण के समय नहीं आए। अनुपस्थित लोगों की अब एक अलग सूची तैयार होगी। इन लोगों को टीकाकरण के लिए अलग से समय दिया जाएगा। सीएचसी बांगरमऊ में विधायक श्रीकांत कटिहार एवं सीएचसी नवाबगंज में ब्लाक प्रमुख अरुण सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने टीकाकरण सत्र का शुभारंभ लाभार्थियों को पुष्पगुच्छ देकर किया।

बांगरमऊ में स्थानीच सीएचसी पर एसीएमओ डॉ ललित कुमार के नेतृत्व में कोविड-19 टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। यहां सर्वप्रथम स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ सतीश को कोरोना टीका लगाया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकेश कुमार के अनुसार चिकित्सा दल ने कोरोना महामारी के फ्रंट लाइन वारियर्स चिकित्सक, एएनएम, आशाबहू, आशा संगिनी व फार्मासिस्ट तथा अन्य पैरामेडिकल स्टाफ सहित कुल एक सैकड़ा लोगों को कोरोना महामारी सुरक्षा टीका लगाने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया था। लेकिन इनमें कुल 66 स्वास्थ्य कर्मी टीका लगवाने अस्पताल पहुंचे। जहां कुल 64 स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड-19 सुरक्षा टीका लगाया गया।

टीकाकरण के बाद आशाबहू मुन्नी देवी के पेट में जलन शुरू हो गई और उलझन भी बढ़ गई। जिससे चिकित्सा कर्मियों में हड़कंप मच गया। इस पर चिकित्सक दल द्वारा आनन-फानन उसे अस्पताल स्थित एक अलग कमरे में शिफ्ट किया गया और उसकी बारीकी से चिकित्सीय देखभाल शुरू कर दी गई। थोड़ी ही देर बाद आशाबहू मुन्नी देवी स्वस्थ महसूस करने लगी। यह देख कर चिकित्सक दल ने राहत की सांस ली। टीकाकरण के दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार, उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार राय, खंड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह कोतवाल आशुतोष त्रिपाठी व चेयरमैन इजहार खान गुड्डू अस्पताल परिसर में मौजूद रहे।

## भव्य कार्यक्रम में सांसद ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण



**नवाबगंज उन्नाव।** नवाबगंज के जंसार गांव में सामुदायिक शौचालय सहित तीस योजनाओं को जनता को समर्पित करने पहुंचे भाजपा सांसद हरि साक्षी महाराज ने गांव में विकास कार्यो को देखकर प्रधान प्रतिनिधि पप्पू त्रिपाठी की सराहना की। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत, ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी सहित भारी जनसमुदाय मौजूद रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह ने मंच से विकास खण्ड के कार्यो को गिनाया तो वही ब्रजेश रावत ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। सांसद ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारी भीड़ देखकर यह महसूस होता हैं कि आप लोग प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के 16 ब्लॉकों में जब भी विकास का नाम आता हैं तो सर्वप्रथम नवाबगंज का ही जिक्र होता है। सांसद ने क्षेत्र में दी गई विकास की सौगातों को जनता का अधिकार बताया साथ ही यह भी कहा कि अगर काम पसंद आये तो नाम भी याद रखना चाहिये। कार्यक्रम में आयोजकों ने सांसद द्वारा पत्रकारो का सम्मान कराने के साथ ही निर्धनों में कम्बल वितरण भी किया गया।

### ई-रिक्शा चालकों ने कमेटी गठित कर समस्याओं के लिए विधायक से भेंट करने की बनाई रणनीति

**कायमगंजन/फर्रुखाबाद।** गत दिनों ई-रिक्शों का कुछ नियमों के अंतर्गत चेकिंग अभियान के दौरान चालान काट दिया गया था। इससे आक्रोशित रिक्शा चालकों ने अपनी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष वाजिद अली उर्फ राका मंसूरी की अध्यक्षता में जिला एवं नगर कार्यकारिणी का गठन कर, अपने हितों के लिए आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया। गठित जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष का पद नरेश बाथम को सौंपते हुए। जितेंद्र, मदन जाटव, नूर हसन मंसूरी आदि को विभिन्न पदों पर नामित किया साथ ही कायमगंज नगर कार्यकारिणी के गठन में नगर अध्यक्ष का दायित्व नूर मोहम्मद अंसारी को सौंपते हुए। उपाध्यक्ष जगमोहन, मोहम्मद सिराज, फूल मियां, ओमकार को नामित कर कुछ अन्य को कार्यकारिणी में सदस्य घोषित कर कार्यकारिणी गठन की घोषणा की गई। इसके तुरंत बाद प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में ई-रिक्शा चालकों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए बैठक में निर्णय लिया कि सभी रिक्शा चालक संगठन के पदाधिकारी व सदस्य 17 जनवरी को क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह खटिक से उनके आवास पर मिलेंगे।

# कोरोना के खात्मे की मुहिम शुरू

● प्रतिरक्षित लोगों को 15 फरवरी को दी जाएगी दूसरी डोज

संवाददाता। कन्नौज

**जिले में** सफाई कर्मी दिलीप को कोरोना का पहला टीका लगने के साथ ही शनिवार को कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। प्रतिरक्षित लोगों को कोविड-19 टीका की अगली डोज के लिए 15 फरवरी की तारीख दी गई है। इसके लिए उनके मोबाइल पर मैसेज भी आएगा। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कोरोना वायरस कि अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। विश्व में तबाही मचाने वाले कोविड-19 वायरस जैसी विकराल समस्या का अब समाधान निकल चुका है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल पांच अस्पतालों में भी जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निगरानी में टीके को लांच किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.के स्वरूप ने बताया कि जनपद में कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीन की 8240 डोज जिले को प्राप्त हो चुकी हैं। शनिवार को लांचिंग के लिए जिला, ब्लॉक एवं सत्र स्तर पर नोडल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को नामित किया गया था। इसके पहले जिले में दो बार ड्राई रन यानी पूर्वाभ्यास भी किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि भारत में विकसित कोरोना वैक्सीन पूरी तरह प्रभावी है। कोल्ड चेन के मानकों को पूर्ण करते हुये यह वैक्सीन जिले में आई है। अत्याधुनिक तकनीक से हम कोल्ड चेन बनाए हुये हैं। बताया कि टीका लगने के बाद आधे घंटे तक टीकाकरण केंद्र पर रुकना होगा। प्रतिरक्षित व्यक्ति को यदि बेचैनी या किसी भी तरह की समस्या होती है तो निकटतम स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम और आशा को इसकी सूचना दें। इसके लिए एंबुलेंस सेवा 108 भी उपलब्ध रहेगी। प्रतिरक्षित व्यक्ति भी कोरोना अनुरूप व्यवहारों जैसे मास्क पहनना, हाथ की सफाई और 6 फीट की शारीरिक दूरी बनाये रखने का पालन करें। उन्होंने बताया कि उच्च जोखिम वाले समूहों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है। इन्हें तीन समूहों में बांटा गया है- पहले समूह में हेल्थकेयर वर्कर, दूसरे समूह में फ्रंटलाइन वर्कर, तीसरे समूह में 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति तथा जो पहले से ही किसी रोग से ग्रसित हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.के.सी राय ने बताया कि कोई व्यक्ति बिना पंजीकरण के कोरोना वैक्सीन नहीं प्राप्त कर सकता है। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद लाभार्थी को वैक्सीनेशन की नियत तिथि, स्थान और समय के बारे में मोबाइल पर एसएमएएस प्राप्त होगा।

## कोरोना टीकाकरण शुरू, डॉ. आरबी लाल ने लगवाया पहला टीका



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने जिला अस्पताल पहुंचकर कोरोना वैक्सीन की शुरुवात डॉ आरबी लाल को टीकाकरण कराकर किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश के साथ जिले में भी कोरोना वैक्सीन का वैक्सीनेशन डॉ आरबी लाल से शुरु हुआ है।

शनिवार को डीएम ने कहा कि सभी मिलजुलकर इस अभियान को सफल बनायें। अभियान में पहले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का टीकाकरण होगा। जिला अस्पताल में शव, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर व मानिकपुर में सौ-सौ स्वास्थ्य कर्मियों को टीकाकरण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना महामारी से निजात को वैक्सीनेशन शुरु हुआ है। जिले के सभी लोगों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर सीएमओ डॉ विनोद कुमार, सीएमएस डॉ आरके गुप्ता समेत संबंधित डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग की जमीन पर डग्गामार वाहनों ने जमाया डेरा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर में बेखौफ होकर घूम रहे डग्गामार वाहन चालकों ने विद्युत विभाग की जमीन पर वाहन खड़े कर दिये जिससे नागरिकों सहित उपभोक्ताओं को विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसे संज्ञान में लेते हुए एसडीओ ने कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना देकर डग्गामार वाहनों को हटवाए जाने की मांग की है।

शनिवार को स्थानीय विद्युत उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह राजपूत द्वारा कोतवाली पुलिस को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बीते कई माह से विद्युत विभाग की जमीन पर डग्गामार वाहन टेंपो आड़े तिरछे खड़े हो जाते हैं जिसके कारण लोगों को विद्युत कार्यालय आने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। एसडीओ ने कई बार डग्गामार वाहन चालकों से टेंपो हटाने की बात कही परंतु टेंपो चालक अपने वाहन विद्युत विभाग की जमीन से नहीं हटा रहे हैं। एसडीओ ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर डग्गामार वाहन हटवाए जाने की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**सुमेरपुर।** स्थानीय पुलिस ने कस्बे के पीडब्लूडी स्टोर के पास नई बस्ती में एक मासूम के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, पुलिस के अनुसार कुछ दिनों पूर्व दीपक यादव नामक आरोपी ने एक मासूम के साथ दुष्कर्म किया था, पीड़ित की मां ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी, आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है,

### शौच के लिये गयी युवती से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र के बडाकछार गांव में आज सुबह शौच के लिये एक युवती से युवक ने छेड़खानी की, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। गांव के एक युवक ने पुलिस को बताया कि आज सुवह उसकी 20 वर्षीय पुत्री खेतों में शौच के लिये जा रही थी तभी गांव का दिनेश यादव ने बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ कर घसीटने लगा शोर मचाने पर युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला, पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपीको गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। वही क्षेत्र के ज्यादातर गांवों में लोग खुले में शौच जा रहे है जब कि पूरे जिले को ओडीएफघोषित कर दिया गया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है.।

### चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी को जेल भेजा

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव से चोरी की दो बाइक पुलिस ने बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने चेकिंग के दौरान कुतुबपुर गाँव निवासी दीपक सिंह मनकी तिराहे के आगे बहमनपुर रोड़ के पास उसकी बाइच चेक किया जिमसे कागजात फर्जी पाये गये चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक बरामद किया। तथा इसकी निशानदेही पर उसके घर से एक हीरो स्प्लेंडर प्लस बरामद किया है। पुलिस ने दोनो बाइके बरामद कर उसे जेल भेज दिया है। अन्य लोगों से भी पूछतांछ की जा रही है।

### मौदहा के अरतरा गौशाला में आधा दर्जन गौवंश की ठंड से मौत

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा विकास खंड के गाँव अरतरा स्थित गौशाला में बीती रात ठंड तथा भूख प्यास से तड़पकर आधा दर्जन गौवंशों की दर्दनाक मौत हो गई है।मृत गौवंश को आनन फानन में दफन कर दिया गया है। ग्रामीणो ने बताया कि गांव में गौवंश की सुरक्षा तथा लोगों को अन्ना प्रथा से बचाने के लिए गौशालाओं का निर्माण शासन द्वारा किया गया है लेकिन इन गौशालाओं मे व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण प्रतिदिन सैकड़ों गौवंश की अकाल मौत हो रही है।इसी क्रम में बीती रात मौदहा विकास खंड के बड़ी आबादी वाले गाँव में बनी गौशाला में आधा दर्जन गौवंश की दर्दनाक मौत हुई है।ग्रामीणों का आरोप है कि यहाँ बंद लगभग दो सौ गौवंश के लिए भूसा चारा तथा पेयजल की व्यवस्था नहीं है इतना ही नहीं यहाँ पर बंद गौवंश को खुले आसमान के नीचे ठंड में रातभर खड़ा रहना पड़ता है।जिससे कि यहाँ पर आये दिन गौवंश की अकाल मौत हो रही है।बीती रात आधा दर्जन गौवंश की अकाल मौत इन्हीं अव्यवस्थाओं के चलते हुए है।एक ही रात में आधा दर्जन गौवंश की अकाल मौत को देख इन्हें आनन फानन में जेसीबी से गड्ढे खोदकर मिट्टी में दफन कर दिया गया है।

### अपराधी का शव बरामद, हत्या की आशंका

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा कस्वे के बाहर एक युवक का शव बरामद हुआ है, चोट के निशानों से जाहिर हो रहा है कि युवक की हत्या की गयी है।पुलिस के मुताबिक मौदहा निवासी संजय(32) पुत्र रामआसरे निषाद एक सप्ताह पहले जेल से छूट कर आया था, उसके खिलाफकई अपराधिक मामले दर्ज है, आज साजन तालाब के पास उसकी लाश बरामद हुई है, पुलिस अधीक्षक एनके सिंह का कहना है कि पुलिस इस मामले में छानबीन शुरु कर दी है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

### पालिका ने अतिक्रमण हटाने को लेकर कराई मुनादी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर में अतिक्रमण की वजह से आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती रहती है जिससे नागरिकों को आवागमन में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर पालिका के वाहन ने मुनादी करते हुए दुकानों के बाहर लगे अतिक्रमण को हटाने की सख्त चेतावनी दी। शनिवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के आदेश पर पालिका के वाहन से कर्मियों ने दुकानों के बाहर लगे अतिक्रमण को स्वयं हटा लेने हटाने की मुनादी करवाई और नगर के फतेहगढ़ रोड जीटी रोड तिर्वा रोड पर चूना डलवा कर पालिका के द्वारा चिन्यांकन करवा दिया गया है यदि कोई व्यक्ति चिन्हित स्थान के आगे फुटपाथ नाला नाली पर अतिक्रमण करता है तो पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाते हुए कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

**कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के मानीमऊ चौकी के मुकदमापुर गांव में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगा ली। पति के घर वापस लौटने पर मामले की जानकारी हो सकी। सूचना मिलते ही सीओ सदर समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल में रखवा दिया। पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष में सूचना देकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मानीमऊ चौकी क्षेत्र के मुकदमापुर गांव निवासी निजामुद्दीन की 26 वर्षीय पत्नी सादिया बेगम ने शुक्रवार की शाम संदिग्ध हालातों के छत से लगे कुंडे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. देर शाम घर लौटे पति ने शव को फंदे से लटकता देखा। शव को लटकता देख परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर शिव प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोच्यूरी में रखवा दिया। पुलिस ने मृतका के भाई को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### नगर विकास राज्यमंत्री का स्वागत किया रामपुरा चेयरमैन ने



**उरई(जालौन)।** नगर विकास राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता के आज उरई पहुंचने पर आदर्श नगर पंचायत रामपुरा के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने साथी भाजपा नेताओ के साथ जोरदार स्वागत किया। आज यहां उरई पहुंचने पर नगर विकास राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता का रामपुरा नगर पंचायत चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह के साथ ही नगर पालिका परिषद उरई के अध्यक्ष अनिल बहुगुणा, जालौन पालिकाध्यक्ष गिरीश गुप्ता सहित तमाम भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। बाद में उन्होने मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल कालपी रोड चौरसी उरई में पुरस्कार वितरण को संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा से विद्यालय का नाम रोशन करने पर जोर दिया। पुरस्कार वितरण के उपरांत राज्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में उनके साथ डा. सुमंत गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद भी मौजूद रहे।

## समुदाय विशेष के युवकों ने शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

● पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की

**विद्यालय** के सहपाठी एवं पड़ोसी युवक ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया और धर्म परिवर्तन कराकर शादी का झांसा दिया शादी न करने पर पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवती ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के ही आमिर खान पुत्र शफीक खान उसके साथ नगर के डॉक्टर जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज में पढ़ता था एक ही गांव के होने के कारण उससे बातचीत कर लेती थी इसके बाद युवती ने फर्रुखाबाद में ऑक्सफोर्ड ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन कॉलेज से बीसीए पाठ्यक्रम में एडमिशन लिया जिसके बाद पड़ोसी युवक आमिर खान अक्सर युवती से मिला करता था 2 वर्ष पूर्व आमिर खान अपने छोटे भाई ओवैस खान के साथ विद्यालय के गेट पर पहुंचे और युवती से दोस्ती का वास्ता देकर टॉकीज में पिक्चर देखने की बात कही जिस पर वह पिक्चर देखने गई और आमिर व ओवैस खान ने एक दुकान से कोल्ड्रिंक लेकर उसमें नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला कर बेहोशी की हालत में उक्त लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फोटो बनाकर उक्त लोगों ने फोटो वायरल करने की धमकी दी जिसके बाद आमिर ने उसका धर्म परिवर्तन करवा कर शादी करने का झांसा दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वही कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक आमिर को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

## पत्रकारों के मान-सम्मान और अधिकारों की सुरक्षा के लिए मजबूती से काम करेगा प्रेस क्लबः अशोक द्विवेदी



● प्रेस क्लब चित्रकूट की बैठक में हुई संगठन की मजबूती पर चर्चा

**चित्रकूट।** वर्ष 1997 में गठित प्रेस क्लब चित्रकूट की सत्र 2021 की पहली बैठक होटल श्याम दरबार बस स्टैंड कर्वी में क्लब के संस्थापक राजेन्द्र गुप्ता के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें पुरानी कमेटी भंग करके नई जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमे निदेशक मंडल संरक्षक मंडल और जिला पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में संगठन के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने कहा कि पत्रकारों के मान-सम्मान और अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रेस क्लब मजबूती के साथ काम करेगा।

शनिवार को मुख्यालय स्थित होटल श्याम दरबार में प्रेस क्लब चित्रकूट द्वारा नई जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमे निदेशक मंडल में वरिष्ठ पत्रकार आलोक द्विवेदी, विवेक अग्रवाल, राजेन्द्र गुप्ता , केशव शिवहरे और राजेस्वर सिंह और संरक्षक मंडल में चंद्र प्रकाश द्विवेदी, वेदप्रकाश पांडेय, विवेक मिश्रा ,हेमराज कश्यप, रामरूप पटेल और राजेश कुमार पांडेय शामिल किए गए है। जबकि जिला कार्यकारिणी में अशोक द्विवेदी अध्यक्ष, शंकर प्रसाद यादव उपाध्यक्ष, रतन पटेल महासचिव,अखिलेश दीक्षित और अब्दुल मुबीन को सचिव, अमित अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, विनोद कुमार मीडिया प्रभारी, ओंकार सिंह को प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी सौपी गई। इसके अलावा सूरज सिंह तोमर को कार्यालय प्रमुख, भानु प्रताप को आय-व्यय निरीक्षक और शाह आलम, मोनू द्विवेदी, वीरेन्द्र शुक्ला को संयुक्त रूप से कार्यक्रम प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। जबकि रामनरेश श्रीवास्तव, राधविहारी पाठक, सोहन लाल, अनुपम मिश्रा, बीपी पटेल, सुनील टंडन, राजबहादुर सिंह राज, वीरेंद्र सिंह, गणेश गुप्ता, मुकेश तिवारी, अतुल मिश्रा, जय शंकर मिश्रा, अरुण यादव, अश्वनी कुमार, अशोक कुमार, घनश्याम पांडेय, ओमकार, लवलेश तोमर, अमर सिंह, शिवाकांत यादव, शिवभूषण, दिनेश कुशवाहा, विकास श्रीवास्तव, सुशील पांडेय, ललित त्रिपाठी, सुनील शुक्ला, हरिशरण सिंह, कैलास मिश्रा, श्यामसुंदर यादव आदि को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब चित्रकूट के संस्थापक राजेन्द्र गुप्ता व विवेक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि यह जिले का सबसे पुराना रजिस्टर्ड संगठन है। जिसकी स्थापना 1997 में हुई है। इस संगठन की वर्तमान कार्यकारिणी में अभी सिर्फ जिला स्तरीय पत्रकारों को पंजीकृत किया गया है जो अपनी स्वेच्छा सदस्यता ग्रहण की है। संगठन का नया सत्र जनवरी 2021 शुरू हुआ है। जिसका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। जबकि निदेशक मंडल का कार्यकाल पांच साल का होगा। साथ ही संगठन में यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई भी पदाधिकारी अथवा सदस्य संस्था नियमो के अनुरूप कार्य नही करता है तो ऐसे पदाधिकारी ध्सदस्य को हटाने का अधिकार निदेशक मंडल को होगा। वरिष्ट पत्रकार आलोक द्विवेदी ने कहा कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा एव पारदर्शिता के साथ संगठन हित के लिये कार्य करेगे। उन्होंने कहा कि ब्यक्तिगत विवादों को संगठन से जोडकर नहि देखा जाना चाहिए।

## कड़ी निगरानी में पहले दिन चिकित्सा कर्मियों को लगायी कोविड वैक्सीन

**कालपी ( जालौन )।** कोरोना वायरस से बचाव के लिये राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत शनिवार से कोविड वैक्सीनेशन का कार्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्साधीक्षक डा. समीर प्रधान की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत शुरू हो गया। पहले दिन चयनित स्वास्थ्यकर्मियों का टीकाकरण किया गया।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अशोक कुमार, सीओ आरपी सिंह, कोतवाल आरके सिंह की मौजूदगी में सीएचसी के कोविड रूम में चिकित्सीय टीम के द्वारा कोविड वैक्सीनेशन का कार्य शुरू किया गया। जिन लोगों को टीकाकरण कराया गया उनको आधा घंटा तक कड़ी चिकित्सीय निगरानी में रखा गया। चिकित्सा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये।

### एएनएम रचना दुबे को लगायी गयी पहली वैक्सीन

शनिवार को सीएचसी कालपी में चिन्हित एक सैकड़ा स्वास्थ्य कर्मचारियों का कोविड टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। महिला स्वास्थ्यकर्मी एएनएम रचना दुबे को सबसे पहले वैक्सीन दी गयी। नीलम सिंह, ममता देवी आदि हेल्थ वर्कर का भी टीकाकरण किया गया। चिकित्साधीक्षक डा. समीर प्रधान के मुताबिक जिनका आज टीकाकरण हो चुका है। 28 दिन के बाद पुनः दूसरी डोज दी जायेंगी।

जिनमें एक-एक चयनित लोगों को प्रवेश द्वार से इंट्री कराई गयी। डा. सुंदर सिंह, डा. उदय कुमार, फार्मसिस्ट पुष्पेंद्र सिंह, सत्यवती पाल नगरीय स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्साधिकारी डा. गोपाल द्विवेदी, हरचरण सिंह आदि चिकित्सीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### उरई में डा. संजीव गुप्ता को लगा पहला कोरोना टीका

कोविड-19 से बचाव के लिए कोवैक्सीन टीके की आज शुरूआत हो गयी। जिला अस्पताल उरई में जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर, मुख्य चिकित्साधीक्षक अजय सक्सेना की उपस्थिति में डा. संजीव गुप्ता को कोवैक्सीन का पहला टीका लगाया गया। इसके बाद अन्य डाक्टरों एवं चिकित्सा कर्मियों को कोवैक्सीन टीके की खुराक दी गयी। सीएमएस डा. एके सक्सेना ने बताया कि आज कुल 67 लोगों को टीका लगाया गया।

## सेमी फाइनल मैच लखनऊ बनाम झांसी के बीच आज

**राठ( हमीरपुर )।** कस्बे के स्वामी ब्रम्हानन्द क्रीड़ा स्थल में स्वामी ब्रम्हानन्द अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मैच झांसी बनाम बनारस टीम के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामजीवन यादव युवजन सभा के निवर्तमान प्रदेश ने फीता काट कर किया। बनारस की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाज सागर कल्याण ने अच्छी शुरूआत दी। इसके बाद बनारस की टीम स्थिति निराशाजक रही और निर्धारित 25 ओवर में 84 रन ही बना सकी। झांसी की ओर गेंदबाज राहुल जैक्सन ने 5 ऑवर में 37 रन देकर 6 विकेट लिए। अक्षत सैन ने 2 विकेट लिए। जबाव में उतरी झांसी की टीम यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। जिसमे कप्तान प्रभात यादव ने 30 रन, विवेक मिश्रा 19 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच राहुल जैक्सन को दिया गया।

## खेत गए किसान ठंड से मौत

**बांदा।** खेत गए किसान को सर्दी ने जकड़ लिया। घर लौटते समय रास्ते में गिर गया उसके बाद उठ नहीं सका। शौच को जाने के दौरान एक किसान की उसपर नजर पड़ी तो स्वजन को सूचना दी। आननफानन प्रधान व स्वजन पहुंचे और उसे मृत पाया। घटना पैलानी तहसील क्षेत्र के जसपुरा गांव के मजरा तरौडा की है। तहसीलदार को सूचना दी गई है।

जसपुरा गांव के मजरा तरौडा निवासी 34 वर्षीय पप्पू पुत्र स्वण् मनीराम शुक्रवार की रात खेत गया था। दूसरे किसानों ने बताया कि रात में नलकूप संख्या 65 का फ्यूज खराब हो गया था। जिसे वह बनाने की देर रात तक कोशिश करता रहा था। बताया जाता है कि सुबह वह घर लौट रहा था तभी रास्ते में गिर गया। सुबह शौच को जा रहे गांव निवासी राजा भैया प्रजापति ने उसे रास्ते में गिरे पड़े देखा तो घर वालों को सूचना दी। आननफानन स्वजन और प्रधान पहुंचे। घर लेकर पहुंचे तो मृत पाया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दारोगा रवेंद्र कुमार पहुंचे और कागजी कार्रवाई की। स्वजन ने बताया कि घर की आर्थिक हालत ठीक नहीं है। महज दो बीघा जमीन में खेती कर वह परिवार का भरणपोषण करता था। फसल में पानी लगाने गया था ताकि पैदावार अच्छी हो सके। इसके अलावा मजदूरी भी करता था।

**साहूकारों से ले रखा था कर्जः** पति की मौत के बाद पत्नी भूरी और मां चंद्रकला का बुरा हाल हो गया। वही घर का मुखिया था। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। तीन बेटों के सिर से पिता का साया हट गया। पत्नी भूरी ने बताया कि साहूकार का 60 हजार रुपये कर्ज है। जिसको अदा करने की चिता में परेशान रहते थे।

## मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर-नकदी चोरी

**बांदा।** विधवा महिला के घर का ताला तोड़कर चोर लाखों के नकदी.जेवर चोरी कर ले गए। घटना में खास बात यह रही कि चोरों ने एक घंटे के अंदर घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने घर के पास अलाव तापने वालों पर घटना करने की आशंका जाहिर की है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी हरदौली निवासी अजीज खान की विधवा नफीसा बेगम सुबह घर से अपनी बेटी मुम्तहां के घर सालगिरह कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। उसका बेटा सलमान ई.रिक्शा चलाने चला गया था। रात करीब साढ़े आठ बजे जब बेटा घर गया तो वहां ताला लगा था। घर के पास बैठकर मोहल्ले के छह लोगों समेत तीन अज्ञात लोग अलाव ताप रहे थे। इससे सलमान अपनी मां को लेने बहन के घर चला गया। वहां से करीब साढ़े नौ बजे जब वह वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। कमरे अंदर रखे बक्से का सामान फैला था। उसमें रखी नकदी व जेवर गायब थी। इससे पीड़िता ने सिविल लाइन पुलिस चौकी को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। घटना के बारे में पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि चोरों ने बक्से में रखे डेढ़ लाख रुपये नकद व सोने के जेवर हार दो मंगलसूत्र दो अंगूठी चार सोने के कंगन और दो नथुनी आदि सामान चोरी कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव यादव ने बताया कि घटना में पीड़िता के ही किसी करीबी का हाथ होना लग रहा है। मामले की जांच कर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**धीरज नगर में हुई चोरी की सुरागरसी तेजः** कोतवाली क्षेत्र में दो दिन पहले धीरज नगर में सुरेश कुमार के यहां भी चोरी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरी की घटना की सुरागरसी तेजी से की जा रही है। शीघ्र घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। आरोपितों को पकड़कर माल बरामद किया जाएगा।

## भूमि विकास बैंक में एक मुश्त समाधान योजना लागू

**हमीरपुर।** भूमि विकास बैंक के चित्रकूटधाम मंडल के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रामकुमार ने बताया कि बैंक में एकमुश्त समाधान योजना सीमित समय के लिये लागू कर दी गयी है, पहले आओ, पहले पाओ योजना को तीन श्रेणियों में बाटा गया है जिसमे पहली श्रेणी में ऐसी ऋणी जिन्होने 31 मार्च 1997 तक ऋण प्राप्त किया हो और जिनकी 30 जून 2017 तक समस्त किश्ते बकाया हो गयी है को अवशेष मूलधन एवं दस प्रतिशत अतिरिक्त चार्ज देय व ब्याज पर छूट प्राप्त होगी। श्रेणी दो में ऐसे ऋणी आते है एक अप्रैल 1997 से 31 मार्च2007 तक ऋण प्राप्त किया हो और जिनकी तीस जून 2017 तक समस्त किश्ते बकाया हो को मूलधन एवं मूलधन के बराबर व्याज इस पर दस फीसदी अतिरिक्त चार्ज देय होगा, तथा शेष बकाया में छूटप्राप्त होगी। प्रबंधक ने स्पष्ट किया कि तीसरी श्रेणी में ऐसे ऋणी आते है जिन्होने एक अप्रैल 2007 से 31मार्च 2012 तक ऋण प्राप्त किया हो, जिनकी तिथि तीस जून 2017 तक सभी किश्ते बकाया हो ऐसे लोगो को व्याज में 35 फीसदी व्याज में छूट मिलेगी उन्होने बताया कि अधिक जानकारी के लिये मो. 6390200646 में संपर्क किया जा सकता है।

## आंकड़ों की तुलनात्मक रिपोर्ट में घट रहा कोरोना संक्रमण



आरटीपीसीआर जांच पिछले माह की अपेक्षा 1400 से बढ़कर औसतन रोजाना 1700 हो रही हैं। मरीज को त्वरित अच्छा उपचार देने के साथ मरीजों को बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिससे पॉजिटिव केसों में कमी आ रही है।

डॉ. मुकेश यादव
राजकीय मेडिकल कॉलेज प्राचार्य

**बांदा।** जनपद में कोरोना संक्रमण के आंकड़ों में मरीजों की संख्या में कमी दिख रही है। पिछले माह के तीन दिनों की रिपोर्ट की तुलना करने पर जनवरी में 50 प्रतिशत मरीज घटे हैं। भर्ती मरीजों की संख्या भी 22 की जगह अब 13 हो गई है।

कोरोना संक्रमण के फैलाव में गति अब धीमी हो गई है। पिछले माह 11 से 13 दिसंबर 2020 में जहां तीन दिनों में 32 पॉजिटिव मरीजों की संख्या थी। वहीं जनवरी माह 2021 के इन्हीं तीन तारीखों में संक्रमितों की संख्या 50 प्रतिशत दिखाई पड़ी है। जिसमें तीन दिनों में कुल 16 मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। इसी तरह कोरोना का असर कोविड.19 अस्पताल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भी है। वहां के संचालित 200 बेडों में दिसंबर माह में भर्ती मरीजों की संख्या 22 थी। जबकि इस समय जनवरी में भर्ती मरीजों की संख्या घटकर 13 हो गई है। जिसके चलते वर्तमान समय में जिले में अब तक 3624 संक्रमित मिल चुके हैं। जिसमें 3508 मरीज उपचार व बचाव के नियमों का पालन कर स्वस्थ हो चुके हैं। सक्रिय करीब 73 मरीजों का अस्पतालों व होम आइसोलेशन में उपचार चल रहा है। कोरोना के तुलनात्मक आंकड़े बताते हैं कि संक्रमण का फैलाव फिलहाल इस समय तेजी से घट रहा है। इसके पीछे उपचार की सक्रियता के साथ लोगों की जागरुकता भी काम आ रही है।

## शिक्षिका का तबादला करने पर ग्रामीणों ने दिया धरना एडीएम ने रुकवाया

**मौदह ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के राजकीय हाई स्कूल कुनेहटा में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विज्ञान व गणित की शिक्षिका का स्थानांतरण किए जाने पर ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में धरना देकर विरोध व्यक्त किया है। अपर जिला अधिकारी के आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया है।जानकारी के मुताबिक ग्राम कुनेहटा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रितु गुप्ता एक मात्र विज्ञान वर्ग की व गणित की अध्यापिका है उसका बीच सत्र में स्थानांतरण किए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक के खिलाफ ग्राम के लोगों ने रोष व्यक्त करते हुये स्थानांतरण रोके जाने को लेकर विद्यालय परिसर में ही धरने पर बैठ विरोध दर्ज कराया जानकारी होते ही मौके पर अपर जिलाधिकारी ने पहुचकर स्थानांतरण रोके जाने का आश्वासन दिया इस पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया धरने पर रामराज खंगार, विनय तिवारी, आदित्य, जगदंबा यादव ,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सहित अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

## किसान सम्मान निधि से अभी सत्तर फीसदी किसान वंचित

● विभागीय अधिकारी शासन व प्रशासनिक अधिकारियों को कर रहे गुमराह,दर्जनों किसानों ने एसडीएम को बतायी पीड़ा

**राठ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के बहपुर गांव में किसान सम्मान निधि से 70 फीसदी किसान वांचित है। आज दर्जनों किसानों ने एसडीएम से अपनी लिखित पीड़ा बतायी है। गांव के दर्जनों किसानों ने किसान सम्मान निधि की पोल खोलते हुये एसडीएम अशोक यादव को बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से क्षेत्र के सैकडो किसान वंचित है मगर कृषि विभाग प्रशासन व शासन को गुमराह कर अपनी हाथों अपनी पीठ थपथपा रहा है, जब कि हकीकत यह है कि तहसील में यह योजना एक दम फ्लाप हो चुकी है गांव के रामअवतार, भारत सिंह, वीरसिंह, अरविंद्र कुमार, मोतीलाल, जय सिंह, हरीपाल, मानबहादुर सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक मदद करने के लिये देश के सभी किसानों को 6 हजार रुपये पिछले वर्ष से दिया जा रहा है। लेकिन इस योजना से गांव का 70 फीसदी किसान वंचित है। बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिये किसान लेखपाल तथा कृषि विभाग के चक्कर काट रहे है। किसान की समस्या का अभी तक किसी अधिकारी ने कोई ध्यान नहीं दिया है। बल्कि कृषि विभाग के अधिकारियों की किसानों की झिड़की सुनना पड़ती है, विभागीय अधिकारी अपनी कमी छिपाने के लिये बराबर शासन व प्रशासन को गुमराह कर रहे है यदि इस योजना की जांच बारीकी से करा ली जाये तो चौकाने वाले तथ्य सामने आयेगे। किसानों ने एसडीएम से वंचित किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि दिलवाये जाने की मांग की है। इस दौरान एसडीएम ने तत्काल कृषि विभाग के अधिकारी को फोन कर किसानों के खाते में पैसे डलवाने के निर्देश दिये।

# शुरू हुआ टीकाकरण का पहला चरण



## ● कई चरणों में होना है वैक्सीनेशन

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**कोविड**-19 महामारी से निजात के लिए आज टीकाकरण का पहला चरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में शुरू किया गया। जिसमें 50 वर्ष से अधिक फ्रंटलाइन कोरोना योद्धाओं स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में स्थानीय विधायक राम नरेश रावत, उप जिलाधिकारी विनय मिश्र, क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी, थाना अध्यक्ष राकेश सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी उपस्थिति में वेबीनार के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में बताया कि संपूर्ण राष्ट्र में तीन करोड़ लोगों को टीका लगाया जा रहा है। वही दूसरे चरण में तीस करोड़ लोगों को टीका लगाया जाएगा। टीका के संबंध में अफवाह व दुष्प्रचार से भी हम लोगों को बच कर रहना है। यह कोरोना वैक्सीन पूर्णतया भारतीय है। छोटे बच्चों को लगने वाले साठ प्रतिशत टीका भारत में ही बनाए जाते विदेशों में बनाई जाने वाली वैक्सीन काफी महंगी है और उसका रखरखाव सुविधा जनक नहीं है। वहीं भारत में बनने वाली वैक्सीन सस्ती है व इसका रखरखाव और ट्रांसपोर्टेशन भी यहां के वातावरण के अनुकूल है। उनके इस संदेश के बाद टीकाकरण अभियान का फीता काटकर विधायक राम नरेश रावत ने शुभारंभ किया। वही बछरावां विधायक राम नरेश रावत ने बताया कि महामारी के मद्देनजर राष्ट्र की सेवा करने वाले कोरोना योद्धाओं को सर्वप्रथम टीका लगाया जाएगा क्योंकि महामारी के दौर में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है महामारी के दौर में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह सजग रहकर अपने उत्तरदायित्व का पालन किया। उप जिला अधिकारी महाराजगंज ने बताया कि किसी भी तरह की अफवाहों से बचकर रहें महामारी से निजात के लिए टीकाकरण अभियान में सहयोग करें। उसके बाद टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई जिसमें सर्वप्रथम डॉ अनिल जैसल को कोरोना का टीका लगाया गया। उसके बाद डॉ विजय शुक्ला को का टीकाकरण हुआ कुल 99 लोगों का टीकाकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रभात कुमार, महिला चिकित्सक हुमा कौशर खंड विकास अधिकारी बछरावां प्रवीण कुमार, उपनिरीक्षक नदीम अरशद, फार्मेसिस्ट प्रेम प्रकाश वर्मा, हेल्थ सुपरवाइजर देवराज शुक्ला, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नंदलाल व अंशु धानुक सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## कड़ी सुरक्षा में सीएचसी पहुंचाई गई वैक्सीन

**खीरों, रायबरेली।** शनिवार को कोविड-19 की वैक्सीन की पहली खेप पुलिस अभिरक्षा के बीच विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर जिला मुख्यालय से सीएचसी खीरों पहुँचाई गई। विभाग द्वारा सीएचसी खीरों को पहली बार में 31 वैक्सीन वाइल मुहैया कराई गई हैं। वैक्सीन को कोल्ड चेन में सुरक्षित कर पुलिस की देखरेख में रखा गया है। वैक्सीन की निगरानी के लिए सीएचसी में लगभग दो हफ्ते पहले सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। कोविड-19 के टीकाकरण की सारी तैयारियां सीएचसी खीरों में पहले से ही कर ली गई है । बेसिक हेल्थ वर्कर सुखराम ने बताया कि कोविड-19 वैक्सीन के 31 वाइल में कुल 310 डोज प्राप्त हुई हैं। जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में कोल्ड चेन में सुरक्षित रखा गया है । सीएचसी अधीक्षक डॉ भावेश सिंह ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश के अनुसार व टीकाकरण की तिथि निश्चित करने के बाद वैक्सीन लगाने का काम शुरू किया जाएगा । विभागीय अधिकारियों के निर्देशानुसार सबसे पहले कोविड-19 की वैक्सीन का टीका सीएचसी मुख्यालय के चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों को नियमानुसार लगाया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि वैक्सीन की निगरानी में दो सुरक्षाकर्मी सीएचसी खीरों में हर समय तैनात रहेंगे।

## सीएचसी हरचन्दपुर से डीएम ने कोविड-19 टीकाकरण अभियान का किया शुभारम्भ



**रायबरेली।** कोरोना से बचाव व सुरक्षा हेतु जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरचन्दपुर में पहुचकर कोविड-19 टीकाकरण के प्रथम चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को लगाये जा रहे कोविड-19 टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। जनपद में अमावां, बछरावां, जगतपुर व हरचन्दपुर की सीएचसी पर चिकित्सक सहित स्वास्थ्य कमियों ने बढ़-चढ़कर कोरोना वैक्सीन के टीके लगवाये। उन्होंने कहा कि जनपद में चरणबद्ध तरीके से कोरोना वैक्सीन लगाई जायेगी। जिसकी समुचित तैयार पूर्ण है कोरोना वैक्सीन में टीकाकरण के दौरान जिन स्वास्थ्य कर्मियों का टीकारण किया जा रहा है उन्हें 30 मिनट तक औबर्जवेशन में रखा जाए रहा है तथा उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी रखी जा रही है। जनपद में चल रहे कोविड-19 टीकाकरण भली-भांति सम्पन्न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के साथ ही टीम-भावना भी जरूरी है। कोविड-19 टीकाकरण सकुशल सम्पन्न हो इसके लिए पूर्व में ही कोरोना वैक्सीन ड्राईरन (रिहर्सल) की प्रक्रिया 2 चरणों में सकुशल पूर्ण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने हरचन्दपुर सीएचसी में जिन स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया जा चुका उनके स्वास्थ्य के बारे में कुशल क्षेम पूछा जिस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने मुस्कराते हुए कहा कि सर आई एम ओके में स्वस्थ हूँ।जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल को निर्देश दिये कि जिन कोविड-19 टीकारण केन्द्रों पर चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगी है वह पूरी सर्तकता सुरक्षा के साथ टीकाकरण कराने का कार्य करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि कोविड-19 टीकाकरण के समय वैटिंग रूम व औबर्जवेशन को दूर रखा जाए तथा कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन के साथ ही सोशल डिस्टेंसिग व मास्क का प्रयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा आमजनमानस को जागरूक किया जाए कि दो खुराक जरूरी, तभी सुरक्षा होगी पूरी। लोगों को बताया जाए कि कोविड-19 टीकाकरण पूरी तरह से सुरक्षित है तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# डीएम और एडी हेल्थ ने लिया टीकाकरण अभियान का जायजा

## ● 300 फ्रंट लाइन स्वास्थ्य कर्मियों को लगना था वैक्सीन लेकिन 187 ने ही लगवाये टीके

संवाददाता। श्रावस्ती





**देश** भर में शनिवार को कोरोना से मुक्ति महा अभियान में जनपद श्रावस्ती में प्रथम चरण के पहले सत्र का कोविड.19 टीकाकरण कार्यक्रम संपन्न हुवा। जिसके लिये जनपद में 3 जगहों पर टीकाकरण सेंटर बनाये गए। पहला संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा दूसरा सी एच सी भिनगा तथा तीसरा सी एच सी गिलौला में। इन सभी सेंटरों पर 100.100 कि संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों को टीके लगाये जाने थे। जो दिनभर चलता रहा और शाम को टीकाकरण समाप्ती के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 ए0 पी0 भार्गव ने मीडिया कर्मियों को अवगत कराया कि संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में 74 सी एच सी भिनगा में 31 व सी एच सी गिलौला में 82 स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन की पहली डोज लगायी गयी। प्रथम चरण में 300 लोगों को वैक्सीन लगाया जाना था जिसके सापेक्ष 187 स्वास्थ्य कर्मियो ने टीके लगवाए है। वैक्सीनेशन कार्य का जायजा लेने पहुंचे अपर निदेशक स्वास्थ्य देबी पाटन मण्डल गोंडा ए के गुप्ता ने शुबह 11. 30 पर संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा का निरीक्षण कर वैक्सिनेशन अभियान का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी टी के शिबु एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्या ने क्रमशः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिनगाए संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गिलौला का निरीक्षण कर टीकाकरण कार्य का जायजा लिया । इसके साथ ही कोविड.19 टीकाकरण का अपडेट पोर्टल पर करने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0 पी0 भार्गव ने बताया है कि तीनो टीकाकरण स्थलो पर 100.100 फ्रन्ट लाइन स्वास्थ्य कर्मिको का टीकाकरण होना था टीकाकरण के उपरान्त आधे घण्टे तक टीकाकरण केन्द्र के पास बनायी गयी आब्जर्वेशन केन्द्र में स्वास्थ्य विशेषज्ञो की देखरेख में बैठाया गया आधा घण्टा रूकने के बाद टीकाकरण लगवाने वाले स्वास्थ्य कर्मी सकुशल अपने घर चले गये टीकाकरण कराने वाले किसी भी स्वास्थ्य कर्मी में कोई प्रतिकूल प्रभाव नही पाया गया है।

## सीएचसी बल्दीराय में स्वास्थ्यकर्मियों को लगाई गई वैक्सीन

संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर



**प्रदेश सरकार** के निर्देश पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पर स्वास्थ्य कर्मियों ने कोरोना वायरस का टीका लगवाकर शुभारंभ किया। बल्दीराय के उपजिला अधिकारी राजेश सिंह ने अपनी मौजूदगी में वैक्सीन का शुभारंभ करवाया और वैक्सीन लगवाने वाले कोरोना योद्धाओं को सम्मानित भी किया।

सीएचसी बल्दीराय प्रभारी डॉ राजेश ने बताया कि कोरोना महामारी के बचाव के लिए सीएचसी पर स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना वैक्सीन लगाई गई है। प्रतिदिन केंद्र पर 100 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। सीएचसी बल्दीराय पर जिला अधिकारी रवीश गुप्ता पहुंच कर वैक्सीन का जायजा लिया उन्होंने सीएचसी प्रभारी राजेश की सक्रियता की सराहना भी की। इस अवसर पर वैक्सीन के शुभारंभ में सीएचसी बल्दीराय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# साइबर क्राइम न्यूज पोर्टल के सर्वे में यूपी के साइबर योद्धाओं ने मारी बाजी

## ● साइबर एक्सपर्ट नितिन पाण्डेय समेत पांच साइबर योद्धा उत्तर प्रदेश से

संवाददाता। सुलतानपुर



**देश के** सबसे पहले साइबर क्राइम न्यूज पोर्टल की तरफ से कराए गए सर्वे में उत्तर प्रदेश अव्वल रहा। 100 साइबर योद्धाओं में सूबे का भी दबदबा कायम रहा। दो आईपीएस समेत पांच साइबर एक्सपर्टों ने उत्तर प्रदेश का परचम पूरे भारत में फहरा दिया है।

गौरतलब हो कि अभी हाल में भारत में कराए गए सबसे बड़े सर्वे सीक्यू 100 में पांच प्रतिष्ठित साइबर एक्सपर्ट यूपी से रहे। सर्वे भारत के पहले साइबर क्राइम न्यूज पोर्टल दि 420 डॉट इन की तरफसे कराया गया था। सर्वे में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ, फोरेंसिक, बैंकिंग, फाइनेंस सिस्टम, साइबर आतंकवाद निरोधक, पुलिसिंग समेत साइबर से संबंधित अन्य क्षेत्रों के मशहूर साइबर वारियर्स शामिल रहे। इनमें ऐसे भी विशेषज्ञ थे जो भारतीय थलसेना, वायुसेना, नौसेना, आरबीआई, पीएमओ इंटेलीजेंस एजेंसीज जैसे देश के अहम महत्वपूर्ण संस्थानों से जुड़े हैं। इस सूची में सूबे ने भी अपना दबदबा कायम रखा। प्रदेश के दो आईपीएस अधिकारी आनन्द प्रकाश महेश्वरी व आशीष गुप्ता के अलावां लखनऊ स्थित साइबर एक्सपर्ट नितिन पाण्डेय और नोयडा के अमित दूबे व कुमुद बजाज ने भी पूरे भारत में प्रदेश का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है। करीब एक महीने तक चले सर्वे में प्रतिष्ठित संस्थाओं की रूपरेख, ओपिनियन व सुझाव के बाद ऐसे योद्धाओं की सूची तैयार की गई। जिसे मात्र दो दिनों में 40 हजार से अधिक लोगों ने देखा व कई हजार लोगों ने शेयर किया। इन टाइलेन्टेड साइबर योद्धाओं ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर साबित कर दिया है कि साइबर अपराधों को रोक पाने में उत्तर प्रदेश जिला सबसे अव्वल है।

## अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पीरो सरैया का डीएम ने लिया जायजा

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा शनिवार को अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पीरो सरैया, विकास खण्ड धनपतगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कुल 73 गोवंश संरक्षित पाये गये, जिसमें 53 नर एवं 20 मादा पाये गये। पशु चिकित्सा अधिकारी धनपतगंज डॉ0 प्रमोद कुमार अग्रहरि द्वारा बताया गया कि संरक्षित समस्त गोवंश का टीकारण, टैगिंग करा दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन आश्रय स्थल का निरीक्षण व सत्यापन किया जा रहा है तथा आवश्यकतानुरूप चिकित्सा आदि की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सभी गोवंश स्वस्थ पाये गये तथा साफ-सफाई एवं खान-पान की व्यवस्था भी संतोषजनक पायी गयी। जिलाधिकारी श्री गुप्ता द्वारा गोवंश आश्रय स्थल का शेड में पिलर कमजोर पाये जाने पर शीघ्र ठीक कराने का निर्देश दिया गया।

## गरीब-असहायों को ठंड से बचाने के लिए रेडक्रॉस मुहैया करा रही कंबल

**सुल्तानपुर।** तापमान में गिरावट होने से ठंड में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है लोग रजाई, कम्बल व अलाव का सहारा लेकर किसी तरह ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है लेकिन जिनके सर पर छप्पर नही है और सड़क के किनारे अपना जीवन यापन कर रहे है उन बेसहारा का सहारा बनकर रेड क्रॉस संस्था निखरती हुई दिख रही है प्रतिदिन संस्था के वालेंटियर गस्त कर ऐसे लोग जो ठंड में सड़क के किनारे रात गुजार रहे है उन्हें कम्बल उपलब्ध करा रही है । शनिवार को जिला अधिकारी रवीश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, पुलिस अधीक्षक डॉ अरविन्द चतुर्वेदी सुल्तानपुर द्वारा जनता दरबार में अपने शिकायतों कप लेकर आये महिलाओं व पुरुषों को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के नेतृत्व में आर्थिक तंग परिवार की महिलाओं व पुरुष को कंबल वितरण किया गया तथा जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा रेड क्रॉस के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का इस तरह के कार्य की सराहना की वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा रेडक्रास की सभी टीम को स्वच्छता अभियान के लिए कल प्रात: 7:00 बजे आमंत्रण किया गया और रेडक्रास टीम की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया गया इस अवसर पर सचिव जो प्रकाश शुक्ल द्वारा अपने सदस्यों को और सक्रिय रहने के लिए कहा इस मौके पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव प्रकाश शुक्ला व सुभाष कुमार इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सुल्तानपुर द्वारा एक एनीमिया मरीज को ब्लड देकर सराहनीय कार्य किया इस मौके पर डॉ चंद्रभान सिंह, विनोद कुमार प्रजापति, बबीता सिंह रेडक्रास महिला विंग के उपाध्यक्ष सचिव, सरस्वती मिश्रा मीडिया प्रभारी, कोमल तिवारी,विवेक सिंह, शिवचरण प्रजापति,सुभाष कुमार प्रजापति, आशुतोष तिवारी मीडिया प्रभारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### चलती बाइक से गिरी महिला, गंभीर

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव पूरे पासिन निवासी राजदेवी 30वर्ष पत्नी धीरज अपने कार्य से ऊंचाहार की ओर जाते समय गांव के निकट तेज बाइक से गिर गई जिनको गंभीर चोट आने पर परिजनो के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती करवाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### दहेज के लिए महिला को पीटा

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव हसनगंज निवासिनी सीमा पुत्री श्रीपाल की शादी कोतवाली के गांव नयापुरवा निवासी शिवदर्शन पुत्र जंगबहादुर के साथ बीते 30-6-2020 को हुआ था।जिसके बाद पति सोने की चैन की मांग किया मांग पूरा न होने पर विवाहिता को मारपीट गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।जिसके बाद मयका पहुंची पीड़िता ने अपने परिजनो को बताया।जिसमे विवाहिता के पिता श्रीपाल निवासी हसनगंज ने कोतवाली में तहरीर अपने दमाद के खिलाफदेकर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

### सपा के चार सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी में मजबूती लाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने समाजवादी पार्टी सुल्तानपुर की जिला कार्यकारिणी में चार सक्रिय सपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शिवेंद्र विक्रम उर्फसंजय शर्मा एवं सज्जाद अहमद को सपा जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष पद पर नामित करते हुए इन्हें जिम्मेदारी दी है यही रामचंद्र यादव तथा डॉक्टर सुरेश यादव को जिला सचिव के पद पर नामित करते हुए अहम जिम्मेदारी सौंपी है। जिले की सपा जिला कार्यकारिणी में 4 कार्यकर्ताओं के मनोनयन पर सपा कार्यकर्ताओं में जोश है कार्यकर्ताओं ने कहा इन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी मिलने से जिले की सपा कार्यकारिणी में मजबूती आएगी।

### रैन बसेरा व अलाव का हुआ आकस्मिक निरीक्षण

**सुलतानपुर।** शुक्रवार की रात्रि में डीएम ने नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर द्वारा पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में संचालित रैन बसेरा व अलाव का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। डीएम ने रैन बसेरा में बिस्तर, गददा व रजाई के साथ लगे हुए पाये गये। पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार में बने रैन बसेरा में नगर पालिका की तरफसे मोबाइल टायलेट की भी व्यवस्था को देखा । डीएम ने साफसफाई आदि व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान सम्बंधित को निर्देशित किया कि नियमित साफसफाई तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं मुहैया कराए जाने के साथ साथ रैन बसेरा पंडाल के ऊपर मोटा त्रिपाल तत्काल लगाए जाएं।

### चोरों ने लाखों पर साफ किया हाथ

**करनैलगंज (गोंडा)।** एक घर में चोरों ने घुसकर नगदी व जेवरात समेत करीब 4 लाख रुपये के सामान पर हाथ साफकिया। पीड़ित परिवार ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर माझा के मजरा गडरियन पुरवा में शुक्रवार की रात चोरों ने एक घर में छत के रास्ते जीने से होकर घर में घुस आए और जमकर घर को खंगाला। इस गांव के निवासी राजेंद्र कुमार वरुण कुमार दो भाइयों का कहना है कि चोर उनके घर में पीछे से छत पर और छत से जीने के रास्ते घर में घुस आए घर में रखा बक्शा, अलमारी व सूटकेस को तोड़ा। उसमें रखी 32 हजार रुपये नकदी व करीब 3 लाख के जेवर चोरी कर ले गए। घर में रखे बक्से और अलमारी तोड़कर उसमें से सामान निकाला। इसके अलावा एक बक्सा जिसमें जेवरात व कपड़े नगदी रखा था वह बक्सा घर से दूर के खेत में ले जाकर तोड़ा और उसमें रखा सामान उठा ले गए। उसका कहना है कि उसकी बहन उसके घर आई थी उसकी पर्स और उसके पत्नी की पर्स में रखा करीब 8 हजार एवं जेवरात चोर उठा ले गए। जब सुबह घर के लोग उठे तो घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था। बक्शा, अलमारी टूटी हुई थी। गांव के बाहर एक बक्शा टूटा व सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित राजेंद्र व अरुण कुमार द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह बताते है कि मौके पर हल्का दरोगा व पुलिसकर्मियों को भेजकर मामले की जांच कराई जा रही है।

### शिक्षक संकुल न्याय पंचायत परशुरामपुर की हुयी बैठक .

**श्रावस्ती, भिनगा।** न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षक संकुल की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय शिवबालक पुरवा में आयोजित की गयीइबैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश यादव ने किया इस बैठक में उन्होंने मिशन प्रेरणा के तथ्यों को उपस्थित सभी अध्यापकों को बारीकी से बताया इसके साथ ही ई.पाठशाला मोहल्ला पाठशाला सक्रिय पुस्तकालय कायाकल्प के 14 पैरामीटर्स पर विस्तृत चर्चा की।

## मतदाता सूची में गड़बड़ी मिलने पर होगी विधिक कार्रवाई: जिला निर्वाचन अधिकारी

**गोंडा।** जिला निर्वाचन अधिकारी मार्कण्डेय शाही ने त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार कराने हेतु जनपद के समस्त नामित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है कि मतदाता सूची को लेकर विभिन्न फोरम से जो भी शिकायतें संदर्भित की गई हैं उनकी जांच करते हुए यह सुनिश्चित करें कि किसी भी ग्रामपंचायत की मतदाता सूची में कोई त्रुटि न रहे। उन्होंने नामित अधिकारियों को आगाह किया है कि दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही अथवा शिथिलता की पुष्टि होने पर कठोर कार्यवाही के लिए उन्हें बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 में दिए गए प्राविधानों के अधीन अधिकारियों को विभिन्न दायित्व दायित्व दिए गए हैं और इनके निर्वहन में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही की पुष्टि होने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 (यथा संशोधित), उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम 1994 एवं नियमावली के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध विधिक व विभागीय कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी श्री शाही ने बताया कि ग्रामपंचायतों की निर्वाचक नामावली तैयार करने, उन्हें प्रकाशित करने तथा सूचियां के सम्बन्ध में प्रस्तुत दावों और आपत्तियों का निपटारा कर उन्हें संशोधित करते हुए अन्तिम रूप देने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गोण्डा को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कर्तव्यों के निर्वहन हेतु नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार कार्य सम्पादित कराने के निमित्त सम्बन्धित सबडिवीजन के उप जिलाधिकारी को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा उनके सहयोग हेतु तहसीलदार को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया गया है। इसी के अन्तर्गत खण्ड विकास अधिकारियों को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सहायतार्थ समन्वयक अधिकारी के कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्राधिकृत किया गया है।

# कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण के प्रथम चरण प्रारम्भ

## ● सीएमएस महिला अस्पताल ने लगवाया पहला टीका

संवाददाता। गोंडा



कोविड-19 टीकाकरण का शुभारम्भ करते डीएम मार्कण्डेय शाही व अन्य — पायनियर

**शनिवार** को जिले में कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण का प्रथम चरण प्रारम्भ हो गया। जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही तथा पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल में पहुंच कर संयुक्त रूप से कोविड वैक्सीनेशन का शुभारम्भ किया।

जिले में कोरोना वैक्सीन का पहला टीका महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एपी मिश्र ने लगवाया। वहीं जिला अस्पताल में कर्मचारी बाबूलाल तथा एससीपीएम नर्सिंग कालेज में कालेज के निदेशक अजिताभ दूबे ने कोरोना का पहला टीका लगवाया। जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. दीपक कुमार, एससीपीएम कालेज के संस्थापक डा. ओएन पाण्डेय ने भी टीका लगवाकर संदेश दिया। जिला अस्पताल में पहुंचकर डीएम व एसपी ने फीता काटकर टीकाकरण का शुभारम्भ किया तथा मा. प्रधानमंत्री द्वारा टीकाकरण को लेकर दिए जा रहे संदेश को देखा। जिला अस्पताल में टीकाकरण का शुभारम्भ करने के बाद डीएम ने जिला महिला अस्पताल तथा एससीपीएम नर्सिंग कालेज में पहुंचकर टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अजय सिंह गौतम ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन के लिए जिले में कुल 06 टीकाकरण केन्द्र बनाए गए थे जिसमें 04 केन्द्र नगरीय क्षेत्र में जिसमें जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, एससीपीएम अस्पताल तथा एससीपीएम कालेज ऑफ नर्सिंग हारीपुर में टीकाकरण हुआ। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवाबगंज तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनकापुर में टीकाकरण का कार्य हुआ। पहले चरण में प्रत्येक टीकाकरण स्थल पर सौ-सौ स्वास्थ्य कर्मियों सहित कुल छः सौ स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया गया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, एसडीएम सदर कुलदीप सिंह, अपर उपजिलाधिकारी महेन्द्र सिंह, परिवीक्षाधीन एसडीएम शत्रुघ्न पाठक प्रमुख अधीक्षक जिला अस्पताल डा. घनश्याम सिंह, डीसीपीएम डा. आरपी सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल के सफाईकर्मी को लगा कोविड-19 का पहला टीका

● प्रतिरक्षित लोगों को 15 फरवरी को दी जाएगी दूसरी डोज

● जिले को वैक्सीन की 16060 डोज हो चुकी है प्राप्त

संवाददाता। बस्ती



**जिला** अस्पताल के माडयूलर ओटी में अस्पताल के सफाई कर्मी हसन रजा को कोरोना का पहला टीका लगाया गया। टीका लगने के बाद उसे आब्जर्वेषन रूम में ले जाया गया। दूसरा टीका अस्पताल के नाक, कान, गला विषेषज्ञ डा. एसएस कन्नौजिया को लगाया गया। डीएम सीएमओ ने टीकाकरण के बाद उनका हालचाल पूछा। प्रतिरक्षित लोगों को कोविड-19 टीका की अगली डोज के लिए 15 फरवरी की तारीख दी गई है।

डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि कोरोना वायरस कि अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। विश्व में तबाही मचाने वाले कोविड-19 वायरस जैसी विकराल समस्या का अब समाधान निकल चुका है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल चार अस्पतालों में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निगरानी में टीके को लांच किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एके गुप्ता ने बताया कि जनपद में कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीन की 16060 डोज प्राप्त हो चुकी हैं। पहले डोज के बाद दूसरा डोज 28वें दिन लगेगा। प्रतिरक्षित व्यक्ति को यदि बेचैनी या किसी भी तरह की समस्या होती है तो निकटतम स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम और आशा को इसकी सूचना दें। इसके लिए एंबुलेंस सेवा 108 भी उपलब्ध रहेगी। एसीएमओ डा0 फखेयार हुसैन ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को बिना पंजीकरण के कोरोना का टीका नहीं लगेगा। पंजीकरण के बाद ही सत्र स्थल और समय की जानकारी दी जाएगी । फोटो आईडी पंजीकरण और सत्यापन दोनों के लिए जरूरी है। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद लाभार्थी को वैक्सीनेशन की नियत तिथि, स्थान और समय के बारे में मोबाइल पर एसएमएएस प्राप्त होगा। वैक्सीन की खुराक मिलने पर लाभार्थी को उनके मोबाइल नंबर पर एक क्यूआर कोड आधारित प्रमाण पत्र भी भेजा जाएगा। डीएम ने अधिकारियों के साथ ओपेक कैली अस्पताल में टीकाकरण अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा0 नवनीत कुमार, सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, डा0 सोमेष कुमार, डा0 जीएम शुक्ल व अन्य मौजूद रहे।

## कोविन पोर्टल पर पंजीकरण बाद भी नहीं आए कई लोग

**कोविड**-19 टीकाकरण अभियान के दिन कई ऐसे लोग भी रहे जिनका नाम कोविन पोर्टल पर पंजीकृत था लेकिन वह टीकाकरण के समय नहीं आए। अनुपस्थित लोगों की अब एक अलग सूची तैयार होगी। इन लोगों को टीकाकरण के लिए अलग से समय दिया जाएगा। कोरोना वैक्सीनेषन के लिए पहले समूह में हेल्थवर्कर, फ्रंट लाइन वर्कर, दूसरे समूह में 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति और पहले से किसी रोग से ग्रसित व्यक्ति को शामिल किया गया है। इसके बाद अन्य सभी जरूरतमंदो को वैक्सीन उपलब्ध कराया जाएगा। संक्रमित व्यक्ति को भी लक्षण खत्म होने के 14 दिन बाद टीकाकरण किया जा सकता है।

## बर्ड फ्लू के संभावित संक्रमण कों सतर्क रहकर रोका जाय

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में पक्षियों में बर्ड फ्लू बीमारी के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बर्ड फ्लू की संभावित संक्रमण से बचने यानी संभावनाओं पर नियंत्रण करने के लिए सुरक्षात्मक कदम तत्काल उठाये जायें। जिलाधिकारी ने बताया कि बचाव के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स तहसील स्तरीय टास्क फोर्स व विकास खण्ड स्तरीय टास्क फोर्स गठित कर क्रियाशील किया गया है। जरूरत है कि सतर्क व होशियार रहकर बर्ड फ्लू के संक्रमण को पूरी तरीके से रोका रखा जाय। उन्होंने कहा कि जिले स्तर पर बर्ड फ्लू के किसी प्रकार की आशंका का समाधान व जानकारी के लिए जिला पशु चिकित्सालय में 24 घंटे कन्ट्रोल रूम क्रियाशील किया गया है। जिले के नागरिक बर्ड फ्लू के सम्बन्ध में 9161539759 9415182008व 9450160731 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाय। जिले में लगने वाली साप्ताहिक बाजारों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों को बेहतर साफसफाई रखा जाय। जिले में अन्य प्रदेशों व जिले से बाहर कहीं से भी फार्म के मुर्गों मुर्गियों के परिवहन को प्रतिबन्धित किया गया है लिहाजा बाहर से परिंदों को वाहन के माध्यम से जिले में न आने दिया जाय।

# सोनभद्र में टीकाकरण का शुभारंभ

● शनिवार को जिले के 232 लोगों को लगा कोविड-19 का टीका

संवाददाता। सोनभद्र



### घबराए नहीं लगवाए टीका

जिला संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पी बी गौतम को कोरोना का सबसे पहले टीका लगा। टीका लगने के बाद डॉक्टर पी बी गौतम ने बताया कि जैसे सामान्य टीका लगता है उसी तरह से यह कोरोना टीका लगाया गया। इससे किसी तरह की कोई परेशानी नहीं महसूस हुई। महामारी से जंग जीतने के लिए कोरोना टीकाकरण अभियान जिले में शुरू हो गया है।

**जिले में** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पी बी गौतम को कोरोना का पहला टीका लगने के साथ ही शनिवार को कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। शाम पांच बजे तक जिले के 232 लोगों को कोविड 19 टीका से प्रतिरक्षित किया गया। प्रतिरक्षित लोगों को कोविड 19 टीका की अगली डोज के लिए 15 फरवरी की तारीख दी गई है। इसके लिए उनके मोबाइल पर मैसेज भी आएगा। जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि कोरोना वायरस कि अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। विश्व में तबाही मचाने वाले कोविड-19 वायरस जैसी विकराल समस्या का अब समाधान निकल चुका है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल 4 केंद्रों पर जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निगरानी में टीके को लांच किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नेम सिंह ने बताया कि जनपद में कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीन की 8700 डोज जिले को प्राप्त हो चुकी हैं। शनिवार को लांचिंग के लिए जिला ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को नामित किया गया था। इसके पहले जिले में दो बार ड्राई रन यानी पूर्वाभ्यास भी किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि भारत में विकसित कोरोना वैक्सीन पूरी तरह प्रभावी है। कोल्ड चेन के मानकों को पूर्ण करते हुये यह वैक्सीन जिले में आई है। अत्याधुनिक तकनीक से हम कोल्ड चेन बनाए हुये हैं। सीएमओ ने बताया कि पहले डोज के बाद दूसरा डोज 28वें दिन लगेगा। टीका लगने के बाद आधे घंटे तक टीकाकरण केंद्र पर रुकना होगा। प्रतिरक्षित व्यक्ति को यदि बेचैनी या किसी भी तरह की समस्या होती है तो निकटतम स्वास्थ्य अधिकारियों एएनएम और आशा को इसकी सूचना दें। इसके लिए एंबुलेंस सेवा 108 भी उपलब्ध रहेगी। प्रतिरक्षित व्यक्ति भी कोरोना अनुरूप व्यवहारों जैसे मास्क पहनना हाथ की सफाई और 6 फीट की शारीरिक दूरी बनाये रखने का पालन करें। उन्होंने बताया कि उच्च जोखिम वाले समूहों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है। इन्हें तीन समूहों में बांटा गया है पहले समूह में हेल्थकेयर वर्कर दूसरे समूह में फ्रंटलाइन वर्कर तीसरे समूह में 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति तथा जो पहले से ही किसी रोग से ग्रसित हैं।

# खोली 'मनरेगा' की पोल

### सपा जिलाध्यक्ष ने किया खुलासा, हर काम में लिए जा रहा 15 फीसद कमीशन सचिव और प्रशासक पर राजनैतिक व अनैतिक दबाव डाला जा रहा, सीडीओ ने दिए जांच के आदेश

**बस्ती।** सपा के जिलाध्यक्ष महेंद्रनाथ यादव ने मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए कहा कि सभी ब्लॉकों में खुले आम सीसी रोड, इंटरलाकिगं, पशुचरन, नाली एवं खंड़जा निर्माण कार्यो की मंजूरी के लिए 15 फीसद कमीषन लिए जा रहे है। श्रम और सामग्री का अनुपात बनाए बिना भारी कमीशन लेकर कार्यो की स्वीकृति दे दी जारही है। इस काम में एक 'माननीय' के प्रतिनिधि का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि सचिवों और प्रषासक पर राजनैतिक एवं अनैतिक दबाव बनाकर फर्जी कार्यो की मंजूरी करवाई जारही है। कार्यो की मंजूरी देने में मनरेगा के गाइड लाइन की पूरी तरह धज्जियां उड़ाई जारही है। इसकी आड़ में गंभीर वित्तीय अनियमितता की जारही है। सपा जिलाध्यक्ष के आरोप में काफी दम होने की बात इस लिएकही जारही है, कि इनके परिवार की एक महिला बहादुरपुर ब्लॉक प्रमुख रह चुकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने जांच के आदेष दिए है। जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव को विंदुवार जांच कर तथ्यात्मक आख्या तीन दिन में देने को कहा है। उपायुक्त मनरेगा को भी आड़े लेते हुए सीडीओ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पूरे जिले में मनरेगा के कामों में ठेकेदारी प्रथा के जरिए कार्यो की स्वीकृति कराकर काम कराया जा रहा है। जबकि मनरेगा एक श्रमपरक योजना है।

सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि पूरे जिले में मनरेगा में लूट मची हुई है। प्रधान के कार्यकाल के पहले और बाद दोनों में मनरेगा गाइड लाइन की अनदेखी करा सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। बताया कि पिछले 18 माह में मनरेगा में चार अरब 74 करोड़ से अधिक धनखर्च कर दिया गया। एक-एक क्षेत्र पंचायत ने 58-58 करोड़ खर्च किया, मगर मौके पर आधे से अधिक काम नदारद है। बताया कि मनरेगा ने बीडीओ, ब्लॉक प्रमुख, प्रोग्राम अधिकारी, प्रधान, सचिव और एडीओ को करोड़पति बना दिया, और जिसके लिए योजना बनी उसे लालीपाप मिला। फर्जी जॉब कार्ड फर्जी खाता खुलवाकर करोड़ों रुपये हड़प लिए गए। बताया कि जिस जिले में सत्तापक्ष के पांच विधायक और एक सांसद हो, अगर उस जिले का यह हाल तो पूरे देष का भगवान मालिक है।

# कोरोना टीकाकरण का हुआ शुभारम्भ, डीएम-एसपी ने लिया जायजा

संवाददाता। संतकबीरनगर

● तीन स्वास्थ्य केंद्रों पर 196 लोगो को लगा टीका डॉ. कुमार सिद्वार्थ को सबसे पहले लगा वैक्सीन



जानकारी लेती जिलाधिकारी पायनियर

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल के निर्देशन में शासन के आदेश के क्रम में जनपद में कोरोना टीकाकरण का शुभारम्भ हुआ। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ एमसीएच विंग जिला अस्पताल में पहुँचकर टीकाकरण की जानकारी ली। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मोहन झा ने बताया कि कोरोना का पहला टीका जनपद में डॉ0 कुमार सिद्धार्थ को लगा। शनिवार को कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। शाम पांच बजे तक जिले के 196 स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड-19 टीका से प्रतिरक्षित किया गया। प्रतिरक्षित लोगों को कोविड-19 टीका की अगली डोज के लिए 15 फरवरी की तारीख दी गई है। इसके लिए उनके मोबाइल पर मैसेज भी आएगा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि कोरोना वायरस कि अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 2.75 लाख से अधिक सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। 3321 मरीज पॉजिटिव आए हैं। अब तक 3224 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में कुल 49 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जनपद में कुल 44 लोगों की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हुई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरगोविन्द सिंह ने बताया कि जनपद में कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीन की 7550 डोज जिले को प्राप्त हो चुकी हैं। शनिवार को लांचिंग के लिए जिला, ब्लॉक एवं सत्र स्तर पर नोडल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को नामित किया गया था। एमसीएच विंग में जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ ए के सिन्हा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस रहमान, जिला वैक्सीन मैनेजर सुशील कुमार मौर्या के साथ ही साथ प्रशासन की तरफ से हर क्षेत्र के एसडीएम व अन्य लोग मौजूद रहे।

## मंदिर निर्माण के साथ हिंदू समाज का स्वप्न होने जा रहा साकार : ओम प्रकाश



**घोरावल/सोनभद्र।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के आवाहन पर शनिवार को जनजागरण अभियान यात्रा की शुरुआत शिवद्वार धाम मे श्री उमा महेश्वर भोले नाथ के दर्शन व रथ पूजन के साथ शुरू होकर घोरावल नगर मे पहुचा। नगर मे रथयात्रा घोरावल धर्मशाला से होकर मुख्खामोड से होते हुए शिवद्वार रोड घुमकर थाना घोरावल से सिरसाई रोड से होते हुए बाईपास राबर्टसगंज रोड पर समापन कर शाहगंज के लिए प्रस्थान कर गयी। इस दौरान पद यात्रा मे भाजपा विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल और संघ लोग संयुक्त रूप से सम्मिलित रहें। रथयात्रा मे कार्यक्रम के जिला संयोजक ओम प्रकाश दूबे ने कहा कि हिंदू समाज सैकड़ों साल से राम मंदिर निर्माण के लिए उद्वेलित था और इसके लिए लाखों रामभक्तों ने अपना बलिदान दिया है।आज हिंदू समाज का स्वप्न साकार होने जा रहा है।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष उदयनारायण कुशवाहा राजीव कुमार रामानंद पांडेय अरुण पांडेय दयाशंकर पांडेय जिला मंत्री कैलाश सिंह राजीव कुमार नंदलाल उमर सूर्यमणि तिवारी मनीषा राय सुनील चौबे राकेश उमर, संजय जायसवाल संगम दीपक यादव अशोक अग्रहरि प्रसुन बाबूलाल कृष्णा नंद मिश्रा दूधनाथ दूबे, तथा तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे

## जनजागरण यात्रा को सफल बनाए रखने के लिए मुहिम

● लगातार राज्यमंत्री श्रीराम चौहान व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा प्रभात फेरी निकालकर नगरवासियों को कर रहे हैं जागरूक

संवाददाता। संतकबीरनगर



प्रभात फेरी में शामिल राज्यमंत्री एवं सभ्रान्त नागरिक पायनियर

**नगर पालिका** अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने नगर वासियों से अपील करते हुए आगामी 20, जनवरी को जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद से निकलने वाले भव्य जागरण यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाये। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा निरन्तर लगातार प्रभात फेरी में शामिल होकर नगरवासियो को जागरूक करने का काम कर रहे है। जन जागरण प्रभात फेरी की शोभा राज्यमंत्री श्रीराम चौहान शामिल होकर बढ़ा रहे है। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में राम मंदिर निर्माण हेतु विभिन्न हिन्दू संगठनों ने जन जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खलीलाबाद के स्वयंसेवक और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खलीलाबाद शहर के विभिन्न वार्डो में जनजागरण यात्रा निकाली। जिसमे सैकड़ो की संख्या में महिलाएं, बच्चे, नौजवान और बुजुर्गों ने हिस्सा किया और गाते बजाते लोगो से अपील कर रहे थे कि जब श्रीराम मंदिर धन संग्रह टोली आप के द्वार पहुँचे तब आप अपने सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री श्रीराम चौहान तथा नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा भी लोगो से अपील करते नजर आये। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि 500 वर्षो के लंबे संघर्ष के बाद हमारे आराध्या प्रभु श्रीराम पुनः रामलला में विराजमान होंगे इसके लिए भव्य मंदिर का निर्माण होना है और यह मंदिर निर्माण सरकारी धन से न होकर जनसहयोग से बनेगा, प्रत्येक व्यक्ति अपने आराध्या के प्रति अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार मंदिर निर्माण में सहयोग करे यही अपील है मेरी। सब कुछ प्रभु का दिया हुआ है और तेरा तुझको अर्पण का लागे है मेरा इस भावना से लोगो से सहयोग की अपील है। आगे नगर पालिका अध्यक्ष लोगो से अनुरोध किया कि आगामी 20, जनवरी को पूरे शहर में भव्य जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी जिसमें सभी लोगों को दिन में 11 बजे जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद में अधिक से अधिक संख्या में पहुँकर जनजागरण यात्रा को सफल बनाये।

## तीन वर्ष तक बोर्ड परीक्षा केन्द्र नहीं बन सकेंगे जिले के दो इंटर कालेज

**बस्ती।** बोर्ड परीक्षा के दौरान मिली खामियों के चलते जिले के दो परीक्षा केन्द्रो को तीन वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया गया है। श्री राम प्यारे चौधरी इंटर कालेज रेहरवा, नकटीदेई और राकेष कुमार मिश्र मीरा देवी इंटर कालेज केवटली तीन वर्ष तक के लिए न तो बोर्ड परीक्षाओं के लिए केन्द्र बनाए जाएंगे और न ही केन्द्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षक कार्य कर सकेंगे। माध्यमिक षिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा 2020 के दौरान राकेष कुमार मिश्र मीरा देवी इंटर कालेज में इंटरमीडिएट अर्थषास्त्र संकेतांक 329 का लिफाफा निर्धारित तिथि से पूर्व खोल दिया गया था। यहां सामूहिक नकल/ अन्य अनियमितता पाई गई थी। जबकि श्री राम प्यारे चौधरी इंटर कालेज रेहरवा नकटीदेई में सामूहिक नकल/ अन्य अनियमितताएं मिली थी। डीआईओएस की आख्या/ संस्तुति एवं कार्यालय द्वारा सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया।

# विधायक अजय सिंह और भाई अम्बकेश्वर सिंह को नोटिस

● बकाए के आरोप जिला पंचायत ने विधायक सहित उनके भाई को जारी किया अंतिम नोटिस

● आवास और दुकान का किराया जमा न करने के आरोप में सैकड़ों का जारी हुआ नोटिस

संवाददाता। बस्ती

**जिला** पंचायत का प्रशासक बनते ही डीएम आशुतोष निरंजन ने सबसे अधिक बकाएदारों पर शिकंजा कसने का आदेश जारी किया। इसके लिए डीएम ने सभी 14 सहायक राजस्व निरीक्षक और राजस्व निरीक्षकों को सुबह आठ बजे से ही वसूली में लग जाने का फरमान जारी किया। बड़े बकाएदारों में प्रमुख रुप से हर्रैया के विधायक और लजघटा निवासी अजय कुमार सिंह और उनके भाई अम्बकेश्वर सिंह कानाम शामिल है। इन दोनों पर माह दिसंबर 20 तक 33,273-33,273 रुपये बकाया है। अजय सिंह के नाम लोहिया मार्केट के दुकान संख्या ए/12 और अम्बकेश्वर के नाम दुकान संख्या ए/13 किराए पर आवंटित है। जारी नोटिस में दोनों भाईयों को बकाया जमा करने के लिए तीन का समय दिया है, उसके बाद दुकान खाली कराने से लेकर आंवटन निरस्त करने के साथ आरसी जारी करने की चेतावनी दी गई है। इस तरह की नोटिस सैकड़ों बकाएदारों को दी गई है। जिला पंचायत अधिकारी विकास मिश्र ने बताया कि आवास और दुकान के बकाएदारों को अंतिम नोटिस जारी किया गया।

जिला पंचायत के आय के स्त्रोत में सबसे बड़ा आवास और दुकानों के किराए ही महत्वपूर्ण को माना गया, और जिला पंचायत का यही पक्ष सबसे कमजोर माना जा रहा है। चूंकि बकाएदारों में बड़े रसूख, विधायक और पत्रकार शामिल हैं, इस लिए पंचायत किराया वसूल नहीं पा रहा है। वसूली करने वाले राजस्व निरीक्षकों का कहना है कि बकाएदारों को कई नोटिसें दी गई, मगर बहुत कम ऐसे बकाएदार है, जो समय से भुगतान करते हो। इनमें सबसे अधिक डिफाल्टर की श्रेणी में राजनेता ही आरहे हैं। इसके लिए जिला पंचायत प्रशासन की कमजोर इच्छा शक्ति को जिम्मेदार माना जा रहा है। सालों से बकाया होने के बावजूद जिला पंचायत प्रशासन आज तक विधायक का तों छोड़िए किसी पत्रकार के आवास और दुकान तक को खाली नहीं करा पाया। एक राजस्व निरीक्षक ने बताया कि उनकी क्या मजाल की वह वसूली के लिए किसी विधायक पर सख्ती कर सके। ऐसे में जबकि विभाग सख्ती नहीं कर पा रहा है। 'माननीयों' को भी न तो किराए की फिक्र रहती और न इज्जत की चिंता नहीं रहती।

### बकाएदार दे रहे राजस्व निरीक्षकों का गालियां

**डीएम साहब** के फरमान के बाद जब पहले दिन सहायक राजस्व निरीक्षक और राजस्व निरीक्षक सुबह आठ बजे दुकान और आवास पर बकाया वसूलने आवास और दुकान पर गए तो उन्हें बकाया चुकता करने के बदले यह कहकर अवश्य अपशब्द कहे कि सुबह-सुबह बोहनी करने के बजाए किराया मांगने चले आए। कई बकाएदारों ने तो गालियां से भी राजस्व निरीक्षकों को नवाजा।

### डीएम की सख्ती के बाद जिला पंचायत में मची खलबली

**प्रशासक बनने** के पहले दिन जिस तरह डीएम ने एक अवर अभियंता को निलंबन करने सहित अन्य मामलों में सख्ती बरती उससे पूरे जिलापंचायत में खलबली मची हुई है। सबसे अधिक खलबली ठेकेदार और फर्जी भुगतान में शामिल एई और जेई में मची है। डीएम की इस कार्रवाई की तो चर्चा हो ही रही है, साथ ही यह भी सवाल उठ रहे हैं कि यही कार्रवाई पहले क्यों नहीं हुई? लोगों का मानना है कि जिलापंचायत में पिछले पांच सालों में जिस तरह ठेका से लेकर अन्य मामलों में अनियमितता और मनमानी की गई, अगर उसकी जांच हो जाए तो कई लोग जेल में नजर आएंगे।

# मिर्जापुर में स्वास्थ्यकर्मियों को लगा कोरोना का पहला टीका

● प्रतिरक्षित लोगों को 15 फरवरी को दी जाएगी दूसरी डोज

संवाददाता। मिर्जापुर



### अनुपस्थित की बनेगी सूची

शनिवार को शुरू हुये कोविड-19 टीकाकरण अभियान के दिन कई ऐसे लोग भी रहे जिनका नाम कोविन पोर्टल पर पंजीकृत था लेकिन वह टीकाकरण के समय नहीं आए। अनुपस्थित लोगों की अब एक अलग सूची तैयार होगी। इन लोगों को टीकाकरण के लिए अलग से समय दिया जाएगा।

### सत्यापन के लिए आवश्यक

अगर आप कोविड-19 टीकाकरण के लिए जा रहे हैं तो अपना एक पहचान पत्र ले आना न भूलें। इसमें आधार कार्डए ड्राइविंग लाइसेंसए वोटर आइडी एवं पैन कार्डए पासपोर्टए जॉब कार्डए पेंशन दस्तावेजए मनरेगा कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी आधिकारिक प्रमाण पत्र, बैंक, पोस्ट ऑफिस की पासबुकए केंद्र, राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी सेवा आईडी कार्ड आदि में कोई एक हो सकता है।

**जिले में** स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना का पहला टीका लगने के साथ ही शनिवार को कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। शाम पांच बजे तक जिले के 252 लोगों को कोविड- 19 टीका से प्रतिरक्षित किया गया। प्रतिरक्षित लोगों को कोविड-19 टीका की अगली डोज के लिए 15 फरवरी की तारीख दी गई है। इसके लिए उनके मोबाइल पर मैसेज भी आएगा। जिलाधिकारी प्रवीण लक्षकार ने बताया कि कोरोना वायरस कि अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। विश्व में तबाही मचाने वाले कोविड.19 वायरस जैसी विकराल समस्या का अब समाधान निकल चुका है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल 4 अस्पतालों में भी जिला प्रशासनए पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निगरानी में टीके को लांच किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 2,87571 सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। 3432 मरीज पॉजिटिव आए हैं। अब तक 3364 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 25 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जनपद में कुल 43 लोगों की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हुई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता ने बताया कि जनपद में कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीन की 10247 डोज जिले को प्राप्त हो चुकी हैं। शनिवार को लांचिंग के लिए जिलाए ब्लॉक एवं सत्र स्तर पर नोडल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को नामित किया गया था। इसके पहले जिले में दो बार ड्राई रन यानी पूर्वाभ्यास भी किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि भारत में विकसित कोरोना वैक्सीन पूरी तरह प्रभावी है। कोल्ड चेन के मानकों को पूर्ण करते हुये यह वैक्सीन जिले में आई है। अत्याधुनिक तकनीक से हम कोल्ड चेन बनाए हुये हैं। सीएमओ ने बताया कि पहले डोज के बाद दूसरा डोज 28वें दिन लगेगा। टीका लगने के बाद आधे घंटे तक टीकाकरण केंद्र पर रुकना होगा। प्रतिरक्षित व्यक्ति को यदि बेचैनी या किसी भी तरह की समस्या होती है तो निकटतम स्वास्थ्य अधिकारियोंए एएनएम और आशा को इसकी सूचना दें। इसके लिए एंबुलेंस सेवा 108 भी उपलब्ध रहेगी। प्रतिरक्षित व्यक्ति भी कोरोना अनुरूप व्यवहारों जैसे मास्क पहननाए हाथ की सफाई और 6 फीट की शारीरिक दूरी बनाये रखने का पालन करें। उन्होंने बताया कि उच्च जोखिम वाले समूहों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है। इन्हें तीन समूहों में बांटा गया है। पहले समूह में हेल्थकेयर वर्करए दूसरे समूह में फ्रंटलाइन वर्करए तीसरे समूह में 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति तथा जो पहले से ही किसी रोग से ग्रसित हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि कोई व्यक्ति बिना पंजीकरण के कोरोना वैक्सीन नहीं प्राप्त कर सकता है । कोरोना वैक्सीनेशन के लिए पंजीकरण के बाद ही सत्र स्थल और समय की जानकारी दी जायेगी । फोटो आईडी पंजीकरण और सत्यापन दोनों के लिए जरूरी है। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद लाभार्थी को वैक्सीनेशन की नियत तिथिए स्थान और समय के बारे में मोबाइल पर एसएमएएस प्राप्त होगा। कोरोना वैक्सीन की उचित खुराक मिलने पर लाभार्थी को उनके मोबाइल नंबर पर एक क्यूआर कोड आधारित प्रमाण पत्र भी भेजा जायेगा।

# पूर्वांचल में टीकाकरण को लेकर उत्साह



## मऊ के चारों केन्द्रों पर कुल 264 लोगों ने करवाया वैक्सीनेशन

### जिलाधिकारी व सीएमओ लेते रहे जायजा

संवाददाता। मऊ

कोरोना से बचाव के लिए बहु प्रतीक्षित टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ
शनिवार को जिले के चार स्थानों पर हुआ। जिले के चार केन्द्रों पर 400 के मुकाबले 264 लोगों ने कोरोना बहु प्रतीक्षिक टीका लगवाया। इस प्रकार से जिले में कुल 66 प्रतिशत लोगों ने प्रथम चरण के अभियान के तहत टीकाकरण कराया। प्रथम चरण के टीकाकरण के दौरान जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी ने केन्द्रों का भ्रमण करके दौरा करते हुए जायजा लिया।16 जनवरी का दिन जहां देश के इतिहास में काफी ऐतिहासिक रहाए वहीं जिले के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ। टीकाकरण का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जनता के नाम संवाद समाप्त होने के बाद 11-15 बजे से शुरु हुआ। टीकाकरण के लिए चार केन्द्रों का निर्धारण किया गया था। इसमें जिला संयुक्त चिकित्सालय, महिला जिला अस्पताल,घोसी व कोपागंज शामिल था। प्रथम चरण के दौरान चारों केन्द्रों पर 100-100 लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस प्रकार से चारों केन्द्रों पर 400 लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। टीकाकरण के शुभारम्भ के दौरान तो सभी केन्द्रों पर काफी उत्साह दिखाई दिया। लेकिन दोपहर में केन्द्रों पर टीकाकरण कराने वालों की भीड़ थोड़ा कम हो गया। शाम पांच बजे टीकाकरण की प्रक्रिया समाप्त हुआ। टीकाकरण की प्रक्रिया शाम पांच बजे समाप्त होने पर जिले के सभी चारों केन्द्रों पर 66 प्रतिशत लोगों ने वैक्सीनेशन करवाया। इसमें महिला जिला अस्पताल में निर्धारित 100 के लक्ष्य के मुकाबले 55 लोगों ने टीकाकरण कराया। वहीं जिला संयुक्त चिकित्सालय में निर्धारित 100 के लक्ष्य के मुकाबले 74 लोगों ने टीकाकरण कराया। इसी प्रकार घोसी में 100 के लक्ष्य के मुकाबले 73 लोगों ने टीकाकरण कराया। जबकि कोपागंज में 100 के लक्ष्य के मुकाबले 62 लोगों ने ही टीकाकरण कराया। इस प्रकार चारों केन्द्रों पर 400 के मुकाबले कुल 264 लोगों ने कोरोना वायरस का टीकाकरण प्रथम चरण के तहत कराया। टीकाकरण के लिए निर्धारित सभी केन्द्रों पर जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल व मुख्य चिकित्साधिकारी डा सतीश चंद्र सिंह भ्रमण करके जायजा लेते रहे।

### स्वास्थ्य केन्द्र के अग्रणी पंक्ति के अधिकारियों ने करवाया टीकाकरण

## सीएमओ ने पहला टीका लगवा कर गाजीपुर को दिया सुखद संदेश



**गाजीपुर।** कोविड-19 के टीकाकरण का इंतजार शनिवार को खत्म हुआ जब पूरे देश में एक साथ टीकाकरण का महा अभियान शुरू हुआ। इसी के क्रम में जनपद गाजीपुर के चार स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीकाकरण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद शुरू हुआ।
जनपद में सबसे पहला टीकाकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जीसी मौर्य ने स्वयं करा कर महा अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान टीकाकरण की हकीकत जानने के लिए स्वयं जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह भी जिला पुरुष अस्पताल पहुंचे और उन्होंने टीकाकरण किए जाने की पूरी प्रक्रिया को देखा और अपनी संतुष्टि जाहिर की । इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पश्चात जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उमेश कुमार और नोडल अधिकारी डॉ मनोज सिंह का भी टीकाकरण किया गया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि पूरे देश में एक साथ टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसकी पूरी तैयारी पहले से की गई थी। इतना ही नहीं दो बार ड्राई रन करके इसकी तैयारी को परखा गया था। आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रथम टीकाकरण करा कर जनपद को एक सकारात्मक संदेश दिया है। इस टीकाकरण का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जीसी मौर्य जिन्होंने अपना टीकाकरण करा कर करीब 35 मिनट निगरानी कक्ष में व्यतीत करने के पश्चात मीडिया से मुखातिब हुए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उम्र 61 साल है और उन्होंने अपना पहला टीकाकरण करा कर यह बताने का प्रयास किया है कि इस टीके से कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है।
इसके साथ ही जिला महिला अस्पताल में नोडल अधिकारी एवं एसीएमओ डॉ डीपी सिन्हा की देखरेख में टीकाकरण का कार्य किया गया । सैदपुर स्वास्थ्य केंद्र पर नोडल अधिकारी एवं एसीएमओ डॉ प्रगति कुमार की देखरेख में स्वास्थ्यकर्मियों का टीकाकरण कार्यक्रम शुरू हुआ। जखनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नोडल अधिकारी एवं एसीएमओ डॉ के के वर्मा की देखरेख में टीकाकरण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

## चिकित्सकों और प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में टीकाकरण शुरू, पहला टीका भिस्ती शकील अहमद को लगा

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री द्वारा कोरोना वैक्सीन टीका करण का उदघाटन करते ही जनपद जौनपुर में चार केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीन के टीका करण का कार्य चिकित्सकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की देख रेख में शुरू हो गया है। जनपद के जिला अस्पताल में पहला टीका अस्पताल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भिस्ती शकील अहमद को लगाया गया है। इसके पश्चात जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डा अनिल कुमार शर्मा ने वैक्सीन लगवाया। वैक्सीन लगने के उपरान्त मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वैक्सीन लगाने से कोई दूसरीसमस्या नहीं है। इसके साथ ही यह भी बताया कि टीका करण के पश्चात सभी टीका लगवाने वालों को चिकित्सक की निगरानी में लगभग 35 से 40 मिनट तक रखा गया था। किसी को कोई समस्या टीका लगने से होने की खबर नहीं है। वैक्सीन लगाने से पहले सम्बधित व्यक्ति का आधार कार्ड एवं पैन कार्ड चेक करने के बाद उसका टम्परेचर नापने के उपरान्त टीका करण कक्ष में प्रवेश दिया जा रहा है। यह वैक्सीन पहले चरण में मात्र हेल्थ वर्करों को ही लगायी जा रही है। इसके पश्चात द्वितीय चरण में राजस्वए पुलिसए एवं नगर पालिका आदि विभागों के सरकारी कर्मचारियों को लगायी जायेगी।
सीएमओ डा राकेश कुमार ने बताया कि जिले के सभी चारों केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीन की 440 डोज वैक्सीन उपलब्ध करा दिया गया है। पहले दिन कम से कम 100 लोगो को वैक्सीन लगायी जायेगी। जिला प्रशासन के अधिकारी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित उप जिलाधिकारी आदि वैक्सीन लगवाने की व्यवस्था में नजर आये हैं। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल महिलाए पुरुष सहित सीएचसी केराकत व रामनगर पर पहुंच कर निरीक्षण किया।

## देवरिया के चार केंद्रों पर लगाए गए वैक्सीन

### जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय पुरुष व महिला में टीकाकरण कार्य का लिया जायजा

**देवरिया** । भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा आज सुबह 10- 30 बजे कोविड19 टीकाकरण महा अभियान की विधिवत रूप से शुरुआत उपरांत जिलाधिकारी अमित किशोर एवं सीएमओ डॉ आलोक पांडेय की उपस्थिति में टीकाकरण अभियान की शुरुआत जिला चिकित्सालय में स्थापित सेंटर में हेल्थ वर्कर श्यामानंद तिवारी ईशरावती सर्जन गुलाम नबी डॉ एस एन सिंह डॉ जफर अनीश आदि फ्रंटलाइन वर्करो को टीकाकरण कर शुरुआत की गई जनपद में 4 साइटों पर वैक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ हुआ । जिलाधिकारी श्री किशोर ने कहा कि कोविड.19 टीकाकरण महा अभियान की शुरुआत के अवसर पर सहभागी बनकर अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा विगत 1 वर्ष से जन सामान्य को कोरोना से बचाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा हैए जिसके लिए मैं स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को कोविड.19 टीकाकरण महा अभियान के अंतर्गत लाभान्वित किया जाएगा। उसके पश्चात फ्रंट में काम करने वाले



अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारी गण को कोविड.19 टीकाकरण के महा अभियान को आने वाले समय में गुणवत्तापरक रूप से एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित करते हुए जन सामान्य को इस कार्यक्रम का लाभ पहुंचाएंगे। आज जनपद में कोविड.19 टीकाकरण की शुरुआत स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व कर्मचारियों से किया गया । अवसर पर निर्धारित कार्ड भी दिया गया जिसके माध्यम से 28 दिवस के बाद उन्हें दूसरी डोज वैक्सीन की दी जाएगी। इस अवसर पर डॉ सुरेंद्र सिंह डब्लू एच ओ की टीम डॉ आर के श्रीवास्तव सीएमएस ए एन वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे। जनपद में महिला जिला चिकित्सालयएसलेमपुर व गौरी बाजार में भी वैक्सीनेशन का कार्य आज किया गया। सभी स्थानों पर प्रशासन पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की तैनाती की गई थी जो इस कार्य को पूरे मुस्तैदी से संपन्न कराने में अपना योगदान दिए।

## मऊ में स्वास्थ्य विभाग के अफसर बने प्रेणा

**मऊ ।** वैश्विक महामारी कोविड.19 के टीकाकरण के महा अभियान के दौरान प्रथम चरण के शुभारम्भ के दौरान जिले के चारों केन्द्रों पर स्वास्थ्य विभाग के अग्रणी पंक्ति के अधिकारियों ने टीकाकरण करवाकर अपने सह कर्मचारियों को प्रेरणा प्रदान किया। टीकाकरण महाअभियान का शुभारम्भ जिला महिला चिकित्सालय में जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल और पुलिस अधीक्षक सुशील धुले की उपस्थिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश चंद्र सिंह ने सबसे पहले टीकाकरण करवाया। जबकि जिला संयुक्त चिकित्सालय में सीएमएस डॉण् बृज कुमार ने सबसे पहले टीकाकरण करवाया। वहीं कोपागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहला टीका चिकित्सा अधिकारी डॉ वेद प्रकाश गुप्ता को लगाया।

## मुंगराबादशाहपुर में श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र समर्पण महाअभियान शुरू

**मुंगराबाद शाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र में श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र समर्पण महाअभियान का शुभारम्भ शुक्रवार को प्रातः किया गया। इसके तहत क्षेत्र में विश्व हिन्दू परिषद के विभाग सम्पर्क प्रमुख दीपक शुक्लए जिला मंत्री विशम्भर दुबेए कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंहए जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुरेश सिंहए नगर अध्यक्ष जगदम्बा जायसवालए नगर पालिका परिषद के सभासद आलोक गुप्त तथा गंगेश सीमेन्ट फैक्ट्री के प्रबन्धक अनिल चौबे द्वारा सर्वप्रथम 21 हजार रुपए की पहली रसीद क्षेत्र के समाजसेवी अजय सिंह के नाम से काटकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। बताते हैं कि शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकरियों की मौजूदगी में महाअभियान का शुभारम्भ हुआ जहां 21 हजार रुपए की पहली रसीद समाजसेवी अजय सिंह के नाम की काटी गयी। इसके बाद विहिप के सह प्रान्त मन्त्री कृष्ण गोपाल जायसवाल ने 21 हजार रुपएए श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पशुपतिनाथ गुप्त ने 25 हजार रुपयेए गणेश गुप्त सभासद ने 51 सौ रूपयेए रवि गुप्त ने 51 सौ रुपएए विजेन्द्र जायसवाल ने 51 सौ रुपएए डाण् हरिश्चन्द्र गुप्त ने 25 सौ रुपएए अजय गुप्ता ने 21 सौ रुपएए नटवर लाल गुप्त ने 2 हजार एवं शंकर लाल केसरवानी ने 1 हजार रुपए का सहयोग की रसीद कटवायी।

## सात अधिवक्ता बनाये गये सरकारी वकील

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सरकार की ओर से पैरवी करने के लिए 7 अधिवक्ताओं को सरकारी वकील बनाया। जानकारी के अनुसार दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के सदस्य अधिवक्ता राकेश चंद्र मौर्य को अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ;सिविलद्धए राजेश श्रीवास्तव को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ;सिविलद्धए अरुण पांडेय को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल अरुण कुमार को नामिका अधिवक्ता फौजदारी सतीश रघुवंशी को नामिका अधिवक्ता फौजदारीए विजय प्रकाश सिंह को नामिका अधिवक्ता ;सिविलद्ध एवं श्रीकांत श्रीवास्तव को नामिका अधिवक्ता सिविलद्ध पद पर नियुक्त किया है।

## सई नदी पर दो नये पुल निर्माण के लिये हुआ सर्वे

**महराजगंज,जौनपुर।** पिछले कई वर्षों से लंबित क्षेत्र के दो पुल जिस पर बारिश के दिनों में कई गाँव लगभग 20 किमी घूमकर राहगीरों को जाना पड़ता थाए बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र के प्रयास से दोनों सेतु निर्माण हेतु सर्वे हुआ जिससे आम जनमानस को सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा।

## सम्पूर्ण जगत के नियंता प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकली

संवाददाता। देवरिया



श्रीराम मन्दिर निर्माण के क्रम में लोगों में जन जागरण व उत्साह बनाने के लिए देवरिया नगर में श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसके पूर्व कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ प्रभु श्रीराम का पूजन अर्चन कर किया गया। तत्पश्चात पूज्य संत महात्माओं के आशीर्वचन लोगों को प्राप्त हुआ। अभियान के जिला संयोजक तारकेश्वर शाही ने बताया कि प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या में बन रहा है। इस निमित्त हम सब इस अभियान में अपना समर्पण कर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के यश के भागी बने। वर्षों के संघर्ष के बाद प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण समस्त हिदू समाज के लाखों वर्षों की आकांक्षा रही है। उन्होंने बताया कि श्रीराम मंदिर निर्माण समर्पण निधि संग्रह अभियान 15 जनवरी से 27 फ़रवरी तक जिले में चलेगा। जिले में इसके लिए 1100 टोलियां बनाई गई हैए ब्लाक व न्याय पंचायत स्तर पर समितियां बनाई गई है। जो भ्रमण कर धन संग्रह करने का कार्य करेंगी। देवरिया नगर में प्रभु श्रीराम के रथ के साथ भव्य शोभायात्रा धूम धाम से निकाली गयी। शोभा यात्रा टाउन हाल से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गो सुभाष चौकए, कोतवाली रोड, जलकल रोड, कचहरी चौराहा, राघव नगर, हनुमान मन्दिर, रामलीला मैदान,कोआपरेटिव चौराहा, नगर पालिका, मालवीय रोड का भ्रमण करते हुए पुनरू टाउन हाल पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा से नगर वासियों में एक अलग उत्साह देखने को मिला। हर कोई रथ यात्रा का हाथ जोड़ कर स्वागत किया। शोभा यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकए कार्यकर्ताए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, एकल विद्यालय, विद्या भारती, विद्यार्थी परिषद, सेवा भारती, धर्म जागरणएमातृ शक्तिए भाजपा कार्यकर्ताओं एवम स्वयंसेवक गण और नगर वासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। एकल अभियान की बहनों ने प्रतिमा पाण्डेय के नेतृत्व में 10 ब्लाक से 300 आचार्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नगर वासियों ने प्रभु श्रीराम के रथ शोभायात्रा का प्रत्येक चौराहों पर फूल मालाओं से स्वागत किया। संपूर्ण देवरिया नगर जय श्रीराम के नारोंए व भजनों से गुंजायमान हो गया पूरा माहौल राममय हो गया। लोगों में इस शोभा यात्रा से एक उत्साह काए आनन्द का माहौल देखने को मिला। कई जगहों पर लोगों को भावुक होते भी देखा गया। शोभायात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रान्त प्रचारक रमेश, विभाग प्रचारक अजय नारायण, सह प्रान्त कार्यवाह वीरेन्द्रए अवनीश बरनवाल, विहिप के प्रांतीय मंत्री वंशराज पाण्डेयए भाजपा सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अंतर्यामी सिंह, श्रीराम मंदिर निर्माण निधि संग्रह अभियान के सह जिला संयोजक क्रमशः डॉ अशोक सिंह, संजय राव, विवेक सिंह बंटी, श्रीमती शैल मिश्रा, श्रीराम चौरसिया, मुन्नी लाल, अनिल मिश्रा, शैलेश कुमार, डॉ मकसूदन मिश्राए जिला कार्यवाह दीपेंद्र, अजय नारायण तिवारी, अजय बरनवाल, राधा रमण, नगर कार्यवाह राजेश शुक्ला उपस्थि रहे।

## भाजपा सरकार मे हो रहा किसानो का जमकर शोषण : चिनकू यादव

**डुमरियागंज,सिद्धार्थ नगर।** क्षेत्र के भरहिया में शनिवार को समाजवादी पार्टी द्वारा किसान चौपाल एवं खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण यादव ने की। कार्यक्रम का संचालन लव कुश तिवारी ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सपा लालजी यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान और नौजवान पूरी तरह से शोषण के शिकार हो रहे हैं इसमें केवल पूजी पतियों की सुनी जाती है गरीब जनता असहाय महसूस कर रही है। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डुमरियागंज रामकुमार उर्फचिन्कू यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों का शोषण किया जा रहा है जिसकी बानगी डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के मन्नीजोत में रमेश गुप्ता द्वारा किया गया कृत्य काफी चर्चा का बिषय है। इसमें किसानों का धान ना खरीद कर फर्जी तरीके से खतौनी बनाकर कुछ विशेष व्यक्तियों के नाम भुगतान करा लिया गया। चिंकू यादव ने कहा कि इस धान खरीद में अगर सीबीआई जांच कराई जाए तो कई अधिकारी इसकी जद में जरूर आएंगे। जमील सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा सरकार से जनता ऊब चुकी है आने वाले समय में सपा का ही डंका पूरे प्रदेश में बजेगा। कोई सदस्य जिला पंचायत सतनारायण यादव ने कहा कि खिचड़ी सह भोज से आपसी एकता को मजबूती मिलती है इसी को देखते हुए यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर अफ्सर रिजवी, रघुनंदन पांडे, अनिल गौतम, बहराइची प्रेमी, अजय यादव, जमाल अहमद उर्फ पुत्तन, हैबत अलीएराम तीरथ मौर्य,मेहदी हसन, अज्जू सिंह ,अवधेश सिंह रामधीरज साहनी, गंगाराम प्रजापति,प्रिन्स पान्डेयएरामबिलास आदि मौजूद रहे।

## नवनियुक्त शहर अध्यक्ष का सुभाष चौक पर हुआ जोरदार स्वागत

**देवरिया ।** शनिवार को शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव सोनू का देवरिया शहर की सीमा में आज प्रथम आगमन पर जिले के कांग्रेसियों ने गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। शहर की सीमा पुरवा चौराहे पर पीसीसी सदस्य सचिदा सिंह रानाए युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विवेक मिश्रा सन्नीए युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र व त्र्श्वभ शुक्लाए विनोद जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। उसके पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सोनू का काफिला शहर के सुभाष चौक पर पहुंचा जहां जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुई स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए नवनियुक्त शहर अध्यक्ष व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव सोनू ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ मेरे कंधों पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है उस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। शहर के कांग्रेस जनों के मान और सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं किया जाएगा ।सभी कांग्रेसियों के आशीर्वाद व स्नेह की बदौलत आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी के सपनों को साकार करने के लिए शहर में कांग्रेस को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा ।

## शिक्षक रखें अपने दायित्वों का बोध: न्यायाधीश शिवेन्द्र

**देवरिया ।** शनिवार को जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कारखाना देवरिया के तत्वावधान में नवनियुक्त शिक्षकों का दो दिवसीय ओरिएण्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र रहें। उन्होंने इस दो दिवसीय ओरिएण्टेशन कार्यक्रम में कहा कि शिक्षा ही एक



ऐसा माध्यम हैं जो व्यक्ति के संस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण में अपनी अहम भूमिका अदा कर सकता हैं। नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आप समाज में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु मानवीय मूल्यों एवं संस्कार से अपने दायित्व का बोध करायें। शिक्षा के माध्यम से मानव समाज में अपनी सामाजिक भागीदारी को सुशिक्षित एवं सुदृढ़ तरीके से मजबूत कर सकता हैं। सबसे पहले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास को भरने की पहल की जायेए उसे सफल या असफल के बारे में बिना सोचे पहले पढ़ाई पर फोकस करने हेतु जागरूक किया जाये।

## पुरानी सब्जी मण्डी का ताला खुला, किसानों में छायी खुशी

**जलालपुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के थानागद्दी रोड पर स्थित पुरानी सब्जी मंडी का ताला खुल जाने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गयी। मंडी के मालिक जंगी यादव ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा मंडी नहीं खुलेगी कि झूठी अफ्वाहों से किसान परेशान हो गये थे लेकिन शनिवार को सुबह मंडी का ताला खोल दिया गया है। अब सभी किसान निश्चिंत व निर्भीक होकर अपना धन्धा कर सकेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि मंडी में व्यापारियों को नये सिरे से व्यापार करने के लिए उनके नाम पर एग्रीमेंट करके जगह दिया जाएगा जिससे भविष्य में उनको या हमको कोई परेशानी उत्पन्न न हो। किसको रखना हैए किसको निकालना है। पूरे मंडी का मैनेजमेंट उनको देखना है। आज मंडी खुलते ही किसानों व व्यापारियों से पूरी मंडी भर गयी। किसान अमलदार यादव, जग्गू पटेल, शंकर पटेल, राजेश सोनकर, रवि यादव आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि हम लोग कड़ी मशक्कत करके साड़,बछड़ा व नीलगायों से किसी तरह अपनी साग सब्जी की फसल को बचाते हैं और मंडी ले जाकर बेचते हैं।

## भाइयों को घायल करने वाले पुलिस की पकड़ से बाहर

**जौनपुर।** नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मातापुर मोहल्ले में मकर संक्रांति के दिन दो चक्र में प्रेमचन्द्र व धर्मेंद्र पटेल त्योहार मना रहे थे। इसी बीच आधा दर्जन शराबी नशे में धुत होकर इनके घर पर धावा बोल दिए। इनमें 3 नामजद व आधा दर्जन अज्ञात हैं। पुलिस को धता बताते हुए वह रोज धमकी भी दे रहे। गुरुवार की सुबह प्रेमचन्द्र पटेल घर पर त्योहार मना रहे थे कि इस बीच तीन युवक नशे में हुड़दंग मचाते हुए प्रेमचन्द्र के घर पर खड़े हो गए।

## न्यूरो सर्जन राहुल का दावा, महानगरों से वापस आये मरीजों को ठीक किया

**जौनपुर।** ईशा अस्पताल के बरिष्ट न्यूरो सर्जन डा राहुल श्रीवास्तव का दावा है कि न्यूरो के उपचार में मरीजों को जो सुविधायें महानगरों के अस्पतालों में मिलती है वैसी ही सुविधा जौनपुर के ईशा हास्पीटल में कम खर्चे पर मुहैया करायी जा रही है और मरीजों का सफल उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्यामलाल नामक मरीज की गर्दन के पास टूटी हुई रीढ़ की हड्डी को जोड़ कर उसे नया जीवन दिया गया है तो विगत 5 माह में ब्रेन ट्यूमर के 100 आपरेशन सफलता पूर्वक किया गया है। मरीज ठीक और स्वस्थ भी है। इसके अलावां सर में गम्भीर चोट अथवा दिमाग में इन्फेक्शन आदि का सफलता पूर्वक उपचार अथवा आपरेशन आदि किया गया है जो अपने आप में खासा मायने रखता है।साथ ही यह भी दावा किया कि लखनऊ वाराणसी से वापस लौटे मरीजों का उपचार कर उन्हें ठीक करने की सफलता मिली है। उपचार में महानगरों की अपेक्षा खर्च भी कम लिया जाता है। पत्रकारों द्वारा ईशा अस्पताल की व्यवस्था और मरीजों से अधिक धन वसूली के सवाल पर डा श्रीवास्तव अचकचा गये और जो जबाब दिया वह पूरी तरह से प्रायोजित नजर आया।

## साफ सफाई के लिए हुआ बोरसिया गांव का चयन

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बोरसिया गाँव में लोगों के बीच जाकर तथा कोविड के प्रति जागरूकता फैलाई। स्वयंसेवकों ने लोगों को मास्क भी बाँटा तथा कोरोना जैसी भयंकर वैश्विक महामारी से बचने के के लिए लोगों को जागरूक किया। ग्रामीणों ने स्वयं सेवकों की बात बहुत ध्यान से सुना और उनके निर्देशों के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दिए। स्वयंसेवकों ने बोरसिया गाँव के नदी तट पर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण की साफ सफाई भी की।

## दो दिवसीय खेलकूद का हुआ शुभारंभ

**सिद्धार्थनगर।** जनपद मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में विद्या भारती गोरक्ष प्रांत का 33वाँ दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता प्रारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पालने कहा कि राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में खेलों का विशेष योगदान होता है दूसरी तरफ स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है । सामाजिक भाईचारा के लिए भी खेल आवश्यक है । इसलिए बच्चों को प्रतिदिन खेलना चाहिए । गोरक्ष प्रांत के प्रदेश निरीक्षक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि खेलों के माध्यम से हम विश्व में भारत को एक विशेष पहचान दिला सकते हैं। इसलिए विद्या भारती के विद्यालयों में खेलों का विशेष आयोजन होता है विद्या भारती विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करती है। विद्या भारती के विद्यालयों के खिलाड़ी दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने की बजाय स्वयं के कीर्तिमान से प्रतिस्पर्धा कर अपने खेल में सुधार के लिए प्रयत्नशील रहता है।

# पीएम के संबोधन के बाद टीकाकरण शुरू

## अमेठी में चार स्थानों पर आयोजित हुआ कोविड वैक्सीनेशन, जिला अस्पताल में डीएम ने किया शुभारंभ, 400 स्वास्थ्यकर्मियों को लगा टीका

**संवाददाता।** अमेठी

**आज** जनपद में 4 स्थानों पर कोविड.19 टीकाकरण का शुभारंभ किया गयाए जिसमें गौरीगंज स्थित जिला अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी जगदीशपुर व बाजार शुकुल में सत्र आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री के लाइव उद्बोधन के उपरांत टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर कोविड.19 टीकाकरण का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के माध्यम से अब इस महामारी पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पूरा पालन किया जाएगाए प्रथम चरण में





कोरोना वारियर्स, डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ का टीकाकरण होगा इसके बाद फ्रंटलाइन वर्कर जिनमें पुलिसकर्मी, स्वच्छता कर्मी, राजस्व कर्मी इत्यादि शामिल हैं का टीकाकरण कराया जाएगा, इसके उपरांत 50 वर्ष से ऊपर के ऐसे लोगों का टीकाकरण किया जाएगा जो कोमार्बिडिटी का शिकार हैं। कोरोना का प्रथम वैक्सीन लगने के उपरांत दूसरा वैक्सीन 28 दिन बाद लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान की शुरुआत के बाद भी लोगों को अभी पूरी सावधानी बरतनी होगी, कोरोना प्रोटोकॉल का पालन पूर्ववत करना होगा 2 गज दूरी मास्क है जरूरी के साथ समय.समय पर हाथ धोना, सैनिटाइजेशन, सोशल डिस्टेंसिंग, भीड़ इकट्ठे ना होने देना इन मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। आज जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबे ने वैक्सीन लगवाने के उपरांत बताया कि वैक्सीन पूर्ण रूप से सुरक्षित है इससे किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि आज प्रथम चरण में जनपद में 4 स्थानों पर 100.100 हेल्थ वर्करों का टीकाकरण किया गया है। इसके साथ ही डॉ महेंद्र त्रिपाठी एमओआईसी सीएचसी जगदीशपुर डॉक्टर सीएस अग्रवाल जिला प्रतिरक्षण अधिकारीए डॉक्टर पितांबर कनौजिया मेडिकल ऑफिसर श्रीमती महिमा अग्रवाल कनिष्ठ सहायक, श्रीमती लिलेश तिवारी आशा बहू, डॉक्टर आरएल यादव मेडिकल ऑफिसर, डॉ अरुण कुमार मिश्रा डेंटिस्ट, डा. व्यास कुमार पांडे फार्मासिस्ट, श्री राम तीरथ हेल्थ केयर वर्कर ने कोविड वैक्सीन लगवाने के उपरांत अपने विचार साझा करते हुए बताया कि हम लोग पिछले 1 साल से कोरोना से लड़ाई लड़ रहे थे आज हमें कोरोना वैक्सीन लगाई गई वैक्सीन का कोई साइड इफेक्ट नहीं है इस कार्य के लिए हम प्रधानमंत्री व देश के वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त करते हैं। आज कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, अपर जिलाधिकारी सुशील प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## महिला अफसर से दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी का दावा, भेजा जेल

**● हाई प्रोफाइल केस को लेकर गिरफ्तारी में भी पुलिस का रहा लुकाछुपी का खेल**

**संवाददाता।** लालगंज, प्रतापगढ़

**महिला** अफसर के साथ दुष्कर्म के केस मे पुलिस ने शनिवार को आरोपी की गिरफ्तारी का दावा किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी बसंतनगर शाहजहांपुर निवासी गुरूविंदर सिंह को चेकिंग के दौरान शनिवार की सुबह साढे चार बजे जिले के सीमावर्ती अगई मोड़ से हिरासत मे लिया गया। पुलिस का यह भी दावा है कि आरोपी के पास से एक्सयूवी कार उसके कब्जे मे आयी है। वहीं पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी का स्थानीय सीएचसी मे सख्त पुलिस पहरे के बीच चिकित्सीय परीक्षण कराया। दोपहर बाद पुलिस ने उसे महिला अफसर द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमे के तहत जेल भेज दिया। आरोपी को मेडिकल के समय भी कडे पुलिस पहरे मे रखा गया। उसके इर्द गिर्द आरोपी के परिजन तथा लोग पुलिस की कडाई से फटक भी नही सके। वहीं सूत्रों के मुताबिक कोतवाली पुलिस ने महिला अफसर द्वारा बीती दो जनवरी को दर्ज कराए गये दुष्कर्म तथा मारपीट व अश्लील वीडियो के आरोप मे केस दर्ज कर लिया था। सूत्र बतातें है कि आरोपी गुरूविंदर पिछले तीन दिनों से पुलिस की हिरासत मे आ गया था। पुलिस ने शुक्रवार को पीडिता महिला अफसर का कोर्ट मे बयान कराया। इसी बीच घटना मीडिया मे वायरल हो गयी। इसके बावजूद पुलिस पूरे घटनाचक्र को दबाये रखने के लिए देर शाम तक ऐडी का जोर लगाये रही। बडे अफसर से लेकर कोतवाली पुलिस तक एफआईआर की पुष्टि तक को लेकर मुंह खोलने से परहेज करते दिखे। महिला अफसर के साथ दुष्कर्म की घटना मीडिया मे वायरल होते ही स्थानीय तहसील परिसर के साथ नगर भर मे यह घटना लोगों की जुबां पर संशय बन गई। देर शाम महिला अफसर के साथ घटना की लगभग जानकारी जब आम हो गयी तो पुलिस ने इसे स्वीकार करना मजबूरी समझा। आननफानन मे पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी का रोड मॉडल तैयार किया। शनिवार को अपने द्वारा लिखी गई पटकथा के अनुरूप पुलिस ने आरोपी गुरूविंदर को हिरासत मे लेने के कागजी कोरम को पूरा किया। कोतवाली मे भी दबीजुबान से सूत्र बतातें है कि आरोपी को जब यह पता चला कि उसका जेल जाना तय हो गया है तो वह फूट फूट कर रोने लगा। सूत्रों के मुताबिक महिला अफसर के उत्पीड़न से जुडे इस हाई प्रोफाइल केस को अंदर ही अंदर सुलझाने के लिए आरोपी के परिजनों ने भी दो तीन दिनों से नगर मे डेरा डाल रखा था। पुलिस भी महिला उत्पीड़न की इस घटना जिसके तहत स्वयं एक महिला अफसर पीडिता के रूप मे कोतवाली की दहलीज पर थी। खाकी भी इस मामले के अंदर ही अंदर सुलटा लेने को लेकर जोर आजमाइश मे लगी थी। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि आरोपी और पीडिता अफसर के बीच नौ वर्षो के संपर्क मे अचानक एफआईआर की स्थिति यूं ही नहीं बन गयी। आरोपी युवक के विषय मे भी चर्चा रही कि उसने भी एक स्तरीय प्रशासनिक परीक्षा मे सफलता ली थी। वहीं आम आवाम तथा वकीलों के बीच यह घटना दबीजुबान से तरह तरह की चर्चा मे दिखे। लोगों के मुताबिक आरोपी भी लंबे समय से नगर मे एक किराए के मकान पर रह रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी भी यह दावा कर रही है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद और वह भी मीडिया मे घटना के वायरल होने के बीच वह कैसे शनिवार की भोर अगई मोड़ पर पुलिस के हाथ लग गया। और तो और आरोपी के साथ महिला अफसर के घर मारपीट करने गये उसके दो अन्य साथी पुलिस की गिरफ्त से बाहर कैसे रह गये। आरोपी की गिरफ्तारी और उसे जेल भेजने के बावजूद कोतवाली के जिम्मेदार चेहरे और जुबां पर खामोशी ओढ़े ही दिखे।

## मनाया गया गुरु सिंह महाराज का प्रकोशत्सव का भव्य पर्व




**संवाददाता।** बाराबंकी

**शनिवार** को शहर में गुरु सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर्व पर शनिवार को शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई एवं जगह जगह प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा शहर के लाजपतनगर से शुरु होकर छाया, राजकमल, पीरबटावन, सट्टी बाजार, दर्पण, घंटाघर, धनोखन, लईयामंडी, बेगमगंज होते हुए गुरुद्वारा लाजपतनगर पहुची जहां भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में कलाकारों द्वारा करतब भी दिखाया गया यही नही विभिन्न स्थानों पर लंगर का आयोजन कर प्रसाद वितरण कार्यकम चलता रहा। शोभा यात्रा में बाहर से आये पंच प्यारे भी चल रहे थे। साथ ही सिख समुदाय के लोग उनके पीछे पीछे शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। इसके पूर्व प्रकाश उत्सव की तैरारियां गुरु प्रबन्ध कमेंटी द्वारा जोर शोर एक सप्ताह पूर्व से ही की जा रही थी। सुबह से ही सड़को पर पानी का छिड़काव किया गया था तो वही महिलाओं ने झाड़ू लगाकर सड़को की साफ सफाई भी की । इस दौरान शहर के नागरिक भी शोभा यात्रा देखने उमड़ पड़े जिससे सड़को पर भारी भीड़ रही। वही छतो पर भी खड़े होकर महिलाओं व पुरुषों ने शोभ यात्रा का आनन्द लिया। शोभा यात्रा में जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

## निरस्त कर दी गई साक्षात्कार प्रक्रिया

**बाराबंकी।** मल्टी सेक्टोरियल प्लान के अंतर्गत मिनी आईटीआई मे रिक्त पदो के लिए शनिवार को होने वाली साक्षात्कार प्रक्रिया में तब हड़कंप मच गया जब पता चला कि इसमें भारी उगाही की जा रही है। इस सूचना पर सीडीओं ने न केवल तत्काल प्रभाव से साक्षात्कार स्थगित करने के निर्देश दिये बल्कि अभिलेखो की पड़ताल के बाद ही अग्रिम तिथि निर्धारित करने की जायेगी। जिसको लेकर अभ्यर्थियों में कॉफी देर तक हड़कंप की स्थिति रही। मालूम हो कि उक्त योजना के अंतर्गत जनपद में अल्पसंख्यक वर्ग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में केन्द्र सरकार द्वारा चार मिनी आईटीआई की स्थापना की गयी है। उक्त आईटीआई में कम्प्यूटर आपरेटर, कनिष्ठ सहायक, टेक्नीशियन संविदा के पद रिक्त है जिन्हे भरने के लिये आवेदन मांगे गये थे। चार सदस्यीय कमेटी गठित कर साक्षात्कार आयोजित किया गया था।

## खिचड़ी भोज के आयोजन का सिलसिला जारी

**बाराबंकी।** सामाजिक समरसता का प्रतीक खिचड़ी भोज के आयोजन का सिलसिला जारी है। शनिवार को फिर समाजसेवी के द्वारा शहर के मोहल्ला अभय नगर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत रहे। उन्होने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उपस्थित जनो को मकर सक्रान्त की पावन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह परम्परा पुराने समय से चली आ रही है इसे कायम रखना हम सभी का दायित्व है। इससे सामाजिक प्रेम तो बढ़ता ही है बैमनस्ता की दूरिया भी कम होती है। उन्होनें कार्यक्रम का शुभारम्भ करने से पहले दीप प्रज्वलन भी किया। सांसद श्री रावत के साथ प्रशान्त मिश्र, सविता सिंह, जग बहादुर पटेल, अजीत प्रताप सिंह कार्यक्रम आयोजक के अलावा बड़ी संख्या स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## श्रम विभाग ने कैंप लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया कराया पंजीयन



**संवाददाता।** गौरीगंज, अमेठी

**जनपद** मुख्यालय से 05 किलोमीटर दूर स्थित महिमापुर मजरे सराय भागमानी गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों को जागरूक कर पंजीयन कराने की सलाह दी। वहां पर उपस्थित ग्रामीणों को श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला ने बताया कि आप सभी अट्ठारह से लेकर 60 वर्ष तक उम्र वाले सभी श्रम विभाग में अपना पंजीयन करा सकते हैं। और उन्होंने आगे पंजीयन से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि जो श्रमिक अपना पंजीयन कराने के 01 वर्ष बाद उन्हें पहले और दूसरे बच्चों के होने पर विभाग द्वारा 20 हजार रुपए लड़का होने पर व लड़की होने पर पंजीकृत श्रमिक को 25 हजार रुपए दिए जाते हैं। इसी तरह पंजीयन होने के एक और बाद यदि पंजीकृत श्रमिक अपनी लड़की की शादी करता है तो विभाग द्वारा 55 हजार रुपये शादी में दिया जाता है। इसी तरह विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिक दुर्घटना दुर्घटना के बाद मृत्यु होने पर पांच लाख 25 हजार रुपए व स्वाभाविक मृत्यु पर दो लाख 25 हजार रुपए का विभाग द्वारा परिवार को दिया जाता है। वही उपस्थित लोगों को विभाग के वरिष्ठ सहायक बीके मिश्रा ने भी लोगों से बातचीत कर बताया कि विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिक के परिवार को प्रतिवर्ष 3000 चिकित्सा के रूप में भी दिया जाता है।

## बहुमुखी विकास के लिए योजनाओं से संतृप्त दिखता रहेगा रामपुरखास: मोना

**संवाददाता।** लालगंज, प्रतापगढ़

**क्षेत्रीय** विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शनिवार को क्षेत्र मे पेयजल समेत कई सड़को की लोगों को सौगात सौपी। पेयजल टंकी की बडी सौगात पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी झलक उठी दिखी। सर्द मौसम मे भी पिचूरा मे जुटी भारी भीड़ के बीच विधायक मोना ने एक करोड़ चौबीस लाख की लागत से निर्मित होने वाली पिचूरा पेयजल योजना का समारोहपूर्वक भूमिपूजन किया। वहीं विधायक आराधना मिश्रा ने गोड़वा मे बाइस लाख की लागत से पूरे पण्डित पिच मार्ग का लोकार्पण तथा छब्बीस लाख की लागत से पूरे सघन मिश्र पिच मार्ग की आधारशिला भी रखी। गोड़वा मे आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक मोना ने कहा कि नदी तटवर्ती पिचूरा मे पीने के पानी की शुद्धता के लिए पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी के प्रयास से अब घर–घर हर तबके के लोगों को साढ़े छः किमी. लम्बी लाइन से पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होनें समीपवर्ती भोजपुर गांव को भी इस पेयजल योजना से जोडवाये जाने का लोगों को भरोसा दिलाया। पेयजल टंकी की सौगात मिलने पर पिचूरा तथा कैरा व भोजपुर एवं गोड़वा के ग्रामीणो मे भी विधायक को लेकर खुशी झलकी दिखी। भूमिपूजन समारोह का संयोजन हृदय नारायण मिश्र व बीडीसी मनोज सिंह ने किया। इसके बाद गोडवा मे आयोजित एक बडी जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सड़क तथा पेयजल व घर घर विद्युतीकरण की योजनाओं का उददेश्य रामपुरखास को विकास के प्रति संतृप्त बनाए रखना है।



## डीएम की देखरेख में हुआ कोविड वैक्सीनेशन

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की देखरेख में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश के नाम सम्बोधन के बाद शनिवार को जिला अस्पताल में वैक्सीनेशन का कार्य शुरु हो गया। सर्वप्रथम वैक्सीनेशन कराकर चिकित्सक मुदित मेहरोत्रा ने अपना नाम दर्ज कराया इसके बाद अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने भी टीकाकरण कराया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 बीकेएस चौहान, सीएमएस डा0 एसके सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। टीकाकरण के लिये जिला अस्पताल सहित चार जगहो पर वैक्सीनेशन की व्यवस्था की गयी थी। जिसको लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा इसी के चलते शनिवार को जब जिला अस्पताल में वैक्सीनेशन का कार्य शुरु किया गया तो वहा जिलाधिकारी आदर्श सिंह, पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद के अतिरिक्त पुलिस बल व पैरा मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा इस दौरन डीएम ने बिना किसी भय से टीकाकरण कराये जाने की अपील भी की।

## चोर गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** बाराबंकी

**अंतर्जनपदीय** चोरों के गिरोह का शनिवार को कोतवाली नगर और स्वाट टीम नेचोर गिरोह के 5 सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार करके शहर व अन्य क्षेत्रों में हुई प्रमुख चोरियों का खुलासा करचोरी का सामान बरामद कर अभियुक्तो को जेल रवाना किया है। पुलिस अधीक्षकयमुना प्रसाद नेघटनाक्रम का खुलासा करते हुए बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र में बीते दिनों विभिन्न चोरियों की वारदातें हुई थी उसी के खुलासे के लिये स्वाट टीम को लगाया गया था और शनिवार को इस गिरोह के पांच सदस्य पुलिस के हाथ लग गए।पुलिस ने इनके पास से दो चोरी की बाइक और देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है।वहीं पुलिस अधीक्षक ने उत्साहवर्धन हेतु नकद इनाम देने की घोषणा की है।पुलिस की गिरफ्त में आया चोर अहमद दर्जी पुत्र कबीर अहमद निवासी मोहल्ला नूरबाग कस्बा व थाना टिकैतनगर हाल पता मौलाना जी का मकान अशद नगर बलरिया हजाराबाग कोतवाली नगर पूर्व मे चार आपराधिक वारदातों में शामिल रहा है उसका पुराना आपराधिक इतिहास पुलिस बता रही है।गिरफ्त में आये अन्य चोरो मे अदनान खां पुत्र बब्बू खां निवासी गनेशपुर थाना रामनगर जुम्मन पुत्र मुन्ना खां निवासी गनेशपुर थाना रामनगर करन मल्हाह पुत्र भूखन निवासी गनेशपुर थाना रामनगर व दानिश पुत्र नौशाद खां निवासी काशीराम कॉलोनी बड़ी लाइन हड्डीगंज कोतवाली नगर है वहीं इस गिरोह के अन्य सदस्य फरार है उनकी गिरफ्तारी के पुलिस प्रयास मे लगी हुई है।खुलासा करने वाली टीम में स्वाट प्रभारी विवेक कुमार सिंहए हेड कॉन्स्टेबल इदरीश खां हेड कॉन्स्टेबल बलिकरन स्वाट टीम कॉन्स्टेबल व स्वाट टीम प्रवीण शुक्ला के ही व नगर पुलिस के उपनिरीक्षक राजेश पटेल शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### कंकाल मिलने से मची सनसनी

**बाराबंकी।** थाना मोहम्मदपुर खाला के लालपुर चौकी अन्तर्गत ग्राम जनकामें नदी के किनारे हत्या कर फेंके गये एक युवक का शव जीर्णशीर्ण अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जनका नदी के किनारे एक बीस वर्षीय युवक का शव देखा गया जो पूरी तरह से कंकाल में तब्दील हो गया था इस बात की सूचना जब ग्रामीणों ने पुलिस तो दी तब उनके भी होश उड़ गये आनन फानन में मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करायी तब युवक की पहचान सीतापुर जिले के थाना रामपुर मथुरा गौरा देवरिया के रुप में हुई। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी लालपुर करौता चन्द्रहास मिश्रा ने बताया कि युवक27 दिसम्बर से लापता था इसकी गुमसुदगी रामपुर मथुरा थानेमें दर्जहै।

### जनपद में कोविड-19 टीकाकरण का हुआ शुभारंभ

**ललितपुर।** कोविड टीकाकरण का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधन किया गया इस क्रम में ललितपुर जनपद में जिलाधिकारी अन्नावी दिनेश कुमार द्वारा एवं पुरुष चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डी के गर्ग द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में टीकाकरण सत्र का उद्घाटन किया गया इन दोनों टीकाकरण सत्रों के अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी संचालित किए जा रहे हैं जनपद में सबसे पहले डॉ मुकेश सेठ तथा दूसरा टीका मोहिनी शर्मा को लगाया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके गर्ग ने बताया कि जनपद में कोविड.19 टीकाकरण हेतु छह हजार डोज प्राप्त हो गई है

### मूक बधिर युवक को पीटकर चोर खोल ले गए भैंस

**तिलोई अमेठी।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र की पुलिस चौकी इन्हौना के गांव जमुलीपुर में गुरुवार की रात बेखौफ बदमाशों द्वारा तीन मवेशियों को पार कर दिया गया है।पशुपालक के भाई ने जब विरोध जताया तो बदमाशों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के गांव जमुलीपुर मजरे नौखेडा अयोध्या प्रसाद लोधी पुत्र बाबा दीन प्राथमिक विद्यालय के सामने छप्पर के नीचे अपनी दो भैंसों व एक पड़िया को रखे थे।पशु पालक का भाई ओम प्रकाश जो मूकबाधिर है वह रोजाना की भांति वहीं पर सो रहा था।गुरुवार की रात में चौपहिया वाहन पर सवार करीब आधा दर्जन बेखौफ बदमाश वहां पर पहुंचे और जानवरों को खोलने लगे तो ओम प्रकाश ने विरोध जताया तो बदमाशों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया और बदमाश मवेशी ले जाने में कामयाब रहे।चोरी गये मवेशियों की कीमत लाखों रुपये बतायी जाती है।बदमाशों की पिटाई से घायल युवक ने पूरे घटनाक्रम से अपने परिजनों को अवगत कराया तो पशुपालक अपने भाई को घायलावस्था में लेकर पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस ने पीड़ित परिवार को थाने की राह दिखा दी और घटनास्थल का निरीक्षण तक करना मुनासिब नही समझा है।क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों ने चोरी की वारदातों को अंजाम देकर इन्हौना चौकी पुलिस की रात्रिगश्त की कलई खोलकर रख दी है।इस सम्बन्ध मे प्रभारी थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्जकर लिया गया है।

### व्यापारी ने कोतवाल को किया सम्मानित

**मुसाफिरखाना अमेठी।** गत दिसंबर महीने में ज्वेलर्स के साथ हुई लाखों की लूट के महज कुछ ही घंटो में खुलासा होने के बाद दुकानदार के साथ ही स्थानीय व्यापारी लगातार कोतवाली पुलिस के कार्यों की सराहना करने के साथ ही पुलिस कर्मियों को सम्मानित कर रहे हैं ।बीते 28 दिसम्बर की देर शाम स्थानीय कस्बा स्थित इसौली रोड पर फैसल ज्वेलर्स के संचालक के साथ लाखों के जेवरात सहित नकदी बाइक सवार बदमाश लूट कर फरार हो गए थे ।घटना के महज कुछ ही घंटो के अंदर पुलिस ने लूटे गए सामान सहित पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की ।घटना के महज कुछ ही घंटो में खुलासे से खुश हुए ज्वेलर्स के संचालक सहित स्थानीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह सहित खुलासे में शामिल पुलिस कर्मियों का स्वागत समारोह आयोजित कर सम्मानित किया था ।इसके बाद से ही स्थानीय व्यापारी लगातार कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा को सम्मानित कर रहे हैं ।शनिवार को हाजी ज्वेलर्स के संचालक हाजी मोहम्मद अहमद ने कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया ।हाजी मोहम्मद अहमद ने कोतवाली पुलिस के कार्यों के सराहना करते हुए कहा कि पुलिस के कार्यों से जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है ।

### निधन पर जताया शोक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साथी अधिवक्ता के पिता के निधन पर तहसील मुख्यालय पर शोक सभा हुई। जूनियर बार एसोशिएसन के पूर्व महामंत्री विवेक त्रिपाठी के पिता के आकस्मिक निधन की सूचना पर यहां वकीलों मे शोक छा गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता मे हुई शोकसभा मे साथियों ने अधिवक्ता के दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन महामंत्री रामकुमार पाण्डेय ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, विनय शुक्ल, विकास मिश्र, संतोष पाण्डेय, देवी प्रसाद मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष सिंह, मिथिलेश त्रिपाठी, हरिशंकर द्विवेदी, टीपी यादव, शिवाकांत उपाध्याय आदि अधिवक्ता रहे।

### दुर्घटना में महिला घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे मीतन गांव मे महिला दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल हो गयी। शनिवार की सुबह गांव के अनिल कुमार की पत्नी पुष्पा 43 किसी काम से कहीं जा रही थी। अचानक एक तीव्र गति की बाइक ने गांव के समीप पुलिया के पास महिला को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजन चुटहिल को इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले गये।

### बढ़ी खाद्यान्न वितरण की तिथि

**बाराबंकी।** जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि माह जनवरीए 2021 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम.2013 के अन्तर्गत होने वाले आधार प्रमाणीकरण से खाद्यान्न वितरण की तिथि बढ़ाकर 22012021 तक कर दिया गया है। ओटीपी से वितरण कराये जाने की तिथि 1801021 रहेगी।

### आधा दर्जन मेधावियों ने सैनिक स्कूल में ली सफलता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सीपीएस माण्टेसरी स्कूल के आधा दर्जन मेधावियों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा मे सफलता का परचम लहराया है। इससे विद्यालय परिवार व मेधावियों के अभिवावको मे शनिवार को प्रसन्नता दिखी। सीपीएस के मेधावी दिव्यांशु मिश्र, कार्तिकेय मिश्र, अंशु यादव, आकाश, निखिल मिश्र व अर्निका शक्ति सैनिक स्कूल मे सफलता का परचम लहराया है। उपलब्धि पर विद्यालय परिवार मे हुई बैठक के जरिए शिक्षको व अभिवावको ने प्रसन्नता जताई। बैठक की अध्यक्षता प्रबन्धक बी.पी. सिंह व संचालन प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने किया। प्रबन्धक बीपी सिंह ने सैनिक स्कूल मे मिली सफलता को विद्यालय के शैक्षिक परिवेश व मेधावियो के श्रम का सुखद परिणाम ठहराया।

### जिलाधिकारी ने किया राजस्व कार्यो की समीक्षा

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त उपजिलाधिकारियों के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में वरासत अभियानए स्वामित्व योजनाए कंबल वितरणए रैन बसेराए अलाव की स्थितिए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रमए मत्स्य पालन पट्टों की स्थिति रिट अवमानना माननीय आयोग संबंधी प्रकरण धान खरीद मिलों की सत्यापन रिपोर्ट सहित अन्य कार्यों की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

पायनियर
रविवार, 17 जनवरी, 2021

# एजेण्डा



जीवन कठिन है और यदि आपमें इस पर हंसने की योग्यता है तो आपमें इसका आनंद लेने की भी योग्यता है
- सलमा हाइक



# अनोखे बच्चे

**16 वर्षीय आगरावासी उद्यमी, ओजस बत्रा तथा 14 वर्षीया रैना गोयल से लेकर 8 साल की मान्या सिंघल ऐसे मेधावी बच्चे हैं, जिन्होंने 24 देशों की यात्रा की, यहां तक कि रोजमर्रा वस्तुओं को पहचानने में सहायता करने के लिए एक मोबाइल एप विकसित किया है। इन नन्हीं प्रतिभाओं के सामने कोई सीमा नहीं है। इन अनोखी प्रतिभाओं की उपलब्धियों को सामने लाने के लिए इनसे चर्चा करती मुस्बा हाशमी की रिपोर्ट**

## उम्र कोई सीमा नहीं



16 साल की उम्र में, वह एक उद्यमी और एक लेखक है। उसने अपने करियर की शुरूआत तब की, जब वह दस साल की उम्र का था और इस दौरान उसने उतार और चढ़ाव दोनों देख लिए हैं। मिलिए आगरावासी ओजस बत्रा से। जो हाइव ग्रुप आफ कंपनीज के सीईओ व संस्थापक तथा टीनएज एएफ् नामक पुस्तक के लेखक हैं जो सभी पाठकों के लिए प्रकाशस्तंभ का काम करेगी और जीवन में आगे बढ़ने व खुद को बेहतर बनाने व ढलने में उनकी सहायता करेगी।

अपनी यात्रा के बारे में बताएं। 10 साल की उम्र में कैसे आपने अपने करियर की शुरूआत की?

बत्रा बताते हैं, '' जब मैं 10 साल का था, मैंने महसूस किया, स्कूल मुझे बहुत ज्यादा उपयोगी नहीं लगते थे क्योंकि जो मैं सीख रहा था वो ज्यादातर वहां लागू नहीं होता था और व्यवहारिक उपयोग एक खास स्तर पर पुराने किस्म का था। यही कारण था कि मैंने प्रयोग करना शुरू किया और उन व्यवहारिक योग्यताओं को तलाशना शुरू किया जिनकी अहमियत थी और जिनकी असल दुनिया को आवश्यकता थी। मैंने भिन्न योग्यताओं के साथ प्रयोग करना और अपनी योग्यताओं को लागू करने के लिए फ्रीलांस किया और समझा कि यह मेरे लिए उपयोगी है या नहीं। जब मैं ऐसा कर रहा था। मैं संयोग से ई-कामर्स पर पहुंच गया, खासतौर पर ड्रॉपशिपिंग पर, जब मैं 12 साल का था और मैं उसकी अवधारणा के प्रति आकर्षित हो गया, इसलिए मैंने उसमें थोड़ा धन निवेश किया जो मैंने अपने पहले स्टोर में फ्रीलांस के जरिए कमाया था। स्टोर विफल रहा, लेकिन मैं ई-कामर्स और मार्केटिंग के कामकाज के बारे में काफी कुछ समझ गया। ''


विफल होने के बाद भी, बत्रा ने हिम्मत नहीं हारी। उसने गलतियों से सीखा और इस विचार पर एक बार फि र से प्रयास किया। वह स्पष्ट करते हैं, '' मैंने अपना दूसरा स्टोर खोला और यह मेरी उम्मीदों से कहीं ज्यादा कामयाब रहा। मैंने 14 सफ ल ई-कामर्स तैयार किए और उन सभी को बेचा, फिर मैंने 2019 में ड्रॉपशिपिंग छोड़ दिया क्योंकि मुझे महसूस हुआ कि इसका बाजार सिकुड़ने जा रहा है और यह दूरगामी स्तर पर अनुकूल नहीं है। जब मैं अपने ई-कामर्स स्टोर्स चला रहा था, मैंने छात्र समुदाय के लिए एक एडटेक स्टार्टअप भी आंरभ किया क्योंकि हर किसी को स्कूल छोड़ने और अपने ढंग से बाहर निकलने व अपनी योग्यताओ के साथ प्रयोग करने का अवसर नहीं मिलता है। मेरे स्टार्ट-अप ने उन योग्यताओं को सीखने में इन छात्रों की सहायता की जिनका मैंने प्रयोग किया था, मसलन सस्ती कीमत पर वेब डेवलेपमेंट, डिजीटल मार्केटिंग, कंटेंट क्रिएशन, थ्रीडी एवं वीएफ एक्स, जब वे स्कूली पढ़ाई में लगे रहते हैं। ''

यह स्टार्ट अप 2019 में एक साल के भीतर ही अर्जित हो गया। वह बताते हैं, '' मेरे पास 25 फीसदी इक्विटी के विनिमय में निवेश अर्जित करने का विकल्प था, लेकिन मैंने मना कर दिया और समूचा स्टार्ट-अप प्रस्तावित किया क्योंकि मुझे पता था कि हालांकि विचार अच्छा था और हम फायदे की स्थिति में थे, मगर मुझे स्टार्टअप को मापने के लिए आवश्यक योग्यताओं व जानकारी की कमी लगी। इसीलिए अपने स्टार्ट अप को हासिल करने के बाद, मैंने कंपनी को मापने के लिए आवश्यक योग्यताओं व काम काजों को समझने के लिए अनेक स्टार्ट अप्स और अनेक कार्पोरेट्स के साथ काम करना शुरू किया। मैंने 2019 के मध्य में अपनी मार्केटिंग एजेंसी - एडवेंजर्स - भी शुरू की। जब मुझे स्टार्ट अप्स मापने तथा चलाने की योग्यताओं के मामले में पर्याप्त भरोसा हो गया, मैंने टीन हाइव एवं स्किल हाइव की शुरूआत की, जो किशोरों की जीवन योग्यताएं विकसित करने में सहायता करने पर ध्यान देती है, मानसिक स्वास्थ्य के बारे में उन्हें शिक्षित करती है। जो सुनिश्चित करती है कि उनके पास उचित सोच है और वे स्वयं अपना करियर रोडमैप बना सकें, इसमें उनकी सहायता करती है, व्यक्तियों की वेब डेवलेपमेंट, डाटा एनालिटिक्स, डिजीटल मार्केटिंग, कंटेंट किएशन एवं अन्य योग्यताओं के साथ तजुर्बा करने में सहायता करती है। ''

बत्रा से यह पूछने पर कि इतनी कम उम्र में इतना ज्यादा हासिल करने में क्या महसूस होता है- तो बत्रा तत्काल जवाब देते हैं कि - विफलता और आत्मविश्वास की स्वीकार्यता।

बत्रा कहते हैं, '' अपने जीवन के किसी मुकाम पर कुछ हासिल करने के लिए, चाहे यह बच्चे के रूप में हो, या किशोर या फिर वयस्क के बतौर हो, व्यक्ति को विफलताओं को स्वीकारना व उनसे सीखना चाहिए। आत्म विश्वास, आत्म विश्लेषण, अपने लक्ष्य के प्रति लगन, फैसले लेने की योग्यता व उसका सर्वोत्तम हासिल करना भी समान रूप से महत्वपूर्ण होता है। साथ ही व्यक्ति को आलोचना और निंदा के बीच अंतर को समझना चाहिए और खुले मन से उससे सीखना चाहिए। ''

>> पेज 3



## जहां चाह, वहां राह

कभी न कभी हम सभी ने दुनिया की यात्रा करने का सपना जरूर देखा होता है। लेकिन उम्र के साथ, यह सपना अक्सर धुंधला जाता है। लेकिन मुंबई वासी, 15 साल की रैना गोयल के मामले में ऐसा नहीं रहा जिन्होंने सबसे पहले यात्रा की शौकीन हैं, साथ ही लेखक व फोटोग्राफर हैं।

रैना बताती हैं, 'मैंने यात्रा करनी शुरू की, जब मैं बहुत छोटी थी और गर्मी व वसंत के दौरान छुट्टियों पर अपनी माता पिता के साथ घूमने जाती थी।' वह कहती हैं, उनकी पहली यात्रा दुबई की थी जब वह सिर्फ दो साल की थी। बकौल रैना, जो 24 देशों की यात्रा कर चुकी हैं, 'मुझे याद है जब मैं अपनी पहली यात्रा पर दुबई, यूएई गयी थी, जब मैं एक या दो साल की थी, शायद कारण छुट्टियां थीं। मुझे उसके बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं आता लेकिन इसने निश्चित रूप में यात्रा करने और दुनिया को जानने के प्रति मेरे प्यार को बढ़ाया।' उनके मुताबिक, उनकी सबसे यादगार यात्रा डिज्नी क्रूज के लिए जाना थी। वह बताती हैं, 'यह डिज्नी का अपना क्रूज था, जो हमें स्केंडिनेवयन-नार्वेजियन मार्ग पर ले जा रहा था। जब मैं लगभग 10 साल की थी तभी से डिज्नी मुझे आकर्षित करता था, और उसके साथ समंदरों की यात्रा पर जाना सर्वोत्तम हिस्सा था, क्योंकि जैसा कि मैंने कहा, नयी जगहों को खोजना कुछ ऐसा है जो मुझे सर्वाधिक पंसद है। यह सचमुच एक सपना था क्योंकि डेनमार्क और नार्वे बहुत शांत व बेइंतिहा शानदार स्थल थे।' यात्रा के प्रति अपने प्यार को अगले स्तर पर ले जाने के लिए, गोयल ने हाल में 'ए लक्जरी वांडर्स बुक' की शुरूआत की जो इस समझदारी से संबंधित है कि लक्जरी या विलास का आपने लिए क्या अर्थ है, आपने यात्रा करने को तरजीह दिया। वह बताती है, 'यह किताब आपको विभिन्न स्थानों व गंतव्यों पर ले जाती है जिनके बारे में आपने कभी सुना तक नहीं होता है। होटलों से तथा प्रसिद्धि से लेकर अपने गंतव्य तक जाना तक, इस किताब में सबका उल्लेख है।' तीन सालों तक यात्रा संबंधी ब्लॉग लिखकर, किताब लिखना सदैव उनके लिए लाजिमी था। वह बताती हैं, 'मैंने अपना ट्रेवल ब्लॉग लिखना शुरू किया जब मैं 12 साल की थी। लेखन और चित्रों के जरिए, मैं अपना यात्रा अनुभव बयान करती हूं। मेरे ब्लॉग का नाम ट्रेवल्स अ ला कार्ते है। और मैंने तीन साल अपना ब्लॉग लिखना जारी रखते हुए मैं हमेशा किताब लिखना चाहती थी। इसलिए मैंने अपने सुविधा दायरे से बाहर कदम रखा और खुद को इस आधार पर सामने लाने के लिए प्रेरित किया क्योंकि मेरे ब्लॉग लेखन के कारण मेरी प्रशंसा की जाती थी। अब, अंततोगत्वा मेरे पास एक विषय है जिसे मैं जानती थी, जिसके बारे में किताब लिखने का मेरा बहुत मन था और इसलिए मैंने किताब लिखी।'

**मैंने तीन साल अपना ब्लॉग लिखना जारी रखते हुए मैं हमेशा किताब लिखना चाहती थी। इसलिए मैंने अपने सुविधा दायरे से बाहर कदम रखा और खुद को इस आधार पर सामने लाने के लिए प्रेरित किया**

>> पेज 3

## आठ साल की उम्र में अपना खुद का एप

अगर आप सोचते हैं कि आठ साल के बच्चे केवल समुद्र तट की मिट्टी के किले बनाने में ही माहिर हैं, तो आप बिलकुल गलतफहमी में हैं। मिलिए मान्या सिंहल से, जो सनसिटी स्कूल, गुरूग्राम, हरियाणा, की कक्षा चौथी की छात्रा हैं जिन्होंने रोजमर्रा चीजों की पहचानने में सहायता के लिए मोबाइल एप्प विकसित किया है। पिक्काबू, नामक एप (गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध), बच्चों की नाम सुनने हेतु वास्तविक चीजों को पहचानने में सहायता करता है। एप्लीकेशन वस्तु का चित्र लेता है और उसे माइक्रोसाफ्ट इमेज प्रोसेसिंग एपीआई को भेजता है। जब एपीआई विवरण वापस भेजता है तो यह ट्रांसलेटर एपीआई को (भाषा सेटिंग पर आधारित) जाता है। परिणाम फिर टेक्स्ट और स्पीच कन्वर्टर और ट्रांसलेट इंजन के पास जाता है जो फिर वस्तु का नाम पांच भिन्न भाषाओं - अंग्रेजी, हिन्दी, स्पेनिश, फ्रेंच और जर्मन -में पहचान कर बताता है।

सिंहल बताती हैं, '' मुझे यह विचार अपनी ढाई साल की बहन को देखकर आया जो हर किसी से अपने रोजमर्रा जीवन में काम आने वाली वस्तुओं के बारे में पूछा करती है। और किसी के पास चीजों के नाम दोहराते रहने का पर्याप्त धैर्य नहीं रहता था, जब तक कि वह उसे खुद बोलना सीख नहीं जाती है। इसलिए मैंने उसे व अन्य बच्चों को आत्मनिर्भर महसूस कराने के लिए इस एप्प को बनाया। ''

सात महीने हुए हैं जबसे सिंहल व्हाइटहाट जूनियर पर कोडिंग सीखती आई है। और एप्प और कुछ नहीं बल्कि सीखी गयी योग्यताओं को क्रियान्वित करने का नतीजा है।

सिंहल स्पष्ट करते हुए बताती है कि कुछ विशेषताएं हैं जिन्हें वह एप्प में शामिल करना चाहती है। वह कहती है, 'ऐसे मौके आए थे जब मैं एप्प बनाते समय उलझ गयी थी। कभी कभी डिजाइन वो नहीं था जैसा चाहती थी और कभी कभी नतीजा उत्तम नहीं था। उस समय, मैंने अपने टीचर की सहायता ली और समस्या का समाधान किया। इसके अलावा, कोई बड़ी समस्याएं नहीं हुईं, हालांकि डिजाइन सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा था।' उनमें से एक है एप्प तक अधिक वैयक्तिक स्पर्श होना।



एप्प बनाने में उसे लगभग एक महीना लगा, कारण यह कि यह अपने सरलतम रूप में है। वह बताती है, 'मैं एप्प पर रोजाना लगभग दो घंटे काम करती थी।' तकनीक के अलावा, अनेक चीजें हैं जिनमें सिंहल की रूचि है। वह कहती है, 'मुझे योग, डांस व किताबें पढ़ना पसंद है।'

एक संदेश जो सिंहल अपने हमउम्र बच्चों को देना चाहती है, वो यह कि किसी को भी दूसरों को नीचा दिखाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। वह बताती है, 'बहुत सारे बच्चे होते हैं जो अपने सहपाठियों पर धौंस जमाते हैं। कुछ यह बताते हुए दूसरों को नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं कि वे फ्लां काम नहीं कर सकते। बल्कि व्यक्ति को हमेशा अपने सहपाठियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। यह सबसे बड़ा गुण है जो व्यक्ति सीख सकता है।'

सिंहल को इतनी कमउम्र में अपने क्षेत्र में बुलंदी हासिल करते देखकर उसके माता पिता, शिक्षक और मित्र पहले से नौंवी बुलंदी पर हैं।मान्या के माता-पिता, शिखा और हर्ष सिंहल बताते हैं,' मान्या समर्पित भाव से अपनी बहन को नयी चीजें सिखाने में समय बिताती है। हालांकि उसे अपनी वो नन्हीं दिनचर्याएं पसंद हैं, मगर वह कुछ ऐसा बनाना चाहती थी जो न केवल छोटे बच्चे की जिज्ञासु स्वभाव को पोषित करने में सहायता करेंगे बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाएंगे, और उन्हें सीखना मजेदार अनुभव भी होगा। हमें इस एप्प को बनाने की मान्या की दक्षता पर गर्व है। यह सुखद है कि खुद बच्ची होने के बावजूद, वह तकनीक की सहायता से वास्तविक जीवन-समस्याओं से निपटने में दूसरे बच्चों की मदद करने की कोशिश कर रही है। हम उसे ऐसी रचनात्मक परियोजनाएं तलाशने में निरंतर प्रोत्साहित करेंगे जो उसके समग्र विकास में योगदान करते हों।' हालांकि सिंहल के खाते में कोई विशेष चीज नहीं है लेकिन वह तकनीक का सर्वोत्तम उपयोग करने तथा भविष्य में भी अपने माता पिता को गर्व महसूस कराने को लेकर आश्वस्त है।



यदि हम नहीं बदलते हैं, हम प्रगति नहीं करते हैं। यदि हम प्रगति नहीं करते हैं तो हम जीते नहीं हैं

- गेल शीही

# बेहतर जीने की सूक्ष्म कला




**जीवन चक्र**
**भारत भूषण पद्मदेव**

यदि आप उस खेल का आनंद लेना चाहते हैं जिसे आप खेल रहे हैं तो सबसे पहले, आपको इसे खेलने के नियमों तथा खेलने की कला से परिचित होने की आवश्यकता है। दूसरा, आपको खेल को दक्षतापूर्वक खेलने के लिए आवश्यक तकनीकों को तजुर्बेकार प्रशिक्षक से सीखने की जरूरत है। तीसरा, आपको साथी खिलाड़ियों के साथ बेहतर घुलने मिलने की जरूरत है, क्योंकि उसके बिना, खेल में सफलता पाना संभव नहीं होगा। और अंत में, आपका मानसिक रूप से पूर्ण सजग होना होगा ताकि पहले से विरोधियों द्वारा पेश की जाने वाली चुनौतियों का पूर्व आंकलन कर सकें। यह केवल समग्रतापूर्ण नजरिया के जरिए ही है जो आपको विजेता बना सकता है।

मानव जीवन का साधारण क्रम भी, कुछ खेल खेलने जैसा ही है। अंतर केवल इतना है कि खेलने में खिलाड़ियों की संख्या सीमित होती है, लेकिन जीवन खेल के क्रम में, आपको असंख्य प्रतिस्पर्धी सहयात्रियों के साथ मुकाबला करना होता है। जो जीवन खेल को और भी जटिल व चुनौतीपूण्र बनाता है, खासतौरपर जब प्रत्येक व्यक्ति अनोखा जन्मा है। सभी की अपनी विशिष्ट खूबियां हैं जो अक्सर दसूरों के साथ विध्वंसक खेल खेलती हैं। खेल योजना को जो चीज और भी ज्यादा जटिल बनाती है, वो है इंसानी मन, जो व्यक्ति को संचालित करता है, जो अपने आपमें चालबाज कहा जाता है। क्योंकि दोहरेपन की अंतर्निहित भावना स्व-आमंत्रित विवादास्पद विचारों का शिकार बन जाती है। मन पुनः, मिथ्यापूर्ण प्रत्यक्ष दुनिया की लुभावनी चमक दमक से प्रभावित रहता है। जो चीज समस्याओं को और भी बढ़ा देती है, वो यह कि हम सभी पूर्वाग्रही मन के साथ जन्म लेते है जो स्प-परिभाषित पैमानों से परे देखने की ज्यादा मोहलत नहीं प्रदान करता है, नतीजा यह कि सत्य अक्सर हमसे परे रहता है।

हालाँकि, जीवन को लगातार आगे बढ़ना होता है। इसलिए, अब सवाल है: इस गतिरोध से निकलने का रास्ता क्या है जिससे कि जीवन के खेल में उपलब्धिकर्ता साबित हो सकें ? इस प्रश्न का उत्तर समग्रता में 'आर्ट आफ लिविंग' सीखने में मौजूद है। जो अंतर्निहित कमजोरियों को पहचानने और फिर उन्हें सुधारने, अंतर्निहित क्षमताओं को स्वीकारने तथा आत्मसात करने एवं आसपास की दुनिया के साथ घुलने मिलने के लिए अनिवार्य अंतर-वैयक्तिक संबंध योग्यताएं विकसित करने की मांग करता है। साथ ही, आपको उभरते दौर में विविधतापूर्ण आयामों की मांगों से समझदारी से निपटने के लिए पूर्ण मानसिक सजग होने की आवश्यकता है।

आप चाहें या न चाहें, लेकिन आपको कैसे भी करके सीखना तो पड़ेगा चाहे सचेत रूप से या जब हालात से मजबूर हो जाएं। जब आप सजगतापूर्वक सीखते हैं तो जीवन आसान हो जाता है। वर्ना, जब



हालात द्वारा मजबूर किए जाते हैं तो लोग आम तौरपर दो प्रकार से प्रतिक्रिया करते हैं। कुछ बहुत ज्यादा परेशान हो जाते हैं, खीझ उठते हैं, अपराध बोध में आ जाते हैं, आत्मविश्वास खो देते हैं, अपनी क्षमता पर संदेह करने लगते हैं, और जीवन बोझिल हो जाता है। अन्य, अपनी गलतियों से सबक निकालते हैं, अपना परिष्कार करते हैं, और अंत में अपनी स्वप्निल मंजिल हासिल करते हैं। लेकिन सारा कहा और किया, भले ही आप अपनी विफलता पर काबू पाते हैं, आप देर से शुरू करने वाले साबित हो सकते हैं, क्योंकि आप पहले से समय की दौड़ में पीछे छूट गए हैं।

प्रमाणित रूप में, बेहतर क्रम है निरंतर समय रहते सीखने की प्रक्रिया में बने रहें। उसके लिए, आपके पास एक गुरू होना चाहिए जो पहले आपको आपकी प्रतिछवि दिखाता है, वह आपको अपनी कमजोरियों पर काबू पाने में मदद करता है और फिर आपकी क्षमताओं को उभारता है। इस संदर्भ में ज्योतिष भी शानदार सहायता साबित हो सकता है, क्योंकि यह तटस्थतापूर्वक आपको आपकी मूल बनावट से परिचित कराता है।

यहां एक ऐसे व्यक्ति का मामला उल्लेखनीय है जो अपनी आयु के चालीसवें साल में होने के बावजूद जीवन में स्थिर नहीं हो पाया है। वह जानना चाहता था: वह क्यों जीवन साथी के सुख से वंचित बना हुआ है? उसे बताया गया कि उसकी समस्या की जड़ उसकी स्वभाव प्रवृत्तियों में मौजूद है। आइए अब उसके व्यक्तित्व संबंधी प्रारूप के ज्योतिष संकेतकों पर नजर डालते हैं।

सूर्य का बाधाकारी शनि के साथ संयोग होना नकारात्मकता की अंतर्निहित भावना इंगित करता है जो उसे किसी भी चीज को देखने के मामले में शंकालु स्वभाव का बनाता है। साथ ही, भय और असुरक्षा की भावना मौजूद है जिसने उसे स्वभावतः पलायनवादी बना दिया है। मन संकेतक चन्द्रमा वरूण और केतु के बीच पिसा हुआ है, जो धनु राशि पर काबिज है, और उसमें ढुलमुल मन की ओर इशारा करता है जो उसे समय पर फैसला लेने की अनुमति नहीं देता है। इस कारण, वह अक्सर अवसरों को खो देता है। दूसरा, वह अकुशल और अव्यवहारिक है। वह अक्सर अपने आसपास के लोगों की पैरवी में आवेगवश बेतुके व अनुचित वचन बोल जाता है। तीसरा, बुध का राहु और केतु के विपरीत मुद्रा में होना उसे लंबे समय तक अपने लक्ष्य में एकाग्र नहीं रहने देता है। परिणामस्वरूप, वह हाथ में लिए गए काम उसके अंतिम अंजाम तक नहीं पहुंचा पाता और उन्हें अधूरा छोड़ देता है।

सबसे बड़ी समस्या है उनकी भावनात्मक अस्थिरता, जो कि प्रचंड वीनस के कारण हो सकता है, इसे बृहस्पति की चन्द्रमा के विपरीत मुद्रा में होने की स्थिति से जोड़कर पढ़ें। फिलहाल, हालात ने उसे मजबूर किया है कि वो मेरे पास मार्गदर्शन लेने के लिए आए, और उनका अनुपालन के बाद वह अपना सर्वोत्तम प्रस्तुत करने में जल्द सक्षम होगा।

# अच्छे कार्य-जीवन संतुलन के लिए कृत्रिम मेधा

**अश्विनी उपाध्याय, कोमल खंडेलवाल एवं जयंती अयंगर का कहना है कि अनेक लोगों के लिए उत्तम कार्य-जीवन संतुलन पाना एक दूर का सपना है। संपादित अंश...**

तकनीक ने हमारे व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन को प्रभावित किया है। एआई काम को अधिक आसान और अधिक तेज बनाती है और हमें अपने मन को स्थिर होने का मुक्त समय प्रदान करती है। यह अनिवार्य है कि व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन दोनों के लिए तकनीक के उपयोग में संतुलन लाया जाए। इन दिनों, जब लोग व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन की सीमा में घर से काम करने के लिए मजबूर हैं, तो यह जरूरी है कि एआई का उपयोग किया जाए ताकि कर्मचारियों को सामरिक काम और अपनी रूचियां पूरी करने के लिए फुर्सत का समय पाने में सहायता मिले। डिजीटलीकरण से जुड़ी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि काम और घरेलू जीवन का फर्क मिट रहा है। ईमेल चेक करना और परिवार के साथ टेलीविजन देखना वास्तविकता बन गया है। फिल्म देखने के दौरान बिजनेस कॉल सुनना पुनः एक आम बात है।

उत्तम कार्य-जीवन संतुलन पाना एक दूर का सपना है। अनेक लोग बढ़ते काम के असर को अपने स्वास्थ्य पर ब्लडप्रेशर व डायबिटीज जैसे जीवनशैलीगत रोगों के रूप में देख रहे हैं। अनेक पेशेवर लोग बेचैनी और अवसाद जैसी तनाव संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं। रोजमर्रा दिनचर्या में स्वास्थ्य को शामिल करने में अब एआई उपयोगों के जरिए सहायता मिल रही है। एआई अब अच्छा कार्य-जीवन संतुलन संतुलन बढ़ाने का माध्यम है। आइए देखें कि एआई किस प्रकार कार्य-जीवन संतुलन स्थापित करने में सहायता कर सकती है।




उत्पादकता बढ़ाना : गूगल जैसी कंपनियां ईमेल, वीडियो कांफ्रेसिंग, डाकूमेंट साझीदारी, ठोस संदेशन तथा अन्य बहुत सारे कामों का समावेशन करने में सक्षम हो रही हैं। ये उपकरण दिनचर्याओं को अधिक आसानी से निर्धारित एवं समन्वित कर सकते हैं। एआई आधारित उपकरणों का बैठकें तय करने तथा काम पूरा करने में उपयोग किया जा रहा है।

काम को आसानन बनाना : अनेक एआई आधारित एप्स अनेक परमुखी एवं दोहरावपूर्ण कार्यो को आटोमेशन के जरिए काम करना आसान बनाते हैं। आटोमेशन रिमाइंडर एप्स याद दिला सकते हैं कि कब मीटिंग होने वाली है। ये उपकरण लोगों को यहां तक याद दिलाते हैं कि कब दवा लेनी है, टहलना है या अवकाश लेना है।

लचीलापन लाती है तकनीक : एआई काम में लचीलापन लाती है। एआई और अन्य उपकरणों से, कर्मचारी अब दूरदराज से काम कर सकते हैं। गूगल हैंगआऊट्स और जूम जैसे उपकरण आनलाइन एवं वर्चुअल बैठकें करने में सहायता करते हैं। प्रत्यक्ष मीटिंग में शामिल होने की अब आवश्यकता नहीं है जिसका नतीजा है कि सफर में समय और धन की बचत होती है। तकनीक कार्य-जीवन संतुलन बनाने हेतु समय बचाने में सहायता करती हे।

पारदर्शी : एआई आधारित प्रणालियां टीमों के बीच निर्बाध एवं पारदर्शी संवाद गढ़ती हैं।

स्वास्थ्य एप्स : कर्मचारी अपने स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य एप्स का उपयोग करते हैं। तकनीक अच्छा कार्य-जीवन संतुलन बनाने हेतु एक उपकरण का काम करती है। एआई का उपयोग अर्थपूर्ण नेटवर्किंग, उत्पादकता एवं एकाग्रता की ओर ले जा सकता है। (माथुर, 2019)

– अश्विनी उपाध्याय, कोमल खंडेलवाल और जयंती अयंगर द्वारा लिखित पुस्तक एआई रिवोल्यूशन इन एचआरएम : द न्यू स्कोरकार्ड के सपांदित अंश। पुस्तक सेज पब्लिकेशंस, इंडिया से प्रकाशित है।

# ईश्वर बहुत दयालु है

**अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि ईश्वर समस्त भली आत्माओं से प्रेम करता है, और वह उन्हें नवाजने तथा जीवन में प्रोत्साहित करने के लिए अत्यंत उत्सुक है**

हमें सृष्टि विधान को समझना होगा। सबसे ऊपर है ईश्वर- सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी और सर्वज्ञानी। उसमें सभी सदगुण भरे हुए हैं। (भगवतगीता (10.41)), एक शक्ति जो कि वह है, की कल्पना करना असंभव है, लेकिन वह सचमुच एक वास्तविकता है, क्योंकि ईश्वर के लाखों पुराने व वर्तमान भक्तों द्वारा अनुभव किया गया है। फिर, आते हैं देवी और देवता। ये विशेष आत्माएं हैं, जो वहां भौतिक जगत का कामकाज पर नजर रखने के लिए हैं। वे ऐसा ईश्वर की देखरेख में करते हैं। (9.10) वे कर्मफल सिद्धांत लागू करते हैं, जो, जैसा आप बोते हैं, वैसा काटते हैं, का सिद्धांत है। वे इस सिद्धांत के आधार पर दंड व पुरस्कार देते हैं। वे शक्तियां सीमित होती हैं और वे अपने स्वामी- ईश्वर द्वारा स्थापित सीमाओं के भीतर काम करते हैं।

फिर आती हैं, हम आत्माएं। सृष्टि विधान हमसे मांग करती है कि हम देवताओं व देवियों की निगरानी में रहें। समझदार आत्माएं ईश्वर के साथ संबंध स्थापित करती हैं। इस तरह वे विशेष बन जाती हैं। वे ऐसा ईश्वर के नाम, मसलन राम का जाप जैसे आध्यात्मिक कार्य करके करते हैं, उन्हें अपने ईश्वर के दिव्य रूपों में दर्शन होते हैं। ईश्वर ऐसे कार्यों पर ध्यान देता है, क्योंकि वह सर्वव्यापी है, और वह ऐसी सभी कार्यों का पुरस्कार देता है। बुरी आत्माओं को दंड देने का कर्तव्य आम तौरपर दिव्य शक्तियों पर छोड़ दिया जाता है। ईश्वर बिरले ही हस्तक्षेप करता है जैसा कि जब उसने रावण को दंड दिया था।

ईश्वर अच्छी आत्माओं से प्रेम करता है, और वह उन्हें पुरस्कृत करने तथा इस प्रकार उन्हें प्रोत्साहित करने का अत्यंत इच्छुक रहता है। ये सद आत्माएं हैं: वे लोग जिन्होंने ईश्वर का आसरा लिया है (18.62), जो धर्मपरायण हैं, मसलन धर्म के अनुपालक, कल्याण कृत हैं, यानी कल्याणकारी कार्य करने वाले, और अधिकांशतया भलाई की मनस्थित में रहते हैं (14.11)। जिस तरह ईश्वर सर्वव्यापी है, वह ऐसी आत्माओं पर ध्यान देता है। ईश्वर उन्हें कैसे नवाजता है?



अब मैं पूर्व उल्लिखित चार प्रकार के लोगों को ईश्वर की कृपाओं की जानकारी देता हूं। मेरा पसंदीदा है जब ईश्वर खुद बताता है, मसलन, जब भक्त उसकी उपस्थित को जानकार हो जाता है। ये उनके लिए अत्यंत विशेष पल होते हैं। मेरी अगली पसंद है ईश्वर का उन्हें विभिन्न उददेश्यों हेतु निमित के रूप में इस्तेमाल करना, मसलन दूसरों तक उनके उपदेश प्रसारित करना। फिर, ईश्वर नीयति से निपटने में सहायता करता है, केवल वही ऐसा कर सकता है। मैं वो नहीं होता जो मैं आज हूं यदि ईश्वर ने मेरे हित में असंख्य बार हस्तक्षेप नहीं किया होता। ईश्वर ऐसे लोगों को दिशा दिखाता है, जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, और वह नियमित तौर पर उन्हें आदेश देता है। स्वाभाविक तौर पर, वह चेतावनी या सतर्क भी करता है, जो मुश्किल में पड़ने से उन्हें बचाता है। निश्चित रूप से, वह बुरे लोगों या बुरी सोहबत से उन्हें बचाता है। वह अंधकार की अवस्था यानी तमोगुण के प्रभाव पर काबू पाने में सहायता भी करता है।


ईश्वर ऐसे व्यक्तियों को बनाए रखता है, वह समस्त आवश्यक संसाधन प्रदान करता है। यह कोई आश्चर्य नहीं है कि उन्हें शांति व कृपा की नेमत मिलती है और वे शांतिपूर्वक सो सकते हैं। मैं बता सकता हूं कि क्योंकि ईश्वर की कृपाएं अनंत हैं। सभी प्रकार के आत्मबल जैसी क्षमताएं मैं कहां से पाता हूं? ईश्वर मेरा समर्थन है और वह क्षमा भी करती है जब मैं अनिवार्यतया गलतियां कर जाता हूं। ये नेमतें किए गए प्रयासों के अनुपात में दी जाती है, मसलन व्यक्ति हकदार होना चाहिए। सबसे उच्च स्वप्निल सा लग सकता है, वे हैं। ईश्वर व्यक्तिगत रूप से वही फैसला सुनाता है जिसके लायक व्यक्ति होता है। उसके प्रति उनका नजरिया क्या है? क्या यह आसरा लेने का मूड है? क्या वे जो मांगते हैं उसके लिए पर्याप्त हकदार हैं?

क्या उनके कार्य की गुणवत्ता उच्च वर्गीय है या वे सिर्फ आध्यात्मिक कार्य करते हैं या वे सिर्फ उन्हें करने के नाम पर आध्यात्मिक गतिविधियां कर रहे हैं। हां, ईश्वर बहुत सख्त है ठीक उसी तरह वह बहुत उदार भी है। संक्षेप करते समय, मैं बहुत ईमानदार रहूंगा, मैं उसकी कृपाओं का लाभार्थी बनने के लिए आज या कभी भी ईश्वर के बिना कुछ नहीं कर सकता हूं।

## इस सप्ताह आपका भविष्य

**मधु कोटिया**


### मेष ( मार्च 21-20 अप्रैल )



जैसे जैसे सप्ताह आगे बढ़ेगा आप अपने सभी संघर्षों में विजय पाएंगे। आपकी दृढ़ता आपके लक्ष्यप्राप्ति में आपकी सहायता करेगी। कार्य मोर्चे पर, आपने परियोजना में अच्छा काम किया है और अब समय अच्छा प्रतिफल पाने का है। एक संतुष्ट महत्वाकांक्षा और उम्मीद से कहीं ज्यादा सफलता आपको प्रसन्न बनाएगी। घरेलू यात्रा पर जाने के आसार हैं। सावधान रहें, यह सफलता आपको अहंकारी बना सकती है। कुछ मामलों में अनिश्चितता आपके लिए हानिकारक साबित हो सकती है।

**शुभ अंक:** 9 **शुभ रंग:** नारंगी **शुभ दिन:** शनिवार


### वृष ( अप्रैल 21-21 मई )



इस सप्ताह आपका घरेलू और पारिवारिक जीवन आपको प्रसन्न रखेगा। भावी घटनाओं को लेकर चर्चाएं होंगी। आप पारिवारिक परंपराओं का अनुभव लेंगे और बुजुर्गों से ज्ञान सीखेंगे। करियर मोर्चे पर, आप ऐसा करियर चाहेंगे जो आपको पूर्णता का भाव, वित्तीय सुरक्षा तथा दूसरों से जुड़ाव प्रदान करता है। इस सप्ताह आपको अपना रास्ता पाने के लिए अपनी बुद्धि का उपयोग करने की जरूरत है। आपका उदार, दूरदर्शितापूर्ण व विश्लेषणात्मक नजरिया आपके जीवन में बदलाव ला सकता है।

**शुभ अंक:** 18 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** शुक्रवार


### मिथुन ( मई 22-21 जून )



इस सप्ताह आप आशावादी, अन्वेषी और सबकुछ करने के लिए तैयार होंगे। आपमें से कुछ लोग अधीर हो सकते हैं। आप चाहते हैं कि आपकी उपयोगिता को स्वीकार किया जाए, आत्मविश्वास इस सप्ताह का मंत्र है। अपनी सीमाओं को जांचें, आप किसी कठिन कार्य को पूरा करने के लिए अतिरेक पर जा सकते हैं। आपमें से कुछ लोग रचनात्मक बेचैनी महसूस करेंगे जो जीवन के नए दौर का आरंभ करेगी। यह अपने भाग्य को बदलने का अवसर बनेगा। आपकी जिज्ञासा आपसे खुद को व्यक्त करने की मांग करती है।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** रविवार


### कर्क ( जून 22-22 जुलाई )



आपका धैर्य, दृढ़ता और कोशिशें आपको अपने सपने साकार करने का अवसर देंगे। अपनी योग्यता उन्नत करने से सफलता का अवसर बढ़ाने में सहायता मिलेगी। निरंतर सीखते रहें, शैक्षणिक कार्य जारी रखें। करियर मोर्चे पर, पदोन्नति या वेतन बढ़ोत्तरी के आसार हैं। मित्रों व विरोधियों का समानता से प्रतिउत्तर दें। आपकी उपलब्धियां आपको ईर्ष्या का विषय बनाएंगी। समर्पित भाव से अपना काम करने से आपका आत्मविकास होगा। सप्ताह के अंत तक, आप अपने जीवन के पुनर्मूल्यांकन हेतु एकांत में जा सकते हैं।

**शुभ अंक:** 21 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** बुधवार


### सिंह ( जुलाई 23-23 अगस्त )



भय, नशों, व अन्य हानिकारक आवेगों जैसी बाहय शक्तियों के जाल में न फंसें। आप धोखे या भ्रम का शिकार हो सकते हैं। एकाग्रचित्त रहने के लिए ध्यान या प्राणायाम करें। करियर मोर्चे पर, किसी नए उद्यम या नयी नौकरी तलाशने का यह शुभ समय नहीं है। जल्दीबाजी से फैसला लेना हानिकारक हो सकता है। ईमानदार व उचित तरीका जीवन में आपको अच्छे लाभ प्रदान करेगा। आप आलीशान जीवन जीते हैं। ज्यादा परियोजनाए या व्यापार अवसर मिलने वाले हैं, जो आपको अत्यंत व्यस्त रखेंगे।

**शुभ अंक:** 6 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** शुक्रवार


### कन्या ( अगस्त 24-23 सितम्बर )



आप अनुशासन, आत्मविश्वास व धैर्य के साथ सभी अत्यावश्यक कार्य पूरे करेंगे। आप आत्मज्ञान व सहजता की महत्ता को महसूस करेंगे। जैसे जैसे दिन बीतेंगे, आप आंकलन करेंगे कि जीवन में क्या महत्व रखता है। घर पर शांति व खुशहाली रहेगी। आप एकांत सुख का लाभ ले सकते हैं। कार्य मोर्चे पर, वेतन वृद्धि के आसान नजर आते हैं। विवादों से टकराव लेने से परहेज करें। वित्तीय प्राप्ति बेहतर दिखती है लेकिन इस मौके पर किसी भी प्रकार का निवेश करने के बारे में न सोचें। जीवन में सुरक्षा व संयोग है।

**शुभ अंक:** 10 **शुभ रंग:** कत्थई **शुभ दिन:** मंगलवार


### तुला ( सितम्बर 24-23 अक्टूबर )



यह सप्ताह शांत रहने का प्रयास करें और किसी भी प्रकार की बहसों में न उलझें, वर्ना, टकराव की स्थिति कर सकते हैं। आपको समझने की जरूरत है कि प्रतिस्पर्धा का अर्थ क्या है। अपने विरोधियों का सम्मान करें मगर अपनी बात पर दृढ़ भी रहें। चूंकि अतीत बीत गया और भविष्य अनिश्चित है, इसलिए आपके लिए डरने या निराश होने की कोई आवश्यकता नहीं है। खुद को शांत, आत्मनिर्भर रखें। अपनी स्थिति पर पूरा ध्यान केन्द्रित करें। पेशेवर मोर्चे पर, कार्यस्थल पर तीखे विवादों व हिंसा का सामना कर सकते हैं।

**शुभ अंक:** 19 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** शुक्रवार


### वृश्चिक ( अक्टूबर 24-22 नवम्बर )



इस सप्ताह आंकलन करें कि आप कहां पर हैं और जहां आप महसूस करते हैं वहां से अपना प्रभाव बढ़ाना और उसके मुताबिक पहल करनी चाहिए। आप भरपूर ऊर्जा व उत्साह से भरे होंगे। आपको महिला मित्र या संबंधी का मददगार हाथ मिलने की संभावना है। आप जीवन में हर कहीं हड़बड़ी में हैं। यह हड़बड़ी, एक मनःस्थिति एक अच्छी परिस्थिति को बुरी स्थिति में बदल सकती है। कार्य मोर्चे पर, आप व्यापार या धन की कमी को लेकर चिंतित हो सकते हैं और सोचेंगे कि आपने पूर्व में गलत फैसले किए हैं। लेकिन सकारात्मक रहें।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** नीला **शुभ दिन:** गुरूवार

### धनु ( नवम्बर 23-23 दिसम्बर )



इस सप्ताह आप ऊर्जावान रहेंगे। खुद को प्रोत्साहित करने पर ध्यान दें। आपमें अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने की प्रेरणा व दृढ़ता रहेगी। चीजों को थोपने का प्रयास न करें, इससे नतीजे अपेक्षा के विपरीत हो सकते हैं। करियर मोर्चे पर, उन बहसों में मत उलझें जिनसे कार्य का वातावरण बिगड़ सकता है। गुप्त मंशाएं व सूचना आपको कठिन परिस्थिति में डाले रखेंगे। आपको विषय की गहराई तथर अपनी बेचैनियों, डरों, व मनोवैज्ञानिक गांठों की तह में जाने की जरूरत है। अपने अधीनस्था पर नजर रखने की जरूरत है।

**शुभ अंक:** 3 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** बुधवार


### मकर ( दिसम्बर 24-20 जनवरी )



आप अपने इर्दगिर्द उपचारक व ताजगीपूर्ण ऊर्जा महसूस करेंगे। ऊर्जा की शुद्धता आपकी रचनात्मकता को बढ़ाएगी। सकारात्मक विचार उभरेंगे। सुनिश्चित करें कि आप अपनी स्वास्थ्य दिनचर्या बनाए रखते हैं। शारीरिक व्यायाम आपके व्यक्तित्व को अतिरिक्त आकर्षण प्रदान करेंगे। जिन लोगों को किसी प्रकार के रोग हैं उन्हें जल्द ठीक होने के आसार हैं लेकिन फिर भी डाक्टर से सलाह ले लें। करियर मोर्चे पर, आप रचनात्मक, मौलिक तथा विचारों व आलोचनाओं द्वारा थोपी गय पाबंदियों से मुक्त हैं।

**शुभ अंक:** 20 **शुभ रंग:** इंडिगो **शुभ दिन:** मंगलवार


### कुम्भ ( जनवरी 21-19 फरवरी )



इस सप्ताह आप अपार ऊर्जा व क्षमता से भरे होंगे। आप खेलों व रोमांचकारी गतिविधियों को आनंद लेने वाले हैं। आपको खुराक, व्यायाम, व विटामिन-खनिजों जैसे सख्त स्वास्थ्य दिनचर्या का पालन करना चाहिए। ऊर्जा का आनंद लेने के लिए संक्षिप्त अवकाश के आसार हैं। करियर मोर्चे पर, अक्सर यात्राओं के आसार हैं जो आपकी पेशेवर प्रगति के लिए नए द्वार खोल सकती हैं। जो लोग साक्षात्मक या प्रतियोगी परीक्षा में भाग ले रहे हैं, उनके सितारे अनुकूल हैं। संबंध में कुछ चुनौतियां का सामना कर सकते हैं।

**शुभ अंक:** 22 **शुभ रंग:** लाल **शुभ दिन:** बुधवार

### मीन ( फरवरी 20-20 मार्च )



आपकी संवेदनाएं व भावनाएं इस सप्ताह आपके दिल व दिमाग पर राज कर सकती हैं। आपको अपने जीवन में महत्वपूर्ण लोगों के साथ महत्वपूर्ण मसले या असहमति पर विवाद का समाधान करने का अवसर प्राप्त होगा। आप अपने परिवार के साथ संबंध सुधार या सहायता करने वाले हैं। बातचीत से परे, व्यक्ति को संतुलन बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। ऐसे दौर होंगे जब आपको अपने जीवन व स्थिति का पूनर्मूल्यांकन करने के लिए अकेले समय बिताना चाहिए। आपके धैर्य व दृढ़ता की परीक्षा ली जाएगी।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** सोमवार




भागवतगीता का चमत्कार
इसका जीवन ज्ञान का
वास्तविक सुंदर रहस्योद्घाटन
है जो दर्शन को धर्म में
बदलने में सक्षम होता है
- हरमन हेस्स



# गीता : एक स्थायी जुड़ाव

## राधास्वामी का कहना है कि भागवतगीता पूरब और पश्चिम में एक समान प्रशंसित आध्यात्मिक ग्रंथ है। आइए ज्ञान के टुकड़ों से लाभ प्राप्त करें और दूसरों में बांटें




हम हिस्सों व नेटवर्कों के दौर में रहते हैं। वे हमारी - संवाद से लेकर सामाजीकरण, स्वास्थ्य सुधार से लेकर संपत्ति कमाने- की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। मामूली संपर्कहीनता कभी कभी विध्वंसक साबित हो सकती है- मसलन हवाईजहाज का कंट्रोल टावर से संपर्क टूट जाना, मरीज का जीवन रक्षक प्रणाली से अलग हो जाना। अपने काम या सृजल के दौरान एक कमजोर, विचित्र संपर्क भयानक चिढ़, का कारण बन सकता है, हमारे मन की शांति छीन सकता है। हमें एकाग्र व शांत मन के साथ काम करने के लिए अपने स्मार्टफोन, कंप्यूटर पर एक स्थिर एवं मजबूत संपर्क संजाल की जरूरत है।

इसी आधार पर, हमें हृदय में एक मजबूत, स्थिर व संतोषजनक संपर्क की आवश्यकता है। हममें से हर कोई किसी से सच्चा प्रेम करना तथा किसी से सच्चा प्रेम पाना चाहता है। यह हममें से हर किसी का सहज स्वभाव है,चाहे हम किसी भी दुनियावी दायरों में हों- अमीर, गरीब, साक्षर, निरक्षर, श्वेत, अश्वेत आदि।

हम किसी के साथ मजबूत जुड़ाव चाहते है जहां हम अपना सच्चे प्रेम प्रस्तुत कर सकें और जहां हम सच्चा प्रेम पा सकें। क्योंकि ऐसे जुड़ाव के बिना, हमें इस दुनिया में शांति नहीं मिलती है। और हमारे जीवन में खुशी गायब हो जाती है। भागवतगीता (2.66) इसे स्पष्ट करती है- ''जिस व्यक्ति में स्थिर जुड़ाव की कमी होती है, उसकी समझ भ्रमित तथा भावनाएं खंडित होती हैं। ऐसे व्यक्ति में शांति नहीं होती हैं और उसी कारण वह खुश नहीं रहता है। ''

हमारा जीवन बेचैनी, तनाव, क्रोध, असुरक्षा आदि से भरा है। पिछली कुछ सदियों में हमारी उन्नति ने उल्लेखनीय स्तर पर कुछ समस्याओं को हल किया है। लेकिन यह इस समस्या को हल नहीं कर पाई। पुराने जमाने की शारीरिक समस्याओं की जगह, वर्तमान की मनोवैज्ञानिक समस्याएं अब प्रमुख स्वास्थ्य समस्याएं बन गयी हैं। सिग्ना स्वास्थ्य बीमा के अनुसार, 89 फीसदी भारतीय तनाव से पीड़ित हैं। हर तीन सेकेंड में एक आत्महत्या का प्रयास होता है। लेकिन यदि हम अपने जीवन की पड़ताल करें, तो हम विभिन्न प्रकार से विभिन्न स्तरों पर लोगों से जुड़ने का प्रयास करते हैं। हमसे चूक कहां पर हो रही है? भागवतगीता मूल कारण जानने में हमारा मार्गदर्शन करती है।

**इस दुनिया में सुख के हमारे साधन अस्थायी हैं इसीलिए हम भय, बेचैनी और असुरक्षा से ग्रसित रहते हैं। राजा से लेकर सड़क का भिखारी तक, हर कोई इस तजुर्बे से होकर गुजरता है। कोई भी अपवाद नहीं है। परिणाम यह कि इस दुनिया में हम जो कुल प्रसन्नता पाते हैं वो उसी क्षण पाते हैं।**

यदि हम अपने आसपास की दुनिया को देखें तो हम पाते हैं कि दुनिया में चीजें स्थायी नहीं हैं। उनकी एक शुरूआत और एक अंत है। इस दुनिया में हर चीज समय की तेज हवाओं से उड़ जाती है। जो इमारतें हम बनाते हैं, जो संपत्ति हम जुटाते हैं, जो उपकरण हम खरीदते हैं, यहां तक हमारा शरीर भी एक दिन समाप्त होता है। भागवतगीता (5.22)समझाती है - 'समझदार व्यक्ति बाह्य प्रसन्नता में आनंद नहीं लेता है। इसकी एक शुरुआत है और एक अंत है। इसलिए यह दुख का स्रोत है।' हम अपनी खुशी को इसी दुनिया की निरंतर बदलती एवं नश्वर चीजों पर टिका रहे हैं। इस दुनिया में सुख के हमारे साधन अस्थायी हैं इसीलिए हम भय, बेचैनी और असुरक्षा से ग्रसित रहते हैं। राजा से लेकर सड़क का भिखारी तक, हर कोई इस तजुर्बे से होकर गुजरता है। कोई भी अपवाद नहीं है। परिणाम यह कि इस दुनिया में हम जो कुल प्रसन्नता पाते हैं वो उसी क्षण पाते हैं। हमें एक अनंत एवं निरंतर बढ़ती खुशी चाहिए। इस दुनिया में खुश होने की कोशिश करना उबाऊ, रेगिस्तानी यात्री द्वारा पानी की एक बूंद से खुद को संतुष्ट करने की कोशिश करने जैसा है। यह काफी नहीं होने जा रहा है। ऐसा लगता है कि हम अंतिम छोर तक पहुंच गए हैं। क्या हमारे पास कोई समाधान है? हां। भागवतगीता हमें समाधान प्रदान करती है। यह हमें खाली हाथ नहीं छोड़ती है।

भागवतगीता (2.13)कहती है कि ''हम आत्मिक जीव हैं और हम बचपन, जवानी, बुढ़ापा और मृत्यु से होकर गुजरते हैं।'' हम सिर्फ भौतिक काया नहीं हैं जिसे हम अपनी प्रत्यक्ष आंखों से देखते हैं। हमारी कुल भौतिक काया हार्डवेयर की तरह है, सूक्ष्म काया मन, बुद्धि और अहंकार से बनती है जो कि साफ्टवेयर की तरह हैं और हमारी आत्मा एक यूजर की तरह है। नींद के दौरान, हमारी भौतिक काया निष्क्रीय होती है, जबकि सूक्ष्म काया सपनों के रूप में सक्रिय रहती है। सपने में, मन दृश्य पटल है, और दृष्टा है आत्मा। हम भौतिक काया और मन द्वारा ढंके गए आध्यात्मिक लोग हैं। हम अपनी खुशी को पूर्णतया अपनी भौतिक काया, मन और अपने इदगिर्द चीजों के प्रति जुड़ावों पर टिका रहे हैं। हम यह मानते हुए दूसरों से जुड़ रहे हैं कि वे आत्मा से अंजान पदार्थ के उत्पाद हैं। यही कारण है कि हमारे मन की शांति व खुशी गायब है। पदार्थ के विपरीत, आत्मा अनंत, अटल व परम है। केवल आध्यात्मिक मंच से हम स्थायी खुशी प्राप्त कर सकते हैं जो हमारा अनुवांशिक जुड़ाव है। इसीलिए समाधान यह है कि अपने खोए हुए आध्यात्मिक जुड़ाव को पुनः स्थापित करें।

आध्यात्मिक आत्मों के रूप में हम उस परमशक्तिमान का अभिन्न हिस्सा हैं जो सर्वाधिक आकर्षक व सबसे दयालु है। ईश्वर से टूटा आध्यात्मिक संपर्क योग की प्रक्रिया द्वारा स्थापित किया जा सकता है। योग में पहला चरण है नश्वर दुनिया की वास्तविकता, अपने सच्चे आत्म, ईश्वर के साथ अपने खोए संबंध तथा उस संबंध को पुनर्जीवित करने के विज्ञान के प्रति खुद को जागरूक बनाना। इसे गीता जैसे आध्यात्मिक साहित्य के नियमित पाठन तथा अन्य ज्ञानीजनों की सोहबत के जरिए हासिल किया जा सकता है। दूसरा चरण है ध्यान, पूजा व भगवान की भक्ति की प्रक्रिया का अभ्यास करना (भागवतगीता 9.34)। यह चरण आध्यात्मिक जुड़ाव पुन:स्थापित करने में हमारी सहायता करता है। यह स्थायी आध्यात्मिक जुड़ाव हमें एकाग्रता प्रदान करता है, निरंतर बदलती, उथल पुथल व अस्थिर दुनिया में रहते हुए जीवन में संतुष्टि तथा अपने दुनियावी कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देता है। 5000 साल पहले भगवान कृष्ण द्वारा कुरूक्षेत्र में अपने योद्धा-मित्र अर्जुन को सबसे पहले भागवतगीता का उपदेश दिया था। भागवतगीता ऐसा आध्यात्मिक ग्रंथ है जो गांधी से लेकर आइंस्टीन तक, पूरब और पश्चिम दोनों में प्रशंसनीय है। आइए ज्ञान के इन टुकड़ों से लाभ प्राप्त करें और दुनिया के साथ इसे साझा करें जिसे इस ज्ञान की परम आवश्यकता है।

**- लेखक इस्कोन में आध्यात्मिक गुरू हैं।**



**अंतर्दृष्टि**
**प्रमोद पाठक**

# समूची मानवता के लिए सबसे बुरा साल




किसी भी पैमाने से यह साल, जो बीता है - अगर ज्यादा नहीं तो कम से कम, बीते 75 सालों में समूची मानवता के लिए सबसे बुरा साल रहा। एक सबसे सूक्ष्म जीव, जो एक अनुमान के मुताबिक, खरबवें ग्राम के लाखवें हिस्से के बराबर भार का है, ने समूची दुनिया को कष्टदायी गतिरोध में ला खड़ा किया । और निसंदेह एक चीज को साबित किया कि विज्ञान और तकनीक में हमारी समूची प्रगति का प्रकृति की सर्वोच्चता से कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन बात यह नहीं है। कहने का तात्पर्य यहां यह है कि जो हुआ और हमने कैसे उसका सामना किया, उसका आत्ममंथन किया जाए, ताकि हम आने वाले दशकों या सदियों या उससे भी आगे की ओर देख सकें। जो कुछ हुआ तो किसी दुस्वप्न से कम नहीं था, जिसे हम सभी भुलाना चाहेंगे, यदि निश्चित रूप से, हम कर पाएं। हमने अनेक चीजें खोईं। बच्चों ने स्कूल खोया, कर्मचारियों ने नौकरियां खोईं, अर्थव्यवस्थाओं ने मंदी का सामना किया, बच्चों से खेलने का आनंद छिन गया और बूढ़ों की शांति खो गयी, लोकतंत्रों ने आजादी खोई- सूची अनंत है।

एक वाक्य में समूची मानवता ने जीवन खोया। क्या कोई उपाय था? इसका उत्तर देना आसान नहीं है। क्या इससे बेहतर ढंग से निपटा जा सकता था? कुछ पता नहीं। हालांकि, यदि हम वस्तुगत ढंग से मुड़कर देखें तो हम बेहतर आंकलन कर सकते हैं कि हालांकि व्यापक आबादी ने महामारी के कारण उत्पन्न उथल पुथल के कारण दुख झेला, मगर सत्ताधारी अभिजात्य दुनिया के कुछ खास तबके थे जिन्हें महामारी के नाम पर संपूर्ण सत्ता पर कब्जा करने का अवसर मिला। परिणाम स्वाभाविक तौर पर वही था जैसा लार्ड एक श ने कहा था - पूर्ण सत्ता पूर्णतया भ्रष्ट बनाती है। कुछ गिने चुने अपवादों को छोड़कर, समूची दुनिया के सत्ताधारी अभिजात्य ने लगभग एक जैसा ही आचरण किया- सत्ता शक्ति का भोंड़ा प्रदर्शन। इसको ध्यान में रखते हुए हम फिर यह कह सकते हैं कि इस नजरिए के हिसाब से, महामारी से बेहतर ढंग से निपटा जा सकता था। इसलिए, एक अहम योगदान - जो गुम पाया गया था, - वो है भरोसा देता नेतृत्व। कुछ राज्यों के मुखिया थे जिन्होंने तिकड़म के बतौर समूचे खतरे को दरकिनार किया जबकि कुछ अन्य थे जो बहुत तेज व लगातार शोर मचाते रहे कि ज्यादा लोग बिमारी के बजाय डर के कारण मर गए। समय की आवश्यकता थी नेतृत्व, जो लोगों को आश्वस्त करते हुए उनमें आत्मविश्वास जगा सकता था कि हम आपकी सुरक्षा के लिए हैं, अपने सारे दुखों को हम पर छोड़ दें। और यह सिर्फ देशों के नेतृत्व का मामला नहीं था। संस्थानों के नेतृत्व ने भी मुसीबत की घड़ी में अपने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया । प्रतिउत्तर में जो चीज गायब थी वो था प्रसिद्ध आश्वासन जो भगवान कृष्ण ने गीता के नौवें अध्याय के 22वें श्लोक में अर्जुन को दिया था- योगक्षेम वहाम्यं। इसकी एक सरल व्याख्या यह है, ''उन लोगों को, जिनके मन हमेशा मुझमें रमे रहते हैं, मैं वो प्रदान करता हूं जो उनके पास नहीं है और उसकी रक्षा करता हूं जो उनके पास है।'' और यह किया जा सकता था। क्या एक मां अपने नवजात असहाय बच्चे को छोड़ने की सोचती है जो पूरी तरह उस पर निर्भर है। लोगों का खयाल रखने का दायित्व नेतृत्व पर होता है। यह लोग नहीं थे जिनमें आस्था में कमी पायी गयी। यह नेतृत्व था जो आत्मविश्वास निर्मित करने के मामले में कमी पायी गयी। राज्य जगत ने शीशविहीत, हृदयहीन नौकरशाही पर भरोसा किया जिसने संवेदनहीनता व स्वार्थपूर्ण आचरण किया। यह समय वेबर के नजरिए की पुन:पड़ताल करने का है कि तंत्र की तटस्थता व वस्तुगतता, जो उसने प्रस्तावित की थी, और जो बहुत ज्यादा प्रचलित है, असलियत में संकट के समय में उपयोगी है या नहीं। परानुभूति की ही आखिरकार इस संकटकालीन स्थितियों में मांग होती है। भरोसा ऐसी चीज है जो किसी भी अन्य चीज की तुलना में नेतृत्व की कार्रवाई पर ज्यादा निर्भर करता है।


# स्वयं को गंभीरता से लें

**महेन्द्र पाल**

दोस्तों, जीवन में कामयाबी पाने के लिए हमें खुद को उस कामयाबी के लायक बनाने, या दूसरे शब्दों में खुद की योग्यताओं व क्षमताओं को पहचानने और उन्हें उन्नत करने की अनिवार्य जरूरत होती है। याद आते हैं

माइकल जेफ्री जॉर्डन जिनको एम जे के नाम से भी जाना जाता है, 17 फ़रवरी 1963 को ब्रुकलिन, न्यू यॉर्क में जन्मे माइकल जॉर्डन अमरीका के एक बहुत ही प्रसिद्ध बास्केटबॉल खिलाड़ी रहे हैं। इन्होंने नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन के द्वारा बहुत नाम कमाया है! उनके खेल का प्रदर्शन इतना अच्छा था कि सारे लोग उनसे बहुत प्रभावित हुए। सन 1991 में इन्होंने अपनी पहली बास्केटबाल चैंपियनशिप जीती और उसके बाद लगातार दो साल तक इस जीत को बनाये रखा। ऐसा भी वक्त आया, जब जॉर्डन बास्केटबॉल से निवृत्त होकर बेसबॉल में दिलचस्पी दिखाई लेकिन फिर उन्होंने अपना करियर बास्केटबॉल में ही बनाने का निर्णय लिया।

जीवन में कामयाबी के मद्देनजर माइकल जॉर्डन एक ऐसे व्यक्ति हैं जो आज की युवा पीढ़ी का साहस बढ़ा सकते हैं। जब माइकल जॉर्डन 13 साल के हुए तो उनके पापा ने उसे इस्तेमाल किया हुआ कपड़ा दिया और पूछा कि इसकी कीमत कितनी हो सकती है? तो माइकल ने कहा कि 1 डॉलर का होगा, तो उनके पिता ने कहा कि इसको 2 डालर में बेचकर आ।




माइकल ने उस कपड़े को अच्छे से धोया, तह लगाया, चूंकि उस टाइम उनके पास इस्त्री तो थी नहीं, इसलिए उन्होंने उस कपड़े को किसी कपड़ों के ढेर के नीचे सलीके से रख दिया, जब कपड़ा सूख गया तो अगले दिन ट्रेन स्टेशन के पास गया और 6 घण्टे की मेहनत के बाद माइकल को उस कपड़े के दो डालर मिले।

कुछ दिन बाद पिता ने एक कपड़ा देते हुए फिर माइकल से कहा कि इस कपड़े को 20 डालर में बेचकर दिखा, तो माइकल ने कहा कि यह कैसे हो सकता है, इसके 20 डालर कौन देगा? पापा ने कहा कि कोशिश तो करो। माइकल अपने दोस्त की मदद लेने गया और उस कपड़े पर मिकी माऊस की पेंटिंग बनवाई और अमीर बच्चों के स्कूल पहुंच गया, वहां एक छोटे से बच्चे ने पेंटिंग को पसंद किया और उसे खरीद लिया, साथ ही उसे 5 डालर टिप के रूप में भी दिए, यानी 25 डॉलर, जो उसके पिता के एक महीने की तनख्वाह के बराबर थे।

जब माइकल वापस आया तो उसके पापा ने तुरंत एक और कपड़ा हाथ में दे दिया और बोला कि इसे 200 डॉलर में बेच के दिखा, इस बार माइकल ने अपने पिता से कुछ नहीं बोला कि ये कैसे हो सकता है। वो तरीका सोचने में लगे थे कि तभी उन्हें पता चला कि उनके सिटी में फिल्म की शूटिंग के लिए एक नामचीन अभिनेत्री आई है। माइकल सुरक्षा दायरे को तोड़ते हुए उस अभिनेत्री के पास गये और बोला कि कृपया, ऑटोग्राफ दे दीजिये।

मासूम से बच्चे को देखकर वो एक्ट्रेस मना नहीं कर पाई और उस एक्ट्रेस ने उस कपड़े पर अपना ऑटोग्राफ दे दिया। आटोग्राफ लेने के बाद माइकल तेज-तेज चिल्लाते हुए बोलने लगे कि 200 डॉलर में फलां अभिनेत्री के आटोग्राफ वाला कपड़ा खरीदें। और पलक झपकते वहां पर कपड़े को लेने के लिए नीलामी शुरू हो गई और अंततः उसने उस कपड़े को 1200 डालर में एक व्यापारी को बेच दिया।

जब माइकल 1200 डालर लेकर अपने घर पहुंचा तो उसके पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, वो रो पड़े और पूछा कि बेटा तुम इतने दिनों से जो ये कपड़े बेच रहे हो, इससे क्या सिखा तुमने? बेटा बोला, पापा जहां चाह वहां राह (जहां पर इरादे होते हैं रास्ता अपने आप वहां आ जाता है) पिता ने हामी भरते हुए कहा कि बिलकुल सही हो, लेकिन मेरा उद्देश्य ये बिलकुल नहीं था। मैं तो तुम्हें बस यही दिखाना चाहता था कि जो कपड़े का टुकड़ा सिर्फ 1 डालर का था जब हम उसकी कीमत बढ़ा सकते है तो हम अपनी कीमत क्यों नहीं बढ़ा सकते। क्योंकि हम तो इंसान हैं, सोच सकते हैं, विचार कर सकते हैं, कुछ भी कर सकते हैं। इसीलिए स्वयं माइकल जार्डन का मानना है कि मैं असफलता को स्वीकार कर सकता हूँ, हर कोई किसी ना किसी चीज में विफल होता है। लेकिन मैं प्रयास ना करना नहीं स्वीकार कर सकता।

पेज 1 का शेष

## उम्र कोई सीमा नहीं

वह कहते हैं कि उनका सफलता का मंत्र हमेशा सुविधा क्षेत्र से बाहर चीजों को तलाशना और अपने आपको चुनौती देते रहना रहा है। हालांकि, बत्रा के जीवन में सबकुछ इतना आसान नहीं था जितना कि लगता है। उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा।

वह बताते हैं, '' जब मैंने योग्यताओं के साथ सीखने और प्रयोग करने की अपनी यात्रा आरंभ की, तो मुझे यूट्यूब और गूगल की सहायता से खुद सब कुछ सीखना पड़ा क्योंकि संस्थान दस साल के लड़के को एडमिशन देना नहीं चाह रहे थे जो एक अच्छी बात साबित हुआ, क्योंकि मैंने खुद चीजों का पता लगाना और शोध करने की योग्यता सीखी। मैंने अपने रिश्तेदारों, शिक्षकों व आसपास के दोस्तों से काफी ताने भी सुने, जो सोचते थे कि यह मेरे बस की बात नहीं है और यह कि मेरा ध्यान इस उम्र में पढ़ाई करने पर होना चाहिए। यह कुछ ऐसा था जिसने मुझे शुरूआती दिनों में खुद सवाल करना सिखाया। जब मैंने फ्रीलासिंग भी शुरू की तो मुझे मुफ्त में कई प्रोजेक्ट कार्य करने पड़े , क्योंकि ग्राहक अपना काम कराने के लिए दस साल के बच्चे पर भरोसा करने के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन मैंने इससे भी सीखा। आज, मैं अपने छात्रों तक से अपने पहले कुछ प्रोजेक्ट कार्य मुफ्त में करने की सलाह देता हूं ताकि वे समझ सकें कि चीजें किस तरह सही ढंग से क्रियान्वित की जाती हैं। एक और बड़ी चुनौती जिसका मैंने सामना किया जब मैंने अपनी पहली कंपनी शुरू की। जब मैंने कर्मचारी काम पर रखे तो वे मेरे लिए मेरी कंपनी चलाना चाहते थे क्योंकि उन्हें एक 14 साल के लड़के के लिए काम करने में समस्याएं थीं, लेकिन उससे भी मैंने अनेक सीखें हासिल कीं, कि प्रतिष्ठा क्यों महत्व रखती है। ''

ऐसा नहीं था कि बत्रा को हाथ खड़े करने का खयाल नहीं आया। उसने बस अपने सभी झटकों व आशंकाओं पर जीत हासिल की। बत्रा कहते हैं, '' अनेक बार ऐसा हुआ जब मैंने मैदान छोड़ देने का खयाल आया। लेकिन मेरे माता पिता हमेशा मेरे साथ थे, जो मुझे कहते थे कि एक बार और कोशिश करो। मैंने यह भी महसूस किया कि ऐसी स्थितियां उद्यमिता का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और उतार-चढ़ाव हमेशा वहां होंगे, हमें उस उनसे सीखने की जरूरत है। ''

बत्रा के पास उन छात्रों के लिए सलाह है जो जीवन में कुछ ऐसा ही करना चाहते हैं लेकिन आश्वस्त नहीं है कि कहां से शुरूआत करें। वह बताते हैं, '' महत्वपूर्ण बात यह है कि आप शुरू करते हैं, न कि आप कहां से शुरू करते हैं, वे योग्यताएं तलाशें जिनकी दुनिया में आवश्यकता है और ऐसी पांच चीजों की एक सूची बनाएं जिनमें आपकी रूचि हो सकती है। सीखना और उन्हें लागू करना शुरू करें, क्योंकि यह सब सीखना व प्रयोग करना है। एक अंतिम बात जो मैं उल्लेख करना चाहूंगा कि मेरे गुरू हमेशा कहते हैं कि भ्रम है, जो स्पष्टता की ओर ले जाता है। ''

## जहां चाह वहां राह

वह कहती हैं कि यात्रा के दौरान जो सबसे बड़ी सीख उन्होंने सीखी है, वो यह कि यात्रा करना जीवन जीना है। गोयल, जिन्हे हाल में यंग एक्जूबरेंट टेव्रलर तथा एक उभरते लेखक के लिए इंडिया बुक आफरिकाड्र्स 2020 का पुरस्कार मिला है और वह द इंडिया आवाज 2020 द्वारा युवा लेखक पुरस्कार के लिए नामित हुई हैं, कहती हैं, '' मुझे लगता है कि हर बार जब मैं यात्रा करती हूं, मैं सबकुछ भूल जाती हूं और मुझे ऐसा लगता है कि मैं बस उसी पल में जी रही हूं। इस मूल भावना के बिना मुझे नहीं लगता कि जीवन पूरा है। और इसलिए सर्वाधिक यात्रा करना निश्चित रूप से जीवित रहना है। '' गोयल के माता पिता ने भी उनका भरपूर साथ दिया है और उन्होंने रैना को वो करने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया जो उन्हें सर्वाधिक पसंद होता है।

रैना बताती हैं, '' मैं समय-सीमाएं निर्धारित करके तथा अपने हर काम के लिए विशेष समय सुनिश्चित करके, अपने समय को बेहतर संतुलित करती हूं। मैं महत्वपूर्ण कार्यों को अहमियत देती हूं और अन्य कामों के साथ संतुलित करती हूं। मैं सचमुच मानती हूं कि यदि आप कुछ चाहते हैं तो आप उसके लिए अपने आप समय निकालते हैं और चूंकि मैं लेखन को, यात्रा करने और पढ़ाई करने को ऐसी चीजें मानती हूं जो मुझे पसंद हैं तो मैं खुद उनके लिए समय निकालती हूं। मुझे बिलकुल भी अतिरिक्त दबाव जैसा महसूस नहीं होता है।''



मेरा स्पेनिश एकल शीर्षक डी ऊना वेज़ एक ऐसी चीज़ की शुरुआत है जिसे मैं लंबे समय तक तलाशना चाहती थी। मुझे आशा है कि आप इसे उतना ही प्यार करेंगे जितना मैं करती हूं।
- सेलेना गोम्ज

# ‘कॅरियर में कार्ययोजना बनाकर बस उसे क्रियान्वित करना होता है’

## अभिनेत्री जैविशिया लेस्ली नई बैटवोमन बनने के पीछे की अपनी बताने के साथ ही इस चरित्र के समलैंगिक होने तथा अपनी मां से अपने लैंगिक अनुकूलन को लेकर संवाद भी करती है



जब जैविशिया लेस्ली लॉस एंजेल्स आई थी तो वो वहां के लोकप्रिय स्थान सनसेट बोलवार्ड वहां लगे टीवी और फिल्म के बोर्ड देखकर स्वयं को इनसे अभिप्रेरित करने जाती थी। अभिनय की आकांक्षा पाले वो प्राय: अपने प्रिय अभिनेता के बोर्ड के नीचे अपनी गाड़ी पार्क करती थी जो उसके प्रिय होते थे और अपने आगामी ऑडिशन के लिए उनका अध्ययन भी करती थी।

सालों तक वो, इस आशा में कि एक दिन हॉलिवुड में उनका बोर्ड भी ऐसे ही लगेगा, ऐसा करती रहीं। अंतत: उनका सपना तब सच हुआ जब इस 33 वर्षीय अभिनेत्री का, जिसने सीबीएस की गॉड फ्रेंडेड मी, तथा बीईटी प्लस पर कार्ल वेबर्स की ‘द फैमिली बिजनेस’ में भी भूमिकाएं कर चुकी है, भी एक बिलबोर्ड हॉलिवुड में लगाया गया जिसमें वो बैटवुमन का काला और लाल रंग का सूट पहने दिख रही हैं।

लेस्ली बैटवुमन की भूमिका धमाकेदार होने वाली है। इसका दूसरा सीज़न 17 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है। इसमें वो रूबी रोज़ का स्थान लेंगी और इस प्रकार इस फ्रेंचाइजी की प्रथम अश्वेत अभिनेत्री होंगी जो सुपरहीरो की भूमिका करेंगी। इसमें वो एलजीबीटीक्यू चरित्र निभाती दिखेंगी।

बैटवुमन के रूप में वो र्यान विल्डर का चरित्र करेंगी जिसने सालों तक ड्रग्स का कारोबार चलाया था और गॉथम की पुलिस की आंखों में निरंतर धूल झोंकता रहा था। ये चरित्र हाथों से लड़ने में निपुण है लेकिन वो दयालु भी है और अपनी वैन में एक पौधे की देखभाल भी करता है। अपने हाल के एक साक्षात्कार में लेस्ली ने बैटवुमन बनने, चरित्र के समलैंगिक होने के महत्व तथा मां से समलैंगिकता क संबंध में संवाद करने से जुड़े अनेक प्रश्नों के उत्तर दिये। प्रस्तुत है बातचीत के अंश–

❖ **बिलबोर्ड के सानिध्य में अपनी भूमिका के लिए आपने किस प्रकार की तैयारी करनी पड़ी?**

मै तो अपना काम करते हुए अंतिम परिणाम के बारे में सोचती रहती थी जो मैं चाहती भी थी। इसी से मुझे प्रेरणा मिलती रही और मुझे काम करने का आनंद भी आता रहा। कई बार तो ऐसा हुआ कि मैं अध्ययन करते करते ही सो गई, फिर मुझे जागकर घर वापस जाना पड़ता था।

❖ **तो ये आप अपने पूर्वानुमान के बारे में हमसे साझा कर रही हैं?**

मैं वो सब अनुभव करती हूं जो मैं वर्तमान में जी रही हूं। प्रारंभ से लेकर पूरे विवरण तक। मैंने बैटवुमन के साथ भी मैंने एक साक्षात्मकार मई माह में किया था। मुझसे पूछा गया था कि अब आप किस प्रकार का रोल करना चाहती हैं और मेरा उत्तर था, ‘मैं सुपरहीरो का चरित्र करना चाहती हूं। और इसके अगले माह ही मुझे ऑडिशन का प्रस्ताव आ गया। मुझे तो पता भी नहीं था कि वे बैटवुमन के चरित्र के लिए किसी को ढूंढ रहे हैं आप कह सकते हैं कि मुझे पूर्वानुमान में विश्वास है।

❖ **आपके लिए डीसी की फिल्मों में अश्वेत महिला लीड सुपरहीरो का चरित्र करना का क्या अर्थ है?**

मैं सदा ही स्वयं को स्मरण कराती रहती हूं कि मेरा लक्ष्य केवल मेरे लिए नहीं होता। मैं दूसरे लोगों का सशक्तीकरण चाहती हूं। ईश्वर मुझे यहां किसी कारण से लाया होगा। उसने मुझे ऐसी स्थिति में किसी कारण के चलते ही डाला होगा। इसमें मेरे लिए डरने जैसा कुछ नहीं है क्योंकि मुझे पता है कि लोगों को अश्वेत बैटवुमन सुपरहीरो देखकर कुछ तो प्रेरणा मिलेगी ही। ऐसा क्षण आपके जीवन में बार बार नहीं आता। ये बहुत महत्वपूर्ण है। मैं बैटमैन और कैटवुमन तथा जोकर और पेंग्विन देखते हुए बड़ी हुई हूं। अब उनमें अश्वेत को देखना अत्यंत समावेशी घटना कही जा सकती है।

❖ **इस चरित्र का समलैंगिक होना कितना महत्वपूर्ण है?**

हर वर्ग का प्रतिनिधित्व होना ही महत्वपूर्ण होता है। डीसी के प्रशंसक तो हर किसी का प्रतिनिधित्व करते हैं फिर चाहे बात नस्ल की हो या समलैंगिकता की। लेकिन मैं अपने शो में सबसे अधिक जिस बात को पसंद करती हूं वो ये है कि इसमें हर चरित्र हर बात का प्रतिनिधित्व करता दिखाई देता है।

❖ **अपनी मां को बैटवुमन का चरित्र मिलने से पहले, आपने अपने उभयलिंगी होने के बारे में उन्हें बताया था। ये किस प्रकार का संवाद था?**

मैं अपनी मां से किसी भी विषय पर बात करने से नहीं डरती। ये ऐसा है कि कई बातों के बारे में तो मैं उनसे बात ही नहीं करती। वो समझ जाती हैं उन्हें पहले से ही पता रहता है। तो जब मैंने बात प्रारंभ की तो उनका कहना था, ‘मैं तेरी मां हूं, तुम्हारे पास ऐसा कुछ भी नहीं है जो मुझे पहले से नहीं पता है।’ वो मेरी सबसे अच्छी सहेली हैं और मेरा हर बात में समर्थन करती हैं।

❖ **आपके चरित्र के गृहविहीन होने के चलते उसका काम कैसे चलता होगा?**

कुछ लोगों को ये समझ में नहीं आता है कि उसके साथ क्या और कैसे होता है। उसके पास अपनी वैन है और वो अपनी देखभाल स्वयं करती है। यही उसके लिए महत्वपूर्ण होता है। वो कई ऐसे फॉस्टर होम्स में रहती आई थी जिनमें बच्चों के साथ सही व्यवहार नहीं किया जाता था। एक व्यक्ति जो उसका ध्यान रखता था, उसके सामने ही उसकी हत्या कर दी गई। तो जिस बात में लोगों को कुछ भी नहीं लगता, उसके लिए उन्हीं बातों का व्यापक अर्थ होता है। वो उन्हीं बातों के सहारे रहती है।

❖ **आपके चरित्र की परिस्थितियों के कारण उसके जीवन में क्या परिवर्तन हुए?**

मुझे लगता है कि उसके जीवन के स्याह पक्ष का यदि कोई कारण है तो वो उसके भीतर की बदले की भावना है। उसके भीतर मां के हत्यारे के प्रति प्रतिशोध पलता रहता है। बस इतना ही पर्याप्त है। यदि आप क्षमा नहीं कर सकते तो आप अच्छाई के लिए संघर्ष नही कर सकते। यदि आप बदले की भावना से शक्ति प्राप्त करते हैं तो आप सत्य के पक्ष में नहीं हो सकते।

❖ **अब तक के आपके कॅरियर से लोगों को क्या सीखना चाहिये?**

कई बार ऐसा हुआ है जब मैं कह सकती थी कि ‘ये कठिन है’ और इससे अलग हो सकती थी। लेकिन मैं काम करती रही। एक बात जो मैं अपने जीवन में भी करती हूं और वो है कि आपको अपने पैशन के अनुसार काम करना चाहिये। यदि ऐसा होता है तो आप सफल होंगे। मुझे लगता है कि ईश्वर ने हमारे भीतर लगन किसी कारण के चलते ही डाली होगी। इसे पूरा करने के लिए आपको एक कार्ययोजना बनाकर उसे क्रियान्वित करना होता है।



# ‘मेजर दीपेंद्र सेंगर की कहानी पर सीरीज़ करेंगे अमित साद’

**अभिनेता** अमित साद अपनी आने वाली वेबसीरीज़ ‘जिद जीत की’ में कारगिल युद्ध के नायक मेजर दीपेंद्र सिंह सेंगर के जीवन पर आधारित कहानी को परदे पर जियेंगे। उन्होंने सेना दिवस पर भारतीय सेना के वीर अधिकारियों को शुभकामना दी है।

अमित ने बताया, ‘हमारा हर सैनिक शौर्य और पराक्रम का एक अनूठा उदाहरण है। हम अपने घरों में उनके इसी पराक्रम के चलते चैन से सो पाते हैं। हमारे सैनिकों के हमें सुरक्षा देने जैसे निस्वार्थ कार्य का कोई विकल्प नहीं है। मैं इस सैन्य दिवस पर हमारे शौर्यवान सैनिक अधिकारियों को हर शुभकामना प्रेषित करता हूं। मेजर दीपेंद्र का चरित्र निभाकर सम्मानित अनुभव करता हूं।’

इस सीरीज़ में उनके साथ अमृता पुरी तथा सुशांत सिंह भी हैं और इसका निर्देशन किया है विशाल मंगलोरकर ने जबकि निर्माण किया है बोनी कपूर, अरुनवा जॉय सेनगुप्ता तथा आकाश चावला ने।

इसके निर्माता ने इस शो के संबंध में विशेषज्ञ परामर्श लिया है स्पेशल फोर्सेज़ कंसलटेंट एवं मिशन कोरियोग्राफर कर्नल अशोक गलोथ तथा मेजर अर्जुन गलोथ से।

कर्नल अशोक गलोथ ने बताया, ‘मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हूं इससे ये बात साबित होती है कि हमारी सेना में कितना पुरुषार्थ है। मुझे प्रसन्नता है कि निर्माताओं ने हमसे संपर्क किया और शो के बारे में हमारे सुझाव लिये। ये अच्छा अनुभव रहा।’

मेजर गलोथ ने बताया कि मेजर दीपेंद्र की कहानी न केवल हमारे लिए प्रेरणा है बल्कि दुनिया भर के लिए भी



एक प्रेरणा है। उन्होंने बताया, ‘हमनें अपने ढंग से टीम की सहायता की और अपने दैनिक कार्यक्रम के बारे में बताया। लेकिन इसका पूरा श्रेय उन लोगों को जाता है जिन्होंने इस प्रेरणादायक कहानी पर पूरीसीरीज़ बनाने का निर्णय किया।’ (सीरीज़ का प्रीमियर 22 जनवरी को ज़ी5 पर होगा)

# फिल्मी हस्तियों ने कोरोना टीकाकरण अभियान की सराहना की, वैज्ञानिकों और डॉक्टरों का आभार जताया

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत के कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत की जिसके बाद भारतीय फिल्म जगत की कई हस्तियों ने सोशल मीडिया पर वैज्ञानिकों, डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की।

भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने इस महीने की शुरुआत में ऑक्सफोर्ड के सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा निर्मित कोविड-19 टीके कोविशील्ड और स्वदेश विकसित भारत बायोटेक के कोवैक्सीन को देश में सीमित आपात इस्तेमाल की मंजूरी प्रदान की थी।

पूर्व सांसद और अभिनेता परेश रावल ने ट्विटर पर लिखा, सबसे बड़ा टीकाकरण। सभी वैज्ञानिकों और डॉक्टरों तथा स्वास्थ्य कर्मियों को शुक्रिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार।

फिल्म निर्माता रॉनी स्क्रूवाला ने टीकाकरण की शुरुआत को बड़ा दिन बताया।

उन्होंने कहा, सभी स्वास्थ्य कर्मियों और वैज्ञानिकों का आभार।

अभिनेता कुणाल कपूर ने भी वैज्ञानिकों और डॉक्टरों का आभार




जताते हुए कहा, अथक काम किया और हमारे लिए दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को चलाना संभव बनाया।

अभिनेत्री निमरत कौर ने उम्मीद जताई कि टीकाकरण अभियान सुगमता से चलेगा और सफल होगा।

फिल्मकार अशोक पंडित, बांग्ला अभिनेता परमब्रत चटर्जी, अदाकारों रणवीर शौरी, अनुपम खेर, अभिनेता-निर्माता तुषार कपूर आदि ने भी वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

# नए साल का गुड लक लेके आ गई नए किस्सों की गुल्लक




## बेहद सराहे गए शो के दूसरे सीजन के साथ लौट आया है सोनीलिव

**खस्ताहाल** दीवारें, ताकझांक वाले पड़ोसी, कभी न खत्म होने वाली परेशानियां फिर भी भरपूर सपनों की ऊंची उड़ानययही सटीक परिचय है उस मिश्रा परिवार की खासियत बयान करने के लिए जिसने 2019 में दस्तक दे कर सभी के दिलों को छू लिया था। रेटिंग के साथ गुल्लक सीजन 1 ने अपने सुगठित पात्रों, बहुमुखी अभिनय और बेमिसाल निर्देशन से खूब तारीफ बटोरी और अब सोनीलिव 15 जनवरी 2021 से शो के शुरूआत के साथ नए सीजन के लिए नए किस्सों का खजाना लेकर आया है। ये सीजन इस अनोखे परिवार की जिंदगी में हर दिन पेश आने वाले उतार.चढ़ावों की जीवंत झलक दिखलाएगा।

एक सादी गुल्लक के नजरिए से बुना गया ये शो रोजमर्रा की जिंदगी को किस्सागोई के ऐसे अंदाज से पिरो कर आप तक पहुंचाएगा जो लीक से हट कर होगा। टीवीएफ की तरफ से निर्मित गुल्लक 2 मिश्रा परिवार की खट्टी-मीठी सच्चाइयों और रिश्तों के तानेबाने को आगे खंगालेगा, वो मिश्रा परिवार जिसके लिए मिलजुल कर रहना ही सबसे ज्यादा मायने रखता है। अपने घर की छोटी सीमाओं से बंधे इस परिवार की जिंदगी की कहानी में भावनाएं, तकरार और हंसी-मजाक, सब एक साथ माला की तरह गुत्थे नजर आएंगे। उत्तर भारत की पृष्ठभूमि पर बने गुल्लक सीजन 2 का निर्देशन पलाश वासवानी ने किया है। इसमें प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे. जमील खानए गीतांजलि कुलकर्णी, सुनीता राजवर, हर्ष मायर और वैभव राज गुप्ता।